माघ मास, कृष्ण पक्ष 6, वर्ष 11, अंक 335, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00

वाराणसी, गुरुवार, 12 जनवरी, 2023

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

नगर/डाक संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अंदर - विवेकानन्द का शिक्षा-चिन्तन



अन्दर : पृथ्वी शॉ ने रणजी में जड़ा पहला तिहरा शतक, तोड़ा संजय मांजरेकर का रिकॉर्ड

# मोदी मंत्रिमंडल में फेरबदल इसी महीने संभव

## भूपेंद्र यादव, धर्मेंद्र प्रधान और अनुराग ठाकुर को मिल सकती है नई जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के मंत्रालयों में इन दिनों बेचैनी है। पार्टी मुख्यालय से पीएमओ तक उच्च स्तरीय बैठकों की गहमागहमी मोदी कैबिनेट में बड़े फेरबदल का संकेत दे रही है। सरकार और पार्टी सूत्रों का कहना है कि यह मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम पुनर्गठन होगा।

यही टीम इस साल 10 राज्यों के विधानसभा चुनाव और 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी का मोर्चा संभालेगी। इसको देखते हुए माना जा रहा है कि केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, धर्मेंद्र प्रधान और अनुराग ठाकुर को नई और अहम जिम्मेदारी मिल सकती है। इसी तरह गुजरात चुनाव के रणनीतिकार माने जाने वाले सीआर पाटिल को दिल्ली में अहम भूमिका में लाया जा सकता है।

सूत्रों के मुताबिक अभी तक ये तय नहीं है कि उन्हें संगठन में महत्वपूर्ण पद मिलेगा या कैबिनेट मंत्री बनाए जाएंगे। वहीं, केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह के लिए भी नई जगह तलाशी जा रही है। कौन हटेगा, कौन शामिल होगा, इस मुद्दे पर पार्टी में खामोशी है। हर किसी का यही कहना है कि इस बारे में सिर्फ एक शख्स (पीएम मोदी) को ही पता है। आम चुनाव की तैयारियों में जुटी भाजपा 20 जनवरी से उन 436 लोकसभा सीटों पर केंद्रीय मंत्रियों की तैनाती करेगी, जहां वह पिछला चुनाव लड़ी थी। मंत्री वहां रोटेशन आधार पर तीन दिन रुकेंगे और केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा करेंगे। सूत्रों का कहना है कि हर मंत्री के जिम्मे 7-8 सीटें होंगी। उन्हें केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और उसके असर की जानकारी जुटाकर रिपोर्ट बनानी होगी।

जानकारी जुटाने के बाद लोकसभा सीट के लिए एक ट्विटर हैंडल बनाकर उससे कम से कम 50 हजार फॉलोअर्स जोड़े जाएंगे। सोशल मीडिया के जरिए युवाओं, धार्मिक गुरुओं और समुदायों से संवाद स्थापित किया जाएगा।

इस साल कर्नाटक, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, मेघालय, नगालैंड, मिजोरम, त्रिपुरा में चुनाव हैं। जम्मू-कश्मीर में भी उम्मीद है। पार्टी के सामने इनमें से 6 राज्यों में सरकार बचाने की चुनौती है। ऐसे में मंत्रिमंडल में वहां के नेताओं को प्रतिनिधित्व देने पर जोर रहेगा।

सरकार की ओर से साफ संकेत हैं कि नॉन परफॉर्मिंग मंत्रियों को ड्रीम टीम में स्थान नहीं मिलेगा। एक पूर्व मंत्री ने इशारा किया कि गुजरात चुनाव से पहले वहां पूरी टीम को झकझोरा गया था, जिसके अच्छे नतीजे दिखाई दिए। इसलिए समझा जा रहा है कि इस बार भी बड़े बदलाव किए जा सकते हैं। राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 16-17 जनवरी को है। 23 जनवरी को नड्?डा कार्यकाल पूरा कर रहे हैं। बजट सत्र 31 जनवरी से है। ऐसे में नई टीम 18 से 25 जनवरी के बीच बन सकती है।

**उम्मीद**

**20 जनवरी से 436 सीटों पर 3 दिन रहेंगे केंद्रीय मंत्री**

**2023 के 10 विधानसभा चुनाव 2024 लोकसभा चुनाव की तैयारी**



# राजस्थान की ब्यूरोक्रेसी में मचा जमकर बवाल

**जयपुर।** राजस्थान के आईएएस अफसर पवन अरोड़ा पर आरएएस पूजा मीणा ने सेक्स स्कैंडल चलाने का आरोप लगाया है। इसके बाद से प्रशासनिक हलके में बवाल मचा हुआ है। झालावाड़ नगर परिषद की आयुक्त पूजा मीणा का आरोप है कि मंत्री शांति धारीवाल पूर्व डीएलबी डायरेक्टर पवन अरोड़ा को संरक्षण दे रहे हैं। राजस्थान सरकार के मंत्री शांति धारीवाल ठीक आदमी नहीं हैं, उन्होंने आईएएस पवन अरोड़ा को संरक्षण दे रखा है। उन्होंने कहा कि इसी पवन अरोड़ा की वजह से मुझे लगातार परेशान किया जा रहा है। पूजा ने आरोप लगाया है कि हर बार मेरी पोस्टिंग होने के बाद मुझे टारगेट करके परेशान किया जाता है। जानकारी के अनुसार आरएएस पूजा मीणा को 16 दिन पहले राज्य सरकार ने झालावाड़ नगर परिषद का आयुक्त बनाया गया था। 16 दिन काम करने के बाद सरकार ने अचानक पूजा मीणा का नागौर तबादला कर दिया। इतना ही नहीं उन्हें शाम होते-होते एपीओ कर दिया गया। इसके बाद से पूजा मीणा ने खुलकर आईएएस पवन अरोड़ा पर हमला बोला है। मीडिया के सामने उन्होंने मंत्री शांति धारीवाल, आईएएस पवन अरोड़ा और आरएएस हृदेश कुमार शर्मा को कटघरे में खड़ा कर दिया। महिला अधिकारी का आरोप है कि उन्हें मंत्री धारीवाल, आईएएस अधिकारी पवन अरोड़ा के कहने पर जानबूझकर परेशान कर रहे हैं।

**हड़कंप**

**महिला अफसर ने आईएएस पर लगाया सेक्स स्कैंडल चलाने का आरोप**






# दिल्ली हाई कोर्ट का बड़ा फैसला




**नई दिल्ली।** केंद्रीय अर्धसैनिक बलो में पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू करने को लेकर दिल्ली हाई कोर्ट ने बड़ा फैसला दिया है। श्रीनिवास शर्मा बनाम भारत सरकार केस में अदालत ने केंद्रीय अर्धसैनिक बलों को 'भारत संघ के सशस्त्र बल' माना है। केंद्रीय अर्धसैनिक बलों में एनपीएस को स्ट्राइक डाउन करने की बात कही गई है। इन बलों में चाहे कोई आज भर्ती हुआ हो, पहले कभी भर्ती हुआ हो या आने वाले समय में भर्ती होगा, सभी जवान और अधिकारी, पुरानी पेंशन के दायरे में आएंगे।

केंद्र सरकार, कई मामलों में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों को सशस्त्र बल मानने को तैयार नहीं थी। पुरानी पेंशन का मुद्दा भी इसी चक्कर में फंसा हुआ था। पहली जनवरी 2004 के बाद केंद्र सरकार की नौकरियों में भर्ती हुए सभी कर्मियों को पुरानी पेंशन के दायरे से बाहर कर दिया गया था। उन्हें एनपीएस में शामिल कर दिया गया। सीएपीएफ को भी सिविल कर्मचारियों के साथ पुरानी पेंशन से बाहर कर दिया। उस वक्त सरकार का मानना था कि देश में सेना, नेवी और वायु सेना ही सशस्त्र बल हैं।

बीएसएफ एक्ट 1968 में कहा गया है कि इस बल का गठन भारत संघ के सशस्त्र बल के रूप में किया गया था। इसी तरह सीएपीएफ के बाकी बलों का गठन भी भारत संघ के सशस्त्र बलों के रूप में हुआ है। कोर्ट ने माना है कि सीएपीएफ भी भारत के सशस्त्र बलों में शामिल हैं। इस लिहाज से उन पर भी एनपीएस लागू नहीं होता। सीएपीएफ में कोई व्यक्ति चाहे आज भर्ती हुआ हो, पहले हुआ हो या भविष्य में हो, वह पुरानी पेंशन का पात्र रहेगा। पुरानी पेंशन योजना को लेकर 'स्टाफ साइड' की राष्ट्रीय परिषद (जेसीएम) के सचिव शिव गोपाल मिश्रा की अध्यक्षता में सात जनवरी को नई दिल्ली में हुई एक बैठक में ओपीएस बहाली की मांग को लेकर कई बड़े फैसले लिए गए हैं।

इस बैठक में कॉन्फेडरेशन ऑफ एक्स पैरामिलिट्री फोर्सेस मार्टियर्स वेलफेयर एसोसिएशन के महासचिव रणबीर सिंह भी शामिल हुए। बैठक में तय हुआ है कि पुरानी पेंशन के मुद्दे पर जो आंदोलन होगा, वह केवल दिल्ली में नहीं, बल्कि राज्यों की राजधानियों और जिला स्तर तक किया जाएगा। 21 जनवरी को नेशनल ज्वाइंट काउंसिल ऑफ एक्सन (एनजेसीए) की नेशनल कन्वेंशन की बैठक होगी।

**राहत**

**सीएपीएफ को मिलेगी पुरानी पेंशन, अदालत ने कहा- ये हैं भारत के सशस्त्र बल**

# अभी नहीं मिलेगी ठंड से राहत!

**लखनऊ।** उत्तर भारत में ठंड का असर लगातार बढ़ रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक, अभी ठंड से राहत मिलने की कोई संभावना नहीं दिखाई दे रही है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक हिमाचल प्रदेश के कई इलाकों में आने वाले तीन दिन तक बर्फबारी जारी रहेगी। इसके अलावा मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक, 12 जनवरी को दिल्ली में बारिश की हल्की बौछारें पड़ने की संभावना है। पहाड़ों में बर्फबारी के रहते दिल्ली में सर्दी से राहत मिलने की कोई संभावना नजर नहीं आ रही है। मौसम विभाग के मुताबिक, 11 से 14 जनवरी तक पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में भी हल्की बारिश की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुमान के अनुसार, हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति और किन्नौर के कुछ इलाकों में बर्फबारी 3 दिनों तक जारी रहेगी। ऊपरी इलाकों में मध्यम बर्फबारी जबकि अन्य क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश / बर्फबारी होने की संभावना है। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में हल्की बारिश होगी और बर्फबारी की संभावना कम है। भारत मौसम विभाग के मुताबिक अंबाला, हिसार, बहराइच और गया जैसे शहरों में भी घने कोहरे की स्थिति देखी जा रही है।

उत्तर प्रदेश के लखनऊ में विजिबिलिटी 100 दर्ज की गई है। रिपोर्ट यह भी बताती है कि गुरुवार से पुणे, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में ठंड बढ़ेगी। मौसम विभाग के मुताबिक पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली में 15 और 16 जनवरी को शीतलहर की संभावना है। साथ ही बिहार और उत्तरप्रदेश के कुछ हिस्सों में ठंड के बढ़ने की संभावना है। उत्तराखंड में रात और सुबह के समय अलग-अलग इलाकों में घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। 11 और 12 जनवरी को उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों ठंड का असर बहुत ज्यादा रहने की संभावना है।

**बारिश और बर्फबारी बढ़ाएंगे आफत**

# यूपी मंत्रिमंडल में फेरबदल पर बड़ा फैसला

## 30 जनवरी से पहले पहले यूपी बीजेपी के संगठन में बड़ा बदलाव

लखनऊ। यूपी मंत्रिमंडल विस्तार और फेरबदल पर सबसे पुख्ता जानकारी सामने आई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, फिलहाल यूपी में अगले 6 महीने तक कोई भी फेरबदल और विस्तार नहीं होगा। नगर निकाय चुनाव के बाद ही मंत्रिमंडल फेरबदल और विस्तार पर चर्चा आगे बढ़ सकती है।अभी सरकार के एक साल पूरे न होने की वजह से मंत्रिमंडल में बदलाव नहीं होगा।

हालांकि 30 जनवरी से पहले पहले यूपी बीजेपी के संगठन में बड़ा बदलाव होगा। कई मोर्चा के अध्यक्ष, क्षेत्रीय अध्यक्ष जिला अध्यक्ष भी बदले जाएंगे। कई पदाधिकारियों को भी बदला जाएगा। मंडल अध्यक्षों को भी बदला जाएगा। सभी की सूची संगठन में तैयार हो गई है। पहले भी ऐसी खबरें थीं कि जिन मंत्रियों के पास संगठन की भी जिम्मेदारी है, उन्हें महत्वपूर्ण सांगठनिक पदों से मुक्त किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि योगी आदित्यनाथ ने दूसरी बार 25 मार्च को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। इसमें 50 से ज्यादा कैबिनेट और राज्य मंत्रियों को शपथ दिलाई गई थी। अपना दल, निषाद पार्टी को भी योगी 2.0 की कैबिनेट में जगह मिली थी। हालांकि बीजेपी के तमाम ऐसे नेता भी थी, जिन्हें कैबिनेट में जगह मिलने की आस थी, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया।

उत्तर प्रदेश में बीजेपी को अगले एक डेढ़ साल में कई बड़े इम्तेहानों से गुजरना है। अप्रैल -मई में संभावित नगर निकाय चुनाव इस चुनावी परीक्षा की पहली कड़ी होगी। इसके बाद मिशन 2024 के तहत लोकसभा चुनाव की तैयारियों में भी पार्टी जुट गई है। मिशन 80 के तहत यूपी में हर सांसद का रिपोर्ट कार्ड भी तैयार किया जा रहा है। बीजेपी के बड़े नेता मकर संक्रांति के बाद राज्य का दौरा कर सकते हैं। इन दिग्गज नेताओं में गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शामिल हैं।

**तैयारी**

**कई मोर्चे के अध्यक्ष, क्षेत्रीय अध्यक्ष जिला अध्यक्ष व कई पदाधिकारी भी बदले जाएंगे**

**सभी की सूची संगठन में हो गई है तैयार, बीजेपी को अगले एक डेढ़ साल में कई बड़े इम्तेहानों से गुजरना होगा**

**अप्रैल -मई में संभावित नगर निकाय चुनाव इस चुनावी परीक्षा की पहली कड़ी होगी**



# यूपी से 31 हजार को मिलेगा हज यात्रा का मौका



**कमेटी के अध्यक्ष ने कैबिनेट मंत्री का जताया आभार**

**लखनऊ।** यूपी हज कमेटी के अध्यक्ष मोहसिन रजा ने कहा कि इस वर्ष यूपी से 31 हजार लोगों को हज यात्रा पर जाने का मौका मिलेगा। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व अल्पसंख्यक मामलों की केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के प्रति आभार जताया है। बीते साल मात्र 7528 लोग ही हज पर भेजे जा सके थे। कोरोना काल में तमाम तरह की पाबंदियां हटने के बाद सऊदी अरब सरकार ने इस बार हज सीटों का सामान्य कोटा जारी कर दिया है। वर्ष 2019 की तरह इस बार भी सऊदी सरकार ने भारत के लिये 1,75,025 हज सीटों का कोटा जारी किया है। सीटों के कोटे को निजी ऑपरेटरों और देश भर की हज कमेटियों को बांटा जाएगा। बीते सालों की तरह इस बार भी उत्तर प्रदेश को अन्य हज कमेटियों से अधिक सीटें मिलने की उम्मीद है। सीटों के बंटवारे के हिसाब से प्रदेश से इस साल करीब 31 हजार लोग हज पर जा सकते हैं।

# बिहार में पुलिस पर हमला, 16 गाड़ियां फूंकीं

**बक्सर।** बिहार के बक्सर जिले में थर्मल पावर प्लांट के लिए जमीन अधिग्रहण के मुआवजे पर किसानों का प्रदर्शन उग्र हो गया। ग्रामीण बुधवार सुबह लाठी-डंडे लेकर पुलिस और पावर प्लांट पर टूट पड़े। पुलिस की गाड़ियों में तोड़फोड़ कर उनमें आग लगा दी। पूरे मामले को लेकर पुलिस मुख्यालय ने कहा है कि उत्तेजित भीड़ ने पुलिस के 2 वाहनों, कंपनी के जेसीबी सहित 16 वाहनों में आग लगाकर क्षतिग्रस्त कर दिया है। भीड़ के हमले में गृहरक्षकों सहित 10 पुलिसकर्मी जख्मी हो गए हैं।पुलिस ने हवाई फायरिंग करके भीड़ को खदेड़ने की कोशिश की। दोनों तरफ से बीच-बीच में पत्थरबाजी भी हुई। इसमें चार पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। किसान 85 दिन से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। किसानों ने मंगलवार को प्लांट के मुख्य गेट पर ताला लगा दिया और धरने पर बैठ गए। उस समय पुलिस ने कुछ नहीं किया, लेकिन रात को पुलिस ने बनारपुर गांव में घुसकर मारपीट की। चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। वहां मौजूद एक शख्स ने घटना का वीडियो बना लिया। पुलिस की ज्यादती के विरोध में बुधवार सुबह लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर प्लांट पर पहुंच गए और हमला कर दिया।

मौके पर कई तरह की फोर्स के अलावा जिले के थानों की फोर्स पहुंच गई है। इस मामले में अधिकारी कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। भीड़ ने पुलिस की दो वज्र वाहन, तीन बाइक, कंपनी की तीन बसें, 3 अग्निशमन वाहन, एंबुलेंस और क्रेन में आग लगा दी। बक्सर के मुफस्सिल थाने के चौसा में बनारपुर गांव के पास थर्मल पावर प्लांट लग रहा है। किसानों की जमीन अधिग्रहण की जा रही है, इसका विरोध ग्रामीण कर रहे हैं। मंगलवार रात 11:30 में गांव में पुलिस पहुंची। घर में सो रहे किसानों के दरवाजे को जोर-जोर से पीटने लगी। कुछ किसानों ने तो अपना दरवाजा ही नहीं खोला, लेकिन जिन किसानों ने अपना दरवाजा खोला, उन पर पुलिस टूट पड़ी। ग्रामीणों का आरोप है कि इस दौरान महिलाओं और बच्चों को भी पुलिस ने नहीं छोड़ा। ग्रामीणों ने बताया कि पुलिस नरेंद्र तिवारी के साथ चार लोगों को गिरफ्तार कर के ले गई है।

जिला भू-अर्जन कार्यालय के अनुसार चौसा क्षेत्र के चौदह गांवों के मौजे के 137.0077 एकड़ जमीन पर रेल कॉरिडोर बनना है।

**अराजकता**

**बक्सर में पावर प्लांट का विरोध कर रहे किसानों को पीटा, तो पुलिस पर लाठी-डंडा लेकर टूट पड़े**

## आप सांसद संजय सिंह को 3 महीने की सजा

**लखनऊ।** सुल्तानपुर में दो दशक पुराने बिजली, पानी के मुद्दे पर हुए प्रदर्शन के मामले में राज्यसभा सांसद और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय सिंह समेत सपा के पूर्व विधायक अनूप संडा समेत अन्य लोगों को 3 महीने की सजा और 1500 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। कोर्ट पहुंचे राज्यसभा सांसद ने बीजेपी सरकार की अव्यवस्था को आंदोलन के लिए जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि वे इस सजा के खिलाफ हाई कोर्ट में अपील करेंगे। आपको बता दें कि साल 2001 में 36 घंटे बिजली पानी की समस्या को लेकर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं मौजूदा राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने एक आंदोलन छेड़ा था, उस समय उनके साथ पूर्व सपा विधायक अनूप संडा समेत बीजेपी के पूर्व नगर अध्यक्ष सुभाष चौधरी, कांग्रेस नेता और पूर्व सभासद कमल श्रीवास्तव, कांग्रेस प्रवक्ता रहे संतोष चौधरी, बीजेपी के नामित सभासद रहे विजय सेक्रेटरी आंदोलन में शामिल रहे थे।

# लखनऊ में 76 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव पर मुहर

**लखनऊ।** यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के तहत निवेश लाने के लिए बुधवार को लखनऊ में भव्य रोड शो का आयोजन किया गया। इसमें शामिल हुए विभिन्न राज्यों के निवेशकों ने उत्तर प्रदेश में 76867 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव रखा। इस दौरान 79 एमओयू साइन किए।

औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल ने कहा कि उद्यमियों का यूपी में निवेश पूरी तरह से सुरक्षित रहेगा। मेक इन यूपी ब्रांड पूरी दुनिया में छाएगा।

औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने रोड शो में कहा कि निवेशक उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए एक कदम आगे बढ़ाएंगे तो हम चार कदम आगे बढ़ा कर उनका स्वागत करेंगे। 2017 के बाद यूपी में 1800 करोड़ रुपये का इंसेंटिव उद्यमियों को दिए जा चुका है। आज निवेश के लिए अद्भुत स्थान बन चुके उत्तर प्रदेश की चर्चा न सिर्फ भारत में, बल्कि विश्व के विभिन्न देशों में हो रही है। वर्ष 2017 के पहले उत्तर प्रदेश में जहां केवल दो एयरपोर्ट संचालित थे, जहां 24 उड़ाने ही उपलब्ध थी।

वहीं, आज एयरपोर्ट की संख्या 7 पहुंच गई है। जहां से प्रति दिन 90 उड़ान हो रही है। कई एयरपोर्ट निमार्णाधीन हैं। देश का सबसे अधिक एक्सप्रेसवे वाला राज्य बन चुका है। यह सब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों से संभव हुआ। कनाडा के मिनिस्टर ऑफ मेंटल हेल्थ एंड एडिक्शन मिशेल टिबोलो ने कहा कि यूपी गति से आर्थिक प्रगति की ओर अग्रसर है। यहां की कानून व्यवस्था भी सराहनीय है। रोड शो में दिल्ली, बेंगलुरू, नोएडा, मेरठ, गाजियाबाद, उड़ीसा, कानुपर, शामली, लखनऊ, छतरपुर और मुंबई से आए निवेशकों ने ऑनलाइन और ऑफलाइन एमओयू पर हस्ताक्षर किया। सिटी गोल्ड कॉरपोरेशन ने उत्तर प्रदेश में सीमेंट और एथेनॉल प्रोजेक्ट स्थापित करने के लिए 26 हजार करोड़ के एमओयू साइन किए। नेक्सजेन एनर्जिया ने ग्रीन एनर्जी का सेटअप स्थापित करने के लिए 15000 करोड़ के एमओयू पर हस्ताक्षर किया।

**इन्वेस्टर्स समिट**

**कुल 79 एमओयू, दुनिया में छाएगा यूपी ब्रांड, निवेश लाने के लिए बुधवार को लखनऊ में भव्य रोड शो का हुआ आयोजन**

# शंकराचार्य के निर्देश पर पहुंची भूवैज्ञानिकों की टीम

**देहरादून।** जोशीमठ में प्राकृतिक विपदा का बड़ा खतरा मंडरा रहा है। जोशीमठ के निवासी डरे हुए हैं और घर छोड़ने को मजबूर हैं। ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज ने भूवैज्ञानिकों से अनुरोध किया है कि जोशीमठ में जल्द से जल्द भू-धंसाव का कारण पता लगाएं। वहीं ज्योतिर्मठ प्रभारी को निर्देश दिया है कि पीड़ित परिवार को भोजन उपलब्ध हो और उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की व्यवस्था की जाए।

उनके कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक शंकराचार्य महाराज ने अपने सभी संचार कार्यक्रम को स्थगित करते हुए वे सड़क मार्ग से सीधे ज्योतिर्मठ पहुंचे। वहीं उन्होंने वर्तमान स्थिति से अवगत होते हुए जोशीमठ के घरों का निरीक्षण किया और लोगों की समस्याएं सुनीं। वहीं, शंकराचार्य जी ने अपने माध्यम से सरकार को जनता के लिए समुचित व्यवस्था करके लाभ पहुंचाने की अपील की।

शंकराचार्य जी पहले ही कह चुके हैं कि जोशीमठ में जल्द से जल्द भू-धसाव का कारण पता लगाया जाए। उन्हीं के कहने पर ज्योतिर्मठ प्रभारी ब्रह्मचारी मुकुंदानन्द के सहयोग से भू वैज्ञानिकों का दल जोशीमठ पहुंचा है, जिसमें प्रोफेसर डॉ. केएस राव की नेतृत्व में गठित टीम जोशीमठ पहुंच कर सभी पहलुओं से जांच कर रही हैं। यहां मुख्य रूप से जोशीमठ के पहाड़, सभी प्रभावित मकानों, एनटीपीसी हाइड्रिल पावर प्रोजेक्ट, हेलंग मारवाड़ी बाईपास की विशेष जांच की जा रही है। इस टीम में डॉ. तरूण सिंह और अंकित सिंह भी शामिल हैं। ब्रह्मचारी मुकुंदानन्द ने इस जांच के बारे में अधिक जानकारी देते हुए बताया यह रिपोर्ट दो दिन में बनकर तैयार हो जाएगी, जिसे पत्रकार वार्ता कर रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाएगा।



**मंडरा रहा खतरा**

**भूवैज्ञानिकों का दल दो दिन में बताएगा क्यों धंस रहा जोशीमठ**

### प्रभावित परिवारों को 1.5 लाख देगी धामी सरकार

उत्तराखंड सरकार ने बुधवार को जोशीमठ के प्रभावित परिवारों को 1.5 लाख रुपये की अंतरिम राहत देने की घोषणा की है। ये राशि उन्हें दी जाएगी जिन्हें जोशीमठ में भूमि धंसने के बाद सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया गया है। यहां जमीन धंसने के चलते कई मकानों और इमारतों को गिराने की नौबत आ गई है। प्रभावित लोग इन्हें गिराने नहीं दे रहे। उनका कहना है कि पहले उचित मुआवजा दिया जाए। इस मांग को लेकर लोगों ने धरना-प्रदर्शन भी किया। इसके बाद सरकार की ओर से अंतरिम राहत की घोषणा की गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम ने कहा, ह्लप्रत्येक परिवार को 1.50 लाख रुपये की तत्काल अंतरिम सहायता दी जाएगी। असुरक्षित चिह्नित होटल की दो इमारतों के अलावा किसी अन्य इमारत को नहीं गिराया जा रहा है। अब तक 723 भवनों में दरारें देखी गई हैं। सरकार के इस कदम को लेकर पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हमारी सरकार स्थानीय लोगों के हितों का पूरा ध्यान रख रही है। भू-धंसाव से जो स्थानीय लोग प्रभावित हुए हैं उनको बाजार दर पर मुआवजा दिया जाएगा। बाजार की दर हितधारकों के सुझाव लेकर और जनहित में ही तय की जाएगी।

# बंद कमरे में पति-पत्नी की मिली डेड बॉडी

**सनसनी**

### पड़ोसियों ने बताया, दो दिन से कमरे से आ रही थी बदबू

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** चेतगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बागबरियार सिंह इलाके में बंद कमरे में पति पत्नी की डेडबॉडी मिली। दुर्गंध आने पर बुधवार को पड़ोसियों ने पुलिस और मृतक के साढ़ू को मामले से अवगत कराया। सूचना पर पुलिस भी पहुंची और दरवाजा खोलकर अंदर प्रवेश किया तो देखा कि दंपति की डेडबॉडी बिस्तर पर पड़ी है।

जांच पड़ताल के बाद थाना प्रभारी चेतगंज राजेश सिंह ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मौके पर पहुंचे डीसीपी काशी जोन ने बताया कि मौत की वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर स्पष्ट होगी। फिलहाल पुलिस जांच कर रही है।



मौके पर जांच करती पुलिस की टीम

जानकारी के अनुसार बाग बरियार सिंह इलाके में प्रमोद श्रीवास्तव पत्नी पूनम के साथ यहां रहते थे। इनके दो बड़े भाइयों का निधन हो चुका है। प्रमोद बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन में थे। घर से एक दो दिन से दुर्गंध आने पर पड़ोसियों को शक हुआ इसके बाद पुलिस को सूचना दी गयी साथ ही मृतक के साढ़ू विकास चंद्र श्रीवास्तव को भी मामले से अवगत कराया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया तो देखा कि दंपति अपने बिस्तर पर मृत पड़े हैं।

पड़ोसियों का कहना है कि तीन चार दिनों से दोनों घर से बाहर नहीं निकल रहे थे ऐसे में लगा कि सर्दी की वजह से घर में हैं। लेकिन जब दुर्गंध उठने लगी तो शक हुआ ऐसे में पुलिस को सूचना दी गयी। चेतगंज थाना प्रभारी ने बताया कि फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम बुलाकर जांच करायी गयी। मौत की असल वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट होगी। पुलिस रिश्तेदारों और पड़ोसियों से पूछताछ कर अन्य जानकारी जुटाने में जुट गयी है।

# रेस्टोरेंट की आड़ में चल रही थी सट्टेबाजी

**ये है हाल**

### लोहता पुलिस ने मारा छापा कई हिरासत में

**लोहता।** लोहता थाना क्षेत्र अंतर्गत भट्टी ग्राम पंचायत स्थित एक रेस्टोरेंट की आड़ में सट्टेबाजी समेत अन्य गलत कृत्य की सूचना पर लोहता थाना प्रभारी राजकुमार पांडेय और उनकी टीम ने छापेमारी कर एक दर्जन से ज्यादा युवकों को दबोचा। हिरासत में लिए गये सभी आरोपियों से एसीपी की मौजूदगी में देर रात पूछताछ हुई। पुलिस को सूचना मिली कि उक्त रेस्टोरेंट में जुआ, सट्टेबाजी समेत मौजमस्ती संचालित होता है। उक्त सूचना के आधार पर लोहता पुलिस ने छापेमारी की और मौके से एक दर्जन से ज्यादा युवकों को पकड़ा। सूत्र बताते हैं कि इस दौरान कुछ महिलाएं भी वहां मौजूद रहीं। हालांकि वह किसी काम से यहां थी ये जांच की जा रही है। पुलिस ने रेस्टोरेंट के मैनेजर, कर्मचारी समेत एक दर्जन युवकों को हिरासत लिया। सूत्र बताते हैं कि सट्टेबाजी के अलावा अन्य गलत काम होते थे जिसकी जांच पुलिस कर रही है।



# 25 लाख हड़पने के मामले में कोर्ट के आदेश पर मुकदमा

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** एसीजेएम पंचम उज्ज्वल उपाध्याय की अदालत ने धोखाधड़ी कर 25 लाख रुपया हड़पने के मामले में तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने बड़ागांव थाना प्रभारी को निर्देशित किया है की प्रार्थी के प्रार्थना पत्र के परिपेक्ष में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना करे।

बृजटेक इन्फ्राविजन कम्पनी के मैनेजिंग डायरेक्टर बृजेश तिवारी ने अपने अधिवक्ता अंशुमान त्रिपाठी के माध्यम से कोर्ट में आवेदन दिया। आरोप लगाया की उनके कम्पनी में कार्यरत मैनेजर राजीव शर्मा ने 25 लाख रुपए का चेक प्रोफेशनल कूलिंग सर्विस कम्पनी का देनदारी के नाम पर प्राप्त कर लिया। इसमें प्रोफेशनल कूलिंग सर्विस कम्पनी के डायरेक्टर उमेश कोली और मनोहर बसंत कुंज भी मिलकर उक्त चेक का भुगतान कर हड़प लिया। इसकी जानकारी होने पर बिपक्षीगण से बात किए तो उल्टे उसे जान मारने की धमकी देने लगे।इसकी शिकायत पहले थाने से लेकर आलाधिकारी तक दिया कोई कार्यवाही नहीं होने पर कोर्ट के दरवाजा खटखटाया।

# चालक को चक्कर आया, मंदिर से टकरायी टैक्सी

**वाराणसी।** भेलूपुर थाना अंतर्गत रविंद्रपुरी एक्सटेंशन के पदम श्री चौराहे पर बड़ी दुर्घटना होने से बची। बुधवार की दोपहर को सड़के के पास शीतला माता मंदिर से एक टैक्सी टकरा गई। हादसे दौरान कार में टैक्सी में ड्राइवर के अलावा तीन अन्य लोग थे। टैक्सी ड्राइवर कमाल ने बताया कि जैसे ही वह कार लेकर चौराहे से आगे लंका की ओर बढ़ा उसे अचानक चक्कर आ गया। ऐसे में उसका संतुलन गाड़ी से बिगड़ गया और उसकी कार मंदिर से टकरा गई।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**रामनगर।** रामनगर थाना के टेंगरा मोड़ स्थित हाईवे पर बुधवार को सुबह कोहरे के कारण अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। चंदौली जिले के अंतर्गत गजधरा निवासी प्रमोद मिश्रा (49) हर रोज की तरह अपने फैक्ट्री के मालिक के लिए दूध लेने हाईवे से टोल प्लाजा के समीप जाता था। बुधवार सुबह अपने बाइक से वह दूध लेने जा रहा था। रामनगर टेंगरा हाईवे पर विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक ने उन्हें धक्का दिया। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। नागरिकों ने भीटी पुलिस चौकी पर सूचना दी मौके पर पहुंच पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और आगे की कार्रवाई की। सूचना मिलते मौके पर पुलिस सहित परिजन भी पहुंच गए। मृतक की पत्नी मनोरमा देवी तथा अन्य परिजन रो रोकर हाल बेहाल है। बुरा हाल था। मृतक के पुत्र प्रिंस (22 वर्ष ) ने रामनगर थाने में अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

# रिंग रोड पर बाइक लूटने वाले दो गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** लालपुर पांडेयपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रिंग रोड आजमगढ़ बाईपास के पास 25 दिसंबर को पहाड़िया के संजय नगर कॉलोनी निवासी की बाइक लूटने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने बाइक समेत गिरफ्तार किया है। इस वारदात में शामिल एक और अभियुक्त की तलाश जारी है।

लालपुर पांडेयपुर थाने में एसीपी कैंट डॉ. अतुल अंजान त्रिपाठी ने बताया कि पकड़े गए बदमाश गाजीपुर के करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र के रामानंदन का पूरा निवासी विशाल यादव और करंडा थाना क्षेत्र के माहेपुर निवासी साहिल सिंह हैं। दोनों बदमाशों को रजनहिया क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। दोनों का अपराधिक इतिहास भी है। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि 25 दिसंबर को हम दोनों के साथ धनन्जय यादव वाराणसी आये थे। रास्ते में घर वापस जाते वक्त गोईठहां ओवरब्रीज रिंग रोड संदहा की तरफ जाने वाले मार्ग के पास दो लोग पल्सर बाइक के साथ खड़े थे। हम लोगों उसकी बाइक छीन ली और भाग निकले। फिर नई वारदात को अंजाम देने के लिए वाराणसी आये थे लेकिन पकड़ लिए गये। विशाल यादव के खिलाफ गाजीपुर में आधा दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

गिरफ्तारी करने वाली टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज कुमार अम्बष्ट, क्राइम ब्रांच प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह, लालपुर चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार यादव, उपनिरीक्षक अमित सिंह, मुनेश यादव, हेड कांस्टेबल सुरेंद्र मौर्य, चंद्रेश सिंह, उपेंद्र बहादुर सिंह आदि पुलिसकर्मी शामिल हैं।

# नाव संचालकों संग निगम की बैठक

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** मकर संक्रांति पर्व मद्देनजर बुधवार को निगम के अधिकारियों की ओर से नाव संचालन से जुड़े लोगों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया।

नगर आयुक्त प्रणय सिंह के निर्देश पर अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार की अध्यक्षता में नाविक संगठनों एवं जल पुलिस के साथ बैठक में निर्णय लिया गया कि, नॉव/ मोटर बोट पर सुरक्षा मानक का पालन किया जायेगा। नॉव की यात्री क्षमता के अनुसार रखना होगा, यथा- लाइफ जैकेट, लाइफ रिंग, चार सेल का टार्च एवं 20 मीटर नायलान की रस्सी नॉव पर रखना अनिवार्य होगा। नाविकों को नॉव/ मोटर बोट पर ओवर लोडिंग पर जुमार्ना नगर निगम, वाराणसी द्वारा निर्धारित किया जायेगा, जिसके लिये नॉव/ मोटर बोट पर फ्लुरिसेंट पेंट की लाल पट्टी पेंट करायी जायेगी, जिसके पानी के भीतर जाने पर यह माना जायेगा कि उक्त नॉव ओवर लोडेड है।

अवैध नॉव/ मोटर बोट गंगा नदी में नही चलने दी जायेगी। यह वे नावें होगी जो लाइसेन्स विहिन होगी, जिससे इनकी पहचान करना स्पष्ट होगा। जो भी नाविक इस प्रकार की नॉव का संचालन करते हुये पाया जायेगा, उसके विरुद्ध जल पुलिस के सहयोग से कानूनी कार्यवाही की जायेगी। इस पर नाविक संगठनों द्वारा सहमति व्यक्त कह गयी। बैठक में प्रभारी अधिकारी लाइसेंस अनुपम त्रिपाठी, जल पुलिस के अधिकारी एवं नाविक संगठनों के लोग उपस्थित थे।

# कम रही सुबह की दृश्यता, गलन जारी

**वाराणसी।** जनपद में बीते मंगलवार की रात की तरह बुधवार को भी सुबह भारी कोहरा छाया रहा। अत्यधिक धुंध के कारण मार्गों पर आवागमन समस्या बन गयी थी। सुबह नौ बजे रोशनी काफी कम हो गयी थी। हाल कुछ ऐसा रहा कि गंगातट के घाटों पर पहुंचे देशी-विदेशी पर्यटकों को गंगा नहीं दिख रही थीं। पूर्वाह्न दस बजे तक यह स्थिति बनी रही। कोहरे के चलते विजिबिलिटी 50 मीटर से भी नीचे आ गयी। वहीं, भाषीण शीतलहरी और गलन कम होने का नाम नहीं ले रही थी। पूर्वाह्न के बाद अपराह्न तक ठंड में कुछ कमी आयी लेकिन उसके बाद पुनः गलन ने अपना असर दिखाना शुरु कर दिया। मार्गों पर लोगों की आवाजाही कम हो गयी। सुबह का तापमान सात डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री कम रहा। वहीं, अधिकतम तापमान सामान्य से पांच नीचे 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लोगों का कहना है कि कई साल बाद अबकी ठंड कुछ ज्यादा ही है। न तो ढंग से धूप निकल रही और न ही मौसम साफ हो रहा है। बादल और कोहरे की वजह से सुबह का पता ही नहीं चल रहा है।

# डीडी कृषि में जैविक खेती के क्लस्टर का लिया जायजा

**दानगंज।** उप निदेशक कृषि अखिलेश कुमार सिंह ने बुधवार को चोलापुर ब्लॉक में नमामि गंगे योजना में गठित जैविक क्लस्टर का मौका-मुआयना किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित प्रगतिशील किसानों के साथ बातचीत की। श्री सिंह ने बबियांव, मंगोलेपुर, परानापट्टी, मुनारी, हड़ियाडीह आदि स्थित क्लस्टर का जायजा लिया। मौके पर उगायी जा रही ऑर्गेनिक सब्जियों की खेती समेत चना, मटर, गेहूं व सरसों के जैविक प्रक्षेत्रों का निरीक्षण किया। साथ ही कृषि विविधीकरण अपनाने की अपील की। उन्होंने नकदी फसलों के उत्पादन पर बल दिया। इस अवसर पर किसान शैलेंद्र कुमार रघुवंशी, सेवालाल पटेल, सोहनलाल, रामचंदर पटेल, शिवबली, श्यामजी पांडेय भी रहे। इसी क्रम में उप निदेशख ने आत्मा योजना के तहत कटारी में संचालित फार्म स्कूल में सुपर सीडर से गेहूं की लाइन सोइंग का मुआयना किया। निरीक्षण के दौरान नमामि गंगे योजना के प्रोजेक्ट हेड स्वामीशरण कुशवाहा, तकनीकी सहायक सुभाष झा एवं फौजदार यादव आदि भी थे।



जनसंदेश टाइम्स
वर्गीकृत

सूचना

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2013 अनुक्रमांक 3067526 का अंकपत्र वास्तव में खो गया है। सोनम जायसवाल पुत्री विनोद जायसवाल ग्राम+पोस्ट-खरिहानी, थाना-तरवां, तहसील-मेंहनगर, जिला-आजमगढ़।

शाखा प्रबंधक भारतीय जीवन बीमा निगम रसड़ा, बलिया उत्तर प्रदेश, मेरा पॉलिसी संख्या 289586 538, मेरा नाम सुभाष चंद दर्ज है जो गलत है जबकि मेरा नाम गुलाबचंद पुत्र बिक्रमा राजभर है अन्य प्रमाण पत्रों में भी आधार कार्ड, पैन कार्ड में मेरा नाम गुलाब चंद है मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाता है, गुलाब चंद पुत्र बिक्रमा राजभर ग्राम+पोस्ट-कटहुरा, रसड़ा, जनपद-बलिया उत्तर प्रदेश पिन संख्या-221712

आवश्यकता

आवश्यकता है-वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर से सम्बद्ध तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातकोत्तर स्तर पर शिक्षा संकाय में एम०एड० पाठ्यक्रम में दो सहायक प्राध्यापक की आवश्यकता, वेतन एवं शैक्षिक योग्यता, एन०सी०टी०ई०/यू०जी०सी० रेगुलेशन एवं विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त प्रमाण पत्रों की छाया प्रति एवं दो फोटो शिक्षक-शिक्षा विभाग में 21 दिन के अन्दर जमा करें। साक्षात्कार की सूचना डाक/दूरभाष से दी जायेगी। वेतन भुगतान एकाउन्टपेयी चेक द्वारा होगा।
प्राचार्य
तिलकधारी महाविद्यालय जौनपुर

राजाराम महाविद्यालय
भरहरी, चोपन, सोनभद
(सम्बद्ध-महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी)
में स्ववित्तपोषित योजनांतर्गत स्नातक स्तर पर कला संकाय में प्राचार्य एवं गृहविज्ञान विषय में एक-एक पद, योग्यता एवं वेतन यू0जी0सी0 राज्य सरकार तथा विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार योग्यताधारी 15 दिन के भीतर आवेदन करें।
प्रबन्धक
रामशकल
मो0-8887560501

# शहर से अतिक्रमण हटाए गए

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** नगर निगम प्रवर्तन दल द्वारा यातायात पुलिस के साथ मिलकर बुधवार को शहर में अत्याधिक जाम लगने वाले स्थलों व चौराहों पर अतिक्रमण अभियान चलाया गया। दुकानदारों का स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण हटवाकर मार्ग खाली करवाया गया, साथ ही यातायात पुलिस द्वारा पूरे मार्ग में बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों व विपरीत दिशा से आने जाने वाले वाहनों का चालान किया गया।

भिखारीपुर तिराहा, चितईपुर तिराहा, मालवीय चौराहे से से रविदास गेट और ट्रामा सेंटर, सीर गोवर्धन तिराहा के आसपास मार्ग पर अवैध रूप से बनाई गई झुग्गियां और तमाम प्रकार का स्थाई व अस्थाई अतिक्रमण हटवाकर मार्ग खाली करवाया गया, मोहन सराय नेशनल हाईवे (लहरतारा मार्ग), रविदास गेट, बीएचयू गेट, लंका चौराहा, कैंट रेलवे स्टेशन के सामने ओवर ब्रिज के नीचे मार्ग, दुर्गाकुंड मंदिर के चारों तरफ, गुरुधाम चौराहा, कमच्छा तिराहा, चौका घाट मार्ग, नक्खी घाट मार्ग, गुरुबाग, गोदौलिया, दशाश्वमेध घाट, गोदौलिया चौराहा आदि मार्गों पर अभियान चलाया गया। पशु चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व में फार्मासिस्ट अमर नाथ द्विवेदी और उनकी टीम के साथ मिल कर पहड़िया, भुवनेश्वर नगर कॉलोनी, सिंचाई कॉलोनी, साजन तिराहा, नुवान तिराहा, अवलेशपुर, रामनगर घाट, सूजाबाद पर चिकन व मछली की दूकानों को हटवाया और कुछ को बंद करवाया गया।

# देश में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण

**काशी विद्यापीठ।** राष्ट्रीय युवा दिवस की पूर्व संध्या पर बुधवार को स्थानीय विकास खंड के छितौनीकोट पंचायत भवन में बुधवार को युवा संगठन की ओर से संगोष्ठी हुई। 'शांति व सामाजिक सौहार्द पर युवाओं की भूमिका' विषयक इस कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि भारत की लगभग 65 फीसदी आबादी युवा है। इसलिए युवाओं की भूमिका देश में अत्यधिक महत्वपूर्ण है। जब तक युवा प्रभावी ढंग से अपनी भूमिका नहीं निभाएंगे तब तक देश में शांति एवं सौहार्द का वातावरण नहीं बन सकता। कार्यक्रम में माहेश्वरी नारायण, सुशील गौतम, अमन, साहिल, अमर, आकाश, बिंदु कुमारी आदि ने विचार व्यक्त किये।

# बीएचयू की प्रगति के लिए करने होंगे एकजुट प्रयास : प्रो. जैन

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** बीएचयू के कुलपति प्रो. सुधीर कुमार जैन ने कहा है कि इस संस्थान की उन्नति के लिए विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को पूरी निष्ठा और ऊर्जा के साथ प्रयास करने होंगे। वीसी बुधवार को केंद्रीय कार्यालय के समिति कक्ष में मध्य क्षेत्र अंतर्विश्वविद्यालयीय युवा महोत्सव में विजेता बन कर लौटी बीएचयू की टीम के सदस्यों संग संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विवि प्रशासन विद्यार्थियों के लिए नए अवसर सृजित करने और उनकी उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस दिशा में निरंतर प्रयास हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के कौशल विकास तथा उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए कई नयी पहल की गई है। छात्र अधिष्ठाता प्रो. अनुपम कुमार नेमा ने बताया कि मध्य क्षेत्र अंतर्विश्वविद्यालय महोत्सव के विजेता प्रतिभागी आगामी फरवरी माह में बंगलुरू में प्रस्तावित राष्ट्रीय युवा महोत्सव में हिस्सा लेंगे।

इस मौके पर कुलगुरु प्रो. वीके शुक्ल, कुलसचिव प्रो. अरुण कुमार सिंह, डॉ. रंजना उपाध्याय एवं डॉ. इंद्रदेव आदि भी रहे।



## संक्षेप

### 42 दो पहिया वाहनों की नीलामी



**बड़ागांव।** शासन की मंशा के अनुरूप कमिश्नरेट की बड़ागांव थाना पुलिस ने माल निस्तारण के क्रम में सीज लावारिस वाहनों निलामी करायी। निलामी कुल 42 दो पहिया वाहनों की हुई जिसकी कीमत 1.41 लाख लगायी गयी। निलामी में कुल वाहनों की बोली कर्ताओं ने 2.11 लाख देकर लिया। इस दौरान साक्षी राय नायब तहसीलदार पिण्डरा, एसीपी अमित कुमार पाण्डेय पिण्डरा, थाना प्रभारी अश्वनी कुमार चतुर्वेदी आदि लोग थे। बोली लगाने वालों में अजय कुमार सिंह, सूरज कुमार गुप्ता, संजय कुमार जायसवाल शामिल रहे।

### पिता की डांट लगी नागवार, बेटा घर से भागा

**वाराणसी।** चितईपुर थाना क्षेत्र के नेवादा सुंदरपुर के रहने वाले इंद्रासन ठाकुर ने अपने दस वर्षीय बेटा कृष्णा को पैसा लेने पर डांट दिया। जिसके कारण उनका बेटा बीते रविवार घर छोड़कर चला गया। काफी खोजबीन करने के बाद भी बच्चे का पता नहीं चला है। पुलिस ने बच्चे की पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है। बच्चे के परिजनों का हाल रोकर बेहाल है। पुलिस सीसीटीवी कैमरे की मदद से बच्चे की तलाश में जुटी है।

### लड़कियों को देख अश्लील गाना बजाने वाला गया जेल

**बड़ागांव।** बड़ागांव थाना क्षेत्र के चिलबिला गांव में लड़कियों को देख डीजे पर अश्लील गाना बजाने के चक्कर में शोहदे को जेल की हवा खानी पड़ी। प्रभारी उपनिरीक्षक भारती गुप्ता से लड़कियों ने शिकायत की थी कि गांव का ही समरजीत जब लड़कियों को देखता है तो अश्लील गाना बजाने लगता है और भद्दे इशारे करता है। उक्त सूचना पर एंटी रोमियो की टीम ने आरोपी समरजीत को गिरफ्तार किया।

### कब्जेदार दे रहा था धमकी, मुकदमा दर्ज

**बड़ागांव।** बड़ागांव थानाक्षेत्र के बसनी गांव में ग्राम समाज के जमीन की पैमाईश करने गयी राजस्व टीम को कब्जेदार और उसके परिजनों ने जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में एसडीएम पिण्डरा के आदेश पर बड़ागांव पुलिस ने एक नामजद सहित अन्य अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। क्षेत्रीय लेखपाल अनुपम आनंद का आरोप है कि गांव सभा में कुड़ा घर बनाने के लिए गांव सभा के जमीन की पैमाईश तहसीलदार शेषनाथ यादव की अध्यक्षता में राजस्व निरीक्षक रविन्द्र सिंह क्षेत्रीय लेखपाल एवं अन्य सहयोगियों के साथ भूमि की पैमाईश की गयी। इस भूमि के अधिकांश हिस्सों पर बसनी गांव निवासी दिलीप राजभर द्वारा आलू तथा अन्य सब्जियों की खेती की गई है। सीमांकन के बाद नाराज कब्जेदार एवं उसके परिवार ने लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक को जान से मारने की धमकी दी थी।

### दो बाइक चोरी, रपट दर्ज

**मिर्जामुराद।** मिर्जामुराद थाना क्षेत्र अंतर्गत तमाचाबाद पुलिस चौकी के सामने से मंगलवार को नसीम अहमद की बाइक घर के सामने से चोरी हो गयी। वहीं दूसरी तरफ सब्जी मंडी के पास से बुधवार को दुकान के सामने पारसनाथ मोदनवाल की बाइक चोरी हो गयी। दोनों भुक्तभोगियों ने पुलिस चौकी पर चोरी की तहरीर दी।

### शादी का झांसा देकर अपहरण का आरोप

**वाराणसी।** शिवपुर थाना क्षेत्र की किशोरी को प्रेम के जाल में फंसाकर किशोरी के अपहरण का मामला सामने आया है। किशोरी के भाई ने तहरीर में बताया कि अहमदपुर निवासी नामक युवक ने बहलाकर अपहरण कर लिया। बहन के पास 20 हजार रुपये, चेन, अंगूठी, बाली ले गए। शिवपुर पुलिस मुकदमा दर्ज कर छानबीन कर रही है।

### पति ने पत्नी के अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया

**वाराणसी।** शिवपुर निवासी एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी के अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप लगाया है कि हरियाणा के कपूरथला निवासी संजय नामक युवक उसकी पत्नी के संपर्क में था। पत्नी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। उसकी पत्नी को कहीं बेचने के फिराक में है। शिवपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### डॉ. अखिलेश को मिली सदस्यता



**वाराणसी।** बीएचयू के दंत चिकित्सा विज्ञान संकाय में ओरल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जरी के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अखिलेश कुमार सिंह को यूनाइटेड किंगडम रॉयल कॉलेज ऑफ फिजिशियंस एंड सर्जंस ऑफ ग्लासगो की सदस्यता प्रदान की गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने बुधवार को यह जानकारी दी।

### विकास के लिए सरकार कर रही कार्य : सुनील पटेल



**रोहनिया।** आराजी लाइन ब्लॉक मुख्यालय सभागार में बुधवार को बीते साल कराये गये विकास कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। जिसमें ब्लाक प्रमुख नगीना सिंह पटेल की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। मीटिंग की अध्यक्षता विधायक डॉ. सुनील पटेल ने की। उन्होंने कहा कि विकास के क्षेत्र में सरकार लगातार कार्य कर रही है। बीडीओ विजय जायसवाल ने ठप पड़े कार्यों को जल्द पूर्ण कराने का आश्वासन दिया। इस मौके पर डॉ. महेंद्र सिंह पटेल, नीरज पांडेय, जिला पंचायत सदस्य ललित यादव, दिनेश यादव आदि भी रहे।

### पुरस्कार के लिए 5 गांवों का नाम भेजा

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के तहत बीते वित्तीय वर्ष के लिए जनपद के पांच सर्वश्रेष्ठ ग्राम पंचायतों के नाम शासन को भेजे गये हैं। उनमें सेवापुरी ब्लॉक का भीषमपुर तथा जगापट्टी, पिंडरा विकास खंड का रसूलपुर एवं भोपतपुर और चोलापुर ब्लॉक का बबियाव ग्राम पंचायत शामिल है।

### बीबीए में रिक्त पदों पर हुआ मनोनयन

**वाराणसी।** बनारस बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में रिक्त रह गए आय-व्यय निरीक्षक व प्रबंध समिति सदस्य के पद पर दो अधिवक्ताओं का मनोनयन किया गया है। ये जानकारी बनारस बार एसोसिएशन के महामंत्री प्रदीप राय ने दी। उन्होंने बताया की बनारस बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में रिक्त रह गए आय-व्यय निरीक्षक के पद पर अधिवक्ता राम सेवक प्रसाद व प्रबंध समिति सदस्य पद (15 वर्ष से कम) के पद पर राहुल सिंह एडवोकेट का मनोनयन किया गया है। उक्त मनोनयन की जानकारी भी दोनों अधिवक्ताओं को दे दी गई है।

### आयुष्मान गोल्डेन कार्ड बनाने की गति धीमी

**काशी विद्यापीठ।** स्थानीय ब्लॉक मुख्यालय सभागार में बीडीओ डॉ. रक्षिता सिंह ने स्वास्थ्य विभाग तथा पंचायती राज विभाग के विकास खंडस्तरीय अफसरों संग बैठक कर आयुष्मान गोल्डेन कार्ड की प्रगति की समीक्षा की। कार्य की गति धीमी पाए जाने पर उन्होंने रोष व्यक्त किया। उन्होंने निर्देश दिया कि आगामी 16 जनवरी तक अंत्योदय राशन कार्ड उपभोक्ताओं का शत-प्रतिशत आयुष्मान गोल्डेन कार्ड बनवा लिया जाय। इस कार्य के लिए जहां पंचायत सहायक नहीं हैं वहां सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सीएचओ सहयोग करें। एक अन्य मीटिंग में बीडीओ ने तकनीकी सहायकों को अमृत सरोवर निर्माण संबंधी आवश्यक निर्देश दिये।

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कोर्स फरवरी से, पंजीकरण आज से

**वाराणसी।** बीएचयू के कंप्यूटर विज्ञान विभाग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर एक विशेष प्रशिक्षण और प्रमाणन कार्यक्रम आरंभ किया जा रहा है। इस प्रोग्राम में छात्रों और कामकाजी पेशेवरों को एप्लाइड साइंटिस्ट और डेटा साइंटिस्ट के रूप में कैरियर बनाने की ट्रेनिंग के लिए चलेगा। प्रशिक्षण पाठ्यक्रम नैसकॉम द्वारा सुझाए गए ढांचे पर आधारित है। सन 2018 में नीति आयोग ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए भारत की राष्ट्रीय रणनीति प्रकाशित की। उसमें इसकी आर्थिक क्षमता पर प्रकाश डाला। भारत को डेटा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के वैश्विक केंद्र के तौर पर स्थापित करने के लिए प्रशिक्षित विशेषज्ञों की जरूरत है। इसी कारण केंद्र सरकार भारतीय युवाओं के बीच इन क्षमताओं के विकास के लिए कार्यक्रमों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। इस बारे में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने बीएचयू के कंप्यूटर विज्ञान विभाग को संबंधित ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित करने के लिए मंजूरी दी है। आगामी फरवरी से जुलाई माह तक चलने वाले 100 सीट की क्षमता वाले इस प्रशिक्षण के लिए गुरुवार से 25 जनवरी तक रजिस्ट्रेशन चलेगा। प्रवेश परीक्षा के आधार पर चयन प्रतिभागियों का चयन होगा।



# वाराणसी



# नमो घाट-पड़ाव-विश्वेश्वरगंज मैदागिन होगा वीआईपी रोड

## मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने जी-20 सम्मेलन की तैयारी बैठक में दिये कई निर्देश

**मीटिंग**

**प्रस्तावित सभी मार्गों पर प्रत्येक स्तर पर चाक-चौबंद इंतजाम करने पर दिया जोर**

**गोदौलिया-अस्सी घाट मार्ग के चौड़ीकरण की संभावनाएं तलाशने का दिया सुझाव**

**मार्च अंत तक पूर्ण हो जाएंगे बाबतपुर एयरपोर्ट पर चल रहे विकास कार्य : आर्यमा**

जनसंदेश न्यूज



कमिश्नर कौशल राज शर्मा ने बुधवार को जी-20 सम्मेलन की तैयारी बैठक में अफसरों को आवश्यक निर्देश दिये

**वाराणसी।** मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने जनपद के सभी विभागों के अफसरों को निर्देश दिया है कि आगामी दिनों प्रस्तावित जी-20 सम्मेलन को ऐतिहासिक आयोजन के तौर पर स्थापित करने के लिए कोई कसर न छोड़ें। संपूर्ण विश्व में काशी की एक अलौकिक और अनुपम छवि प्रस्तुत करने के लिए हरएक महकमा पूरी निष्ठा के साथ सुनियोजित कार्यप्रणाली के तहत कार्य करें। कमिश्नरी अनुश्रवण कक्ष में बुधवार को सम्मेलन की तैयारी संबंधी समीक्षा बैठक में कमिश्नर ने यह कहा।

मीटिंग में उन्होंने विभिन्न बिंदुओं पर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। इस मौके पर बाबतपुर हवाईअड्डा निदेशक अर्यमा सान्याल ने बताया कि एयरपोर्ट पर वाहन पार्किंग एवं दिव्यांगजनों के लिए प्रसाधन निर्माण, भूतल व प्रथम तल पर सीलिंग मेंटेनेंस, जी-20 सम्मेलन के लिए डेडिकेटेड पार्किंग स्पेस, थिमैटिक वॉल म्यूरल का कार्य आगामी मार्च माह के अंत तक पूर्ण कर लिया जाएगा। श्री शर्मा ने हवाईअड्डे पर लगेज प्रबंधन के लिए प्रभावी प्रणाली समेत अतिरिक्त वेटिंग हॉल्ट विकसित कराने को कहा।

उन्होंने एयरपोर्ट परिसर में अनावश्यक लोगों के आवागमन को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी प्रणाली लागू करने, यात्री संग दो से अधिक लोगों के आने पर टिकट लगाने, एक्सेस चेकपोस्ट से पहले वेटिंग हॉल्ट बनवाने के निर्देश दिये। कमिश्नर ने हवाईअड्डे परिसर एवं उसकी परिधि में अवैध रूप से पार्क वाहनों के खिलाफ एक्शन लेने, सुव्यवस्थित प्री-पेड टैक्सी प्रणाली विकसित और क्रमबद्ध ढंग से टैक्सी चालक यात्रियों को बोर्डिंग कराने पर बल दिया। उन्होंने एयरपोर्ट प्रांगण में लायजन अफसरों के लिए भी वेटिंग स्पेस विकसित करने, हवाईअड्डे परिसर परिधि के निकट वाहन पार्किंग विकसित करने को कहा।

उन्होंने एयरपोर्ट परिसर के सीसीटीवी कैमरों की पर्याप्त संख्या देख लेने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रस्तावित मार्गों पर पड़ने वाले ओवरब्रिज का मेंटेनेंस प्राथमिकता पर करने के निर्देश दिये। मंडलायुक्त ने लोनिवि को ट्रैफिक विभाग संग तालमेल कर गोदौलिया-अस्सी घाट मार्ग पर चौड़ीकरण और नदेसर स्थित एक तारांकित होटल के निकट पार्किंग विकसित करने की संभावनाएं तलाशने पर जोर दिया। उन्होंने नमो घाट-पड़ाव-विशेश्वरगंज-मैदागिन मार्ग को वीआईपी मार्ग के तौर पर विकसित करने, विश्वेश्वरगंज तिराहे का सुंदरीकरण कराने के निर्देश दिये।

### कमिश्नर ने यह निर्देश भी दिये

चौकाघाट अंडरपास का सुंदरीकरण हो। बिजली के पोल शिफ्ट कराएं। सभी प्रस्तावित मार्गों की सर्फेसिंग व नगर निगम के दायरे में आने वाली सड़कों की मरम्मत प्राथमिकता पर कराएं। नाली व जलनिकासी व्यवस्था सुदृढ़ हो। प्रस्तावित मार्गों पर स्थित तालाब, पार्क तथा ओवरहेड वॉटर टैंक का सुंदरीकरण कराएं। घाटों पर सीवर ओवरफ्लो समस्या तत्काल दूर करें। चौराहों पर ट्रैफिक लाइट व सिग्नल की संख्या बढ़ाएं। बाबातपुर एयरपोर्ट से शिवपुर तिराहा मार्ग सहित पड़ाव-नमो घाट मार्ग पर एलईडी यूनिपोल लगाएं। सभी प्रस्तावित मार्गों पर योजनाबद्ध ढंग से थीम आधारित चित्रकारी कराएं। सभी पुरातत्व स्थलों पर व्यवस्था सुदृढ़ करें। प्रस्तावित मार्गों पर ट्रैफिक एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने की विस्तृत कार्ययोजना बनाएं।

### शहर को सुंदर व भव्य बनाने में जनता करे सहयोग : डीएम



**वाराणसी।** जनपद में आगामी दिनों प्रस्तावित जी-20 सम्मेलन को शानदार ढंग से संपन्न कराने के लिए बुधवार को जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने नगर के प्रबुद्धजनों की बैठक बुलायी। उन्होंने सभी नागरिकों को सम्मेलन को शपल बनाने में प्रत्येक स्तर पर सहयोग करने की अपील की। कमिश्नरी सभागार में यह मीटिंग थी। इस अवसर पर उन्होंने आह्वान किया कि 'अतिथि देवो भवः' हमारी परंपरा है। बाहर से जो लोग आते हैं वह हमारे अतिथि हैं। वह यहां से वापस लौटते समय अच्छा अनुभव लेकर जाएं। सो, काशी को हम जितना अच्छा दिखा सकें, उतना बेहतर है। इसमें बनारसवासियों की सहभागिता जरूरी है। इस अभियान को जनआंदोलन के रूप में लेकर सब लोग सहभागिता करें। प्रबुद्धजनों संग विभिन्न संस्था-संगठन शहर के सुंदरीकरण कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। शहर के मुख्य मार्ग और प्रमुख लैंड मार्क को सुंदर बनाने में सहयोग दें। उनकी थीम बेस्ड कलर कोडिंग के साथ पेंटिंग होगी। ताकि बाहर से शहर में आने वालों को भव्यता दिखे। बैठक में वीसी वीडीए अभिषेक गोयल, नगर आयुक्त प्रणय सिंह, सीडीओ हिमांशु नागपाल, डीडी पर्यटन प्रीति श्रीवास्तव आदि की उपस्थिति रही।

# टेंट सिटी में गूंजेगा बनारस घराने का संगीत

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन उद्योग में नया अध्याय दर्ज होने जा रह है। तंबुओं के शहर का लोकार्पण होने से गंगा उस पार काशी का प्रतिबिंब दिखेगा। टेंट की आकृति काशी के मंदिरों के शिखर की तरह दिखेगी। यहां बनारस घराने के गीत संगीत की गंगा बहेगी। वहीं बनारसी खान पान भी परोसा जाएगा। बनारस के उत्पाद खास हैंडीक्राफ्ट भी टेंट सिटी में देखने को मिलेगा। काशी को महसूस करने के लिए टेंट सिटी में पांच एलिमेंट का खास ध्यान रखा गया है।

तंबुओं का शहर धर्म, अध्यात्म और संस्कृति के संगम के रूप में दिखेगा। सूर्य उदय के साथ घंटो घड़ियालों की आवाज के साथ ही गंगा आरती होगी और सुबह की शुरूआत लाइव राग के साथ होगी। साथ ही सभी प्रकार के गीत संगीत का कार्यक्रम होगा। बनारस घराने के लगभग सभी वाद्य यंत्रों की मधुर धुन पर्यटन सुन सकेंगे। जिसमे खास तौर पर शहनाई, सारंगी, सितार, संतूर, तबला और जुगलबंदी भी यहां सुनने को मिलेगी। लल्लू जी एंड संस की ओर से बसाई जा रही इस निराली टेंट सिटी के आर्किटेक्ट नीरज उपाध्याय ने बताया कि तंबुओं के इस शहर को मंदिरों के शिखर का आकार दिया गया है। काशी के प्रतिबिंब को इसमें उतारने की कोशिश की गई है। टेंट सिटी का माहौल ऐसा रखा गया है जिसे आपकी पांचो इन्द्रियाँ महसूस कर सकेंगी। टेंट से निकलते ही सूर्य उदय, मां गंगा और अर्धचंद्राकार घाटों का नजारा और गंगा आरती के दर्शन होंगे, वहीं कानों को सकून देने वाल राग आधारित सभी प्रकार की संगीत का आयोजन होगा। कल कल बहती गंगा की ध्वनि भी मन-मस्तिष्क को सुकून पहुंचाएगी, घंट घड़ियालों की आवाज भी सुनने को मिलेगी। टेंट सिटी में चन्दन, गुलाब लैवेंडर की सुगंध फैलेगी। स्वाद के लिए मलइयो, ठंडई, चाट बनारसी पान और बनारस का खास पान-पान परोसा जाएगा। प्राकृतिक चीजों से बनी टेंट की फील व लग्जरी होटल की सभी सुविधा से युक्त है।

**दिव्य**

**सूर्योदय से सूर्यास्त तक संगीत के विविध कार्यक्रमों का होगा आयोजन**



### पर्यटन उद्योग को मिलेगा नया आयाम

तंबुओं के शहर में इनडोर और आउटडोर जैसे स्नूकर, कैरम, बैडमिंटन वॉलीबॉल आदि की भी सुविधा होगी। यहां योग, स्पा, कैमल और हॉर्स राइडिंग भी किया जा सकेगा। उत्तर प्रदेश के जीआई और ओडीओपी उत्पादों समेत अन्य हेंडीक्राफ्ट उत्पादों को भी एक नया बाजार मिलेगा। टेंट सिटी उत्तर प्रदेश के पर्यटन उद्योग को नया आयाम देगा। जिससे स्थानीय लोगों को बड़े तादात में रोजगार मिलेगा।

### जू. नेशनल कैरम चैंपियनशिप के लिये टीम घोषित

**वाराणसी।** एक से 4 फरवरी के बीच शिवाजी पार्क स्थित भारत स्काउट के सभागार दादर मुंबई में आयोजित 47 वें जूनियर नेशनल कैरम चैंपियनशिप के लिये उत्तर प्रदेश की बालक और बालिका वर्ग की टीम घोषित कर दी गई। उत्तर प्रदेश कैरम एसोसिएशन के अध्यक्ष और सचिव सहित चार सदस्यीय चयन समिति ने पिछले प्रदर्शन के आधार पर टीम की घोषणा की है, जिसके अनुसार बालक टीम में बालक वर्ग में कृष्ण दयाल यादव (वाराणसी), आदिल अंसारी (कानपुर), गौतम (कानपुर), मोहम्मद शाहरूख (प्रयागराज), शुभम (बरेली) और तेजस्वी मिश्रा (वाराणसी) को स्थान मिला। जबकि बालिका टीम में रिषिता केशरी, अंचल यादव, सौम्या यादव, अंशिका सिंह, संजीवनी मिश्रा, आर्या यादव (सभी वाराणसी) को जगह दी गई। इनके अलावा 21 वर्ष की आयु के भी खिलाड़ियों का चयन हुआ। उत्तर प्रदेश कैरम एसोसिएशन के अध्यक्ष बैजनाथ ने बताया कि दोनों टीमें 29 जनवरी को सांय मुंबई के लिये प्रस्थान करेगी।

# सौरभ ने समस्याओं का किया निस्तारण



लोगों की समस्याएं सुनते सौरभ श्रीवास्तव

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्त ने बुधवार को प्रधानमंत्री के संसदीय कार्यालय में जनसुनवाई कर कई समस्याओं का निस्तारण किया।

बुधवार को कार्यालय पहुंचे विधायक सौरभ ने कई मुद्दे पर अधिकारियों से वार्ता की, इसमें कई मामलों को मौके पर ही सुलझा दिया जबकि कई मामलों में अधिकारियों को जल्द निस्तारण का आदेश दिया।

पूर्वाह्न 11 बजे पहुंचे तीन बजे तक जनसुनवाई के दौरान ज्यादातर मामले पानी, सीवर, बिजली, सड़क, भूमि विवाद, चिकित्सा से संबंधित रहे।

जनसुनवाई में विधायक सौरभ श्रीवास्तव के साथ सहयोग के लिए कुशाग्र श्रीवास्तव व अन्य उपस्थित रहें।

# वंदे भारत साढ़े सात घंटे लेट

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** कोहरे की रफ्तार के आगे विमान व हाई सेमी स्पीड ट्रेन वंदे भारत की भी स्पीड पीछे छूट जा रही है। भारत की सेमी हाई स्पीड वंदे भारत अपने निर्धारित समय से साढ़े छह घंटे देरी से कैंट वाराणसी जंक्शन पर पहुंची, इसकेसाथ ही अन्य ट्रेनें भी अपने निर्धारित समय से देरी से कैंट स्टेशन पहुंची, जिसमें पवन एक्सप्रेस छह घंटे, स्वतंत्रता सेनानी साढ़े11 घंटे, गोदिया वरौनी साढ़े 12 घंटे, फरक्का एक्सप्रेस साढ़े छह घंटे, हिमगिरि एक्सप्रेस साढ़े छह घंटे, कोटा पटना एक्सप्रेस छह घंटे, काशी एक्सप्रेस साढ़े चार घंटे, पूर्वा एक्सप्रेस चार घंटे, पंजाब मेल पांच घंटे, साबरमती एक्सप्रेस साढ़े पांच घंटे, चौरीचौरा एक्सप्रेस पांच घंटे, दून एक्सप्रेस साढ़े तीन घंटे, बेगम पुरा साढ़े पांच घंटे, ताप्ती गंगा तीन घंटे, जनसाधारण एक्सप्रेस ढाई घंटे, कोलकाता एक्सप्रेस ढाई घंटे देरी से पहुंची।



### ये विमान रहे निरस्त

इंडिगो 6ई 9772 वाराणसी भुवनेश्वर, इंडिगो 6ई 2414 दिल्ली वाराणसी, इंडिगो 6ई 3251 बेगलुरु वाराणसी, इंडिगो 6ई 5208 मुंबई वाराणसी, इंडिगो 6ई 783 हैदराबाद वाराणसी, स्पाइस जेट एसजी 202 मुम्बई वाराणसी निरस्त रहे।

### कोहरे का असर विमानों पर

**बाबतपुर।** हवाई अड्डे पर बुधवार को भी विमानों का परिचालन प्रभावित रहा। एयर इंडिया एआई 406 का विमान दिल्ली से वाराणसी अपने निर्धारित समय सुबह 11:45 बजे के स्थान पर तीन घंटे की देरी से अपराह्न 2.43 बजे विलम्ब से पंहुचा। गो फर्स्ट जी8 184 दिल्ली से वाराणसी निर्धारित समय दोपहर 12:00 बजे के बजाय दो घंटे की देरी से अपराह्न 2:00 बजे पहुंचा। यही विमान वाराणसी से बेंगलुरु के लिए उड़ान भरता है जो अपने निर्धारित समय से ढाई घंटे बाद बेंगलुरु के लिए उड़ान भरा। इंडिगो 6ई 3106 दिल्ली से दोपहर 12:15 बजे अपने निर्धारित समय के डेढ़ घंटे देरी के बाद दोपहर 1:50 बजे वाराणसी पहुंचा। एयर इंडिया एआई 695 मुंबई से वाराणसी दोपहर 12:40 बजे निर्धारित समय से तीन घंटे देरी के से अपराह्न 3:00 बजे से पहुंचा। इंडिगो 6ई 915 हैदराबाद से वाराणसी अपने निर्धारित समय सुबह 11:25 बजे के बजाय तीन घंटे की देरी से अपराह्न 2:35 बजे पंहुचा। इंडिगो 6ई 822 कोलकाता से वाराणसी डेढ़ घंटे की देरी से अपराह्न 3:00 हवाई अड्डे पर पहुचा।

# पुण्यतिथि पर शास्त्री जी का पुण्य स्मरण

**किया याद**

**शास्त्री जी का छात्र होना परिवार के लिए गौरव की बात : प्रो. त्यागी**



**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में बुधवार को भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धा के सुमन अर्पित किए। कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी ने कहा की शास्त्री जी का व्यक्तित्व इतना महान था कि वह अपने आप में एक संस्था थे और काशी विद्यापीठ का छात्र होने के नाते पूरे विद्यापीठ परिवार के लिए इससे बड़ी गौरव की दूसरी कोई बात नहीं हो सकती, अगर विद्यापीठ के सभी छात्र, कर्मचारी और अध्यापक शास्त्री के जीवन को आदर्श मानकर कार्य करें तो इससे बड़ी श्रद्धांजलि कुछ और नहीं हो सकती। प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने 6 फरवरी 1965 को काशी विद्यापीठ के दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि काशी विद्यापीठ के प्रति आकर्षण उनके लिए स्वाभाविक है। इसी विद्यापीठ में वह भी एक विद्यार्थी रहे हैं। उन्होंने अपने संबोधन में विद्यापीठ के पुराने दिनों की याद की। यहां की शिक्षा व्यवस्था का जिक्र किया। कहा कि उस समय हिंदी में पाठ्य-पुस्तकों का अभाव था। ऐसे अध्यापकों की कमी थी, जो हिंदी भाषा में इतिहास, अर्थशास्त्र, राजनीति शास्त्र और दर्शनशास्त्र आदि विषयों पर कक्षाओं में पढ़ा सकें। देश की व्यवस्था के सामने विद्यापीठ ने यह उदाहरण रखा कि ऊंची शिक्षा के लिए विदेशी भाषा की जरूरत नहीं है। पुण्यतिथि के अवसर पर विद्यापीठ के अधिकारियों अध्यापकों कर्मचारियों तथा छात्र द्वारा लाल बहादुर शास्त्री जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस मौके पर कुलसचिव हरीश चंद, छात्र कल्याण संकाय अध्यक्ष प्रो. केके सिंह, प्रो. संजय, संपत्ति अधिकारी डॉ. सूर्यनाथ सिंह, पीआरओ डॉ. नवरत्न सिंह, डायरेक्टर एनटीपीसी परिसर डॉ. चंद्रशेखर सिंह,डॉ. बिजेंद्र प्रताप, प्रो. निमिषा गुप्ता, अरिंदम श्रीवास्तव, प्रो. राजेश कुमार मिश्र और प्रो. अनिल कुमार चौधरी आदि लोग उपस्थित थे।

### इस प्रकार शास्त्री कहे गए लाल बहादुर

स्वतंत्रता आंदोलन का प्रमुख गढ़ रहे काशी विद्यापीठ के यशस्वी छात्रों में लाल बहादुर शास्त्री का नाम भी शामिल है। उन्होंने यहीं से 1925 में स्नातक की डिग्री हासिल की। इस डिग्री को उस समय 'शास्त्री ' कहा जाता था। उन्होंने विद्यापीठ से ही अपने नाम के आगे 'शास्त्री' लगाना शुरू किया। पहले उनका नाम लाल बहादुर श्रीवास्तव था। दर्शन उनका पसंदीदा विषय था। प्रख्यात दार्शनिक और भारतरत्न भगवानदास उनके गुरु थें।

### इन स्थानों पर भी किया गया याद

श्री लाल बहादुर अनुशीलन एवं स्मारक समिति द्वारा बुधवार को मैदागिन स्थित हरिश्चंद्र इंटर कॉलेज में लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि दी गई। इसी क्रम में रामनगर में भाजपा सहित अन्य दलों के लोगों ने उन्हें शिद्दत से याद किया। भाजपा नगर अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ता शास्त्री चौक और शास्त्री स्मृति संग्रहालय पहुँचे। यहाँ उन्होंने शास्त्री प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय के साथ वरिष्ठ भाजपा नेता व कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे।

### व्यापार प्रकोष्ठ ने शास्त्री जी की पुण्यतिथि मनाई



**वाराणसी।** महानगर कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ के तत्वावधान में बुधवार को राष्ट्र के द्वितीय पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लालबहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि के अवसर पर मैदागिन स्थित शास्त्री प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदेश कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ के चेयरमैन दुर्गाप्रसाद गुप्त ने उपस्थित कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने डेढ़ वर्ष के कार्यकाल में जहां पाकिस्तान युद्ध में देश का लोहा मनवाया वहीं "जय जवान जय किसान" का सार्थक नारा दिया जो हरित क्रांति का सूत्रधार बना। इस अवसर पर बिपिन पाल, मनोज वर्मा'मनु', दिव्य कुमार गुप्त, कीर्तिप्रकाश पांडेय, मंगलेश सिंह, आनंद पाल, डॉ. अमीन अहमद, उत्कर्ष गुप्ता आदि मौजूद रहे। उधर अखिल भारतीय कायस्थ विचार मंच की ओर से बड़ागणेश स्थित आदमकद प्रतिमा पर शास्त्री जी का श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर उदय कुमार श्रीवास्तव, तिलक राज कपूर, गीता श्रीवास्तव, विकास श्रीवास्तव, विशाल, सुनील, सतीश, मीरा और उषा आदि मौजूद रहे।

# सीएट कालेज को पुरुष वर्ग का खिताब



**वाराणसी।** सीएट कालेज गहनी ने महादेव पीजी कालेज बरियासनपुर को हरा कर जीवनदीप महाविद्यालय बड़ालालपुर में खेले जा रहे चार दिवसीय अंतर महाविद्यालय हैण्डबाल (महिला/ पुरुष) प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग का खिताब जीत लिया। बुधवार को खेले गये पुरुष वर्ग के फाइनल में सीएट कालेज ने महादेव पीजी कालेज को 20-17 से परास्त किया। सीएट कालेज की ओर से सर्वाधिक 05 गोल सूर्यजीत शर्मा ने किया। वहीं महादेव पीजी कालेज की ओर से पवन कुमार यादव व आशीष ने 06-06 गोल किया। फिर भी वह अपनी टीम की हार नहीं बचा सके। सीएट के विजेता होने पर प्रबंधक बबलू सिंह ने खिलाड़ियों को बधाई दी। मुख्य अतिथि जीवनदीप शिक्षण समूह के चेयरमैन डा. अशोक कुमार सिंह ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर पूर्व अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य व परिवार कल्याण डा. अंशु सिंह, शैलेन्द्र त्रिवेदी, डा. अमित सिंह, डा. सिद्धार्थ सिंह समेत काफी लोग मौजूद थे।

# देखा किला और गंगा आरती, खाया बाटी चोखा

**रोमांचित हुए सैलानी**

**बनारस में रहने तक बनारसी व्यंजनों को ही सैलानियों में परोसा जायेगा**

**वाराणसी।** 13 जनवरी को काशी से डिब्रूगढ के लिए रवाना होने के लिए आये स्विस सैलानियों के दल ने बुधवार को काशी में भ्रमण किया, सभी ने रामनगर किला का अवलोकन किया इसके साथ ही मंशा देवी मंदिर भी गये, इसके साथ ही बाटी चोखा का भी लुत्फ उठाया, चोखा खासतौर पर रामनगर के बैगन का बनवाया गया था। क्रूज के निदेशक राज सिंह ने बताया कि सैलानियों को स्थान के हिसाब से ही वहां के व्यंजनों को परोसा जायेगा। रामनगर किला से निकलकर सैलानी घूमते हुए मंशा देवी मंदिर पहुंचे। रास्ते में खड़े सब्जी के ठेलों से टमाटर, गाजर, मूली आदि की खरीदारी की। वहीं, कुछ पर्यटकों ने मंदिर के पास स्थित एक दुकान पर कचौड़ी-सब्जी खाई।

### गंगा आरती देखकर हुए अभिभूत

रविदास घाट से बुधवार शाम गंगा विलास के सभी यात्री बजड़े से दशाश्वमेध घाट पहुंचे। इन्होंने बजड़े से ही गंगा आरती देखी और घाटों को निहारा। आरती देखकर फ्राफेल, बीट्रिक्स, सिल्विया, स्टीफन हॉस्ट, रिचर्ड, रेमंड, वैली, मैयर, वाल्सर, सिमोना, उर्सला समेत अन्य पर्यटक अभिभूत हो गए। आरती के बाद सभी गंगा विलास में वापस लौट गए। इनका रात्रि विश्राम क्रूज में ही होगा।

### आईडब्ल्यूएआई के अध्यक्ष ने देखीं तैयारियां

भारतीय अंतरदेशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) के चेयरमैन संजय वंदोपध्याय ने बुधवार शाम रविदास घाट पर गंगा विलास क्रूज के उद्घाटन को लेकर चल रही तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने बन रहे पंडाल, लाइटिंग समेत घाट के आसपास क्षेत्रों को देखा। चेयरमैन ने निर्देश दिए कि ऐसी तैयारी करें कि कार्यक्रम में चार चांद लग जाए। इसके बाद वे गंगा विलास में पहुंचे। यहां संचालन करने वाली कम्पनी के डायरेक्टर राज सिंह और स्विस यात्रियों से बात करके मिल रही सुविधाओं का हाल जाना। इस दौरान जहाजरानी मंत्रालय व जलमार्ग प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।











# छात्रसंघ को लेकर प्रशासन और छात्र हुए आमने सामने




जनसंदेश न्यूज

**तकरार**

**पंथ प्रशासनिक भवन के मुख्य गेट पर छात्रों ने जड़ा ताला जल्द चुनाव कराने की मांग**

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में छात्रसंघ चुनाव जल्द कराने की मांग को लेकर बुधवार को एक बार फिर छात्रों ने पंथ प्रशासनिक भवन के मुख्य गेट पर तालाबंदी कर दी। इस दौरान छात्र वहीं बैठकर नारेबाजी करने लगे। इस बीच विश्वविद्यालय परिसर में भारी पुलिस बल की तैनाती रही।

काशी विद्यापीठ में छात्रसंघ चुनाव काराने की मांग एक बार फिर तेज हो गई है। तारीखों की घोषणा करने के लिए छात्रों का गुट और प्रशासन आमने सामने दिखाई दे रहा है। एक ओर छात्र चुनाव कराने की मांग को लेकर प्रशासन पर दबाव बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते तो दूसरी ओर विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से स्थानीय प्रशासन द्वारा हरी झंडी मिलने की बात कही जा रही है। ऐसे में आने वाले दिनों में पठन पाठन पर भी असर पड़ता दिखाई दे रहा है। जबकि जनवरी और फरवरी माह में होने वाले सेमेस्टर परीक्षाओं पर भी इसका असर पड़ने के आसार भी नजर आ रहे हैं। उधर दीक्षांत बिताने के बाद प्रशासन परीक्षाओं की तैयारी में जुट गया है। छात्रों की मांग है कि साल बित जाने के बाद भी छात्रसंघ चुनाव में देरी कर विश्वविद्यालय अपनी मंशा साफ नहीं कर रहा है। जबकि पहले चुनाव के तिथियों की घोषणा की जा चुकी थी, बाद में उसे स्थगित कर दिया गया। छात्रों ने कहा कि हमारी मांगे पूरी नहीं हुई तो आंदोलन जारी रहेगा।

आने वाले दिनों में और भी व्यापक रूप से प्रदर्शन कर आंदोलन को धार दिया जाएगा। मामले में कुलानुशासक प्रो. अमिता सिंह ने बताया है कि छात्रों की मांग पर पूरी तरह ध्यान दिया जा रहा है। स्थानीय प्रशासन द्वारा हरी झंडी मिलते ही चुनाव अधिकारी के माध्यम से जल्द छात्रसंघ की घोषणा की जाएगी।

# जिपं से पशुपालन विभाग को मिला कैटल कैचर

**वाराणसी।** जनपद में गोवंश के संरक्षण को गति देने और छुट्टा पशुओं से किसानों को राहत दिलाने के लिए प्रत्येक विकास खंड में एक पशुबंदी वाहन यानि कैटल कैचर की व्यवस्था की जा रही है। उसी क्रम में बुधवार को जिला पंचायत की ओर से एक वाहन पशुपालन विभाग को उपलब्ध कराया गया। सर्किट हाउस परिसर में जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, जिलाधिकारी एस. राजलिंगम और मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने हरी झंडी दिखाकर उस कैटल कैचर को रवाना किया। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश चंद्र शुक्ल और जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी अनिल कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में डीएम ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि निराश्रित गोवंशों के संरक्षण में तत्परता दिखाते हुए रूट चार्ट के अनुसार कैटल कैचर संचालन कराया जाय। साथ ही संबंधित कार्य की प्रगति की जानकारी प्रतिदिन उपलब्ध कराएं। इसी प्रकार अन्य तहसीलों के वाहन की भी व्यवस्था कराएं।



जिला पंचायत विभाग की ओर से उपलब्ध कराये गये कैटल कैचर को बुधवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया

## संक्षेप

### सीएचसी के मरीजों को देंगे प्रेरणा कैंटीन का भोजन



**वाराणसी।** काशी विद्यापीठ विकास खंड के मिसिरपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को आकाश स्वयं सहायता समूह ने प्रेरणा कैंटीन की शुरुआत की। विधायक सुनील पटेल ने इसका उद्घाटन किया। इस कैंटीन के माध्यम से अस्पताल के मरीजों को भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। अवसर पर खंड विकास अधिकारी डॉ. रक्षिता सिंह, सहायक विकास अधिकारी आईएसबी ओमकार, एनआरएलएम के ब्लॉक मिशन प्रबंधक प्रवीण सिंह, प्रियंका कुशवाहा, उत्कर्ष राव, सचिव प्रियंका आदि के प्रमुख उपस्थित रहे।

### इग्नू में प्रवेश को चलाया जागरूकता अभियान

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के इग्नू अध्ययन केंद्र के द्वारा इंग्लिशिया लाइन चौराहे पर प्रवेश जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें लोगों को कोर्स के बारे में जानकारियां दी गई और कार्यवाहक समन्वयक व सहायक समन्वयक डॉ. वरुण कुमार ने बताया है कि इग्नू अध्ययन केंद्र द्वारा आयोजित स्नातकोत्तर एवं प्रमाण पत्र पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन दआवेदन करने की तारीख 31 जनवरी 2023 तक है, ऑनलाइन माध्यम से आवेदन इग्नू के वेबसाइट से होगा। पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन आवेदन के लिए विद्यार्थियों को क्षेत्रीय केंद्र कोड 48 (वाराणसी) व इग्नू अध्ययन केंद्र 48046 का चुनाव करना होगा।

### कैरियर एवं सेवायोजन कार्यशाला का शुभारंभ



**चांदमारी।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पलहीपट्टी में बुधवार को तीन दिवसीय कैरियर एवं सेवायोजन कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, चुनार, मिजार्पुर के प्राचार्य प्रो. अशर्फी लाल ने दीप जलाकर किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए भविष्य में कैरियर चयन एवं उसके निर्माण के संदर्भ में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। द्वितीय सत्र में चंद्र एम. पांडे ने अपनी टीम के साथ "हम होंगे कामयाब" थीम पर अपना सारगर्भित व्याख्यान दिया, बताया कि आज के प्रतिस्पर्धी एवं आभासी दौर में कैरियर चयन में डिजिटल तकनीक का इस्तेमाल किस प्रकार किया जाए। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अनंत व्रत पांडेय ने किया। संचालन डॉ. बृजेश कुमार मौर्य एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सवेर्शानंद ने किया। कार्यक्रम में डॉ. सुमन मोहन, डॉ. सुधीर कुमार, डॉ. सुमन सहित समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### भवनों पर लगी 31 होर्डिंग्स हटवाई



**वाराणसी।** विकास प्राधिकरण (वीडीए) द्वारा भवनों पर अवैध रूप से लगायी गयी होर्डिंग को हटवाने एवं संरचना को तोड़वाने का अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत बुधवार को पुलिस लाइन तिराहा, चौकाघाट से नमोघाट के मध्य एवं नगवां में चितईपुर से अखरी बाइपास तक होर्डिंग और संरचना हटवाने का अभियान चलाया गया। उक्त कार्यवाही के दौरान भवनों पर अनाधिकृत रूप से लगायी गयी 31 होर्डिंग एवं संरचना को हटवाया गया।

### संस्कृत के छात्रों को टेबलेट वितरित

**वाराणसी।** अस्सी स्थित संस्कृत महाविद्यालय में आचार्य द्वितीय वर्ष के छात्र छात्राओं में टेबलेट का वितरण बुधवार को किया गया किया। राज्य सरकार की ओर से प्रदेश के स्कूलों महाविद्यालयों में दिए जा रहे टेबलेट वितरण के अंतर्गत संस्कृत महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं का टेबलेट वितरण किया गया। मुख्य अतिथि बीएचयू धर्म विज्ञान संकाय के प्रो डॉ सुरेश्वर द्विवेदी, विशिष्ट अतिथि रविंद्र सिंह, सतीश कुमार मिश्र, डॉ सुभाषचंद्र शुक्ल, रामाशंकर तिवारी ने 13 छात्र छात्राओं को टेबलेट वितरित किया। उन्होंने छात्र छात्राओं को टेबलेट पर संस्कृत के श्लोक लिखकर उसे पूरे विश्व में प्रचारित करने की अपील की। स्वागत प्राचार्य राम प्रकाश त्रिपाठी व संचालन रामयश मिश्र धन्यवाद हनुमान प्रसाद ने दिया।

### जनाबे फातिमा की जयंती 13 को

**वाराणसी।** खातून जन्नत हजरत मोहम्मद (सं.) की बेटी हसन हुसैन की मां बीबी फातिमा की जयंती हर साल की तरह इस साल भी पूरे जोशोखरोश व पूरी अकीदत के साथ 13 जनवरी को मनायी जायेगी। जुम्मा अपने आप में ईद का दिन माना जाता है। मुस्लिम समुदाय में जुम्मे का एक अलग महत्व है और उसी दिन बीबी फातिमा की जयंती भी मनाई जाएगी। जयंती का जश्न 12 फरवरी यानी जन्मदिन की पूर्व संध्या से ही शुरू हो जाएगा। हाजी फरमान हैदर ने बताया की बीवी का जन्म मक्का में हुआ था। वह हजरत मोहम्मद की एकलौती बेटी व शहीदे कर्बला इमाम हुसैन इमाम हसन की मां थीं। उन्होंने सारी दुनिया की महिलाओं को जीवन यापन का मार्गदर्शन दिया। इसी सिलसिले से 13 जनवरी को कालीमहाल जेपी टावर और इमामबारगाह इमदाद और फुरकान काली महल में महफिल का आयोजन होगा।

### डॉ. सीजर मैटी की मनी 214वीं जयंती

**वाराणसी।** इंडियन इलेक्ट्रोहोम्योपैथिक मेडिकल काउंसिल की ओर से बुधवार को इलेक्ट्रोहोम्योपैथिक के जनक डॉ. सीजर मैटी की 214वीं जयंती मनायी गयी। चेतगंज स्थित कार्यालय पर आयोजित जयंती समारोह में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए, डॉ.एस के शर्मा की अध्यक्षता में सभी ने सीजर मैटी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। इस दौरान डॉ. गोपाल दास, डॉ. एस पी सिंह, डॉ. महेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ.कमलेश कुमार पटेल, डॉ. विशाल चौरसिया, मयंक वर्मा, अभिषेक वर्मा आदि थे।


### हाजी अब्दुल अजीज अंसारी सुपर्द-ए-खाक

**वाराणसी।** जनपद में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे स्व. हाजी अब्दुल अजीज अंसारी (78) को बीते मंगलवार देर रात पीलीकोठी इलाके के बटाऊ शहीद कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। इस मौके पर पार्टी के महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे, महानगर उपाध्यक्ष फसाहत हुसैन बाबू, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव हसन मेहंदी कब्बन, मुर्तजा अब्बास शम्सी, अफरोज अंसारी, मुमताज अंसारी, गुलशन अंसारी, रमजान अली, बेलाल अंसारी वगैरह मौजूद थे। दूसरी ओर, बुधवार को नदेसर क्षेत्र के इमलाक कॉलोनी में शोक सभा हुई। जिसमें डॉ. अशोक कुमार सिंह, राकेश शर्मा, श्रवण कुमार मिश्र, साजिद जफर, पंकज, उदय खांडेकर, राकेश शर्मा आदि रहे। श्री कब्बन ने बताया कि इलाज के लिए हाजी अब्दुल अजीज अंसारी को केरल ले जाया गया था। वहीं गत सात जनवरी को उनका इंतकाल हो गया।

### ठंड में गरीबों की सेवा सराहनीय

**वाराणसी।** काशी की प्रमुख सामाजिक संस्था समर्पण सेवा संस्थान की ओर से "नर सेवा नारायण सेवा" के तहत बुधवार को गरीबों को कंबल वितरित किया गया। बुधवार को निराला नगर स्थित भाजपा महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय के आवास पर उन्होंने 125 गरीबों को कंबल वितरण किया गया। कहा कि इस भीषण ठंडी में किया जा रहा यह कार्य बहुत ही सराहनीय है। महानगर महामंत्री नवीन कपूर ने कहा कि भीषण ठंडी के दौर में आगे भी वितरण कार्य जारी रहेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से महानगर अध्यक्ष भाजपा विद्यासागर राय, नवीन कपूर, सरिता वर्मा, किशोर सेठ, सिंधु सोनकर, रवि राय हिलमिल, पंकज पटेल, मन्नू राय, अशोक बिंद आदि शामिल थे।

### रामानंदाचार्य ने समरसता का दिया संदेश



**वाराणसी।** श्रीराम मन्दिर गुरुधाम में जगद्गुरु रामानन्दाचार्य की जयन्ती पर श्रीमद् भक्तमाल कथा में बुधवार को सायंकाल विद्वत सगोष्ठी हुई जिसमें काशी के कई विद्वानों ने भागीदारी की। विद्वत सम्मेलन डॉ रामकमल वेदांती महाराज के संयोजकत्व व संपूणानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. हरेराम त्रिपाठी के मुख्य आतिथ्य व पद्मविभूषण वशिष्ठ त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुई। सम्मेलन में जगद्गुरु रामानंदाचार्य के व्यक्तित्व व कृतित्व पर विशद् चर्चा करते हुए विद्वानों ने कहा कि सारे विश्व में सनातन धर्म को स्थापित करने का कार्य किया। उन्होंने जीव मात्र के कल्याण के लिए रामनाम की दीक्षा व सम्पूर्ण भारतवर्ष में रामानंदी सम्प्रदाय की स्थापना की। स्वामी रामकमल दास वेदांती ने कहा कि रामानन्दाचार्य के सिद्धान्तों व विचारों का संदेश ने सम्पूर्ण दुनिया को देकर समस्त मानव जाति को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया है। गुरु रविदास मंदिर सीरगोवर्धन के महंत भारत भूषण महाराज एवं कबीर कीर्ति मठ के महंत शिवमुनि साहिब ने कहा कि स्वामी रामानंदाचार्य ने सारे पंथ,सम्प्रदाय को एककर सम्पूर्ण भारत को जोड़ने के लिए समरसता का संदेश दिया।

## संक्षेप

### जैविक खेती के लिए किसानों को कर रहे हैं प्रेरित

**वाराणसी।** जनपद में बड़े पैमाने पर मिर्च की खेती की जा रही है। इशकी फसल में लगने वाले रोग के निराकरण के लिए किसान प्रायः रासायनिक दवा प्रयोग करते हैं। उन्हें रासायनिक के बजाय जैविक खेती के लिए प्रेरित करने के लिए कई प्रशिक्षण कार्यक्रम कृषि और उद्यान विभाग की ओर से संचालित होते हैं। इस कार्य में कल्लीपुर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र और शहंशाहपुर स्थित भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान का सहयोग रहता है। जिला उद्यान अधिकारी सुभाष कुमार ने बताया कि कृषकों को एफपीओ के जरिये भी ट्रेनिंग दी जा रही है। किसान मिर्च व अन्य शाकभाजी का निर्यात एपिडा के माध्यम से कर रहे हैं। वास्तव में खेती में से प्राप्त उपज में प्रयुक्त रासायनिक दवा के अंश और अवशेष के मानक अलग-अलग देशों में अलग-अलग हैं। कुछ देशों में यह मानक बेहद सख्त हैं। रासायनिक खेती से जैविक खेती करने की प्रक्रिया के पूर्ण क्रियान्वयन और मानक के अनुसार जैविक प्रमाण-पत्र प्राप्त होने में तीन साल लग जाते हैं। क्लस्टर एप्रोच और जैविक रूप से मिर्च की खेती के लिए किसानों को लगातार प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भविष्य में इसके सकारात्मक परिणाम प्राप्त होने लगेंगे।

### टीआरडी टीम का फाइनल में प्रवेश

**वाराणसी।** मंडल रेल प्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय के निर्देशन में पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल के क्रीड़ा स्थल में चल रही अंतर विभागीय टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में बुधवार को दूसरा सेमीफाइनल मैच कार्मिक और विद्युत टीआरडी के बीच में खेला गया। कार्मिक विभाग ने टॉस जीतकर विद्युत टीआरडी की टीम को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया टीआरडी की पूरी टीम 19.3 ओवर में 139 रन बनाकर आल आउट हो गई। टीआरडी की तरफ से राजकुमार ने 21 बॉल पर तीन चौकों और 1 छक्कों की मदद से 23 रन आनंद ने 20 बॉल पर 3 चौके और एक छक्के की मदद 27 और जितेंद्र ने 19 रन बनाए। कार्मिक विभाग की तरफ से अमन ने 4 ओवर में 17 रन देकर चार विकेट लिए। 140 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए कार्मिक विभाग की पूरी टीम 17.1 ओवर में 112 रन पर ऑल आउट हो गई इस प्रकार विद्युत टीआरडी ने 27 रनों से मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। कार्मिक विभाग की तरफ से रणधीर ने 15 बॉल पर छह चौके और एक छक्के की मदद से 30 रन और अनिल ने 27 रन बनाए। कार्मिक विभाग के तीन खिलाड़ी रन आउट हो गए। टीआरडी की तरफ से भानु ने 3.1 ओवर में 11 रन देकर तीन विकेट लिए सुरेंद्र को दो और राजकुमार को एक विकेट प्राप्त हुआ। 11 रन देकर 3 विकेट लेने वाले भानु को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार भूतपूर्व बास्केटबॉल खिलाड़ी अनिल सिन्हा के द्वारा दिया गया।

### श्रमिकों के लाभार्थ योजनाओं का पंजीयन जारी

**वाराणसी।** मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल के निदेर्शानुसार जनपद के समस्त विकास खण्डों के निर्माण श्रमिकों एवं मनरेगा श्रमिकों के पंजीयन हेतु तथा पूर्व से पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के नवीनीकरण, आयुष्मान कार्ड बनाये जाने हेतु तथा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना में पंजीयन हेतु कैम्पों का आयोजन तथा बोर्ड द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार, हितलाभ हेतु आवेदन कराये जाने के संबंध में श्रमिकों को दी जा रही जानकारी के कैम्पों का आयोजन कार्यालय अपर श्रमायुक्त, उ०प्र० के श्रम प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा जारी है। सहायक श्रमायुक्त अधिकारी देवब्रत यादव ने बताया कि उक्त कैम्पों में खण्ड विकास अधिकारियों, ग्राम पंचायत सचिवों एवं रोजगार सेवकों आदि का सहयोग प्राप्त करते हुये पात्र निर्माण श्रमिकों का शत-प्रतिशत पंजीयन किये जाने की कार्यवाही की जा रही हैं। बुधवार को विकास खण्ड में श्रमिकों को योजनाओं का हितलाभ प्राप्त करने के संबंध में योजनाओं का पम्पलेट उपलब्ध कराया गया तथा आवेदन कर योजनाओं का लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया गया।

### आओ गावो भयो प्रभात...

**वाराणसी।** असि घाट पर सुबह-ए-बनारस में बुधवार को सप्त आरती और यज्ञ पश्चात प्रभाती कार्यक्रम में युवा कलाकार अरुण कुमार पासवान का गायन हुआ। उनके साथ कृष्ण कुमार उपाध्याय (तबला) व हर्षित उपाध्याय (हारमोनियम) पर संगत की। गायन का आरंभ राग बैरागी भैरव में विलंवित एकताल में निबद्ध से हुआ। बंदिश से बोल थे पूरब दिस भये अजोर। तत्पश्चात मध्य एकताल में निबद्ध बंदिश सुनायी। बोल थे सामवेद सुर अधार। इसके बाद द्रुत एकताल में निबद्ध बंदिश सूनायी। बोल थे-आओ गावो भयो प्रभात। गायन का समापन राग भैरवी में निबद्ध दादरा से किया। बोल थे बोली बोले चिरइया बिरजवासी। कलाकार को प्रमाणपत्र सुबह ए बनारस के सदस्य कृष्णमोहन पांडेय ने दिया। संचालन डॉ प्रीतेश आचार्य ने किया।

# ऑक्सीजन प्लांट को सीएमएस ने जांचा

**वाराणसी।** पूर्वोत्तर रेलवे वारणसी मंडल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा.आर जे चौधुरी के निर्देशन में मंडल चिकित्सालय में कोरोना के नये वैरिएंट से निपटने की तैयारियों के अंतर्गत ऑक्सीजन प्लान्ट एवं ऑक्सीजन सप्लाई सेन्ट्रल कन्ट्रोल बैक-अप पैनलों की बुधवार को जांच की गयी।

अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं संज्ञाहरण विशेषज्ञ डा. नीरज कुमार के नेतृत्व में मंडल चिकित्सालय पर स्थापित ऑक्सीजन जेनरेशन प्लान्ट, ऑक्सीजन सिलेण्डरों के स्टोरेज, पाइप ऑक्सीजन, बाई पम्प वेंटिलेशन मशीन एवं कार्डियेक मानीटर की कार्यप्रणाली के बारे में पैरा मेडिकल स्टाफ एवं चिकित्सकों को जानकारी डी गयी। अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ नीरज कुमार ने बताया कि मंडल चिकित्सालय के सभी ऑक्सीजन कंसेंट्रेटर और वेंटिलेटर की भी जांच कर ली गई है। मंडल चिकित्सालय में स्थापित ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट प्रति मिनट 250 लीटर ऑक्सीजन का प्रोडक्शन करता है, जो ऑक्सीजन सिलेण्डरों के स्टोरेज के साथ-साथ 50 बेडों पर मरीजों को निर्बाध रूप से सप्लाई की जा सकती है। यदि किन्ही कारणों से ऑक्सीजन प्लान्ट बंद पड़ जाता है तो ऑक्सीजन की निर्बाध सप्लाई सेन्ट्रल कन्ट्रोल बैक-अप पैनलों के माध्यम से जारी रखी जा सकती है । उन्होंने बताया की मंडल चिकित्सालय के सभी उपकरणों एवं उनकी क्रियाशीलता परखी जा चुकी है, और मंडल चिकित्सालय किसी भी आपात मेडिकल परिस्थितियों से निपटने के लिए तैयार है। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आर आर सिंह, डॉ. नीरज, डा कल्पना दूबे, डॉ. ए.के सिंह तथा मंडल चिकित्सा अधिकारी डॉ. अब्दूल मामूद, डॉ. आशीष गुप्ता, डॉ. ममता, डॉ. मोनिका शुक्ला एवं डॉ. अमरनाथ समेत मंडल चिकित्सालय के सभी पैरा मेडिकल कर्मचारी उपस्थित थे।




### सिटी स्टेशन पर स्वच्छता प्रशिक्षण



**वाराणसी।** मंडल रेल प्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय के निर्देशन एवं वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर अलोक केशरवानी के नेतृत्व में बुधवार को नगर निगम की सहयोगी संस्था की ओर से सिटी रेलवे स्टेशन पर सफाई कर्मचारियों को कूड़ा प्रबंधन की प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कर्मचारियों को कचरे की उचित पहचान करने, उपयुक्त कूड़ेदान में डालने तथा विभिन्न प्रकार के कचरे के सही निस्तारण के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। ट्रेनिंग सेशन में सोर्स सैग्रीगेशन, और इसके महत्व तथा बैन सिंगल यूज प्लास्टिक के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जीआईजेड-टेरी की टीम से अनुपमा (सिटी मैनेजर), रय्यान (सिटी एसोसिएट), समशाद (सिटी एसोसिएट), सीनियर सेक्शन इंजीनियर एल्लल्ट पवन कुमार सिंह, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक वाराणसी सिटी डॉ. डी नारायण, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक अजय द्विवेदी व अन्य टीम मेंबर उपस्थित थे।

## चाइनीज मंझे का किया गया होलिका दहन

**वाराणसी।** जनता हिताय समिति महिला मंडल की ओर से बुधवार को लक्ष्मीकुंड में चाइनीज मंझे से पतंग उड़ाने का सामूहिक विरोध करते हुए चाइनीज मंझे का इस्तेमाल न करने की शपथ लेने के साथ ही मंझे का होलिका दहन किया गया। साथ ही बच्चों को चाइनीज मंझे से दूर रहने की नसीहत दी गई। बच्चों को इनके इस्तेमाल न करने की शपथ भी दिलायी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूनम सिंह ने कहा कि चाइनीज मंझे का बहिष्कार हम सभी को मिल कर करना होगा। अध्यक्षता करते हुए डा. पीके मुखर्जी व विशिष्ट अतिथि डा. सुभाष ने कहा कि चाइनीज मंझे का प्रयोग न करने के प्रति लोगों को जागरूक करना ही होगा। इस मौके पर दो सौ जरुरतमंद लोगों को गर्म वस्त्र वितरित किये गये। कार्यक्रम में पीके तिवारी, मधूसुदन त्रिपाठी, डा. एसएस गांगुली, गणेश पांडेय, सतीश मिश्र, स्वामी श्यामानंद गिरी, बिजेन्द्र यादव समेत काफी लोगों ने भागीदारी की। इस मौके पर काव्य पाठ भी हुआ जिसमें झरना मुखर्जी, सुषमा जौनपुरी, डॉ. नसीमा नीसा आदि ने काव्य पाठ किया।

# योग से सीख रहे स्वस्थ जीवन का हुनर

**जानकारी**

**योग वेलनेस सेंटर व आयुष हेल्थ वेलनेस सेंटर बने है मददगार**



**वाराणसी।** योग वेलनेस सेंटर व आयुष हेल्थ वेलनेस सेंटर अब लोगों के लिए वरदानसाबित हो रहें हैं यहां आने वाले ना सिर्फ निरोगी काया को अपना रहे हैं बल्कि स्वस्थ्य जीवन का हुनर भी सीख रहें हैं।

भेलूपुर स्थित योग वेलनेस सेंटर के योग प्रशिक्षक मनीष कुमार पाण्डेय बताते हैं कि इस सेंटर में योग के जरिये विभिन्न बीमारियों से ठीक होने वालों की लम्बी फेहरिस्त है। बताते हैं कि वर्ष 2019 में जब इस सेंटर की शुरूआत हुई थी, तब यहां महज दस-बारह लोग ही प्रतिदिन योग के जरिये उपचार कराने के लिए आते थे लेकिन अब यह संख्या बढ़कर 40 से 50 के बीच पहुंच गयी है। इनमें अधिकांश लोग शुगर, गठिया, ब्रोकाइटिस, स्पांडिलाइसिस, थायराइड जैसे रोगों से पीड़ित होते हैं। योग के जरिये हो रहा उपचार उनके लिए काफी लाभकारी हो रहा है। भेलुपुर के अलावा सीएचसी शिवपुर व पं.दीन दयाल उपाध्याय चिकित्सालय-पाण्डेयपुर में भी योग वेलनेस सेंटर संचालित है।



**यहां भी होता है योग से उपचार :** क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा. भावना द्विवेदी बताती हैं कि प्रदेश सरकार लोगों को सेहतमंद बनाने के लिए चिकित्सा के साथ ही योग के लिए भी जागरूक कर रही है। आयुष मिशन के तहत इसके लिए प्रदेश के सभी जिलों में योग वेलनेस सेंटर के अतिरिक्त ह्यआयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर भी खोले गये है। वाराणसी में रामनगर, आयर, पलहीपट्टी, सिंधोरा, मंगारी, भाद्रासी, कठिरावं, रामेश्वर में आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर संचलित हैं जहां योग के जरिये उपचार के साथ ही योग का प्रशिक्षण भी दिया जाता है। यह केंद्र सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक खुले रहते हैं। इसके अतिरिक्त योग प्रशिक्षक सप्ताह में दो दिन समुदाय में अलग से कैंप लगाकर लोगो को योग करना सिखाते हैं।

**इन रोगों के उपचार में लाभदायक है योग**

डिप्रेशन, शुगर, लीवर की बीमारी, गठिया, पीठ के निचले हिस्से में दर्द, माइग्रेन, अस्थमा, ह्र्दय से सम्बंधित रोग, अनिद्रा, मानसिक रोग।

# कागजों में जल रहा अलाव, कांप रहे लोग



मनोज



प्रदीप



दुर्गा



पन्ना

**पड़ताल**

**शहर के कई इलाकों में ठंड की मार से रुपये खर्च कर लोग जला रहे लकड़ियां, ताप रहे उपले**

**वाराणसी।** शहर में ठंड बढ़ने से लोग बेहाल होते जा रहे हैं, दूसरी ओर निगम की ओर से अलाव के किए जा रहे दावे जमीनी हकिकत से दूर नजर आ रहे हैं, कई स्थानों पर अब तक अलाव की व्यवस्था नहीं हो पाई है। इससे शाम और रात के समय राहगीरों यात्रियों को ठंड की मार झेलनी पड़ रही है। कुछ दिन पहले तक बदली की वजह से ठंड कम थी। लेकिन मौसम साफ होते ही कड़ाके की ठंड ने और भी विकराल रुप धारण कर लिया है। लोगों को सुबह शाम दोनों समय गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ रहा है। सुबह के समय धूप से कुछ राहत मिल जाती है। लेकिन शाम के समय ठंड का असर शुरू हो जाता है। जैसे-जैसे रात चढ़ती जाती है वैसे-वैसे तापमान गिरने लगता है और ठंड बढ़ता जाता है। राहगीर यात्री वर्ग ठंड की ज्यादा मार झेलते हैं। प्रतिवर्ष ठंड बढ़ते ही निगम द्वारा लोगों को राहत दिलाने के लिए शहरी क्षेत्र में समेत प्रमुख चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था की जाती है। लेकिन इस बार निगम की यह कवायद केवल कागजों तक ही सिमट कर रह गई है। कारण रात के समय लोगों को खुले में ठंड से बचने के लिए कोई साधन नहीं मिल रहा है। जबकि रात बढ़ते ही पारा गिरने से खुले में गर्म कपड़े भी असर नहीं कर रहे। इस वजह से रात के समय में सफर करने वाले राहगीर ठंड से परेशान हो रहे हैं। खासकर यात्रियों को ठंड से रात भर जूझना पड़ रहा है।



**इन स्थानों पर गिराई जा रही भीगी लकड़ियां**

निगम उद्यान विभाग की लापरवाही से लोग ठंड से ठिठुरने को मजबूर हैं। भदऊचुंगी पुलिस पिकेट, गोलगड्डा तिराहा, मैदागिन चौराहा, मच्छोदरी पुलिस पिकेट, राजघाट, काशी रेलवे स्टेशन मार्ग सहित आदमपुर जोन के अन्तर्गत नगर निगम के द्वारा कुछ सप्ताह के बीच गिराई गई लकड़ियां पूरी तरह से भीगी हुई है जो कि अब तक जस के तस हाल में पड़ी हैं। उनमें आग नहीं लग पाई है।

**पुराने निर्धारित स्थानों पर नहीं जल रहे अलाव**

शहर में कई स्थान ऐसे हैं जहां पूर्व में निर्धारित किए गए अलाव के स्थान पर अन्य जगहों पर अलाव की व्यवस्था की गई है। इसमें सबसे बड़ा कारण सीसी कैमरे की निगरानी है। जबकि कुछ ऐसे जरुरत वाले स्थान हैं जहां अलाव की व्यवस्था नहीं हुई हैं। यहां लोग ठंड से बेहाल हैं।

**रात के 8:00 बजे जगतगंज का हाल**

निगम द्वारा पहले के चिन्हित किए गए स्थानों पर अलाव नहीं जलाया जा रहा है। रात आठ बजे जगतगंज इलाके में संपूर्णानंद गेट के सामने पहले अलाव की व्यवस्था थी। लेकिन इस बार अलाव के लिए लकड़ियां नहीं गिराई जा रहीं।

**रात 8:31 बजे हुकुलगंज का हाल**

हुकुलगंज इलाके में इस बार अलाव के इंतजाम नहीं हैं। इलाके के लोगों का कहना है कि ठंड ने कई साल का रिकार्ड तोड़ दिया बावजूद इसके इधर अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। लोग खुद से अलाव के लिए लकड़ियां खरीद रहे हैं।

**रात 9:00 बजे आदमपुर इलाके का हाल**

रात के नौ बजे लोग ठंड से परेशान दिखे। इलाके के लोगों ने बताया कि सप्ताह में तीन दिन ही लकड़ियां गिराई जा रही हैं। बाकि दिन कागजों में ही अलाव जल रहा है। इसमें भी गिली लकड़ी की वजह से अलाव जलाने में काफी दिक्कत हो रही है।

**रात 9:15 बजे मछोदरी का हाल**

अलाव की व्यवस्था इलाके में पार्क के मुख्य द्वार के पास छोड़कर बाकि स्थानों से नदारत रही। जो लकड़ियां गिराई जा रही हैं वह भी पूरी तरह भीगी हैं। जो जलाते नहीं बन रहीं। इस दौरान कुछ लोगों का कहना था कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष अलाव की व्यवस्था नहीं की गई।

हर वर्ष अलावा जलने के कारण रात में उन्हें गुजरने के दौरान आग तापने की व्यवस्था मिलती थी। लेकिन इस वर्ष ऐसा नहीं है।

**दुर्गा मांझी, राजघाट**

अलाव के लिए गिराई जा रही लकड़ियां पूरी तरह भीगी हैं। जिन्हें जलाने में दिक्कतें हो रही हैं। धूप भी इतनी कड़ी नहीं हो रही है, जिससे लकड़ी सूख सके।

**पन्ना, मछोदरी**

हर बार की तरह इस बार अलाव की व्यवस्था नहीं है। कागजों पर ही अलाव जल रहे हैं। ठंड से इलाके में शाम को निकलना मुश्किलों भरा हो गया है। पहले निर्धारित जगह पर अलाव नहीं जल रहे।

**प्रदीप सिंह, जगतगंज**

इलाके के लोग खुद से खरीदकर लकड़ी जला रहे हैं। उपलों से आग तांपा जा रहा है। अलाव की कहीं व्यवस्था नहीं है। इलाके के किसी मार्ग पर अलाव की व्यवस्था नहीं कराई गई है।

**मनोज कन्नौजिया, हुकुलगंज**

# कुत्ते के विवाद में मारपीट कर महिला की हत्या

**दुस्साहस**

### आधा दर्जन घायल, पुलिस ने दो को किया गिरफ्तार

**मझौंवा (बलिया)।** कुत्ता द्वारा काटने के विवाद में मंगलवार की देर शाम मारपीट में एक महिला की मौत हो गई। आधे दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को 108 नंबर की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। घटना के बाद गांव घर में मातम पसर गया। परिजनों की सूचना पर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई। पुलिस त्वरित कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल के लिये भेज दिया। साथ ही इस मामले में एक पक्ष के 2 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार बैरिया थाना क्षेत्र के केहरपुर के पूरवा गंगौली नई बस्ती गांव में एक व्यक्ति के पालतू कुत्ते ने कई लोगों को काट कर घायल कर दिया था। मंगलवार को गांव में कहीं जा रही 55 वर्ष लाल मुनी पत्नी दीनदयाल बिंद को भी कुत्ते ने काटने के लिए दौड़ा लिया। इसकी सूचना महिला ने कुत्ते के मालिक के घर देने पहुंची। इसको लेकर कहासुनी होने लगी। विवाद बढ़ा तो एक युवक ने महिला पर ईंट से हमला कर दिया। सिर में गंभीर चोट लगने के चलते महिला घायल हो गई। जानकारी होने के बाद परिवार के लोग जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। सदर अस्पताल के इमरजेंसी में इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस घटना के बाद मृतका के परिजनों में कोहराम मच गया।




महिला की हत्या के बाद रोते-बिलखते परिजन।

**अन्य की गिरफ्तारी को पुलिस दे रही दबिश**

पुलिस ने इस मामले में आरोपित शिवसागर बिंद पुत्र रामेश्वर 60 वर्ष आजाद पुत्र शिवसागर 30 वर्ष को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। साथ ही अन्य की गिरफ्तारी के लिए भिन्न-भिन्न स्थानों पर पुलिस दबिश दे रही है। इस घटना के बाद दूसरे पक्ष के लोग घर छोड़कर फरार हो गए हैं। घटना के बाद गांव में मातम पसर गया है।

## ट्रांसफार्मरों में लगेगा कैपेसिटर, फाल्ट से मिलेगी मुक्ति

**बलिया।** रीवैंप योजना के तहत बिजली ट्रांसफॉर्मर पर कैपेसिटर लगाए जाएंगे। इससे उपभोक्ताओं को आए दिन होने वाले लोकल फॉल्ट से मुक्ति मिल जाएगी। कैपेसिटर शहर से लगायत देहात तक के ट्रांसफॉर्मरों पर लगाए जाएंगे। इस संबंध में बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता आरके सिंह ने बताया कि जिले में करीब 3.57 लाख उपभोक्ता है, जिनको करीब 22 हजार छोटे, बड़े सभी ट्रांसफॉर्मरों से बिजली की आपूर्ति की जाती है। इन ट्रासंफॉर्मरों पर कैपेसिटर (कंडेनशर संधारित) लगाए जाएंगे, जो एचटी और एलटी के करंट को नियंत्रित रखेंगे। इससे गर्मी के दिनों में ताकनीकी खराबी और ट्रिपिंग की



समस्या से काफी हद तक निजात मिल जाएगी। कारण यह कि गर्मी के दिनों में ओवरलोडिंग के चलते कई तरह की समस्याएं आती है। अधीक्षण अभियंता विद्युत निगम आरके जैन ने बताया कि कैपेसिटर लगने से लोकल फॉल्ट में कमी आएगी और ट्रांसफॉर्मर भी कम जलेंगे। रीवैंप के तहत कई कार्य होने हैं। जिले के जर्जर तार को बदला जाना है। जिन जगहों पर पोल नहीं है, वहां लगाया जाना है।

# अतिक्रमण के खिलाफ चला बुलडोजर



अतिक्रमण हटाता जेसीबी।

**सिकंदरपुर (बलिया)।** तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत जिगिरसण्ड में अतिक्रमण के खिलाफ मंगलवार की शाम को बड़ा अभियान चलाया गया। राजस्व विभाग और पुलिस प्रशासन ने संयुक्त कार्रवाई कर सरकारी जमीन पर हुए अतिक्रमण को जेसीबी से हटवाया। नायब तहसीलदार राजेश यादव के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में ग्राम समाज की 40 डिसमिल जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस तैनात रही।

उधर, प्रशासन की कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मचा रहा। खेजुरी थाना क्षेत्र अंतर्गत जिगिरसण्ड की यादव बस्ती में पिछले कई वर्षों से गांव के ही कुछ लोगों ने सरकारी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया था।

इसकी शिकायत ग्राम प्रधान सलाबी देवी ने एसडीएम सिकंदरपुर से की थी। शिकायत के क्रम में करीब छह माह पूर्व उक्त भूमि की पैमाईश कराई गई और संबंधित कब्जेदारों को तत्काल भूमि खाली करने का निर्देश दिया गया था। लेकिन छह माह बाद भी कुछ लोगों ने अपना अवैध कब्जा नहीं हटाया।

अंततः राजस्व विभाग की टीम ने उक्त कार्रवाई को अंजाम दिया। इस मौके पर एसएचओ खेजुरी बीपी पांडेय, गांव के ग्रामीणों के साथ साथ संबंधित लेखपाल और कानूनगो के अलावा काफी संख्या में पुलिस बल मौजूद रही।

## संक्षेप

### अभिभावक-शिक्षक बैठक का हुआ आयोजन



**बलिया।** शहर से सटे रामपुर स्थित एसएन पब्लिक स्कूल में बुधवार को अभिभावक और शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया तथा माइक्रो सेमेस्टर की परीक्षाओं का परिणाम और छात्रों के विकास को लेकर वार्ता संपन्न हुई। इसमें सभी कक्षाओं के मुख्य शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अभिभावकों से उनकी कमियां और पढ़ाई को लेकर तमाम दिशा-निर्देश दिए। इसी क्रम में आने वाले नवीन सत्र की कक्षाओं को संचालित करने और फाइनल सेमेस्टर के परीक्षाओं का सफलतापूर्वक आयोजन करने को लेकर अभिभावकों से सलाह ली। इंजीनियर आर्यन ने इसी क्रम में प्रदर्शनी के आयोजन (ग्रेविटी) जो विद्यालय का विज्ञान और कला प्रदर्शनी है, इस पर अपने सुझाव दिए तथा प्रधानाचार्या और उप-प्रधानाचार्य को दिशा-निर्देश दिए।

### जरूरतमंदों में बांटा गया कंबल



**सिकंदरपुर (बलिया)।** नगर के मोहल्ला मिल्की स्थित नेहरू आईटीआई के तत्वावधान में बुधवार को निशुल्क कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी सिकंदरपुर अखिलेश यादव तथा विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता सतेंद्र राजभर व शोभन राजभर रहे। इस दौरान सैकड़ो जरूरतमन्द लोगों में कंबल वितरित किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि गरीबों की मदद करना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है और इस तरह का आयोजन सभी क्षेत्रों में सभी समाजसेवियों के द्वारा आयोजित करना चाहिए। जिससे गरीब व मजदूर तबके के लोगों की मदद हो सके। इस मौके पर सोनू गुप्ता, आशु राजभर, पप्पू गुप्ता सहित सैकड़ों महिलाएं व पुरूष मौजूद रहे।

### गोंडवाना ने जरूरतमंदों को ओढ़ाया कंबल

**बलिया।** शहर से सटे गंगानदी कंसपुर दियर स्थित आदिवासी जनजाति गोंड बस्ती में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रामरक्षा गोंड की स्मृति में इंडियन पीपुल्स सर्विसेज (आईपीएस) व गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के संयुक्त तत्वावधान में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष लल्लन प्रसाद गोंड जी के सौजन्य से कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। लगभग 50 लोगों को कंबल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। ललन प्रसाद गोंड ने कहा कि जरूरतमंद लोगों की सेवा करना ही सबसे बड़ा सेवा धर्म और पुण्य है। ऐसा करने से महान आनंद की अनुभूति होती हैं। अरविंद गोंडवाना ने जिला प्रशासन व प्रदेश सरकार से मांग करते हुए कहा कि कंसपुर दीयर के आदिवासी जनजाति गोंड समुदाय के लोग आजादी के इतने दिनों बाद भी फूस की झोपड़ी में ही गुजर-बसर करते है। मनोज शाह, सुरेश साह, सुदेश शाह, हीरालाल गोंड, हरिहर गोंड, बद्री बिंद, पुड़की बिंद आदि मौजूद रहे।

### आरएसएस का एकत्रीकरण कार्यक्रम आज

**बलिया।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बलिया नगर के आयोजकत्व में स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर पूर्ण गणवेश में एक विशाल एकत्रीकरण कार्यक्रम 12 जनवरी दिन गुरुवार को अपरान्ह 3 बजे से बलिया के भृगु आश्रम स्थित भृगु जी के मंदिर के प्रांगण में होगा। इसको लेकर कार्यकर्ता तैयारियों में लगे हुए हैं। इस एकत्रीकरण में स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में सम्मिलित होंगे। ज्ञात हो कि युवाओं के मार्ग प्रशस्तक और प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानन्द का जन्म 12 जनवरी, 1863 ई में कलकत्ता में हुआ था। स्वामी विवेकानंद की जयंती को भारत में पूरे उत्साह और खुशी के साथ राष्ट्रीय युवा दिवस या युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। उक्त जानकारी जिला प्रचार प्रमुख मारुति नन्दन ने दी है।

### जनसमस्या को सरकार तक पहुंचाने वाला ही जनप्रतिनिधि : उपेंद्र तिवारी



**जनऊपुर गांव में भाजपा के बूथ कार्यकर्ताओं की हुई बैठक**

**रतसर (बलिया)।** विधान सभा फेफना के जनऊपुर गांव में बुधवार को भाजपा के बूथ कार्यकत्ताओं की बैठक हुई। पूर्व मंत्री उपेन्द्र तिवारी ने संगठन के विस्तार पर चर्चा की तथा केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए कार्यकताओं का आह्वान किया। कहा कि जनता की समस्या को सरकार तक पहुंचाना व सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने वाला ही जन प्रतिनिधि होता है। कार्यकताओं ने गांव में ग्राम विकास अधिकारी को न आने की शिकायत की। इस पर मंत्री जी ने जिला पंचायत राज अधिकारी से बात कर सख्त कदम उठाने को कहा। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा गांव में नई परती एवं बंजर जमीन पर किसी ने कब्जा किया है तो कार्यकर्ता इसको संज्ञान में लेकर तुरंत इसकी सूचना क्षेत्रीय लेखपाल एवं कानूनगो को दे अगर वहां से निस्तारण नही होता है तो मेरे संज्ञान में इस बात को लाएं। निश्चित रुप से इसका समाधान होगा। सुखपुरा - रतसर मार्ग के बारे में उन्होंने बताया कि भूमि का अधिग्रहण कर लिया गया है। जल्द ही इस पर कार्य शुरू कराया जाएगा। इस अवसर पर उपेन्द्र नाथ पाण्डेय, टुनटुन उपाध्याय, प्रेम नारायन पाण्डेय, विद्याधारी पाण्डेय, मनोज पाण्डेय, राकेश कुमार पाण्डेय, राम प्रवेश राम, मणिशंकर पाण्डेय, दिवाकर तिवारी, चन्द्रमा यादव, प्रसादी तिवारी, हरेराम मिश्रा, अखिलेश मिश्रा, प्रधान दद्दू आदि मौजूद रहे।

# गड्ढामुक्ति के नाम पर जिम्मेदारों की लापरवाही

**घालमेल**

### कांग्रेस नेता ने गोलमाल का लगाया आरोप, जांच की मांग

**बैरिया (बलिया)।** सड़कों की गड्ढा मुक्ति का मुख्यमन्त्री योगी आदित्य नाथ का फरमान बैरिया विधान सभा क्षेत्र मे परवान नही चढ़ पाया। गड्ढा मुक्ति के नाम पर सड़क के गड्ढो मे थोड़ा गिट्टी और तारकोल डालकर अपने कर्तव्यो की इति श्री कर ली गयी है। ऐसे मे गड्ढा मुक्ति के नाम पर लोक निर्माण विभाग द्वारा भारी धनराशि गोलमाल करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विनोद सिंह ने कहा है, कि किसी भी सड़क को पूरी तरह से गड्ढा मुक्त नहीं किया गया है।

एक दर्जन सड़कों पर कहीं-कहीं थोड़ी सी गिट्टी डाल दी गई है, किंतु उक्त सड़कों को भी गड्ढा मुक्त नहीं किया गया है। इन सड़कों में बैरिया से टेंगरही होते हुए बनवा बाजार मार्ग, बचूली साहू के डेरा से धतूरी टोला मार्ग, बैरिया तहसील मोड़ से सोनबरसा गांव तक वाली मार्ग, सोनबरसा दलन छपरा रामपुर मार्ग, रानीगंज भिखा छपरा मार्ग सहित दर्जनभर सड़क शामिल है। वही बैरिया तहसील क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग का कोई भी पुरानी सड़क ऐसी नहीं है। जो गड्ढा मुक्त हो गई हो।

इस संदर्भ में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विनोद सिंह ने प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग लखनऊ को पत्र देकर प्रकरण की जांच कराने व बैरिया विधान सभा क्षेत्र की सड़को को गड्ढा मुक्त करने के नाम पर फर्जी भुगतान की जांच कराने की मांग की है। विनोद सिंह ने बताया है कि अगर अधिकारी उक्त मामले की जांच नहीं कराते हैं। तो इस प्रकरण में जनहित याचिका माननीय उच्च न्यायालय में दाखिल की जाएगी।

## परिवहन विभाग ने वाहनों पर लगाये रिफ्लेक्टिव टेप

**बलिया।** कोहरा शुरू होते ही लगातार सड़क हादसे बढ़ गए है। इन दुर्घटनाओं को रोकने के लिए परिवहन विभाग ने ट्रैक्टर ट्रॉलियों व अन्य वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव (चमकीला) टेप लगवाने की कवायद तेज कर दी हैं। ताकि रात के समय वाहन कोहरे में दिखाई दे सकें। परिवहन विभाग के आरआई राजभूषण चौधरी के नेतृत्व में ट्रकों, टैंपो, टैज्क्टर ट्रॉलियों समेत करीब 50 वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव (चमकीला) टेप लगाया गया। बता दें कि अक्सर ट्रैक्टर ट्रॉलियों में रिफ्लेक्टर नहीं लगे होने के कारण कुहासे में सड़क हादसे घटित हो जाते हैं। आरआई ने सभी वाहन स्वामियों को निर्देश दिया है कि वाहनों पर रेटो रिफ्लेक्टिव (चमकीला) टेप अवश्य लगवाए। एआरटीओ अरुण कुमार राय ने बताया कि कोहरे में सड़क हादसे बढ़ जाते हैं। लोग अपने वाहनों पर टेप नहीं लगाते, जिससे कोहरे में वाहन दिखाई नहीं देते। परिवहन विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव (चमकीला) टेप लगवाया जा रहा है।

# 25 लाख का ब्राउन शुगर बरामद, दो गिरफ्तार

**क्राइम**

### बांसडीहरोड पुलिस और एसओजी को मिली सफलता

**बलिया।** बांसडीहरोड थाना पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा 250 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही पुलिस ने अवैध तमंचा व कारतूस भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार बरामद ब्राउन शुगर की कीमत लगभग 25 लाख रुपए बतायी जा रही है।

पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया। पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर के निर्देशन में अपराध एंव अपराधियो व सन्दिग्ध व्यक्तियों की तलाशी, वांछितों की गिरफ्तारी के संबंध में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को थानाध्यक्ष बासडीहरोड राजकपूर सिंह मय हमराह टीम के साथ शंकरपुर तिराहे पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। उसी दौरान एसओजी टीम के उपनिरीक्षक अजय यादव मय एसओजी टीम भी पहुंचे। इसी बीच बलिया की तरफ से एक बाइक तेज गति से आती दिखायी दी जिसे संदेह के आधार पर रोकने का प्रयास किया गया तो मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति गाडी को रोक कर पुनः बलिया की तरफ मोड कर भागने का प्रयास किये जिन्हें पुलिस टीम द्वारा घेर कर पकड़ लिया गया।

पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर पकड़े गये व्यक्तियों ने अपना नाम पवन उपाध्याय पुत्र स्व. रवीन्द्र उपाध्याय निवासी उदवन छपरा थाना हल्दी और आकाश उपाध्याय पुत्र राजेश उपाध्याय निवासी हल्दी (पश्चिम टोला) थाना हल्दी बताया। तलाशी के दौरान दोनों के पास से सफेद प्लास्टिक की पन्नी में भूरे रंग का पदार्थ प्राप्त हुआ जिसके बारे में पूछताछ में बताया कि इसमें ब्राउन सूगर है तथा उसके पास से एक तमंचा और एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया।



ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किये गये दो अभियुक्त पुलिस टीम के साथ।

# खड़े आलीशान भवन को दिखा दिया गेहूं की फसल

**लेखपाल की पड़ताल**

### बैठे-बैठे पुराने रिकार्ड से तैयार कर रहे खसरा काश्तकार परेशान

**बैरिया (बलिया)।** बैरिया तहसील के लेखपाल पड़ताल का मजाक बना कर रख दिये है। उन्हे वर्षो से बैठे-बैठे पुराने रेकार्ड से ही खसरा तैयार करने की आदत है। जिससे काश्तकार परेशान है। वही अधिकारियो के बार बार निर्देश के बाद भी वर्षो से लेखपाल क्षेत्र मे गये बिना बैठे बैठे ही पड़ताल कर खसरा मे फसली व्योरा दर्ज कर रहे है। वही राजस्व परिषद का पूर्व से ही आदेश है कि प्रत्येक तीन वर्ष पर लेखपाल खेत मे जाकर फसलो का पड़ताल कर उसे खसरा मे दर्ज करेगें। लेकिन लेखपालो की महिमा बैरिया तहसील मे निराली है। जहां मौके पर बरसों से आलीशान भवन खड़े है।

लेखपाल फसली पड़ताल में खसरे पर गेहूं की फसल दर्ज कर रहा है। कहीं उपजाऊ खेत है। तो वहां बैठे-बैठे बालू पंचट लेखपाल लिख दे रहे है। जिसकी चर्चा सर्वत्र हो रही हैं। ऐसे मे किसानो को बैंक से ऋण लेते समय काफी परेशानी हो रही है। बैरिया तहसील मे इसके लिए अधिकारियो ने लेखपालो को कई बार निर्देश दिया था। फिर भी लेखपालो के रवैये मे कोई सुधार नही हो रहा है। आलम यह है कि दर्जन भर से अधिक राजस्व ग्रामों के जहां लेखपाल मौके पर जाकर फसली पड़ताल के बजाय बैठे-बैठे तहसील से ही पड़ताल कर दे रहे हैं। जिससे भौतिक सत्यापन में वह पड़ताल सत प्रतिशत गलत साबित हो रहा है। बैरिया, सुरेमनपुर, सोनबरसा मे जहां लेखपाल जिन आराजी नंबरों में अपने खसरा में आलू, गेहूं दिखा रहे हैं। वहां बरसों से बड़े बड़े मकान बन गए हैं। इसी तरह रामपुर कोड़रहा, कोड़रहा ऊपरवार सहित कई राजस्व ग्रामो में जहां बालू पंचट दर्ज किया गया है। वहां लहलहाती फसल खड़ी है। इसी तरह चांद दियर, शिवाल मठिया, गोपाल नगर, झरकटहा सहित कई राजस्व ग्रामों में मौके पर कुछ और तो खसरा में कुछ और दिखाया जा रहा है। जानकार लोगों का कहना है कि अधिकांश लेखपाल मौके पर खेत में जाने के बजाए अपने घर बैठे बैठे कागज में ही पूर्व की भांति दर्ज पड़ताल लिख दे रहे हैं। जिससे किसानों की परेशानी बढ़ गई है।

> मामला गम्भीर है, इस बाबत किसी काश्तकार ने अगर लिखित शिकायती पत्र दिया तो संबंधित लेखपाल की खैर नही। उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वही लेखपालो को मौके पर जाकर पड़ताल करने का निर्देश दिया गया हैं। खसरा मे गलत व्योरा दर्ज मिला तो खैर नही।
>
> आत्रेय मिश्र, उप जिलाधिकारी बैरिया

## लाल बहादुर शास्त्री को दी गई विनम्र श्रद्धांजलि

**बलिया।** शहीद स्मारक परिसर में पूर्व प्रधान मंत्री लालबहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर बुधवार को प्रबुद्ध जनों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी और उनके सपनों के अनुरूप राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान देने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने शास्त्री जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर व्यापक प्रकाश डालते हुए कहा कि जय जवान, जय किसान का उनके द्वारा दिए गए नारा से जवानों और किसानों में जो उर्जा का संचार हुआ वह आज भी कायम है। तभी हमारे जवान देश की रक्षा में अपना सर्वस्व बलिदान करने को तत्पर रहते हैं और किसान हाड़ तोड़ परिश्रम कर पूरे देश को समृद्ध बनाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। पूर्व प्रधानाचार्य विजय शंकर सिंह, प्रधान अभिमन्यु चौहान, उमेश सिंह, प्रशांत सिंह, अनिल सिंह, राजेश सिंह, तूफानी सिंह आदि मौजूद रहे।

# 16 जनवरी के बाद ठंड में कमी आने की उम्मीद

**बैरिया (बलिया)।** अभी ठन्ड ने निजात मिलने की कोई आशंका नहीं है। यह सब जलवायु परिवर्तन के कारण हो रहा है। भीषण ठंड की मार झेल रहे क्षेत्र वासियों को इससे निजात पाने के लिए अभी और इंतजार करना पड़ सकता है।

बुधवार को दिन का अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस थी। वही बाजारों में ऊनी वस्त्र, इनर, मोफलर, दास्ताना, जैकेट, कोट आदि की बिक्री बढ़ गई है। नगर क्षेत्र में बैरिया को छोड़कर तहसील क्षेत्र के किसी भी बाजार, रेलवे स्टेशन या अन्य सार्वजनिक स्थानों पर तहसील प्रशासन द्वारा अलाव नहीं जलाने के कारण लोगों की परेशानी कुछ अधिक ही है। सामाजिक संस्थाएं व समाजसेवी तथा सम्पन्न लोग इस बार गरीबों में कंबल वितरण नहीं कर रहे हैं। फल स्वरुप इस जानलेवा ठंड में गरीब कुछ ज्यादा ही परेशान है। इस बार मकर संक्रांति 14 जनवरी के जगह 15 जनवरी को मनाई जानी है। मौसम के जानकार श्री अमर नाथ पीजी कालेज दूबे छपरा के पूर्व प्रवक्ता व पर्यावरणविद डा गणेश पाठक ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के कारण साइबेरिया से चली ठंडी हवाओं के कारण यहां ठंड का प्रकोप बढ़ा है। दिसंबर में ठंड नहीं पड़ रहे के कारण ठंड का अधिक असर हुआ है। आगामी 16 जनवरी तक ठंड की यही स्थिति रहेगी। 16 जनवरी से बूंदाबांदी और बादलों के बाद मौसम साफ हो जायेया। ठंड में धीरे-धीरे कमी आएगी। बसंत पंचमी तक ठंड कम होने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि जलवायु परिवर्तन के कारण हर मौसम आगे की तरफ बढ़ जा रहा है। ठंड नवंबर में आने के जगह दिसंबर के अंतिम सप्ताह में आया है। मानसून 15 जून के जगह अब जुलाई में आ रहा है।

# छात्रनेताओं का अनशन दूसरे दिन भी जारी

**मझौंवा।** छात्र संघ चुनाव के मांग को लेकर अमरनाथ मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुबे छपरा में मंगलवार से छात्र नेताओ द्वारा किए जा रहे आमरण अनशन दूसरे दिन बुधवार को भी जारी रहा। कोई भी जिम्मेदार छात्रों का हाल लेने नही पहुंचा। जिससे छात्रों मे आक्रोश व्याप्त है।

बता दे कि अमर नाथ मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुबे छपरा व सुदिष्ठ पुरी महाविद्यालय के छात्र नेताओं ने संयुक्त रूप से छात्र संघ चुनाव के मांग को लेकर अमरनाथ मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुबे छपरा में मंगलवार को आमरण अनशन पर बैठ गए। छात्र नेताओं का कहना हैं कि पिछले कई बार शासन प्रशासन से मांग किया गया, पर आश्वासन के सिवाय कुछ भी नहीं हुआ। इसी बीच पहुंचे महाविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष मनोज कुशवाहा ने चेताया कि अगर शीघ्र ही कोई ठोस कार्रवाई नहीं कि गई तो अब बाध्य होकर आंदोलन को तेज करते हुए अन्य रास्ते अपनाए जाएंगे। अनशन पर बैठने वालों में वरुण मिश्रा, प्रमोद, दीपू पटेल, प्रकाश कुमार, रोशन सिंह, धनंजय, अरविंद कुमार आशु व दीपू यादव आदि मौजूद रहे।



अनशन पर बैठे छात्रनेता।

# प्रचार-प्रसार के अभाव में कराह रही गोकुल मिशन योजना

**लापरवाही**

### कागजों में चल रहा छुट्टा पशुओं को पकड़ने का अभियान

**बैरिया (बलिया)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ को गौ प्रेम किसी से छुपा हुआ नही है। यही कारण है कि पूरे प्रदेश मे गौ वंशो के लिए आश्रय केन्द्र का निर्माण कराया। वही समुचित प्रचार-प्रसार के अभाव में राष्ट्रीय गोकुल मिशन योजना बैरिया क्षेत्र में कराह रहा है। नगर हो या गांव पशु छुटा सड़कों पर अवारा की तरह घूम रहे हैं। बाजारों में सड़कों पर व गांव के गलियो मे पशु अपना डेरा जमाए हुए हैं। वही गांव में खेतों में घुसकर फसलों को बर्बाद कर रहे हैं।

अधिकारी कागजों में छुट्टा पशुओं को पकड़ने का अभियान चला रहे हैं। मुख्य सचिव पशुपालन ने 31 दिसंबर को समस्त जिलाधिकारियों को पत्र भेजा था कि जिसमें 1 जनवरी से लेकर 10 जनवरी तक अभियान चलाकर सभी छूटा गोवंशो को गौ आश्रय स्थलों तक पहुंचाने का आदेश दिया था। जबकि आलम यह है कि किसान पकड़कर गोवंशो को गौ आश्रय केंद्रों पर जाते हैं तो उन्हें यह कहकर लौटा दिया जाता है, कि गौ आश्रय केंद्र में अब जगह नहीं है। वहीं अधिकारियों की माने तो पशुओं को पकड़कर गौ आश्रय केंद्रों तक पहुंचाने की अवधि आगामी 31 मार्च 2023 तक बढ़ा दी गई है। वहीं जिलाधिकारी हर सप्ताह इस संदर्भ में बैठक करके प्रगति रिपोर्ट लेंगे। जिलाधिकारियों को मुख्य सचिव ने निर्देशित किया है कि किसी भी हाल में सड़कों पर व खेतों में छुट्टा गोवंश दिखाई देते हैं। तो पशुपालन विभाग के संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करें। अब देखना यह है कि प्रमुख सचिव के आदेश का धरातल पर कितना अनुपालन हो पाता है।



गौआश्रय केन्द्र भगवानपुर में ठंड में बाहर ठिठुरते गौवंश।

**बेसहारा हैं भगवानपुर गौआश्रय केंद्र में 140 गोवंश**

वहीं क्षेत्र के भगवानपुर स्थित गौ आश्रय केंद्र में 140 गोवंश फिलहाल मौजूद हैं। उनके लिए पर्याप्त चारा या रहने की व्यवस्था नहीं है। ऐसे में दिन भर गोवंश जाड़े में दिन रात ठिठुर रहे हैं। वही गौ आश्रय केंद्र के मुख्य द्वार पर हमेशा ताला बंद रहता है। कर्मचारी नदारद रहते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पशु चिकित्सक या पशु चिकित्सा कर्मी कभी भी इस गौ आश्रय केंद्र पर झांकने भी नहीं आते हैं। इस संदर्भ में जानकारी प्राप्त करने के लिए पशु चिकित्साधिकारी मुरली छपरा डा लालजी यादव से संपर्क साधने का प्रयास किया गया तो उनका मोबाइल बंद था।

> शासन के निर्देश के क्रम मे गौवंशो से संबंधित मातहतों को यह जिम्मेदारी दी गई है कि वे क्षेत्रों में भ्रमण कर निराश्रित गोवंशो को गौ आश्रय केंद्रों तक पहुंचाएं। नगर के लिए अधिशासी अधिकारी और ग्राम पचांयतो के लिए खंड विकास अधिकारियो को भी पत्र जारी कर दिया गया है। उदासीनता की शिकायत मिलने पर कार्रवाई भी हो सकती है।
>
> आत्रेय मिश्र, उप जिलाधिकारी बैरिया

# सिकंदरपुर पहुंची खरवार सम्मान यात्रा, हुआ स्वागत

**सिकंदरपुर (बलिया)।** ऑल इंडिया खरवार वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में खरवार समाज के सम्मान के लिए निकाली गई खरवार सम्मान यात्रा मंगलवार की देर शाम सिकंदरपुर पहुंची। सम्मान यात्रा का स्वागत समारोह खरवार भवन सिकंदरपुर में सभी पदाधिकारियों और खरवार समाज की तरफ से किया गया।

ऑल इंडिया खरवार वेलफेयर सोसाइटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मजिन्दर खरवार ने कहा कि खरवार सम्मान यात्रा का उद्देश्य उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में दौरा कर खरवार समाज के लोगों में एकजुटता जागरूकता लाना एवं सभी को एक मंच पर आकर खरवार समाज के मान सम्मान एवं मूलभूत समस्याओं के निस्तारण के लिए संघर्ष में सहयोग के लिए प्रेरित करना है। कहा कि स्थानीय स्तर के प्रशासन एक साजिश के तहत और शासनादेशों की अवहेलना करते हुए



खरवार जाति के व्यक्तियों का जाति प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जा रहा है। इसके संबंध में ही खरवार समाज का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश एवं अनुसूचित जनजाति मंत्रालय भारत सरकार एवं अन्य संबंधित विभागों से राघवेंद्र प्रताप खरवार ने बलिया के खरवार समाज की समस्याओं को बिंदुवार रखते हुए निस्तारण कराने एवं होने वाले संघर्षों में सहयोग के लिए आह्वान किया गया। प्रो. इंद्रासन खरवार, अरविंद सिंह, राम बड़ाई, शिवनारायण, गोपाल, रामाशंकर, कमलेश, जयप्रकाश, सुनील, विशाल, अजय खरवार, प्रांजल, मुन्नी लाल, आत्माराम, बृजनाथ खरवार आदि मौजूद रहे।

# पुराने गाइडलाइन पर हो काम, वर्ना बंद होंगे कार्य

**बोले त्रिलोकी नाथ पांडेय**

### प्रधान संगठन की बैठक में विभिन्न समस्याओं पर हुई चर्चा



डीएम को ज्ञापन देने जाते प्रधानसंघ के सदस्य।

बलिया। प्रधान संगठन की बैठक बुधवार को लोनिवि के निरीक्षण भवन में हुई। बैठक में प्रधानों एवं ग्राम पंचायतो से जुड़ी तमाम जल्वन्त समस्याओं एवं इसके निस्तारण के उपाय पर विचार किया गया। प्रधानों ने शासन द्वारा जारी नये गाइडलाइन एनएमएमएस का जोरदार विरोध कर, इसे वापस कर पुराने गाइडलाइन पर काम कराने की मांग की। अन्यथा की स्थिति में काम बन्द कर देने की बात कही।

प्रदेश महासचिव त्रिलोकी नाथ पाण्डेय ने कहा कि गांधी जी का सपना था कि गांवों में स्वतंत्र, स्वावलम्बी, गतिशील व मजबूत अपनी सरकार हो और यह तभी सम्भव होगा जब 73वें संविधान संशोधन को पूर्ण रूप से लागू कर दिया जाय। कहा कि प्रधान वर्षों से मांग करते आ रहे है कि प्रधानों को संवैधानिक जनप्रतिनिधि का दर्जा देकर इन्हें वेतन-भत्ता व पेंशन दे, लेकिन सरकार की मंशा है कि प्रधान, सांसद व विधायक के तरह मजबूत न हो। जिलाध्यक्ष श्रीराम तिवारी बबलू ने सरकार द्वारा मनरेगा के जारी नये गाइडलाईन एनएमएमएस पर विस्तार से चर्चा करते हुए इसकी खामिया गिनाई। कहा कि पुराने गाइडलाइन में प्रधान काम नही करायेगे इसके लिए हम सड़क से सदन तक इसकी लड़ाई लड़ेगें। जिला महामंत्री देवेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रधानो को एकजुट होकर अपनी लड़ाई लड़ने की आवश्यकता है। प्रधान जांच के नाम पर किये जा रहे शोषण बर्दाश्त नहीं करेंगे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष श्रीराम तिवारी और संचालन जिला उपाध्यक्ष दीपक सिंह ने की। आभार जिला संगठन प्रभारी शिवजी पाठक ने व्यक्त किया।

### मांगों को लेकर प्रधानों ने सौंपा ज्ञापन

बैठक के बाद प्रधानों का हुजूम प्रदेश महासचिव, त्रिलोकी नाथ पाण्डेय व जिलाध्यक्ष श्रीराम तिवारी के नेतृत्व में जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि को सौंप कर अपना विरोध जताया। इस मौके पर मण्डल उपाध्यक्ष सतीश सिंह, जिलामंत्री शिवानन्द तिवारी, जितेन्द्र यादव, अमरनाथ सिंह, सत्येन्द्र कुमार पाठक, इसरार अहमद, मुमताज अंसारी, भुवनेश्वर पासवान, हरिओम यादव, तुषार यादव, धुप तिवारी, स्मृति सिंह, रिंकु सिंह, दीपक सिंह, ओम प्रकाश पाण्डेय केशव प्रसाद गुप्ता, सगीर खां, जलालुद्दीन आदि प्रधान उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी को कल पत्रक सौंपेंगे प्रधान

नगरा। ग्रामीण विकास मे आ रही दिक्कत को लेकर प्रधान संघ के नेतृत्व मे छह सूत्रीय मांग पत्र का ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपने का निर्णय लिया गया है। पिछले दिनों प्रधान संघ ने अपनी मांग पत्र से सम्बन्धित ज्ञापन खण्ड विकास अधिकारी को दिया था मगर समाधान के लिए कोई आश्वासन नहीं मिलने पर उस मांगपत्र को जिलाधिकारी को सौपने का निर्णय लिया गया है। प्रधान संघ ब्लॉक अध्यक्ष जयप्रकाश यादव ने बताया कि पंचायत राज मे 73 संशोधन को लागू करने, मंहगाई की दौर मे निर्माण सामग्री के मुल्य मे बृद्धि होने व श्रमिकों मजदूरी बाजार मे अधिक होने के कारण मनरेगा दर को बढाने के साथ ही अन्य मांग को लेकर 13 जनवरी को सभी प्रधान डीएम को ज्ञापन सौंपेगे।

### साइबर क्राइम अपराधियों ने ठगी कर युवक के खाते से निकाला 39 हजार रुपये

बांसडीह। कोतवाली थाना क्षेत्र के केवरा निवासी एक युवक साइबर क्राइम का शिकार हो गया। साइबर अपराधियों ने फर्जीवाड़ा कर युवक के खाते से 39 हजार रुपये निकाल ली। इसकी शिकायत पीड़ित युवक ने बाँसडीह पुलिस को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। जानकारी के अनुसार सुनील गुप्ता पुत्र आनंद गुप्ता निवासी केवरा ने बुधवार के दिन बताया कि मेरा बचत खाता गुजरात की एक ब्रांच में है। आज एक हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांजेक्सन करते समय रुपया फंस जाने की शिकायत मेरे द्वारा आनलाइन की गईं थी। शिकायत के बाद मेरे पास एक नम्बर से फोन आया और शिकायत की बात बताते हुए समाधान करने का अश्वासन देकर मुझे झांसा में ले लिया। मेरा एक हजार रुपया वापस करने को लेकर जो भी हमसे फोन करने वाले व्यक्ति ने मंगा मैं उसे दे दिया। जैसे ही मैंने ओटीपी दिया मेरे खाते से 39 हजार रु. निकाल ली गई। पीड़ित को बाद में पता लगा की वह जलसाजो की ठगी का शिकार हो गया हैं। इसकी शिकायत पीड़ित ने पुलिस से कर न्याय की गुहार लगाई है।

# ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से बच्चे की मौत, दूसरा साथी बचा



बेल्थरा रोड। उभांव थाना क्षेत्र के ग्राम धरहरा में बुधवार की शाम करीब 5 बजे एक ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आ जाने से कोचिंग पढ़कर साइकिल से लौट रहे दो बच्चों में सुमित राजभर 11 वर्ष पुत्र सुरेन्द्र की जहां मौके पर ही मौत हो गई, वहीं उसका दूसरा साथी विस्कान 10 वर्ष पुत्र हरिकेश राजभर हल्की चोट खाकर बाल-बाल बच गया। ग्रामीणों की मदद से दोनों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीयर में पहुंचाया गया। जहां चिकित्सक लाल चन्द शर्मा ने जांच उपरांत सुमित राजभर को मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर उभांव थाने के प्रभारी निरीक्षक राजीव मिश्रा सदल बल अस्पताल पहुंचे और सुमित राजभर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बलिया मर्चरी हाउस भेज दिया। दोनों बच्चे उभांव थाना क्षेत्र के ग्राम कटहर बारी हल्दीरामपुर के निवासी है। सूचना पाकर मृत बालक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए थे। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में हाहाकार मच गया था। परिजनों की मानें तो ग्राम बहुता चक उपाध्याय में किसी अध्यापक के घर दोनों बच्चे साइकिल पर सवार होकर कोचिंग पढ़ने गए हुए थे। समाचार लिखे जाने तक घटना का मुकदमा पंजीकृत करने की प्रक्रिया जारी थी। घटना की सूचना पाकर मृत बच्चे के परिजन व ग्रामवासी काफी संख्या में अस्पताल पहुंच गए थे।

### दोष पूर्व कार्यप्रणाली पर गिरी गाज, सीएमओ ने की सेवा समाप्त

बलिया। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के क्रम में सीएमओ डॉ. जयंत कुमार ने एनयूएचएम के डीसीएए नीलेश वर्मा की सेवा समाप्त कर दी है। दोषपूर्ण कार्यप्रणाली, कार्य व्यवहार, आचरण, पदीय उत्तरदायित्वों का निर्वहन न करने के आरोप में यह कार्रवाई की गई है। सीएमओ ने बताया कि श्री वर्मा के खिलाफ मिली शिकायतों की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया था। जांच समिति ने भी जांच के बाद संविदा समाप्त करने की संस्तुति की। जांच रिपोर्ट पर निर्णय लेने के पूर्व जिलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति ने व्यक्तिगत सुनवाई के लिए अंतिम अवसर प्रदान किया। इसके अलावा सीएमओ की अध्यक्षता में समिति गठित की गयी, जिसमें डिप्टी कलेक्टर, वित्त एवं लेखाधिकारी एवं अर्बन के नोडल अधिकारी ने मामले को देखा और संविदा समाप्ति की संस्तुति किये जाने के निर्णय पर सहमति दी। मिशन निदेशक की ओर से भी जिला स्वास्थ्य समिति के स्तर से निर्णय लेने के लिए कहा गया। इसके बाद बुधवार को सीएमओ में नीलेश वर्मा की सेवा समाप्ति का आदेश निर्गत करते हुए सभी अभिलेख डीपीएम को हस्तगत करने का आदेश दिया है।

# भू-माफियाओं ने बुलडोजर से ध्वस्त की पीड़ित की दुकान



रसड़ा। नगर के प्राइवेट बस स्टाप वार्ड नंबर आठ स्थित गुलाबचंद का हाता स्थित फर्नीचर की दो दुकानों को कोर्ट के स्थगन आदेश के बावजूद मंगलवार की देर रात्रि भू-माफियाओं ने बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। सूचना पर पीड़ित दुकानदार सुबह दुकान पर पहुंचे तो अपने दुकान को मलबे में देख सन्न हो गए। दुकान टूटने से लाखों रुपयों का समान एवं मशीनरी समान भी टूट गए।

पीड़ित दुकानदारों ने पुलिस सहित पुलिस अधीक्षक एवं मुख्यमंत्री के यहां शिकायती पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है। दुकान के कुछ ही दूरी पर उत्तरी चैकी एवं कोतवाली है। क्षेत्र के मुंडेरा गांव निवासी अशोक शर्मा व संजय शर्मा की गुलाबचंद के हाते में अपने परिजनों के समय लगभग 60 वर्षों से फर्नीचर की दुकान चलाते है, जिसके मकान मालिक मुरारी लाल अग्रवाल थे। वर्तमान में उनके पुत्र सुरेंदर, अनिल, राजेंद्र है, जिन्हें समय से किराया भी अदा किया जा रहा था। 2021 से बगल के रितेश जायसवाल पुत्र संभू जायसवाल द्वारा बार-बार दुकान को खाली करने को बोला जा रहा था, जिसे लेकर पीड़ित दुकानदारों ने न्यायालय कोर्ट में दीवानी दायर किया। जिस पर कोर्ट ने स्थगन आदेश भी दे रखा था। दुकानदारों ने आरोप लगाया की अनिल सुरेंद्र, राजेंदर पुत्रगण मुरारीलाल, अनमोल पुत्र सुरेंद्र एवं रिखी लाल पुत्र पारसनाथ, गणेश पुत्र रिखी लाल रितेश जायसवाल, राजेश जायसवाल, दिनेश उर्फ भोला पुत्रगण शंभू जायसवाल, मंगल लोहार पुत्र छांगुर लोहार निवासी गढ़िया बराबर दुकान को खाली करने के लिए धमकाया जा रहा था। कड़ाके की ठंड के कारण हम लोग दुकान बंद कर घर चले गए और रात में इन लोगों ने जेसीबी की मदद से पूरी दुकान को ध्वस्त कर दिया गया, जिसमें लाखों की मशीनें फर्नीचर आदि सब तहस-नहस हो गया। नगर में इस घटना पर अफवाहों का बाजार गर्म रहा।

## संक्षेप

### कातिलाना हमले में पूर्व मंत्री को मिली जमानत



बलिया। लगभग 10 वर्ष पूर्व सतीश चन्द्र कॉलेज के छात्र संघ चुनाव के दौरान हुए कातिलाना हमले के मामले में उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री आनंद स्वरूप शुक्ला ने गैर जमानती वारंट व कुर्की नोटिस के पश्चात अंततः बुधवार को विशेष न्यायाधीश एम.पी/एम.एल.ए हुसैन अहमद अंसारी के कोर्ट में आत्म समर्पण कर दिए, जहां विशेष न्यायाधीश ने उच्च न्यायालय के आदेश के क्रम में जमानत अर्जी 20 हजार के दो-दो बंध पत्र व निजी मुचलके पर रिहा करने का आदेश दे दिया तथा अदालत ने पूर्व मंत्री के खिलाफ हुए आदेशिका भी निरस्त कर दी है। उल्लेखनीय है कि सत्र परीक्षण संख्या 343/15 में कोतवाली थाना अंतर्गत भृगु आश्रम निवासी पूर्व मंत्री आनंद स्वरूप शुक्ला को अदालत ने भादवि की धारा 307 के तहत आत्म समर्पण के उपरांत कस्टडी में 20-20 हजार के दो-दो बंध पत्र व प्रति भू तथा निजी मुचलिके दाखिल करने पर रिहा करने का आदेश पारित कर दी है। अभियोजन के अनुसार यह घटना कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत छात्र संघ चुनाव के दौरान 15 फरवरी 2013 को घटित हुआ था जिसमे सुधीर ओझा उर्फ राणा( ओझा के छपरा) को चाकू मारी गई थी। इसके पश्चात सुधीर के तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मारपीट का धारा लगाया। जब मुकदमे का परीक्षण किया। इसके फलस्वरूप अदालत द्वारा आईपीसी की धारा 307 की बढ़ोतरी कर दी गई। इसी मामले में पूर्व मंत्री द्वारा आत्म समर्पण किया गया। अंत में उच्च न्यायालय के आदेश के क्रम में पूर्व मंत्री को जमानत मिल गयी।

### पुलिस ने वांछित दो नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार

बलिया। अपराध एवं आपराधियों के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर के कुशल निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी बैरिया के कुशल नेतृत्व में अभियुक्तों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना बैरिया पुलिस द्वारा विभिन्न धारा के तहत त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियोग में नामित वांछित अभियुक्तगण को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया। उ.नि. गंगा प्रसाद मय हमराह का. धर्मेन्द्र वर्मा का. मुकेश सरोज के तलाश वांछित, वारन्टी अभि. व देखभाल क्षेत्र में मामूर होकर बैरिया तिराहे पर मौजूद थे कि मुखबीर से सूचना मिली की विभिन्न धारा थाना बैरिया से संबन्धित अभियुक्तगण शिवसागर बिन्द पुत्र रामेश्वर बिन्द, अजीत कुमार आजाद पुत्र शिवसागर बिन्द निवासीगण गंगौली थाना बैरिया बलिया जो चिरैया मोड़ पर मौजूद है कहीं जाने के फिराक में है यदि जल्दी किया जाये तो पकड़ा जा सकता है । इस सूचना पर विश्वास करके पुलिस टीम मय मुखबिर के चिरैया मोड़ पर पहुंची। मुखबीर खास द्वारा सड़क के किनारे खड़े दो व्यक्तियों की तरफ इशारा करके बताया गया कि यह वहीं दोनों व्यक्ति है जो विभिन्न धाराओं में वांछित है। मुखबिर इशारा करके वहाँ से हट बढ़ गया। इसके पश्चात पुलिस टीम द्वारा एक बारगी दबिश देकर उक्त दोनों व्यक्तियों को पकड़ लिया गया। पकड़े गये व्यक्ति से नाम पता पूछा गया तो अपना नाम शिवसागर बिन्द पुत्र रामेश्वर बिन्द उम्र 58 वर्ष, अजीत कुमार आजाद पुत्र शिवसागर बिन्द निवासीगण गंगौली थाना बैरिया बलिया उम्र 29 वर्ष बताया गया, जिन्हें थाना बैरिया पर पंजीकृत विभिन्न धाराओ व मुकदमों में नामित वांछित अभियुक्त पाते हुये कारण गिरफ्तारी बताकर गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर लाकर नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### नए प्रभारी का लोगों को इंतजार, 20 दिनों से खाली है सीयर की पुलिस चौकी

बेल्थरा रोड। उभांव थाने की महत्वपूर्ण पुलिस चैकी के प्रभारी उप निरीक्षक मदन पटेल का थानाध्यक्ष पद पर थाना दोकटी में स्थानांतरण हो जाने के बाद 20 दिनों से प्रभारी की कुर्सी खाली चल रही है। जबकि जिले के एसपी राज करन नैय्यर ने बीते दिनों उभांव थाने पर अपने औचक निरीक्षण के बाद लोकल मीडिया से उनके सवालों के जवाब में भरोसा दिया था कि 2-3 दिनों में किसी नए प्रभारी की तैनाती हो जायेगी। लेकिन लोगों में 20 दिनों बाद भी नए प्रभारी की तैनाती न होने से चर्चा का विषय बनता जा रहा है। अब नए प्रभारी का लोगों को इंतजार कायम है।

### समाजसेवी के माता का निधन, शोक

बलिया। श्याम बिहार कालोनी स्थित समाजसेवी राजन कुमार के माता उर्मिला देवी 80 वर्ष का लम्बी बीमारी से मंगलवार को सुबह निधन हो गया। शुभचिंतकों व पड़ोसियों में शोक की लहर दौड़ गयी। शुभचिंतकों में पहुंचने वाले लक्ष्मण गुप्ता, मिन्टू खां, राहुल राय, श्रीप्रकाश, विनय सिंह, सत्यप्रकाश चतुवेर्दी, जुगल किशोर चैबे, आशीष गुप्ता, सुनील गुप्ता, मुन्ना मिश्रा, राजकुमार यादव, ओमप्रकाश आदि ने शोक व्यक्त किया। राजन कुमार के छोटे भाई राजेश कुमर ने मुखाग्नि दी।

### साधन सहकारी समिति का ताला तोड़कर चोरों ने किया हाथ साफ

बैरिया। साधन सहकारी समिति बैरिया का ताला तोड़कर मंगलवार की रात चोरों ने कमरे के अंदर रखा गैस सिलेंडर, चुल्हा, बर्तन, 40 किलो लोहा तथा साधन सहकारी समिति बैरिया व बलिहार का अभिलेख उठा ले गये। साधन सहकारी समिति के सचिव व क्षेत्र के चांदपुर निवासी बैजनाथ सिंह ने घटना की लिखित तहरीर बैरिया पुलिस को दे दिया हैं। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हैं। जिस साधन सहकारी समिति से उक्त चीजें चोरी हुई हैं वह बैरिया थाने से सटी हुई है।

### छात्रनेताओं का चल रहा आमरण अनशन समाप्त

मझौवां। छात्र संघ चुनाव की मांग को लेकर अमरनाथ मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुबे छपरा में मंगलवार से चल रहे आमरण अनशन 36 घंटा बाद एसएचओ बैरिया धर्मवीर सिंह ने छात्रों को समझा-बुझाकर बुधवार को शाम 6:30 बजे काफी पिलाकर अनशन तोड़वा दिया। कालेज प्रशासन व अभिभावकों के तरफ से एसएचओ बैरिया धर्मवीर सिंह को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया। प्राचार्य डॉ. गौरी शंकर द्विवेदी, एसएचओ ने छात्रों को समझाते हुए कहा कि चुनाव करवाना तो शासन स्तर का हैं। फिर 16 जनवरी से प्रस्तावित है विश्वविद्यालय की तरफ से परीक्षा भी आहूत है। अगर अनशन होता रहेगा तो परीक्षा प्रभावित होगी, जिससे छात्रों का ही नुकसान होगा, जिस पर छात्र नेता मान गए।

### बैरिया के नये तहसीलदार की हुई तैनाती



बैरिया। जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने बैरिया के तहसीलदार संजय कुमार सिंह का स्थानांतरण रसड़ा तहसील में कर दिया गया। वहीं गैर जनपद जौनपुर से तहसीलदार सुदर्शन कुमार की तैनाती बैरिया तहसील पर की गई है। नवागत तहसीलदार सुदर्शन कुमार ने बुधवार को कार्यभार ग्रहण करते ही सम्बन्धितों का मोबाइल नम्बर, लेखपालों का नाम तलब किया। बताया कि आम जनता की समस्याओं को त्वरित निस्तारण किया जाएगा। साथ ही ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के रजिस्ट्री कार्य में तेजी लाया जाएगा। वहीं बैरिया के नायब तहसीलदार सीपी यादव का भी स्थानांतरण सिकंदरपुर के लिए कर दिया गया है।

### स्व. लक्ष्मी चौहान के घर पहुंचे दारा सिंह चौहान



बलिया। कांशी राम के जमाने के समय समाजिक नेता रहे स्व. लक्ष्मी नारायण चैहान का निधन 06 जनवरी को हो गया है, जैसे इसकी जानकारी जैसे बलिया और उत्तर प्रदेश के नेताओं को हुई उनके घर नेताओं का जमावड़ा लग गया। बुधवार को पूर्व मंत्री व घोषी के विधायक दारा सिंह चैहान बलिया उनके घर निराला नगर पहुंचे और उनके भतीजे जोगेंद्र चैहान से मिले और घंटे भर रहने के बाद वह मऊ के लिए प्रस्थान कर गए। इस अवसर पर बृजभान चैहान, देवेन्द्र चैहान, सुबी उपाध्याय, अमरनाथ यादव आदि मौजूद रहे।

### विभिन्न विद्यालय के बच्चों को बताया गया सड़क सुरक्षा का नियम

नगरा। सड़क सुरक्षा के नियम व सुझाव देते हुए राजेश कुशवाहा ने बुधवार को विभिन्न विद्यालय के बच्चों को गुण बताते हुए कहा कि आज के समय में सबसे अधिक अगर मौत हो रही तो वह सड़क दुर्घटना। द ग्रेट अशोक इण्टरनेशनल ट्रस्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री कुशवाहा ने कहा कि अगर किसी भी तरह से यात्रा करते समय सड़क नियमों का पालन कर सावधानी से अपने सफर को करें तो अधिकाधिक लोगों का जीवन सुरक्षित रहेगा। इस मौके पर योगेन्द्र यादव, यशवंत सिन्हा सहित विद्यालयों के अध्यापक, छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



## संक्षेप

### ब्रेथ एनालाइजर मशीन से चालक व परिचालकों का किया गया परीक्षण



मऊ। बुधवार को सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत चालक/परिचालकों को रोडवेज परिसर में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) कहकशां खातून ने सड़क सुरक्षा माह के तहत षपथ दिलाई। इस दौरान नशे की हालत में वाहन चालकों का ब्रेथ एनालाइजर मशीन से परीक्षण किया गया। जिसमें सभी चालक एवं परिचालक सही पाये गये। जिसमें 3 चालक/परिचालक को सम्मानित किया गया। इसके बाद शराब की दुकान के आस-पास अभियान चलाया गया जिसमें 3 चालकों को शराब पीने के अभियोग में चालान किया गया। इसके अतिरिक्त जनपद में विभिन्न स्थानों में 65 वाहनों का ओवरलोडिंग, सीटबेल्ट, हल्मेट तथा अन्य अभियोगों में चालान एवं बन्द की कार्यवाही की गयी। इस अवसर पर सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) कहकशां खातून, एके बाजपेयी सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक रोडवेज एवं यात्रीकर अधिकारी अरविन्द कुमार जैशल व अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

### स्वच्छ ढाबा अभियान के अन्तर्गत ढाबा और रेस्टोरेन्ट संचालकों को किया जायेगा जागरूक

मऊ। रेस्टोरेन्ट और ढाबा में स्वच्छता को लेकर नगर पालिका की ओर से अभियान शुरू किया गया है। नगर में 05 जनवरी से 12 जनवरी तक स्वच्छ ढाबा अभियान के अन्तर्गत ढाबा/रेस्टोरेन्ट संचालकों को जागरुक किया जा रहा है। इसके उपरान्त स्वच्छता के आधार पर रेटिंग मुहैया कराई जाएगी और स्वच्छ ढाबा व रेस्टोरेन्ट को पुरस्कृत किया जायेगा। साथ ही आगे चल कर गन्दगी व मानक की अनदेखी मिलने पर कार्यवाही भी की जायेगी। पहले चरण में ढाबा, रेस्टोरेन्ट पर स्वच्छता के मानकों को पूरा करने के साथ ही प्रतिष्ठानों में आने वाले ग्राहकों को भी सजग किया जा रहा है। अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि शासन के निदेर्शों के क्रम में नगर पालिका द्वारा विशेष स्वच्छ ढाबा अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें साफ-सफाई, कूड़े का विभाजन, शौचालय की सफाई व सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि फाईन डाइन, पटेल ढाबा, गृहस्त प्लाजा, मुरली ढाबा आदि प्रतिष्ठानों को चिन्हित कर उनका पंजीकरण किया जा रहा है एवं उन्हें आगामी दिनों में स्वच्छ रैंकिंग के अधार पर रेंटिंग मुहैया कराई जायेगी तथा स्वच्छ ढाबे को पुरस्कृत भी किया जायेगा। उन्होनें इस अभियान में प्रतिष्ठानों के संचालक के साथ-साथ आम जनमानस से सहयोग की अपील की है। इस अभियान को सफल बनाने में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सत्य प्रकाश, नरेंद्र कुमार, स्वच्छ भारत मिशन के डिस्ट्रीक्ट को-आर्डिनेटर मनीष सिंह, डिस्ट्रीक्ट प्रोग्राम मैनेजर पीयूष सिंह आदि पूरी तनमयता से लगे हुए है।

### चाय की चुस्की लेकर पा रहे सर्दी से राहत

कोपागंज, मऊ। कड़ाके की सर्दी ने जन जीवन को अस्त व्यस्त किया हुआ हैं। दिन प्रतिदिन पारा ड़ाउन होता जा रहा हैं। हाड़ कपां देने वाली सर्दी एवं घना कोहरा होने के कारण यातायात प्रभावित हो रहा हैं, तो वहीं व्यापारियों का व्यापार भी काफी प्रभावित हो रहा हैं। अल सुबह से ही घना कोहरा जनपद को अपनी आगोश में ले लेता हैं। जनपद वासी द्वारा कड़ाके की सर्दी से बचने के लिए घरों से भी निकलने से परहेज कर रहे हैं। मौसम विभाग की माने तो अगले दो, तीन दिनों में पारा और भी ड़ाउन होने का अनुमान लगाया जा रहा हैं। लोगों द्वारा कड़ाके की सर्दी से बचने के लिए अलाव का सहारा लिया जा रहा हैं। दोपहर बाद हुए भास्कर भगवान के दर्शनों के बाद ही जनपद वासियों ने हाड़ कपां देने वाली सर्दी से कुछ राहत पाई। वहीं चाय की दुकानों पर भी भीड़ देखने को मिली हैं। ठंड़े मौसम में पकोडों एवं समोसों की दुकानों पर भी ग्राहकों के द्वारा खरीदारी की जा रही हैं। अलाव जलाकर हाथ तापकर कड़ाके की सर्दी से ली राहतः दिन प्रति दिन भयानक रूप अख्तियार कर रही सर्दी से राहत पाने के लिए जनपद वासियों द्वारा अलाव की व्यवस्था कर राहत पाने का कार्य किया जा रहा हैं। शहर भर में अलग अलग कई स्थानों पर जनपद वासियों को अलाव का सहारा लेते देखा गया। हाड़ कपां देने वाली सर्दी में ले रहे पकोड़ो का मजा, दुकानों पर लगी भीड़ कड़ाके की सर्दी का भरपूर लुफ्त उठाने के लिए जनपद वासियों द्वारा पकोड़ों की दुकानों की और रुख किया जा रहा हैं। वहीं पकोड़ों की दुकान करने वाले दुकानदारों के चेहरे भी खिले हुए हैं।

# ट्रैक्टर की चपेट में आने से सात वर्षीय मासूम की मौत

**दुखद**

### एक माह पहले अपने ननिहाल कोरौली गांव आई थी



दोहरीघाट, मऊ। थानान्तर्गत कोरौली गांव में एक माह पहले अपने ननिहाल आई सात वर्षिय मासूम की बुधवार को सुबह नौ बजे ट्रेक्टर की चपेट मे आने से मौत हो गयी जिससे परिजनों में कोहराम मच गया घटना की सुचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया तथा मौके पर से ही ट्रैक्टर को कब्जे मे लेकर थाने ले आयी। वही चालक मौके से फरार हो गया घटना से पुरे परिजनों में कोहराम मच गया।

थाने में तहरीर देते हुए बच्ची के नाना बलिराम ने बताया कि अंकिता साहनी पुत्री संजय साहनी उम्र सात वर्ष निवासी फतेहपुर पुर नरजाताल थाना मधुबन जनपद मऊ की रहने वाली थी डेढ़ माह पहले अपने ननिहाल कोरौली गांव आई थी बुधवार को सुबह नौ बजे गांव के ही चकरोड पर जैसे ही निकली तभी से तेज गति से आ रहे ट्रेक्टर की चपेट में आ गयी जिसस वह बुरी तरह से घायल हो गयी तथा ज्यादा खून बह गया जिसे हम लोग लेकर बच्ची को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दोहरीघाट ले आये जहां चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत से पूरे गांव में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रेक्टर को कब्जे में लेकर थाने ले आयी शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। पुलिस मौके से फरार चालक के धड़ पकड़ में जुट गयी इधर मासूम बच्ची की मौत से परिजनो में रो रो रोकर बुरा हाल हो गया है मृतक की मां अंजनी देवी पुरक तरह से बदहवास हो गयी है। थानाध्यक्ष हरिशंकर सिंह ने बताया कि तहरीर में नामजद ट्रेक्टर मालिक व ड्राइवर का नाम दिया गया है ट्रेक्टर को कब्जे में लेकर चालक की गिरफ्तारी का प्रयास हो रहा है।

### आशा कार्यकर्त्री को किया जा चुका है निष्कासितः प्रभारी चिकित्साधिकारी

बलिया। जनपद के विकास खण्ड रसड़ा के ग्राम मुंडेरा की निष्कासित आशा कार्यकत्री रागिनी सिंह द्वारा 07 जनवरी 2023 को सीएचसी परिसर में धरना-प्रदर्शन के बाबत प्रभारी चिकित्साधिकारी सराय भारती ने बताया कि रागिनी सिंह को अपने कार्य एवं दायित्वों का निर्वहन न करने तथा अपने नियंत्रक, उच्च अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार किये जाने की शिकायत पर मुख्य चिकित्साधिकारी बलिया के स्तर से त्रिसदस्यीय जाँच समिति गठित की गई। जांच समिति की आख्या के आधार पर सीएमओ के निर्देश पर श्रीमती सिंह को सेवा से निष्कासित किया जा चुका है। उच्च अधिकारी के साथ दुर्व्यवहार किये जाने के विरुद्ध रसड़ा कोतवाली में मुकदमा भी दर्ज किया जा चुका है, जिसमें पुलिस की ओर से न्यायालय में चार्जशीट दाखिल की जा चुकी है। रागिनी सिंह से कोई भी कार्य न लिये जाने संबंधी ग्रापं मुंडेरा के ग्राम प्रधान, अध्यक्ष ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता व पोषण समिति को पत्र भेजा जा चुका है।

### रोडवेज चालकों परिचालकों को किया गया सम्मानित

मऊ। बुधवार को स्थानीय बस स्टेशन पर डीजल बचाओ, आय बढ़ाओ, परिवहन निगम को सुदृढ़ बनाओ कार्यक्रम आमसभा का आयोजन किया गया। जिसमें वर्ष 2022 में अच्छा डीजल औसत अच्छा संचालन प्रतिफल अर्जित करने वाले चालकों, परिचालकों व तकनीकी कर्मियों का माल्यार्पण, षाल भेंट कर व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिसमें संजय कुमार सिंह परिचालक, प्रदीप सिंह परिचालक, श्रवण कुमार परिचालक, मन उदास चालक, सर्वजीत यादव चालक तथा अनिल कुमार वर्मा चालक आदि लोगों को सम्मानित किया गया।
आयोजन के दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष जसवंत सिंह, क्षेत्रीय मंत्री पीएन सिंह, क्षेत्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष शेखर सिंह, क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक मऊ सहित सभी संवर्ग के कर्मचारी उपस्थित थे।

# लघु आपराधिक मामलों का अधिक करायें निस्तारण



मऊ। जनपद न्यायाधीश रामेश्वर की अध्यक्षता में बुधवार को राष्ट्रीय लोक अदालत 11 फरवरी 2023 में एनआई एक्ट एवं लघु आपराधिक मामलों के अधिक से अधिक निस्तारण कराये जाने हेतु प्री-ट्रायल बैठक आहूत की गयी। जनपद न्यायाधीश रामेश्वर द्वारा उपस्थित न्यायिक अधिकारीगण को राष्ट्रीय लोक अदालत 11 फरवरी 2023 में एनआई एक्ट की धारा-138 एवं शमनीय वादों के आपसी सहमति से निस्तारित किये जाने योग्य मामलों के अधिक से अधिक निस्तारण किये जाने हेतु सम्बन्धित मजिस्ट्रेट न्यायालयों के पीठासीन अधिकारीगण को मामलों के चिन्हांकित कराये जाने व नोटिस जारी किये जाने के बाबत आवश्यक निर्देश प्रदान किया गया।

नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत अशोक सिंह, अपर जनपद न्यायाधीश प्रथम ने उपस्थित न्यायिक गण को राष्ट्रीय लोक अदालत 11 फरवरी 2023 में वादकारी के सुविधा के बाबत आवश्यक सुझाव प्रदान किया। प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्वेता चैधरी ने प्री-ट्रायल में उपस्थित न्यायिक अधिकारीगण से राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से आमजन मानस को अधिकतम लाभान्वित किये जाने हेतु आवश्यक सुझाव प्रदान करते हुए आमजन से यह भी अपील गयी कि 11 फरवरी 2023 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने अधिकाधिक मामलों को लगाकर निस्तारण कराये तथा अनावश्यक फिजूल खर्चे से बचे। आयोजित प्री-ट्रायल बैठक में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट फर्रुख इनाम सिद्दीकी, न्यायिक मजिस्ट्रेट अमितमणि, शैलेश कुमार, अमित कुमार, उत्कर्ष, संतोष, अभिषेक कुमार, प्रेमचन्द आदि न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### बाढ़ से प्रभावितों को बचाने में लगे नाविकों के खाते में पहुंची धनराशि

मऊ। अपर जिलाधिकारी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि वर्ष 2022 में बाढ़ से प्रभावित जनपद मऊ की तहसील मधुबन व घोसी में बाढ़ से प्रभावित व्यक्तियों के बचाव व राहत पहुंचाने के कार्य में लगे हुये नाविकों की दैनिक मजदूरी एवं नाव के किराये का भुगतान की स्विकृती डीएम द्वारा प्रदान कर दी गई है। जिसके पश्चात दोनों तहसीलों में नाविकों की दैनिक मजदूरी व नाव के किराये के रुप मे रु. 13 लाख 66 हजार की धनराशि का भुगतान ई-पेमेण्ट के माध्यम से संबंधित के खाते मे अन्तरित कर दी गयी है। इस संबंध में प्रभारी अधिकारी आपदा द्वारा सभी उपजिलाधिकारीयों को अपने स्तर से भी नाविकों को अवगत कराने के निर्देश दिये।

# कोहरे की चादर में लिपटा रहा जिला

**मौसम की मार**

गाड़ियों की रफ्तार पर लगा ब्रेक

चुभन पैदा कर रही है सर्द हवाएं ठंड से जन मानस बेहाल

जनसंदेश न्यूज



नई बस्ती सकलेनाबाद मार्ग से ठंड के बीच गुजरती युवतियां।



जलकल विभाग स्थित अलाव के सहारे बैठे कर्मचारी।



महुआबाग मार्ग से लकड़ियां लेकर जाती महिलाएं।

**गाजीपुर।** सर्दी का सितम लगातार जारी है। सोमवार भोर से तनी कोहरे की चादर दोपहर में भले ही हल्की हो गई, मगर शाम होते ही कोहरे ने फिर आसमान पर डेरा जमा लिया। इससे दृश्यता बहुत ही कम हो गई थी। सुबह के समय जहां वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक लगा रहा, वहीं कोहरे के साथ ठिठुरन भी बढ़ गई है। ठंड के कारण बाजार में भी सन्नाटा पसरा रहा।

सूर्य देव के दर्शन दोपहर बाद जरूर हुए, लेकिन कोहरे व ठंड के साथ-साथ जिले में प्रदूषण के स्तर में भी इजाफा हुआ है। बीते 10 दिनों में प्रदूषण का स्तर अधिक बढ़ा है। अधिकतम 18 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि आने वाले दिनों में भी कोहरा रहने के आसार है।

अगले सप्ताह से कोहरे से राहत मिलने की उम्मीद है, लेकिन यह भी ज्यादा दिनों तक नहीं रहेगी। सुबह दृश्यता शून्य पर पहुंच गई। इससे ट्रेनों की रफ्तार पर ब्रेक लग गया। वाहनों के रेंग-रेंगकर चलने लगे। सद्भावना, गोंदिया, सुहेलदेव एक्सप्रेस समेत एक दर्जन ट्रेन कोहरे के कारण सिटी रेलवे स्टेशन पर विलम्ब से आई। ग्रामीण क्षेत्रों में भी कमोवेश यही हाल रहा। सर्दी के चलते जनजीवन और दैनिक गतिविधियों भी प्रभावित हुई हैं प्रशासन की ओर से कंबल वितरण का भले ही दावा किया जा रहा हो, लेकिन जरूरतमंद सर्दी में ठिठुर रहे। कबीरपुर के सुंदर, फरीदा, हसनैन, शिवकुमार का कहना है कि कंबल अभी तक नहीं मिला। पुराना वाला फट गया है। इसके बावजूद किसी तरह उससे काम चलाया जा रहा है।

उधर लगातार ठंड में हो रहे इजाफे को लेकर लोग काफी परेशान हो उठे हैं। सर्द हवाओं के चलने से गलन और बढ़ गई है, लोगों की दिनचर्या बुरी तरह प्रभावित हो रही है। कड़ाके की ठंड के चलते बाजारों में सन्नाटा सा छाया हुआ है, बिक्री ना होने के चलते दुकानदार भी प्रभावित हो रहे हैं। ठंड के चलते लोग या तो घर के अंदर हैं या तो कहीं अलाव का सहारा लेकर बैठे हैं। किसी कारण से घर छोड़कर बाहर आने जाने वालों के लिए काफी दिक्कतें हो रही हैं। फिलहाल नगर में नगर पालिका द्वारा जगह-जगह लकड़ी गिरा कर अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है जहां लोग अलाव के सहारे अपनी ठंडक को दूर कर रहे हैं। ठंड के चलते तमाम लोग खुद ही लकड़ी की व्यवस्था कर अलाव जलाने के लिए मजबूर हो रहे हैं। फिलहाल ठंड से कब राहत मिलेगी इसका लोग इंतजार कर रहे हैं।

## कम राजस्व वसूली करने वाले विभागों को डीएम का अल्टीमेटम

### राइफल क्लब में कर-करेत्तर एवं मासिक स्टाफ की बैठक संपन्न

जनसंदेश न्यूज



राइफल क्लब सभागार में बैठक लेती डीएम आर्यका अखौरी।

**गाजीपुर।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में कर-करेत्तर एंव मासिक स्टाफ बैठक राईफल क्लब सभागार में सम्पन्न हुआ। बैठक में जिलाधिकारी ने चकबन्दी, व्यापार कर, विद्युत देय, आबकारी, परिवहन, वन विभाग, स्टाम्प, नगर पालिका, आडिट आपत्ति, अंश निर्धारण, आईजीआरएस, मोटर देय, काउण्डर फाईल, के सम्बन्ध विस्तारपूर्वक समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों का आह्वान करते हुए उन्हें निर्देश दिया कि राजस्व प्राप्ति के संबंध में जो विभाग कार्य कर रहे हैं उनके द्वारा अपने-अपने लक्ष्य को प्रत्येक माह उसे पूर्ण कर अंतिम रूप प्रदान किया जाए ताकि सभी विभागों में राजस्व प्राप्ति के लक्ष्य पूर्ण किए जा सकें। उन्होंने कम राजस्व वसूली वाले विभागो के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को अपने लक्ष्य के प्रति प्रत्येक माह कार्य योजना बनाकर मूर्त रूप प्रदान किया जाएं। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही एवं शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने स्पष्ट किया है कि जिन विभागीय अधिकारियों के द्वारा अपने राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति नहीं की जाएगी उनके विरुद्ध कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। जिसकी जिम्मेदारी स्वयं संबंधित विभागीय अधिकारी की होगी। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने मासिक स्टाफ बैठक में राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ ली।

बैठक में लंबित प्रकरण एवं विवादित प्रकरण, दाखिल खारिज , विवादित वादो का निस्तारण करने को कहा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि समस्त अधिकारी राजस्व वसूली का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर करते हुए डिमांड के अनुसार वसूली सुनिश्चित करे। उन्होंने राजस्व वादों के निस्तारण में समीक्षा करते हुए राजस्व वादों के निस्तारण के संबंध में सभी पीठासीन अधिकारियों द्वारा शिकायतो का निस्तारण गुण एवं दोष के आधार पर कार्रवाई करते हुए सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं अन्य संबंधित राजस्व अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व कार्यों में सभी अधिकारियों द्वारा सरकार की मंशा के अनुरूप चलाए जा रहे प्रत्येक कार्यक्रम में तत्परता दिखाते हुए कार्यों का संपादन किया जाना सुनिश्चित करें ताकि सरकार की राजस्व योजनाओं का लाभ जन सामान्य को आसानी के साथ प्राप्त हो सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि.रा अरूण कुमार सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी सुशील लाल श्रीवास्तव, समस्त उपजिलाधिकारी, तहसीलदार एवं सम्बन्धित अधिकारी एंव पटल सहायक उपस्थित थे।

## लाल बालू के खेल में शामिल दो पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

जनसंदेश न्यूज

**सेवराई।** तहसील क्षेत्र में पुलिस की मिलीभगत से लाल बालू के ओवरलोड ट्रकों के संचालन का खेल मीडिया में उजागर होने के बाद पुलिस कप्तान ओमवीर सिंह द्वारा इसमें शामिल देवल चौकी के दो सिपाहियों को लाइन हाजिर किया गया है। जिससे बालू माफियाओं के साथ-साथ पुलिस विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। ज्ञात हो कि देवल कर्मनाशा सेतु के रास्ते ओवरलोड ट्रकों के परिचालन को लेकर बीते रविवार को पुलिस की मिलीभगत से चार ट्रकों को भगा दिए जाने के मामले को लेकर एसडीएम काफी नाराजगी जताते हुए प्रशासन पर शिकंजा कसते हुए सख्त निर्देश दिया था। किसी भी हाल में बिहार से कर्मनाशा सेतु के रास्ते आने वाले ओवरलोड ट्रकों को पकड़ कर सख्त कार्रवाई की जाए । बीते रविवार को पांच ओवरलोड ट्रकों को देवल पुलिस चौकी द्वारा पकड़े जाने के बाद प्रभारी निरीक्षक गहमर द्वारा एसडीएम को बताया गया। लेकिन मौके पर जब एआरटीओ व खनन विभाग पहुंचा। तब मात्र एक ट्रक ही खड़ी मिली। जिसमें पुलिस के संलिप्त होने का संदेह होने पर पूरे प्रकरण को एसडीएम द्वारा जिलाधिकारी गाजीपुर को अवगत कराया गया और हर हाल में ओवरलोड ट्रकों पर कार्रवाई करने का गहमर पुलिस को निर्देश दिया गया। रविवार को पुलिस चौकी पर खड़ा कराए गए बालू लदे ट्रकों के भगाए जाने के मामले में पुलिस कप्तान ने संज्ञान लेते हुए इस मामले में शामिल उदय एवं अभिजीत नामक दो पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया है। इस संदर्भ में प्रभारी निरीक्षक गहमर पवन कुमार उपाध्याय ने बताया कि बालू लदे ओवरलोड ट्रकों को भगाने के आरोप में कार्रवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक ने देवल चौकी के दो सिपाहियों को लाइन हाजिर किया है।

## हेरोइन सहित चोरी की बाइक के साथ चार गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज



मुहम्मदाबाद पुलिस के गिरफ्त में आरोपी।

**मुहम्मदाबाद।** पुलिस अधीक्षक तथा अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी श्याम बहादुर सिंह के कुशल दिशा निर्देशन में चौकी प्रभारी शाहनिंदा कृष्ण प्रताप सिंह ने अपने हमराहियों के साथ चार अभियुक्तों को दो मोटर साइकिल, तमंचा-कारतूस, चाकू 12 ग्राम हेरोइन के साथ चार अभियुक्तों को आदिलाबाद चौराहे से गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी मंगलवार की रात्रि में अपराध को रोकने व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के दौरान गश्त कर रहे थे कि अचानक तिवारीपुर की तरफ से दो मोटरसाइकिल सवार आते दिखे। वहां पर कुछ पुलिस वाले वाहन चेकिंग भी कर रहे थे ।पुलिसवालों ने मोटरसाइकिल सवार को रुकने का इशारा किया। ज्योंहि उन लोगों ने पुलिस को देखा वे भागने की फिराक में पड़ गए। गिरफ्तार ग्राम अमरूपुर थाना भांवरकोल छांगुर डोम पुत्र बिंदा डोम 25 वर्ष, सोनाडी थाना भांवरकोल निवासी कमलेश डोम, अजय डोम पुत्रगण कैलाश डोम, कोटवा नारायणपुर थाना नरही जिला बलिया निवासी राजू डोम पुत्र घीसरावन डोम 26 वर्ष बताया। गिरफ्तार करने वाली टीम में चौकी प्रभारी कृष्ण प्रताप सिंह, दीपक मिश्रा, अजीत यादव, प्रभाकर मिश्रा,चंदन पासवान, नवीन दुबे ,राहुल कुमार उपस्थित थे।

### पूर्व पीएम को यूथ कांग्रेसियों ने किया याद

**गाजीपुर।** यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुधांशु तिवारी के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनकी पुण्यतिथि मनाई गई। यूथ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव दिवांशू पाण्डेय अंशु जी ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री जी किसानों की हक की लड़ाई के लिए हमेशा संघर्षरत रहे हैं। इस मौके पर सेवादल के जिलाध्यक्ष आशुतोष गुप्ता ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री की पुण्यतिथि पर आज हम सब सपथ लेते हैं, किसानों की आवाज को हमेशा कांग्रेस उठाते रही हैं और हमेशा उठाते रहेगी। इस मौके पर जनक कुशवाहा, धर्मेंद्र कुमार एनएसयूआई जिलाध्यक्ष, अच्छे लाल महासचिव यूथ कांग्रेस, राजकुमार एनएसयूआई शहर उपाध्यक्ष, सुजीत कुमार एनएसयूआई नगर अध्यक्ष, शिवम, अरविंद कुमार, अभय कुमार, सोनू आदि लोग उपस्थित रहे।

### पत्रकार का निधन

**मरदह।** ब्लाक क्षेत्र के सिंगेरा गांव निवासी पत्रकार त्यागी मुखदेव सिंह (80) का गाजीपुर स्थित आवास पर बुधवार को निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनका शव पैतृक आवास सिंगेरा गांव में आने पर शोक की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर शोकाकुल ग्रामीणों की भीड़ उनके आवास पर जुटी रही।

## ओवरब्रिज की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**नाराजगी**

**बलपूर्वक पुलिस ने ग्रामीणों को खदेड़ा, आक्रोशित ग्रामीणों ने कार्यदायी संस्था को दी चेतावनी**



भड़सर बाजार में ओवरब्रिज की मांग को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण।

**बिरनो।** वाराणसी-गोरखपुर फोरलेन मार्ग स्थित भड़सर बाजार में ओवरब्रिज की मांग को लेकर एक बार फिर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। ग्रामीणों के मुताबिक ओवरब्रिज की बात कर एनएचआई अधिकारियों द्वारा सड़क बंद किया जा रहा है।अधिकारियों के निर्देश पर अवैध कट बंद होने से भड़सर सहित दर्जनों गांवों के आवागमन अवरूद्ध हो जाएगा। दरअसल, बिरनो थाना क्षेत्र के अंतर्गत भड़सर चौराहा है। जिसके चारों तरफ सैकड़ों गांव बसे है। दो ब्लाक से लेकर दो तहसील को जोड़ने वाला मार्ग है। ऐसे में इस रास्ते प्रतिदिन हजारों लोग आते जाते है। इसके अलावा भड़सर बड़ा बाजार है। वाराणसी-गोरखपुर फोरलेन मार्ग स्थित भड़सर गांव के लोगों ने एक बार इसके पहले भी जंगीपुर विधानसभा पूर्व प्रत्याशी कुंवर रमेश सिंह पप्पू के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन कर चुके है। जिसके बाद ओवरब्रिज के आश्वासन पर धरना समाप्त हुआ था। लेकिन बुधवार को एनएचएआई द्वारा प्रमुख सड़क को बंद करने का कार्य शुरू हो रहा था। जिसको ग्रामीणों ने रोक दिया और प्रदर्शन करने लगे। ग्रामीणों के मुताबिक वाराणसी से गोरखपुर फोरलेन स्थित भड़सर में हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट कालेज स्थित है, जिसको लेकर पुरे क्षेत्र के लोग चिंतित है। बतादें,जिलाधिकारी आर्यका अखौरी के आदेश पर बुधवार को कार्यदायी संस्था के राकेश वर्मा पहुंचे। वह बने हुए कट पर मिट्टी डालकर बंद कराने का कार्य कराने लगे। उत्तेजित ग्रामीणों ने कार्य कर रही संस्था को ऐसा करने के लिए रोक दिया। जिसके बवाल बढ़ता देख थानाध्यक्ष कृपेन्द्र प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे। सड़क पर मौजूद ग्रामीणों को बलपूर्वक सड़क से नीचे उतारने का प्रयास करने लगे। पुलिस की इस कार्रवाई से ग्रामीण आक्रोशित हो गए और कार्य कर रही संस्था को कार्य बंद करने का हिदायत दिए। मौके पर दया प्रकाश सिंह, दिनेश जायसवाल, मोनू पटेल, सूर्यदेव भारती, अब्दुल मन्नान, चंद्रिका विश्वकर्मा, विनोद पटेल, सिंहाचल राम, प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहें।

## धार्मिक विकास को मिलेगी उड़ान पर्यटनमंत्री से बजट की डिमांड

**मांग**

**महाहर धाम के चहुंमुंखी विकास के लिए पर्यटन राज्यमंत्री से मिले कुंवर रमेश सिंह पप्पू**



पर्यटन मंत्री राजवीर सिंह को पत्रक सौंपते हुए भाजपा नेता कुंवर रमेश सिंह पप्पू

**गाजीपुर।** जंगीपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रहे कुंवर रमेश सिंह पप्पू ने राज्य के पर्यटन मंत्री से लखनऊ में मुलाकात कर महाहर धाम के विकास के लिए विशेष अनुरोध किया। धार्मिक, संस्कृति और सांस्कृतिक विरासत की पहचान के विकास के लिए कार्य अवश्य होना चाहिए। इससे धार्मिक आस्था की मजबूती होगी। पर्यटन का विकास होगा तो उद्योग और व्यवसाय में भी बढ़ोतरी होगी। वही विश्व के मानचित्र पर स्थापित होगा।

क्षेत्र के महाहर धाम तीर्थ स्थल का विकास कराने को लेकर वरिष्ठ भाजपा नेता कुंवर रमेश सिंह पप्पू सक्रिय हो गए हैं। बीते दिनों लखनऊ में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह को मंदिर के विकास के लिए प्रस्ताव सौंपा और इस पौराणिक स्थल के विकास के साथ ही धार्मिक पौराणिक स्थल की मान्यता को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की। भाजपा नेता ने पर्यटन राज्यमंत्री से महाहर धाम की मान्यता को लेकर बताया कि महाराजा दशरथ द्वारा स्थापित धार्मिक पौरणिक स्थल है। इस ऐतिहासिक व पौराणिक शिव मंदिर से क्षेत्र के लोगों की गहरी आस्था जुड़ी है। महाहर मंदिर पर स्थानीय लोगों के साथ साथ अन्य जनपदों से लोग भी दर्शन करने के लिए आते हैं। मंदिर पर पूरे वर्ष प्रतिदिन श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है और श्रावण मास में तो एक दिन में भीड़ लाखों की संख्या तक पहुंच जाती है। बताया कि इसके बावजूद उक्त स्थल पर धार्मिक विकास धर्मार्थ कार्य व पर्यटन विभाग द्वारा विशेष ध्यान नहीं देने से धाम का ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व के अनुरूप विकास नहीं हो सका है। उन्होंने पर्यटन राज्यमंत्री से मांग किया कि महाहर मंदिर की ऐतिहासिकता को बनाए रखने के लिए इसका विकास के साथ सुंदरीकरण कराया जाए।

### स्वयं सहायता समूह की बैठक संपन्न

**मरदह।** ब्लाक परिसर में बुधवार को स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की बैठक हुई। जिसमें संगठन की मजबूती पर बल देते हुए पिन्टू देवी ने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्रों पर वितरण होने वाला सूखा राशन वितरण का कार्य स्वयं सहायता समूहों द्वारा वर्ष 2020 से किया जा रहा है। जिसमे 734 रुपये की दर से 18 माह का परिश्रमिक बकाया है जिसको बार -बार मांगने के बाद भी नही दिया जा रहा है।ब्लाक की समस्त ग्राम पंचायतों में अब तक आंगनवाड़ी का पोषाहार वितरण 20 स्वयं सहायता समूहों द्वारा कराया जा रहा था । इस समय इसका विभाजन कर एक गांव में एक स्वयं सहायता समूह से वितरण कराने का कार्य कराया जा रहा है । जो स्वयं सहायता समूहों के लिए अत्यंत अनुचित है । इतने कम परिश्रमिक पर कार्य कराए जाने एवं बाद में वितरण कार्य भी छीनने से स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं का अहित हो रहा है।जिसको तत्काल प्रदेश सरकार संज्ञान लेकर हमारी मांगे पूरी करे। माधुरी देवी,इन्दू ,कुसुम,रामावती, मुन्नी, तारा, मंजू, संजु, सरोज ,अफती,मीना, लालती,गीता, मानसी, सीमा, सविता, शशिकला, उर्मिला, पुष्पा,चंदा,प्रमीला,सावित्री,ममता,पार्वती, आदि मौजूद रहीं।

## प्रशासन के कागजों में जल रहा अलाव, ठिठुर रही जिदंगियां

**भांवरकोल।** जनवरी माह के शुरूआत से शुरू ठंड का सितम कम होने का नाम ही नही ले रही है। दो दिनों से दोपहर तक कंपकंपी होने के बाद दो तीन घंटे के लिए थोड़ी बहुत हल्की धूप और फिर दिन ढलने के साथ ही ठंड बढने से लोगों की परेशानियां अभी खत्म होती नजर नहीं आ रही है। सरकार की ओर से अभी तक आम स्थानों पर अलाव की कोई व्यवस्था नही नजर आ रही है। ।सर्वाधिक समस्या मजदूरों और उन किसानों को है जो पेट पालने के लिए रोज के आजीविका पर निर्भर है। खेतों और मंडियों में कार्य करते हैं शीतलहर के कारण जन जीवन अस्त व्यस्त पड़ा हुआ है। ऐसे में चट्टी-चौराहों समेत ग्रामीण अंचलों के विभिन्न स्थानों पर अलाव का प्रबंध करने वाले सरकारी तंत्र फेल दिख रहे है। अगर कहीं दिख भी रहा है तो लोग अपने आप व्यवस्था कर अलाव जला रहे हैं। जबकि दावा है कि अलाव जलाए जा रहे है। लोग कूड़ा करकट, टायर ,पालीथिन को अलाव के रूप में जलाकर कड़कड़ाती ठंड से राहत पाने के जुगत में दिन भर लगे रहते हैं। घरों में लोग पुराने फटे कपड़े और प्लास्टिकों की बोरी जलाकर किसी तरह राहत पाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन सबसे बड़ी समस्या पशुओं की हो जो एक ही जगह पर बांधे रहते। इस संबंध में मुहम्मदाबाद एसडीएम हर्षिता तिवारी से संपर्क किया गया लेकिन उन्होंने मीटिंग की व्यवस्ता बताते हुए फोन काट दिया।

### चिकित्सको ने डॉ. काउंट सीजर मैटी को किया याद

**दिलदारनगर।** बड़ी नहर स्थित एक हाल में डा. काउंट सीजर मैटी का 214वाँ जन्मदिवस बुधवार को मनाया गया। चिकित्सकों ने डा. काउंट सीजर मेरी के जन्मदिवस पर केक काटकर खुशियाँ मानाई। डॉ. बी. के मौर्या ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 11 जनवरी सन् 1809 ई. में इटली के बोलोनिया शहर में हुआ था जो इलेक्ट्रो होम्योपैथी के जन्मदाता रहे है। इस अवसर पर डा. आर कुमार, डॉ अरविद दिनबन्धु, अमर यादव, जवाहिर ,राम सिंह बिपिलेश आदि उपस्थि रहे।

## संक्षेप

### हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय ने निकाली रैली



**जमानियां।** स्टेशन बाजार स्थित हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा सप्ताह के अन्तर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण,रैली तथा शपथ ग्रहण का आयोजन हिंदी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर अभिषेक तिवारी तथा सहयोगी एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. अंगद प्रसाद तिवारी के संयुक्त निर्देशन में सकुशल संपन्न हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.शरद कुमार ने एनसीसी कैडेटों एनएसएस स्वयं सेवक सेविकाओं तथा रोवर्स रेंजर्स सहित छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए अनिवार्य रूप से ट्रैफिक नियमों का पालन करने की अपील की।आयोजक अभिषेक तिवारी ने छात्र -छात्राओं को सड़क सुरक्षा की खूबियों और खामियों तथा दुर्घटना से होने वाली मृत्यु से पारिवारिक एवं सामाजिक तथा राष्ट्र की होने वाली अपूरणीय क्षति पर विस्तार से चर्चा की तथा सड़क पर चलने के नियमों के बारे में बताया।तिवारी जी ने ट्रैफिक सिग्नल के बारे में सहभागियों को विस्तार से जानकारी दी।रोवर रेंजर्स प्रभारी एवं इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ संजय कुमार सिंह ने भी छात्र छात्राओं को संबोधित किया।सहयोगी एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट अंगद प्रसाद तिवारी ने छात्र छात्राओं को प्रशिक्षित किया और आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा तय करते हुए समाज में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से स्टेशन बाजार में जागरूकता रैली निकाली गई।रैली के बाद आयोजक अभिषेक तिवारी द्वारा शपथ ग्रहण कराया गया।धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय के आईक्यूसी प्रभारी एवं रसायन विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो.अरुण कुमार ने किया। कार्यक्रम में हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो.अखिलेश कुमार शर्मा शास्त्री डॉ.ओमप्रकाश लाल श्रीवास्तव मनोज कुमार सिंह प्रदीप कुमार सिंह सूरज कुमार जायसवाल कमलेश प्रसाद और तमाम छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया एवं सड़क सुरक्षा के विविध पहलुओं को बारीकी से समझा।

### एसडीएम ने गौ आश्रय केंद्र का किया औचक निरीक्षण



**दिलदारनगर।** जिलाधिकारी के निर्देश पर सेवराई के उपजिलाधिकारी राजेश प्रसाद व भदौरा ब्लाक के खंड विकास अधिकारी राजेश श्रीवास्तव द्वारा संयुक्त रूप से नगर पंचयात कार्यालय परिसर में स्थित अस्थायी गौ आश्रय का स्थली निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पशु स्थल को अच्छी तरह साफ सफाई करने एवं ठंड से पशुओं के बचाव के लिए बोड़ा ओढ़ाने को सहित समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया। वही परिसर में बन रहा नया पम्प हाउस मानक के अनुसार बनाने के लिए अधिशाषी अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया। इस पर अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार पांडेय ने जानकारी दिया की अस्थाई गौशाला में 28 पशुओं के लिए राशन,चारा,पानी,रखने बांधने का इंतजाम है। इसमें अलावा अस्थस्थाई गोबंश आश्रय में पशुओं का समय समय पर टीकाकरण,स्वास्थ परिक्षण किया जाता है। इसके अलावा खान पान व रख रखाव के लिए नगर पंचायत कर्मियो को आवश्यक निर्देश भी दिया गया है।

### मातेश्वरी मंदिर से चांदी का मुकुट चोरी



**दिलदारनगर/नगसर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गोहदा गांव में बीती रात्रि मातेश्वरी गोहदाइन मंदिर के बंद दरवाजे में लगे ताला को हेक्सा ब्लेड से काट कर चांदी का मुकुट एवं एंपलीफायर साउंड मशीन को अज्ञात चोरों ने चुरा लिया। इस चोरी की घटना क्षेत्र में सुबह आग की तरह फैल गई,सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड इकट्ठा हो ग ई।लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी,सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी। चोरी के बाबत आदि शक्ति माहेश्वरी गोहदाईंन सेवा ट्रस्ट के प्रबंधक अमरेश कुमार सिंह ने लिखित सूचना पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामलें की छानबीन में जुट गई ।लोगों ने बताया कि करीब तीस से चालीस हजार की चोरी हुई है,साथ ही मांग किया कि इस चोरी का जल्द खुलासा कर इसमें शामिल लोगों को सलाखों के पिछे भेंजा जाए।इस सम्बध में नगसर थानाध्यक्ष आनंद कुमार ने बताया कि चोरी की तहरीर मिली है,मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, जल्द ही इसका खुलासा कर दिया जायेगा।

### ताड़ीघाट की टीम अगले चक्र में क्वालीफाई



**सेवराई।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय सेवराई पर वॉलीबॉल प्रतियोगिता का उद्धाटन जमानिया विधायक ओमप्रकाश सिंह ने फीता काटकर किया। उद्घाटन मैच ताड़ीघाट व करहियां के टीम के बीच हुआ। जिसमें कांटे के मुकाबले में ताड़ीघाट ने करहिया के टीम पर जीत दर्ज कर अगले चक्र में प्रवेश किया। पूर्व माध्यमिक विद्यालय सेवराई स्थित मैदान पर दोपहर बाद शुरू हुए वॉलीबॉल प्रतियोगिता में पहला सेट करहियां की टीम ने 20 के मुकाबले 25 अंको से जीत दर्ज किया। दूसरे सेट में वापसी करते हुए ताड़ीघाट की टीम ने करहियां को 25-20 व तीसरा सेट 15 -12 के अंतर से कड़े मुकाबले में पराजित कर अंडर 6 में अपना स्थान पक्का कर लिया। इस मौके पर प्रधान सुभाष यादव ,हरिनारायण सिंह, रासबिहारी सिंह, डा. अशोक सिंह, रामप्रताप सिंह,आकाश सिंह,नितेश सिंह, राजीव सिंह यादव, गुड्डू सिंह, संजीव सिंह, चिन्टू, देवकुमार सिंह, अशोक सिंह आदि लोग उपस्थित रहे। मैच रेफरी टुनटुन सिंह, कमेंट्री सन्तोष सिंह व स्कोरर गोलू सिंह रहे।

### चोरों ने सचिवालय का चटकाया ताला

**गाजीपुर।** शहर कोतवाली क्षेत्र के बीकापुर गाँव के सचिवालय का ताला तोड़कर चोरों ने सामान सहित सरकारी कागजात को लेकर चंपत हो गए। सोमवार की रात्रि में बीकापुर गाँव बने सचिवालय से कम्प्यूटर, फिगर, पिन्टर, मशीन, कैमरा सहित हाजिरी रजिस्टर उठा ले गए। सुबह चोरी की घटना की जानकारी होते ही ग्रामप्रधान व सेक्रेटरी मौके पर पहुँच घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गईं। कोतवाली प्रभारी तेज बहादुर सिंह ने बताया कि मामले की ग्राम प्रधान द्वारा चोरी की तहरीर दी गई है।

### अगले माह आयोजित होगा सीएम सामूहिक विवाह

गाजीपुर। जिला समाज कल्याण अधिकारी राम नगीना यादव ने बताया है कि जिलाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत एक वृहद सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन सात फरवरी एवं नौ मार्च को निर्धारित किया गया है। जिसमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक वर्ग एवं सामान्य वर्ग के निराश्रित/निर्धन परिवारों के विवाह योग्य कन्या तथा विधवा/परित्यक्ता/तलाकशुदा महिलाओं के विवाह हेतु अनुदान योजना के माध्यम से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराते हुए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत पात्र होगें। इच्छुक पात्र जोड़े अपना रजिस्ट्रेशन संबंधित विकास खण्डों/नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत मे आवेदन/रजिस्ट्रेशन कराना सुनिश्चित करें।

### निकाय चुनाव : चुनाव टलने से दम ठोक रहे प्रत्याशियों के अरमानों पर फिरा पानी

**गाजीपुर।** नगर निकाय चुनाव में आरक्षण को लेकर न्यायालय से मिले फैसले से राजनीतिक दलों के अलावा चुनाव में दम ठोंक रहे प्रत्याशियों को जोरदार झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने ओबीसी आरक्षण को लेकर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी है। इतना ही नही सरकार को तीन महीने की देरी से चुनाव कराने की भी अनुमति दी है। इससे तय हो गया है कि अब मार्च तक चुनाव नहीं होंगे। इससे पिछले कई महीनों से पूरे दमखम के साथ चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे दावेदारों के अरमानों पर संशय के बादल गहरा गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने प्रदेश सरकार को चुनाव कराने को तीन महीने का समय दिया है। इसमें सरकार को आरक्षण के लिए नए सिरे से नोटीफिकेशन जारी करने को कहा गया है। प्रदेश सरकार ने निकाय चुनाव में परिषद और नगर पंचायतों के अध्यक्ष और पार्षदों की सीटों का आरक्षण घोषित कर दिया था। इससे पहले से ही सियासी सरगर्मियां भी तेज हो गईं थी। नगर निकाय चुनाव लड़ने वाले संभावित उम्मीदवार राजनीतिक दलों से टिकट की दावेदारी के साथ-साथ अपने प्रचार में भी पूरे दमखम के साथ जुटे हुए हैं। गाजीपुर के अलावा मुहम्मदाबाद, जमानियां, सैदपुर, सादात, जंगीपुर, बहादुरगंज और दिलदारनगर कस्बों की गलियों और मोहल्ले तक चुनावी बैनर-पोस्टर से पट गए थे।

## जनसंपादकीय

# समाज और राष्ट्र के कर्णधार हैं युवा

**कृष्ण कुमार यादव**



युवा वर्ग मानव शक्ति का सबसे प्राणवान और ऊर्जस्वी वर्ग है, जो सदैव प्रगति और विकास का अगुआ रहा है। युवा किसी भी समाज और राष्ट्र के कर्णधार हैं, वे उसके भावी निमार्ता हैं। चाहे वह नेता या शासक के रूप में हों, चाहे डॉक्टर, इन्जीनियर, वैज्ञानिक, साहित्यकार व कलाकार के रूप में हों। इन सभी रूपों में उनके ऊपर अपनी सभ्यता, संस्कृति, कला एवम् ज्ञान की परम्पराओं को मानवीय संवेदनाओं के साथ आगे ले जाने का गहरा दायित्व होता है। भारत को विश्व की महाशक्ति बनाने में युवा शक्ति का सबसे बड़ा योगदान है। आज पूरी दुनिया की निगाहें युवा वर्ग पर टिकी हुई हैं। वे राष्ट्र के सबसे ऊर्जावान भाग में से एक हैं और इसलिए उनसे बहुत उम्मीदें हैं। सही मानसिकता और क्षमता के साथ युवा राष्ट्र के विकास में योगदान कर सकते हैं और इसे आगे बढ़ा सकते हैं। भारत विश्व के सर्वाधिक जनसंख्या वाले देशों में से एक है और हमारी जनसंख्या का लगभग 65 फीसदी हिस्सा युवा है। हमारी जनसंख्या का 50 प्रतिशत हिस्सा 18-35 वर्ष की आयु का है। भारत में 27.5 प्रतिशत जनसंख्या 15 से 29 साल के आयुवर्ग के लोगों की है वही 41.3 प्रतिशत लोग 13 से 35 साल की उम्र के हैं। ऐसे में युवाओं की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता है। अगर इन युवाओं को सही ढंग से तराशा और संवारा जाए तो वे राष्ट्रीय गौरव का एक नया इतिहास रच सकते हैं। युवा वर्ग अपनी मेधा, परिश्रम और लगन से सबको चमत्कृत कर सकते हैं और युवा शक्ति भारत को विश्व का मुकुटमणि बना सकती है। इसीलिए यह आवश्यक है कि युवाओं के व्यक्तित्व का निर्माण हमारी प्राथमिकता में शामिल हो।

भारत में स्वामी विवेकानन्द जी की जयंती, अर्थात 12 जनवरी को प्रतिवर्ष 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के रूप में मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने सन् 1984 ई. को 'अन्तरराष्ट्रीय युवा वर्ष' घोषित किया था और तदनुसार भारत सरकार ने सन 1984 से ही स्वामी विवेकानन्द जयंती का दिन राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में देशभर में मनाने का निर्णय लिया। स्वामी विवेकानंद का यह कथन युवाओं के लिए सदा से प्रेरणाश्रोत रहा है -'उठो, जागो, स्वयं जागकर औरों को जगाओ। अपने नर-जन्म को सफल करो और तब तक नहीं रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाये।' निःसंदेह स्वामी विवेकानन्द आधुनिक मानव के आदर्श प्रतिनिधि हैं। उनका जीवन दर्शन और आदर्श भारतीय युवकों के लिए प्रेरणा का बहुत बड़ा स्रोत है। उन्होंने हमें कुछ ऐसी वस्तु दी है जो हममें अपनी उत्तराधिकार के रूप में प्राप्त परम्परा के प्रति एक प्रकार का अभिमान जगा देती है। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया, 'चिंतन करो, चिंता नहीं, नए विचारों को जन्म दो।' तीस वर्ष की आयु में स्वामी विवेकानन्द ने शिकागो, अमेरिका के विश्व धर्म सम्मेलन में हिंदू धर्म का प्रतिनिधित्व किया और उसे सार्वभौमिक पहचान दिलवायी। गुरुदेव रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने एक बार कहा था-'यदि आप भारत को जानना चाहते हैं तो विवेकानन्द को पढ़िये। उनमें आप सब कुछ सकारात्मक ही पायेंगे, नकारात्मक कुछ भी नहीं।'

युवा शब्द अपने आप में ही उर्जा और आन्दोलन का प्रतीक है। एक राष्ट्र जो ऊर्जावान, जिज्ञासु और मेहनती युवकों से भरा है और उन्हें काम के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान करने में सक्षम हो वह अपने विकास के लिए मजबूत आधार बनाता है। युवा वह दीवार है जिस पर राष्ट्र की भावी छतों को सम्हालने का दायित्व है। भारत की कुल आबादी में युवाओं की हिस्सेदारी करीब 65% प्रतिशत है जो कि विश्व के अन्य देशों के मुकाबले काफी है। इस युवा शक्ति का सम्पूर्ण दोहन सुनिश्चित करने की चुनौती इस समय सबसे बड़ी है। हमारे देश में कई प्रतिभाशाली और मेहनतकश युवा हैं जिन्होंने देश को गर्व की अनुभूति कराई है। भारत में युवा पीढ़ी उत्साहित और नई चीजें सीखने के लिए उत्सुक है। चाहे वह विज्ञान, प्रौद्योगिकी या खेल का क्षेत्र हो हमारे देश के युवा हर क्षेत्र में श्रेष्ठ हैं। अगर देश में युवाओं की मानसिकता सही है और उनके नवोदित प्रतिभाओं को प्रेरित किया गया तो वे निश्चित रूप से समाज के लिए अच्छा काम करेंगे। उचित ज्ञान और सही दृष्टिकोण के साथ वे प्रौद्योगिकी, विज्ञान, चिकित्सा, खेल और अन्य सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकते हैं। यह न केवल उन्हें व्यक्तिगत रूप से और पेशेवर रूप में विकसित करेगा बल्कि पूरे राष्ट्र के विकास और प्रगति के लिए भी योगदान देगा। दूसरी ओर यदि देश के युवा शिक्षित नहीं हैं या बेरोजगार हैं तो वह अपराध को जन्म देता है। आदर्श नेतृत्व ही युवाओं को सही दिशा दिखा सकता है। किसी दौर में युवाओं के आदर्श स्वामी विवेकानन्द, महात्मा गाँधी, नेता जी सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद, सरदार भगत सिंह, डॉ. अम्बेडकर जैसे लोग या उनके आसपास के सफल व्यक्ति, वैज्ञानिक और शिक्षक रहे। पर आज के युवाओं के आदर्श बदले हैं, जो शार्टकट के माध्यम से ऊँचाइयों पर पहुँच जाते हैं। फिल्मी अभिनेता, अभिनेत्रियाँ, विश्व-सुन्दरियाँ, भ्रष्ट अधिकारी, अपराध जगत के डॉन, उद्योगपति और राजनीतिज्ञ लोग उनके आदर्श बन गये हैं। नतीजन, अपनी संस्कृति के प्रतिमानों और उद्यमशीलता को भूलकर रातों-रात ग्लैमर की चकाचौंध में वे शीर्ष पर पहुँचना चाहते हैं। पर वे यह भूल जाते हैं कि जिस प्रकार एक हाथ से ताली नहीं बज सकती उसी प्रकार बिना उद्यम के कोई ठोस कार्य भी नहीं हो सकता।

आज का युवा संक्रमण काल से गुजर रहा है। वह अपने बलबूते आगे तो बढ़ना चाहता है, पर परिस्थितियाँ और समाज उसका साथ नहीं देते। चाहे वह राजनीति हो, फिल्म व मीडिया जगत हो, शिक्षा हो, उच्च नेतृत्व हो- हर किसी ने उसे सुखद जीवन के सब्ज-बाग दिखाये और फिर उसको भँवर में छोड़ दिया। ऐसे में पीढ़ियों के बीच जनरेशन गैप भी बढ़ा है। समाज की कथनी-करनी में भी जमीन आसमान का अन्तर है। एक तरफ वह सभी को डिग्रीधारी देखना चाहता है, पर उन सभी हेतु रोजगार उपलब्ध नहीं करा पाता, नतीजन- निर्धनता, मँहगाई, भ्रष्टाचार इन सभी की मार सबसे पहले युवाओं पर पड़ती है। इसी प्रकार व्यावहारिक जगत में आरक्षण, भ्रष्टाचार, स्वार्थ, भाई-भतीजावाद और कुर्सी लालसा जैसी चीजों ने युवा हृदय को झकझोर दिया है। जब वह देखता है कि योग्यता और ईमानदारी से कार्य सम्भव नहीं, तो कुण्ठाग्रस्त होकर गलत रास्तों पर चल पड़ता है। निश्चिततः ऐसे में ही समाज के दुश्मन उनकी भावनाओं को भड़काकर व्यवस्था के विरुद्ध विद्रोह के लिए प्रेरित करते हैं, फलतः अपराध और आतंकवाद का जन्म होता है। युवाओं को मताधिकार तो दे दिया गया है पर उच्च पदों पर पहुँचने और निर्णय लेने के उनके स्वप्न को दमित करके उनका इस्तेमाल नेताओं द्वारा सिर्फ अपने स्वार्थ में किया जा रहा है।

इंटरनेट और सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव एवं विभिन्न गैजेट्स ने भी युवाओं की जीवन शैली और जीवन के प्रति समग्र रवैया में परिवर्तन किया है। मोबाइल फोन और सोशल मीडिया ने भले ही एक क्लिक पर दुनिया तक पहुँच आसान कर दी हो, पर युवा इसमें इतने तल्लीन रहते हैं कि वे यह भूल गए हैं कि इसके बाहर भी एक जीवन है। सारी दुनिया भारत की युवा शक्ति पर टकटकी लगाए हुए है। सिर्फ युवाओं को दोष देने से कुछ नहीं होगा, क्योंकि सवाल सिर्फ युवा शक्ति के भविष्य का नहीं है, वरन् अपनी संस्कृति, सभ्यता, मूल्यों, कला एवम् ज्ञान की परम्पराओं को भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखने का भी है।

**(लेखक प्रशासनिक सेवा से जुड़े हैं, संपर्क 09413666599)**

# विवेकानन्द का शिक्षा-चिन्तन

**स्मरण**

**सदानन्द शाही**





स्वामी विवेकानन्द विश्व नागरिक थे। वे उन लोगों में नहीं थे जो मानते हैं कि भारत विश्व गुरु है और उसे दुनिया को सिखाने का हक हासिल है, सीखने का नहीं। ऐसी फर्जी और एकांगी विश्वगुरुता से विवेकानन्द कोसों दूर रहे। वे पूरब और पश्चिम के लोगों से ही नहीं, संस्कृतियों से भी संवादरत थे। भारत से और मुख्यतः वेदान्त दर्शन से उन्होंने जो कुछ सीखा था उसे विश्व मानवता के बीच जाँचा परखा था। इस तरह वे दुनिया विशेषकर पश्चिम की दुनिया को जितना सिखा रहे थे, उतना ही सीख रहे थे। भारत में दुनिया को देने लायक जो कुछ था वह दे रहे थे। भारत के लिए दुनिया में जो कुछ उपयोगी लगा उसे भारत के लिए सँजो रहे थे। दुनिया से संवाद करते हुए विवेकानन्द ने अनुभव किया कि भारत की कमजोरी का सबसे बड़ा कारण अशिक्षा है।वे शिक्षा के प्रसार को भारत का मुक्ति मार्ग मानते थे।

उनकी स्पष्ट धारणा थी कि हमारे देश का दुर्भाग्य यही है कि इस देश में कुछ मुट्ठी भर लोगों ने सम्पूर्ण शिक्षा और बुद्धि पर एकाधिपत्य कर लिया है। इस एकाधिपत्य को तोड़ कर ही देश और समाज को उन्नत बनाया जा सकता है। इस एकाधिपत्य को कायम करने में संस्कृत भाषा की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। विवेकानन्द ज्ञान पर किसी भी प्रकार की इजारेदारी के खिलाफ थे। वर्ण व्यवस्था ज्ञान पर कुछ वर्गों या समूहों की इजारेदारी कायम करती रही है। भारत का सारा प्राचीन ज्ञान-विज्ञान संस्कृत भाषा में निबद्ध रहा है। संस्कृत देवभाषा है इसलिए संस्कृत पढ़ने का अधिकार भी कुछ मुट्ठी भर लोगों के लिए सीमित रहा है। इस तरह एकाधिकार कायम करके कुछ लोग ज्ञान की शक्ति का उपयोग जन सामान्य का शोषण करने में करते रहे हैं। विवेकानन्द इस पूरी व्यवस्था के खिलाफ हैं। वे इस तथ्य को अच्छी तरह देख पाते हैं कि व्यापक जन समुदाय को शिक्षा से वंचित करके उसका शोषण किया गया। वे सबसे पहले शिक्षा की मुक्ति का सवाल उठाते हैं। विवेकानन्द कहते हैं- ह्यहमारे शास्त्र ग्रंथों में आध्यात्मिकता के जो रत्न विद्यमान है और जो कुछ ही मनुष्यों के अधिकार में मठों और अरण्यों में छिपे हुए हैं, सबसे पहले उन्हें निकालना होगा। जिन लोगों के अधिकार में ये छिपे हुए हैं, केवल वहीं से इस ज्ञान का उद्धार करने से काम न होगा, किन्तु उससे भी दुर्भेद्य पेटिका अर्थात जिस भाषा में ये सुरक्षित हैं उस शताब्दियों के संस्कृत शब्दों के जाल से उन्हें निकालना होगा।ह्ल विवेकानन्द का यह वाक्य अनेक दृष्टियों से क्रान्तिकारी है .संस्कृत भाषा में निबद्ध ज्ञान को महत्वपूर्ण मानते हुए भी विवेकानन्द संस्कृत को ज्ञान की दुर्भेद्य पेटी मानते हैं। इस पेटी में बँधे ज्ञान को जन साधारण के लिए मुक्त करने का आह्वान करते हैं।

संस्कृत की दुर्भेद्य पेटी से ज्ञान कैसे मुक्त हो? इसके लिए विवेकानन्द लोकभाषाओं के पास जाते हैं. विवेकानन्द अच्छी तरह जानते थे कि संस्कृत भाषा के माध्यम से ज्ञान को सार्वजनिक सम्पत्ति नहीं बनाया जा सकता। वे स्वीकार करते हैं कि 'जीवन भर संस्कृत भाषा का अध्ययन करने के बावजूद कोई नयी किताब उठाने पर मुझे स्वयं कठिनाई होती है। तो फिर जिन्होने संस्कृत का अभ्यास नहीं किया है उन्हें कितनी कठिनाई होगी।' इसीलिए विवेकानन्द जन सामान्य को बोलचाल की भाषा में शिक्षा देने की बात करते हैं। ज्ञान को मातृभाषाओं के माध्यम से जनसामान्य तक पहुँचाने का आह्वाहन करते हैं।

भक्तिकाल के कवियों ने जिस तरह बोलियों के महत्व को स्वीकार किया और उसे स्थापित किया लगभग उसी तरह विवेकानन्द भी लोक भाषाओं के माध्यम से जनसमुदाय को शिक्षित करने की बात करते हैं। यूनेस्को का कहना है कि मातृभाषाएँ समझ का बेहतर माध्यम हो सकती है। दुनिया भर के शिक्षाविद् इस बात पर जोर दे रहे हैं कि मातृभाषाओं के माध्यम से शिक्षा देना अधिक उपयोगी है क्योंकि मातृभाषा के ध्वनि प्रतीकों से बालक भली प्रकार परिचित होता है। इससे समझ की प्रक्रिया आसान हो जाती है। विवेकानन्द ज्ञान पर से एकाधिकार खत्म करके उसे सार्वजनिक बनाना चाहते हैं। इसके लिए उन्हें लगता है कि मातृभाषाओं के माध्यम से यह कार्य किया जा सकता है। शिक्षा को सर्वसुलभ बनाने के लिए विवेकानन्द उसे लोक भाषाओं-मातृभाषाओं के माध्यम से पहुँचाने की बात करते हैं।

उन्हें अच्छी तरह मालूम है कि हमारे देश की गरीब जनता शिक्षा के लिए स्वतः आगे नहीं आयेगी। क्योंकि गरीब लड़के पाठशाला में आने की अपेक्षा अपने पिता की सहायता करने खेतों में जाना या जीविका के लिए और कोई धन्धा करना पसन्द करेंगे। इस वास्तविकता से परिचित होने के नाते विवेकानन्द दूसरा ही उपाय निकालते हैं। उनका प्रसिद्ध कथन है कि यदि पहाड़ मुहम्मद के पास नहीं जाता तो पहाड़ ही मुहम्मद के पास क्यों न जायें। यानी हिन्दुस्तान का गरीब मेहनतकश किसान यदि शिक्षा के पास नहीं पहुँचता तो शिक्षा को उसके पास पहुँचना चाहिए। विवेकानन्द इसके लिए धर्मोपदेश करते हुए घूमने वाले सन्यासियों का आह्वान करते हैं कि उन्हें अपने को शिक्षक के रूप में संगठित करके धर्मोपदेश करने के साथ लोगों को ज्ञान विज्ञान की शिक्षा भी देनी चाहिए। यह देखकर घोर आश्चर्य होता है कि आज विज्ञान के गर्भ से उपजी हुई तकनीक जन समुदाय के बीच रूढ़ि और अन्धविश्वास फैलाने में लगी है जबकि एक संन्यासी जन साधारण को ज्ञान विज्ञान से लैस करना चाहता है बल्कि इसके लिए धर्मोपदेशकों एवं संन्यासियों का आह्वान करता है।वे एक घुमन्तू शिक्षालय की कल्पना करते हैं जो गरीब और असहाय लोगों के पास पहुँचकर उन्हें शिक्षित करे।

विवेकानन्द लोकभाषा की बात करते हुए इतिहास से भी सबक लेते हैं। महात्मा बुद्ध ने जनता की भाषा में उपदेश किया और व्यापक जन तक अपनी शिक्षाओं को पहुँचाने में सफल हुए। उनके प्रभाव से संस्कृत की शिक्षा बन्द हो गयी। विवेकानन्द कहते हैं कि इससे संस्कृत का वैशिष्ट्य कायम रहा और आगे चलकर संस्कृत और संस्कृत में निबद्ध ज्ञान का महत्व फिर से स्थापित हो गया। इसलिए विवेकानन्द संस्कृत को उपेक्षित नहीं छोड़ना चाहते। मातृभाषाओं के माध्यम से शिक्षा दी जाय, इसके साथ ही संस्कृत की शिक्षा भी जारी की जाय। इसके लिए विवेकानन्द अद्भुत तर्क देते हैं । उन्हें यह आशंका लगती है कि लोकभाषाओं के प्रचार के बाद संभव है, कोई दूसरी जाति संस्कृत में निष्णात हो जाय और विशिष्ट होने का दावा करे। विवेकानन्द संस्कृत की इस विशिष्टता को समाप्त कर देना चाहते है। अगर जन सामान्य संस्कृत में दक्ष होगा तो संस्कृत का अजूबापन या वैशिष्ट्य अपने आप खत्म हो जायेगा। विवेकानन्द किसी भी तरह संस्कृत का वैशिष्ट्य और इस बहाने किसी जाति या वर्ण विशेष के वैशिष्ट्य को समाप्त कर देना चाहते हैं क्योंकि भारत के सामान्य जन के शोषण और दुखों के मूल में यह वैशिष्ट्य ही है। इसलिए विवेकानन्द किसी भाषा वर्ग या जाति के वैशिष्ट्य के बरक्स सामान्य को तरजीह देते हैं

विवेकानन्द इस बात पर आश्चर्य करते हैं कि इस देश में स्त्रियों और पुरुषों में इतना भेद क्यों रखा गया है। वेदान्त की घोषणा है कि सभी प्राणियों में परमात्मा विद्यमान है। इसलिए विवेकानन्द को यह बात सख्त नागवार लगती है कि स्त्रियों को इस देश में महज सन्तानोत्पादक यन्त्र बनाकर रखा गया है। इसकी असली वजह उन्हें शिक्षा से वंचित करना रहा है। इसीलिए विवेकानन्द जनसामान्य की शिक्षा पर जितना जोर देते है उतना ही जोर स्त्री शिक्षा पर भी देते हैं।

विवेकानन्द स्त्रियों को अबला के रूप में शिक्षित करने के खिलाफ है। वे भारतीय स्त्रियों की सभी समस्याओं के मूल में उनके भीतर शिक्षा का अभाव मानते हैं। इसीलिए वे स्पष्ट तौर पर घोषित करते हैं कि स्त्रियों की सभी समस्यायें शिक्षा नाम के जादू से खत्म की जा सकती है। यद्यपि वे स्त्री शिक्षा के लिए तमाम परम्परागत बातों पर भी जोर देते हैं फिर भी वे स्त्री को स्वाधीन देखता चाहते हैं। स्त्रियों को ऐसी अवस्था में रखना चाहिये कि वे अपनी समस्याओं का अपने ही तरीके से हल कर सकें। हमारी भारतीय स्त्रियाँ इस कार्य में संसार की अन्य स्त्रियों के समान ही दक्ष हैं। स्वामी विवेकानन्द ने अपने वेदान्त के ज्ञान को यथार्थ की कसौटी पर कसा था। वे भारतीय समाज में मौजूद पाखण्ड को भली भाँति समझते थे। वे देख रहे थे कि सैद्धान्तिक रूप से भले ही भेदभाव न बरता गया हो लेकिन व्यावहारिक रूप से भेदभाव मौजूद है। शक्ति पूजा के केन्द्र बंगाल मे रहते हुए विवेकानन्द ने अनुभव किया कि महज प्रतीक रूप में शक्ति पूजा करने से काम नहीं चलेगा। जरूरत यथार्थ शक्तिपूजा की है। वे कहते हैं- ह्ययथार्थ शक्ति पूजक तो वह है, जो यह जानता है कि ईश्वर विश्व में सर्वव्यापी शक्ति है और जो स्त्रियों में उस शक्ति का प्रकाश देखता है।

विवेकानन्द हिन्दुस्तान में इस यथार्थ शक्तिपूजा के हिमायती थे। इस यथार्थ शक्तिपूजा का मूल मन्त्र स्त्री शिक्षा में देखते हैं। वे स्त्रियों के लिए अलौकिक और लौकिक दोनों तरह की शिक्षा की जरूरत पर बल देते हैं। ऐसी शिक्षा जो स्त्रियों को स्वतंत्र और शक्तिशाली बनाये, दूसरे गुणों के साथ उनके भीतर शूरता और वीरता का संचार करे।

वास्तव में विवेकानन्द शिक्षा को सर्वजन सुलभ बनाने वाले विचारक हैं। भारतीय समाज मे परम्परा से जिन लोगों को शिक्षा और ज्ञान से वंचित रखा गया और शक्तिहीन, गुलाम और दरिद्र बनाया गया उन्हें शिक्षित करना। हिन्दुस्तान का किसान, मजदूर, दलित उपेक्षित वर्गों के साथ स्त्रियाँ भी शिक्षा के वरदान से वंचित रखी गयी थीं। शिक्षा को ही बन्धन में बांध कर रखा गया था। विवेकानन्द शिक्षा को हर तरह के बन्धन से मुक्त करने का आह्वान करते हैं। उसे जाति, धर्म, लिंग, भाषा आदि के बंन्धन से मुक्त करके सर्वजन सुलभ बनाना चाहते हैं। वे शिक्षा की सार्थकता इसी रूप में देखते हैं।

**( लेखक शंकराचार्य विवि भिलाई के कुलपति हैं)**

# शब्दों की दुनिया से जुड़ी एक संघर्ष यात्रा

**प्रकाशन**

**देश निर्मोही**



'न हम जीत का जश्न मानते हैं और न हार का गम, समय ही हमारा इतिहास तय करता है' राजकुमार राकेश के उपन्यास 'अश्वत्थामा नाम का हाथी ' की इस पंक्ति से अपनी बात शुरू कर रहा हूँ।

यह बात 1986 की है जब मैं पल प्रतिपल का प्रवेशांक लेकर हिंदी जगत के सम्मुख हाजिर हुआ। 'पहल' पत्रिका पढ़ता रहता था और मन में यह विचार कुलबुलाता रहता था कि क्या कभी मैं ऐसी पत्रिका निकाल सकता हूँ जो अपनी ही तरह की हो लेकिन जिसे एक अच्छी पत्रिका भी माना जा सके। एक छोटे से गांव से चंडीगढ़ जैसे शहर में आया था। अनेक साहित्यिक मित्रों की सोहबत मुझे प्रेरित करती रहती थी। जमीन से जुड़े रहने के बावजूद बड़े सपने देखने की आदत का शिकार था। आदर्शवादी मन था इसलिये सरोकार भी बड़े थे। तब समझ नहीं थी कि यथार्थ से सामने होने पर उनका क्या हश्र होगा। पत्रिका का प्रवेशांक निकला तो उसमें मेरे ऑफिस में सहकर्मी गुरदेव चौहान, पत्रकार मित्र जितेंद्र अवस्थी, हरेश वशिष्ट और रोशन शर्मा की परोक्ष भूमिका रही। उत्साह इस बात से मिला कि उसका विमोचन दैनिक ट्रिब्यून के सम्पादक राधेश्याम शर्मा जी के हाथों संभव हो सका। हिंदी साहित्यिक जगत में इस प्रयास का मिला जुला स्वागत हुआ। हमख्याल मित्र जुड़ने लगे। विचारधारा के तल पर प्रतिबद्ध होने के अर्थ सामने आने लगे। यह समझ में आया कि मनुष्य से बड़ी कोई दूसरी सचाई नहीं होती। विचारधारा की भूमिका सहयोगी की होती है। परन्तु साहित्य की रचनाशीलता बड़ी चीज है तो इसे अपना आदर्श मान मैं आगे बढ़ गया। फिर पल प्रतिपल के बहुत से विशेषांक सामने आये अगर एक तरफ इंकलाबी सोच को महत्व देने वाला भगतसिंह विशेषांक सामने आया तो प्रगतिशील चेतना के कथाकार भीष्म साहनी विशेषांक भी बहुचर्चित रहा। विशुद्ध साहित्यिक गुणवत्ता के आधार पर निर्मल वर्मा पर विशेषांक निकला तो शिरोमणि उपन्यासकार गुरदयाल सिंह पर भी। दलित चेतना के उपन्यासकार जगदीश चंद्र पर अंक निकला तो उसमें उनके अधूरे उपन्यास की पाण्डुलिपि को प्रस्तुत किया। साहित्य के सिद्धांत, आलोचना , कहानी और कविता विशेषांक न केवल चर्चित रहे इन सबकी मांग शोधार्थियों दवारा आज भी बराबर बनी रहती है। विदेशी साहित्य की रचनाओं के अनुवाद पल प्रतिपल में विशेषरूप से प्रकाशित होते रहे हैं। शुरूआती दौर में पल प्रतिपल का फ्रैंच साहित्य विशेषांक देवेन्द्र चौबे के संपादन में प्रकाशित हुआ था। इस अंक के लिए प्रख्यात आलोचक मैनेजर पांडेय जी का विशेष सहयोग रहा था। पिछली बार जब उनसे मिलना हुआ तो उन्होंने विशेषतौर पर अपनी इच्छा जाहिर की कि उस फ्रैंच साहित्य विशेषांक को पुस्तक रूप में प्रकाशित करें। हम यह जरूर करेंगे। पल प्रतिपल 88-89 उपन्यास अंक के रूप में प्रकाशित हुआ जो कि समकाल के तीन प्रतिनिधि उपन्यासकारों पर केंद्रित था। जिनमें एक खंड हमारे आजके सम्मानित उपन्यासकार राजकुमार राकेश पर एकाग्र किया गया है। पल प्रतिपल का अगला अंक भी उपन्यास पर केंद्रित रहेगा। जल्द ही हम लैटिन अमरीकी साहित्य पर भी एक विशेषांक प्रकाशित करेंगे।

पल प्रतिपल के सह समांतर आधार प्रकाशन की परिकल्पना आकार लेने लगी थी। 1990 में पहली शुरूआती दो किताबें पल प्रतिपल के कहानी और कविता अंकों के पुनर्प्रकाशन की तरह सामने आई। लेकिन आधार प्रकाशन की पहली किताब मेरे सहकर्मी पंजाबी के व्यंग्यकार व कवि मित्र गुरदेव चौहान से मानी जानी चाहिए। उनकी व्यंग्य रचनाओं का पंजाबी से हिंदी में अनुवाद मैंने ही किया था और उसका प्रकाशन भी आधार से हुआ। चूँकि हम दोनों यानी लेखक और अनुवादक रक्षा विभाग में नौकरी करते थे इसलिए डिफेन्स विभाग द्वारा उस किताब की खरीद भी हो गयी। आधार की शुरूआत एक बड़े उत्साह के साथ हुई। जिस दौर में कोई कविता संग्रह प्रकाशित करने को तैयार नहीं होता था मैंने 12 युवा कवियों के पहले संग्रहों को प्रकाशित किया, जिनमें कुमार अम्बुज, विमल कुमार, मदन कश्यप, कात्यायनी, नवल शुकल, पंकज चतुवेर्दी, सत्यपाल सहगल, लाल्टू और संजय चतुवेर्दी जैसे नाम प्रमुख हैं। यहां यह बात कहते हुए मुझे संकोच नहीं है कि इस दिशा में हम आगे बढ़ गए। भारत के महत्वपूर्ण कवियों को पुरस्कृत करने का विचार बना लिया। 1992 में आधार प्रकाशन की तरफ से 'रघुवीर सहाय स्मृति पुरस्कार' दिए जाने का सिलसिला आरम्भ हुआ।

पहला 'रघुवीर सहाय स्मृति पुरस्कार' वीरेन डंगवाल को दिया गया। जिन्हें यह पुरस्कार जनकवि बाबा नागार्जुन के द्वारा प्रदान किया गया। फिर विनोद कुमार शुक्ल, लीलाधर जगूड़ी, विष्णु खरे, अरुण कमल, नरेंद्र जैन जी को यह पुरस्कार प्रदान किया गया। निर्णायक मंडल के रूप में प्रयाग शुक्ल, मंगलेश डबराल, असद जैदी और विष्णु नागर का सहयोग बराबर मिलता रहा। हमने यह काम उस दौर में किया जब नई कविता का इतिहास रचने वाले तार सप्तकों का सिलसिला थमने लगा था। आप रघुवीर सहाय स्मृति पुरस्कार से सम्मानित इन छः कवियों को समकालीन कविता के नए इतिहास का सूत्रपात करने वाले कवियों के रूप में देख सकते हैं। उस दौर का वह महत्वपूर्ण कार्य छः पुरस्कारों के सिलसिले के बाद थम गया था। आधार प्रकाशन की ओर से हिंदी के महत्वपूर्ण लेखकों को फिर से पुरस्कृत करने का अब हमने यह जो फैसला लिया है उसे मैं एक अधूरे रह गए महत्वपूर्ण कार्य की भरपाई की तरह देखता हूँ। अब यह कविता तक सीमित नहीं है। साहित्य की सभी विधाएं हमारे सामने बराबर महत्व रखने वाली विधाओं की तरह हैं।

1996 में अंततः यहां से आरंभ होकर आधार प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड के रूप में पंजीकृत हुआ । पूजा सरदाना जी ने गणित टीचर की नौकरी से इस्तीफा देकर आधार को संभालने की जिम्मेवारी ली। मैं भी 1998 में अपनी केंद्रीय सरकार की नौकरी से त्यागपत्र देकर पूर्णकालिक रूप से जुड़ गया।

प्रकाशक का दायित्व किताबों के छापने तक सीमित नहीं होता। महत्वपूर्ण कृतियों और लेखकों को उनकी उचित जगह दिलाने के लिए प्रयास करने से भी जुड़ा होता है। यह निर्णय इसलिए लिया गया क्योंकि इसके बाद हमने कथा आलोचना और संस्कृति से जुडी बहुत सी किताबें प्रकाशित की हैं। अगर बात कथा की हो तो उसका इतिहास अलका सरावगी से लेकर गुरदयाल सिंह और जगदीश चंद्र तक फैला है। बात आलोचना की हो तो हम रामविलास शर्मा, नामवर सिंह और मैनेजर पांडेय से विनोद शाही, वैभव सिंह और अंकित नरवाल तक पहुंचे हैं। दलित साहित्य पर भी हमने कुछ महत्वपूर्ण पुस्तकों का प्रकाशन किया है। जिनमें आनंद तेलतुंबड़े की 'जनवादी समाज और जाति का उन्मूलन' , डॉ सेवा सिंह की 'ब्राह्मणवाद और जनविमर्श'और देवेंद्र चौबे के संपादन में प्रकाशित 'हाशिये का वृतांत' का उल्लेख करना चाहूंगा। विश्व साहित्य से भी हमने कुछ कालजयी कृतियों के हिंदी अनुवाद प्रकाशित किये हैं। जिनमें चार्ली चैप्लिन की आत्मकथा 'मेरा जीवन', स्टीफन स्वाइग की आत्मकथा ' वो गुजरा जमाना ', स्टीफन स्वाइग की कालजयी कहानियां, स्टीफन स्वाइग का उपन्यास 'कायर', नोबेल पुरस्कार से सम्मानित जॉन स्टाइनबैक का उपन्यास ' लाल गुस्से के अंगूर ',फ्रांज काफ्का का उपन्यास 'मुकदमा', निकोस कजानजाकिस का 'जोरबा द ग्रीक', इथल लिलियन वायोनिच का उपन्यास 'गैडफ्लाई ' और मिखाइल नईमी का उपन्यास ' भटकती रूह की स्मृतियाँ ' का उल्लेख जरुरी है।


अपने इस प्रकाशन के उस गौरवशाली पल को जब हमारे यहाँ से प्रकाशित एक उपन्यास 'कलिकथा वाया बाईपास' को साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला। मेरी मुराद अलका सरावगी से हैं। हाल ही में युवा आलोचक अंकित नरवाल को साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार के लिए चुना गया तो हमारे यहाँ प्रकाशित पुस्तकों के महत्वपूर्ण होने पर मोहर लगाई। आधार प्रकाशन से प्रकाशित लगभग अब तक 150 पुस्तकों को छोटे बड़े पुरस्कारों से पुरस्कृत किया जा चुका है। उल्लेखनीय बात यह है कि भारत के सर्वाधिक प्रतिष्ठित सम्मान ज्ञानपीठ से अलंकित गुरदयाल सिंह के साहित्य का हिंदी में प्रकाशन आधार के द्वारा हुआ। जगदीश चंद्र जिनके कालजयी उपन्यास 'धरती धन न अपना' का अनुवाद विश्व की न जाने कितनी भाषाओँ में हो चुका है। उनके समग्र साहित्य का प्रकाशन भी आधार के हिस्से में आया। समकालीन दौर के सर्वाधिक चर्चित उपन्यासकार विनोद कुमार शुक्ल के चर्चित उपन्यास ' नौकर की कमीज ' और 'खिलेगा तो देखेंगे' भी हमारे यहाँ से सामने आये और देखते ही कालजयी कृतियों में शुमार हो गए।

पंजाब की जमीन से ऐसा महान साहित्य उपजा है जिसे हिंदी में लाने के लिए हम जो भी कर रहे हैं या कर सकेंगे कम ही पड़ेगा। फिर भी हम यथा सामर्थ्य इस काम में जुटे हैं। मध्यकाल की बात करें तो हमने बुल्लेशाह और वारिसशाह के सूफियाना कलाम को प्रकाशित किया है तो आधुनिककाल की इंकलाबी धार की बात करें तो भगत सिंह और पाश का समग्र साहित्य हमारे यहाँ से आया। प्रगतिशील कवि लाल सिंह दिल से लेकर हम नवतेज भारती, अजमेर रोडे की कालजयी कृति 'लीला' तक पहुँच गए। सुरजीत पातर का साहित्य भी हम देर सवेर हिंदी में लेकर आएंगे। पंजाबी अंतर्राष्ट्रीय उपस्थिति वाली भाषा हो गयी है। हम इस भाषा के अनेक प्रवासी लेखकों को हिंदी में लाने के लिए संकल्पबद्ध हैं।

आधार प्रकाशन के 34 वें स्थापना दिवस पर पीछे मुड़कर देखता हूँ तो यह एक लम्बा सफर था जिसका मैं साक्षी हूँ। बहुत से उतार चढ़ाव देखने को मिले। उठने और गिरने का यह सफर आज मेरी शक्ति का आधार है। आधार की भविष्य की योजनाओं की बात करूं तो एक पूरा आकाश हमारे सामने है। हमारी बाहें छोटी हैं बहुत कम पकड़ में आएगा। फिर भी प्रयास जारी रहेगा। हम प्रयास करेंगे कि भारतीय संस्कृति की उज्जवल विरासत की पुनर्व्याख्या से सम्बंधित किताबों को प्राथमिकता से लाया जाये। हिंदी आलोचना के क्षेत्र में मौलिक कार्य को सब से ऊपर रखा जाये। विश्वस्तरीय उपन्यासों तक हमारी पहुंच हो सके और यह भी प्रयास रहेगा कि हम अपने यहाँ से पूर्व प्रकाशित सभी महत्वपूर्ण पुस्तकों के पेपरबैक संस्करण लेकर जन जन तक पहुंचा सकें। भारत को जरुरत तो सांस्कृतिक नवजागरण की है। पर वह काम बहुत बड़ा है। हम एक प्रकाशक के रूप में इस दिशा में जो कुछ थोड़ा बहुत कर सकेंगे, उतने से ही हम अपने आपको धन्य मानेंगे।

**(लेखक साहित्य और प्रकाशन से जुड़े हैं)**

**व्यंग्य**



## नए-पुराने भूतों का अध्ययन

**रामविलास जांगिड़**

भूत विश्वविद्यालय ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट जारी करते हुए बताया कि पुराने भूत बहुत भोले होते थे। वे खंडहर, टूटी हवेली, नई कोठी, श्मशान घाट अथवा सड़क किनारे अंधे कुएं में रहते थे। नए भूत किसी विश्वविद्यालय, कोचिंग सेंटर, ऑफिस, सचिवालय आदि में घूमते नजर आते हैं। पुराने भूत किसी पेड़ की डाली पर उल्टे लटके रहते थे। वे हर किसी को दिखते तक नहीं थे। बेचारों के पास रहने को ढंग की कोई जगह भी नहीं थी! अभी वाले भूत मंडल, निकाय, बोर्ड, अकादमी, निगम, आयोग आदि के अध्यक्ष बनकर शासन सचिवालय को अपने कंधों पर उल्टा लटकाए रखते हैं। पुराने भूतों के पास कुछ नहीं हुआ करता था। वे बेचारे कंगले गरीब टाइप के भूत हुआ करते थे। जब उनको भगाया जाता, तो उनके पास सिवाय लंगोटी के कुछ नहीं हुआ करता था। इसलिए कहा जाता कि भागते भूत की लंगोटी ही सही। लेकिन आजकल के भूत भगाने वाले की लंगोटी तक खुलवा डालते हैं।

पुराने भूत डर के मारे भाग जाया करते थे, लेकिन ये नये भूत डराने के लिए कई तरह की यात्राएं निकालते हैं। नए भूत जाति, धर्म, संप्रदाय आदि के सींगों से पब्लिक को खदेड़ रहे हैं। पहले की भूत बिरादरी बड़े-बुजुर्गों का सम्मान करती थी। भूत शास्त्र के नियमों पर चलती थी। किसी के रास्ते चलने पर कोई भी भूत कुछ भी नहीं कहता था। अभी वाले भूत सही रास्ते चलने वाले की अकल ठिकाने लगा देते हैं। ये न केवल उसे मारते-पीटते बल्कि उसका मर्डर भी कर देते हैं। कुर्सी की ताकत वाले भूत तो सबसे खतरनाक दिखाई दे रहे हैं। कुर्सी के बल पर ये चांद तारे सूरज को भी गायब करने की हिम्मत रखते हैं। भूत शास्त्र में कहा गया है कि लातों के भूत बातों से नहीं मानते हैं। लेकिन अब मामला बिल्कुल उल्टा हो गया है। आजकल लातों के भूतों को बातों से ही मनाना पड़ता है। लात लगाने से काम नहीं बनता है। इसलिए बातें ही की जाती है। बात करने पर ही अच्छे-अच्छे भूत सीधे होते नजर आए हैं। बातों की कलाकारी को कूटनीति कहा जाता है। घर से लेकर विदेश नीति सब जगह यही नीति पसरी है। यही कूटनीति झूठनीति का मूल आधार होती है।

सबसे ज्यादा खतरनाक घर का भूत होता है। घर के भूत को सब कुछ अता-पता रहता है। घर का भूत बीस पीढ़ी के नाम, पते, ठिकाने दे देता है। इसलिए भूतिया शास्त्रों में घर के भूत से डरने की सलाह दी है। कहा गया है कि हर घर में कोई न कोई औरत होनी ही चाहिए। औरत मतलब पत्नी! पत्नी घर में झगड़ती ही रहती है। लेकिन वह नहीं होने से घर भूतों का डेरा कहलाता है। मतलब है कि घर में महिला नहीं हो तो भूत रहते हैं। महिला रहती है, तो भूत भाग जाते हैं। अर्थ है की पत्नी रूपी महिला से भूत तक डरते हैं। अगर पत्नी का रूप धारण की हुई महिला की कोई बात नहीं माने तो उसके सिर पर भूत सवार हो जाता है। भूत शास्त्र में साफ-साफ लिखा हुआ है की ऐसी महिला बहुत घातक होती है। इसलिए दुनिया के सभी पतियों को अपनी पत्नियों से डरना चाहिए। भूत आचरण संहिता में कहा गया है कि प्यार, चोर और डर भूतों को जन्म देते हैं। भूत विश्वविद्यालय ने भूतों की अध्ययन रिपोर्ट समस्त भविष्य कताओं को प्रेषित की है।

**( लेखक व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# ड्रग इंस्पेक्टर की छापेमारी से दवा व्यवसायियों में हड़कम्प

**जांच**

### एक दवा की दुकान को कराया बंद वाकी दुकानदार हुए फरार

जनसंदेश न्यूज


दुकान की जांच करती विभाग की टीम।

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** जिलाधिकारी के निर्देश पर अतरौलिया स्थित अमर शहीद राजा जय लाल सिंह 100 सैयद संयुक्त जिला चिकित्सालय के बाहर फुटपाथ पर लगे दवा की एक दुकान पर ड्रग विभाग की टीम द्वारा छापेमारी से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। दवा व्यवसायियों द्वारा अपनी दुकानें बंद कर ली गई जिससे मरीजों को दवा के लिए कई दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

मंगलवार की शाम ड्रग स्पेक्टर सीमा वर्मा के नेतृत्व में ड्रग विभाग की टीम द्वारा चिकित्सालय के सामने एक दवा की दुकान पर छापेमारी की कार्रवाई की गयी छापेमारी के दौरान टीम द्वारा बिना लाइसेंस की चल रही दवा की दुकान पर 2 दवाओं का नमूना लेते हुए दुकान में रखी सारी दवाओं को जप्त कर लिया गया , तथा दवा व्यवसाई को स्थानीय पुलिस की मदद से थाने ले आए जहां ड्रग अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करने की ड्रग इंस्पेक्टर सीमा वर्मा द्वारा तहरीर दी गई। इस संबंध में ड्रग इंस्पेक्टर सीमा वर्मा ने बताया कि जिलाधिकारी के यहां लिखित शिकायत व उनके निर्देश पर ड्रग इंस्पेक्टर मऊ राघवेंद्र सिंह बलिया सिद्धेश्वर सिंह के साथ छापेमारी की कार्रवाई की गई है यह दुकान बिना लाइसेंस के चलाई जा रही थी तथा 2 दवाओं का नमूना भी लिया गया है। ड्रग इंस्पेक्टर की कार्रवाई से अतरौलिया दवा व्यापारियों में हड़कंप मच गया लोग अपना मेडिकल स्टोर बंद कर फरार हो गये।

# एसपी के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा

जनसंदेश न्यूज



**संजरपुर (आजमगढ़)।** सरायमीर थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर गांव के ही एक व्यक्ति के ऊपर दुराचार का मुकदमा दर्ज कराया।

पुलिस अधीक्षक को सौपे प्रार्थना पत्र में महिला ने बताया कि वसीऊदीन पुत्र जियाऊदीन जो मुंबई में रहकर ओला गाड़ी चलाता है बराबर हमारे घर पर आता जाता था 2020 में हमें बहला-फुसलाकर मुंबई लेकर भाग गया शादी का झांसा देकर मेरे साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा विश्वास में लेकर एक वर्ष तक प्रार्थनी को बहला-फुसलाकर निकाह करने का बहाना देकर शारीरिक संबंध बनाता रहा मुंबई में किराए के मकान में रहता था जब कहीं बाहर जाता था तो दरवाजे के बाहर से ताला मार कर जाता था जिससे कि मैं कमरे से बाहर न जा सकूं प्रार्थिनी का अश्लील वीडियो भी बना लिया है धमकी देता था कि यदि मेरे साथ शारीरिक संबंध नहीं बनाओगी तो यह वीडियो वायरल कर दूंगा जिससे कि समाज में मुंह दिखाने लायक नहीं रहोगी। किसी तरह से मैं इसके चंगुल से निकल कर 11 अगस्त को अपने घर आई और घर वालों से आपबीती बताई। इसके संबंध में शिकायत लेकर सरायमीर थाने पर पहुंची तो वहां पर मुकदमा दर्ज नहीं किया गया जिसके संबंध में मैं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के यहां गुहार लगाई जिस पर पुलिस अधीक्षक ने मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया इस संबंध में थाना प्रभारी सरायमीर विवेक कुमार पांडे ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है आरोपी की तलाश चल रही है।

## संक्षेप

### ट्रैक्टर संचालकों को किया गया प्रशिक्षित



**पटवध (आजमगढ़)।** सड़क सुरक्षा माह मनाए जाने के संबंध में बुधवार को छठे दिन जन जागरूकता अभियान के तहत दि किसान सहकारी चीनी मिल सठियांव के चेक पॉइंट पर ट्रैक्टर संचालकों एवं अन्य वाहन स्वामियों को प्रशिक्षित किया गया। इस मौके पर 125 ट्रैक्टर मालिक, चालक उपस्थित रहे। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन अतुल कुमार यादव ने कहा कि वाहनों में रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाना बेहद जरूरी है जिससे कोहरे में दुर्घटना की संभावना कम हो जाएगी। अगर वाहन पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप नहीं लगा पाया गया तो इसका चालान किया जाएगा। उन्होंने कोहरे के समय रात्रि में वाहन संचालन के समय बरती जाने वाली सावधानियों के विषय में विस्तृत रूप से बताया। चीनी मिल के गन्ना विभाग के कर्मचारियों को भी अपने स्तर से मानक के अनुरूप ही लगवाने के लिए किसानों के गन्ना मिल तक पहुंचाने वाले ठेकेदार को भी अवगत कराया। इस अवसर पर अतिरिक्त यातायात निरीक्षक धनंजय शर्मा एवं मुबारकपुर थाना अध्यक्ष राजकुमार सिंह उपस्थित रहे। इसके पश्चात जन जागरूकता कार्यक्रम नरौली चैराहा एवं एचएमपीएस स्कूल के सहयोग से नुक्कड़ नाटक सड़क सुरक्षा नियम पर आयोजित किया गया।

### पीड़ित ने लगायी न्याय की गुहार



**मेहनाजपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सुंधी गांव निवासी अवधेश कुमार सिंह पुत्र विजय बहादुर सिंह ने गांव के ही प्रेम प्रकाश सिंह के ऊपर गाली गलौज और जान से मारने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। दिये गये तहरीर में उन्होंने बताया कि विपक्षी द्वारा कभी भी उनके ऊपर जानलेवा हमला किया जा सकता है। इसे लेकर उन्होंने मेहनाजपुर थाने में प्रार्थना पत्र दिया लेकिन थानाध्यक्ष द्वारा प्रार्थना पत्र को नहीं लिया गया। एक तरफ जहां जिले के तेज तर्रार पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रहे लेकिन थानाध्यक्ष कि इस ढीली रवैया से कभी भी क्षेत्र में कोई बड़ी घटना घट सकती है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है मामले की जांच करवाते हैं।

### सड़क पर नाबदान का पानी बहाने का आरोप



**लालगंज (आजमगढ़)।** खूरसू गांव के संजय कुमार के नेतृत्व में ग्रामीणों ने तहसील पहुंच कर उपजिलाधिकारी लालगंज सुरेन्द्र नारायण त्रिपाठी को आवेदन पत्र देकर नाबदान के पानी के बहाव स्थल को, जो कुछ लोगों द्वारा जबरदस्ती पाट लिया गया है का विरोध करते हुए खाली कराने की मांग की। विकास खंड पल्हना के खूरसू गांव निवासी संजय कुमार, लालचन्द, रामचन्द्र, शम्भा, विद्या, सविता, विमला देवी, शान्ती, सत्येन्द्र, तीर्थ राज पाण्डेय, शीतला प्रसाद पाण्डेय सहित अन्य ग्रामीणों ने गांव के ही कुछ लोगों द्वारा नाबदान के बहाव स्थल की गड़ही को जबरदस्ती पाट लेने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इससे गांव के नाबदान का पानी सड़क मार्ग पर बह रहा है जिससे गांव वासियों को गन्दे पानी में होकर आवागमन करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि गन्दा पानी सड़क पर बहने से भयंकर बीमारी की भी आशंका प्रबल रूप धारण कर सकती है। अतः इस पर उचित कार्रवाई करते हुए खाली कराया जाना नितांत आवश्यक है।

### ट्रैक्टर ट्रालियों पर लगाया गया रिफलेक्टर



**महराजगंज (आजमगढ़)।** दिसंबर और जनवरी माह में कड़ाके की ठंड से पड़ने वाली शीत लहर के चलते दृश्यता का संकट खड़ा हो जाता है जिससे सड़कों पर दुर्घटना की संभावना अत्यधिक बढ़ जाती है। इसी मौसम में किसानों की गन्ने की फसल भी तैयार हो जाती है जिसे मिलों तक पहुंचाना भी जरूरी हो जाता है। ऐसे में बड़े पैमाने पर ट्रैक्टर ट्राली का उपयोग गन्ने की ढुलाई में किया जाता है और शीतलहर के कारण दुर्घटना की संभावना भी अधिक हो जाती है। ऐसी स्थिति में दुर्घटना की संभावना कम करने के लिए महाराजगंज थाना प्रभारी कमल कांत वर्मा ने सड़क सुरक्षा अभियान के तहत थाना क्षेत्र के प्रमुख मार्गों सहित गन्ने की लदाई केंद्र पर जाकर गन्ने से लदे ट्रैक्टर और ट्रॉलियों पर लाइट रिफ्लेक्टर चिपकाया और किसान गाड़ी मालिक और ड्राइवरों को भी इसके प्रति जागरूक किया।

### ठिठुरते हुए बच्चे गये स्कूल

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** कड़ाके की ठंड में जहां लोग ठिठुर रहे है वहीं बुधवार को कक्षा नौ से बारह तक के छात्र ठिठुरते हुए स्कूल गये। इन दिनो ठंड अपने सबाब पर है। पांच दिनो में चंद घंटे के लिए सूर्य दर्शन हुए हैं। पूरे दिन अलाव के सहारे लोग गुजर कर रहे हैं। ठंड से आम जनमानस त्रस्त है। जिला प्रशासन ने बुधवार को केवल जूनियर तक के ही विद्यालय बंद किये ऐसे में छात्र कोहरे के बीच में ही ठिठुरते हुए स्कूल गये। अभिभावकों का कहना है कि ठंड में छुट्टी और बढ़ जाय तो ठीक है जिससे छात्रों को राहत मिल सके।

### मशरूम की खेती कर किसान बढ़ा सकते हैं आमदनी



**आजमगढ़।** नेहरू युवा केन्द्र आजमगढ के तत्वाधान में तीन दिवसीय आवासीय युवा नेतृत्व एवं सामुदायिक विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन कृषि विज्ञान केंद्र कोटवा में किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में समय पालन, व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्वच्छता के साथ-साथ समुदाय के विकास से संबंधित सभी मुद्दों के प्रति संवेदनशील बनने पर बल दिया गया। समापन के अवसर पर प्रतिभाग करने वाले 40 युवाओं को बैग, प्रमाण पत्र व शील्ड दिया गया। जिला युवा अधिकारी संजीव सिंह ने तीन दिवसीय प्रशिक्षण के माध्यम से निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि नेहरू युवा केंद्र द्वारा युवाओं को समय-समय पर ऐसे जागरूकता कार्यक्रम किए जाते हैं। मुख्य अतिथि डॉ.आरपी सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक ने कहा कि आज के किसान व युवा मशरूम की खेती कर अपनी आमदनी को बढ़ा सकते हैं। डॉ.वीके सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक ने प्राकृतिक खेती करने पर बल दिया। समाजसेवी व समाजिक कार्यकर्ता राम अवतार स्नेही ने कहा कि प्रशिक्षण में सीखे गए गुण को अपने जीवन में ग्रहण कर युवा आगे बढ़ें। कार्यक्रम का संचालन राज्य प्रशिक्षक अंगद सिंह यादव द्वारा किया गया। उक्त अवसर नागेश्वर यादव, बृजेश यादव, वैभव चैरसिया, ललिता, साधना, अनीता गुप्ता, सोनाली आदि मौजूद रहीं।

### जल जीवन मिशन योजना के लिए खुलवाया गया खाता



**लालगंज (आजमगढ़)।** स्थानीय विका सखंड सभागार में जल जीवन मिशन योजना की ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक गोंडवाना रिसर्च फाउंडेशन के बैनर तले हुई। जिसमें विकास खंड के 33 ग्राम सभाओं में प्रधान तथा ग्राम विकास व ग्राम पंचायत अधिकारियों का संयुक्त खाता यूनियन बैंक लालगंज के प्रबंधक व विपणन अधिकारी द्वारा फार्म भर कर खुलवाया गया। इन सभी 33 ग्राम सभाओं के ग्राम प्रधान के नेतृत्व में ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति का गठन किया जाएगा जिसमें न्यूनतम 13 और अधिकतम 15 लोगों की समिति होगी। ग्राम प्रधान तथा ग्राम विकास अधिकारी पंचायत से चुने हुए सदस्य तथा जिन लोगों ने पूर्व में जनजीवन मिशन योजना के अंतर्गत राजगीर, प्लंबर व अन्य तकनीकी रूप से ट्रेनिंग लिए थे वह भी इसके सदस्य होंगे। 25 प्रतिशत महिलाएं तथा 25 प्रतिशत एससी एसटी को रखते हुए ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति का गठन किया जाएगा। यही समिति गांव में पानी की टंकी लगने पर घर घर पानी की सप्लाई का कनेक्शन पहुंचने के बाद जल जीवन मिशन योजना का संचालन करेगी। उपरोक्त जानकारी गोंडवाना रिसर्च फाउंडेशन के मनसुख प्रजापति द्वारा दी गई। उन्होंने कहा कि जमीन के नीचे तीसरे लेवल का वाटर 330 मीटर नीचे से निकाला जाएगा जो शत प्रतिशत शुद्ध व पीने योग्य होगा।

# निजी उर्वरक दुकानों पर एसडीएम ने की जांच

## किसानों का सत्यापन कर कराया यूरिया का वितरण

जनसंदेश न्यूज

**मेहनगर (आजमगढ़)।** यूरिया खाद की किल्लत और कालाबाजारी व अधिक मूल्य पर यूरिया खाद दुकानदारों द्वारा बेचे जाने की सूचना पर किसानों ने एसडीएम संत रंजन को सूचना दी। सूचना पाकर कस्बे के दो उर्वरक दुकानों पर औचक निरीक्षण किया।


उर्वरक की दुकान की जांच करते एसडीएम मेंहनगर।

सूचना की सत्यता को परखने के लिए कस्बे के राकेश बीज भण्डार पर यूरिया खाद के स्टाक का भौतिक सत्यापन करते हुए उपस्थित किसानों को आधार कार्ड के आधार पर प्रति बोरी 270 रुपये की दर से किसानों को वितरित कराया। साथ ही कालाबाजारी को देखते हुए एसडीएम ने किसानों के आधार कार्ड और खतौनी के साथ ही यूरिया खाद देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यदि यूरिया खाद 270 रुपये से अधिक में बेंची बेचने तो सम्बंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने एडीओ एजी को खाद की दुकानों का सत्यापन कर कृषि विभाग के कर्मचारियों की उपस्थिति में प्रति किसानों को 270 रुपये प्रति बोरी बितरण कराने का निर्देश दिया।

### जब्त की सब्जी विक्रेताओं के पास रखी प्रतिबंधित पॉलीथीन

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** नगर पंचायत में बुधवार की शाम उप जिलाधिकारी नवीन प्रसाद व नायब तहसीलदार भ्रमण पर निकले। इसी दौरान केसरी चैक से लेकर बब्बर चैक तक सब्जी विक्रेताओं द्वारा सड़क पटरियों पर अतिक्रमण देख भड़क गए। सड़क पर जाम लगा रहा। इस दौरान सब्जी विक्रेताओं के पास रखी प्रतिबंधित पॉलिथीन को जप्त करते हुए कार्रवाई का निर्देश दिया। इस संदर्भ में नायब तहसीलदार धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि सब्जी विक्रेताओं द्वारा सड़क की पटरियों पर अतिक्रमण किया गया है जिसकी वजह से लोगों को आने जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। वहीं जाम की स्थिति बनी रहती है। ऐसे में आज सब्जी विक्रेताओं को सख्त हिदायत देते हुए उनके पास रखे प्रतिबंधित पॉलिथीन को जप्त कर लिया गया तथा अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया गया कि सड़क की पटरियों से अतिक्रमण को जल्द से जल्द खाली कराएं अन्यथा सब्जी विक्रेताओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान लगभग तीन दुकानों से प्रतिबंधित पॉलिथीन को जप्त किया गया तथा उनके खिलाफ जुमार्ना की कार्यवाही भी की गई।

# जमीन पर कब्जा रोकने को लेकर धरने पर बैठे किसान

जनसंदेश न्यूज

**रोष**

### क्षेत्राधिकारी के आश्वासन पर माने

### जीयनपुर में जमीन कब्जा करने पहुंचे नीलामदार

### जमीन नीलामदार व बैनामादार हुए आमने-सामने

**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के आजमगढ़ गोरखपुर मुख्य मार्ग पर मेहनाजपुर गांव में नीलामदार व बैनामादार आमने सामने हो गये। 91 एकड़ जमीन में से 55 एकड़ जमीन नीलाम हुई है तथा 36 एकड़ जमीन ढाई दर्जन किसानों को बैनामा की गयी है। नीलामदारों द्वारा जमीन कब्जा किये जाने पर किसानों ने विरोध प्रदर्शन किया।

जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के आजमगढ़ गोरखपुर मुख्य मार्ग पर मेहनाजपुर ग्राम सभा में गाटा संख्या 151/2/1 पर जो 91 एकड़ है। पूर्व में इंद्र भूषण गुप्ता द्वारा 55 एकड़ भूमि राजस्व बकाया पर वर्ष 1968 में नीलाम की गई जिसमें न्यायालय में मुकदमा के उपरांत वर्ष 1988 में नीलामीदार ज्ञान प्रकाश अग्रवाल को प्रशासन द्वारा रजिस्ट्री की गई। वही वर्ष 1987 में इंद्र भूषण गुप्ता द्वारा ढाई दर्जन किसानों को 36 एकड़ जमीन बैनामा की गई जिस पर तब से लेकर अभी तक बैनामादार किसान काबिज हैं। वहीं ज्ञान प्रकाश अग्रवाल से एग्रीमेंट के पश्चात रुपाली कंस्ट्रक्शन द्वारा मंगलवार को एक जेसीबी व आधा दर्जन ट्रैक्टर लगाकर कब्जा करने का कार्य किया जा रहा था जिस पर सुरेंद्र गुप्ता व अन्य बैनामादार एकत्रित होकर रोकने लगे। दोनों तरफ से कहासुनी के उपरांत बैनामादार किसान धरने पर बैठ गये। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने कब्जा कर रहे जेसीबी व आधा दर्जन ट्रैक्टर को खदेड़ा। नायब तहसीलदार रामजीत यादव ने पहुंचकर हो रहे कार्य को रुकवा दिया वही न्यायालय के अगले आदेश तक कार्य रोकने के लिए कहा। धरने पर बैठे किसानों को जीयनपुर थाना प्रभारी अवधेश अवस्थी व क्षेत्राधिकारी सौम्या सिंह में समझा-बुझाकर किसानों का धरना समाप्त कराया और अगले आदेश तक किसी भी प्रकार के कार्य पर रोक लगाई जिसके बाद किसान मान गये।

### बंटवारा दाखिल न्यायालय में पेडिंग

**अंजानशहीद।** बैनामादार सुरेंद्र गुप्ता ने बताया कि पिछले वर्ष उपजिलाधिकारी गौरव कुमार के कार्यकाल में उप जिलाधिकारी न्यायालय में बटवारा दाखिल किया गया है अभीतक चक का बटवारा नहीं हो पाया है। इसलिए बटवारा के पश्चात ही कोई कार्य किया जाय।

# रसोई, शौचालय व जनसुनवाई कक्ष का एसपी ग्रामीण ने किया लोकार्पण

जनसंदेश न्यूज


फीता काटकर लोकार्पण करते एसपी ग्रामीण राहुल रूसिया व क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार वर्मा।

**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय कोतवाली परिसर में कोतवाल अनिल कुमार सिंह के अथक प्रयास और जनता के सहयोग से नवनिर्मित जन सुनवाई कक्ष, भोजनालय, पासपोर्ट कार्यालय, उपनिरीक्षक कक्ष और बाथरूम का निर्माण कराया गया है। मंगलवार को देर शाम ग्रमीण पुलिस अधीक्षक राहुल रुसिया और क्षेत्राधिकारी फूलपुर अनिल कुमार वर्मा ने संयुक्त रुप से फीता काटकर लोकार्पण किया। इस दौरान थाना परिसर को खूब सजाया और सवारा गया था।

लोकार्पण करने से पूर्व ग्रमीण पुलिस अधीक्षक राहुल रुसिया ने कोतवाली का निरीक्षण किया। एसपी ग्रामीण राहुल रूसिया ने मौजूद लोगों से कहा कि फूलपुर के लोगों ने जो प्यार और सम्मान पुलिस को दिया है वह काफी सहरानीय है। आज जिस तरह से कोतवाली का सुन्दरी करण किया गया है वह देखने लायक है। इस कार्य को करने वाले मजदूरों और कारीगरों की पुलिस अधिकारियों ने जमकर सराहना किया। उन्होने कोतवाल अनिल सिंह की सराहना करते हुए कहा कि इसके पहले सरायमीर के कोतवाल रहे अनिल सिंह ने सरायमीर कोतवाली को सजाने का कार्य किया था। फूलपुर कोतवाली का प्रभार लेने के बाद प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह ने फूलपुर को सजाने का काम किया है, जो काफी सराहनीय है। इस मौके पर एसडीएम फूलपुर नरेंद्र गंगवार, अपराध निरीक्षक संजय सिंह, हेड कांसटेबल अरविंद यादव, हेड मोहर्रिर प्रदीप भारती, जेपी सिंह, राम बचन गौड़, शिव शंकर, बबली साहू, डा.मोहम्मद फैसल, मोहमद दानिश, अजय जायसवाल, मानिक चंद, अमरनाथ बरनवाल, पूर्व प्रधान राम केवल तिवारी, हीरेन्द्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

### गरीबों की मदद सबसे बड़ा पुनीत कार्य : एसडीएम

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** स्थानीय ब्लाक क्षेत्र के सेमरहा गांव में आयोजित कंबल वितरण कैंप में एसडीएम सदर के नेतृत्व में जरुरतमंदों में कंबल वितरण किया गया। एसडीएम सदर ने कहा कि गरीबों की मदद ही सबसे बड़ा पुनीत कार्य है। इस वक्त ठंड दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है ऐसे मे जरुरतमंद लोग ठंढ में ठिठुर रहे है। इन्हें ठंढ से राहत देने के लिए जनपद के सदर तहसील के एसडीएम ज्ञान चंद गुप्ता व उनकी पूरी टीम, पूरे सदर तहसील के क्षेत्र में घूम-घूम कर हर जरूरतमंदों को गर्म कपड़ा और कंबल उपलब्ध करा रहे हैं। इसी कड़ी में एसडीएम सदर, तहसीलदार सदर उमाशंकर त्रिपाठी, नायब तहसीलदार नीरज त्रिपाठी, पूरे दलबल के साथ रानी की सराय के सेमरहा गांव में कंबल वितरण कैंप में 100 लोगों को गर्म कपड़ा और कंबल वितरित किया। इस दौरान एसडीएम सदर ने कहा कि ठंड में जरुरतमंद को राहत मिले यही सबसे बड़ा पुनीत कार्य है। हमारा प्रयास है कि हर जरूरतमंदों की मदद हो सके। कंबल और कपडे. मिलने के बाद जरुरतमंदों के चेहरे खिल उठे। इस दौरान राजस्व टीम भी मौजूद रही।

# सलोनी मेकओवर जोन ने महिलाओं को किया पुरस्कृत

जनसंदेश न्यूज

**मेंहनगर (आजमगढ़)।** सलोनी मेकओवर जोन द्वारा कैंप लगाकर एक महीने प्रशिक्षण देकर बालिकाओं को पुरस्कार और सर्टिफिकेट वितरण किया गया। पिछले कई सालों से सलोनी मेकओवर जोन द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और बेटियों को आत्मनिर्भर बनाओ कार्यक्रम के तहत फ्री प्रशिक्षण देकर महिला सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा रहा है।


महिला को पुरस्कार देते आयोजक।

मुख्य अतिथि रहे भाजपा जिलाध्यक्ष ध्रुव कुमार सिंह ने प्रथम पुरस्कार विजेता रेनू जायसवाल लालगंज अंजलि जायसवाल दीपिका रावत एवं द्वितीय पुरस्कार रेखा भारती कॉमेडी तृतीय पुरस्कार नंदिनी जायसवाल को देते हुए कहा कि यह बहुत ही सराहनीय कार्यक्रम है। श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिलाओं की सशक्तिकरण के लिए हर जरूरी कदम उठा रहे हैं। इस दिशा में पार्लर की प्रोपराइटर सोनी जायसवाल और उनके पति सुनील जायसवाल धन्यवाद के पात्र हैं। अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए श्रीमती जायसवाल ने बच्चियों के उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि आगे जाकर अपने मां-बाप का नाम रोशन करें। इस मौके पर समाजसेवी माजिद खान, सुनील जायसवाल, मनोज मौर्य, संध्या मौर्य, सिद्धू सोनकर, जैकी जायसवाल, अशोक जायसवाल, सनी राय, अनुराग सिंह बंटू आदि उपस्थित रहे। संचालन प्रदीप सिंह ने किया।

# प्रधानों ने बीडीओ को सौंपा दस सूत्री मांगपत्र

जनसंदेश न्यूज

**रानीकीसराय (आजमगढ़)।** स्थानीय ब्लाक क्षेत्र के ग्राम प्रधानो की बैठक मुहम्मदपुर ब्लाक सभागार में बुधवार को हुई। प्रधानों ने क्षेत्र में प्रदेश सरकार पर विकास कार्यों को कराने में मनमानी का आरोप लगाया। साथ ही इसके विरोध में 16 जनवरी से ग्राम पंचायतों में हो रहे विकास कार्यों को ठप कर आंदोलन की चेतावनी दी। अपने दस सूत्री मांग पत्रक प्रधानों ने खंड विकास अधिकारी को सौंपा।


खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन देते ग्राम प्रधान।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रधान संघ के जाहिद खां ने कहा कि सरकार के मनमाने रवैये से प्रधानों में रोष है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार के रवैये के कारण ग्राम पंचायतों में हो रहे विकास कार्यों को कराने में मनरेगा आदि कार्यों में दिक्कतें आ रही हैं। इसे लेकर 16 जनवरी से प्रधान हड़ताल पर रहेंगे। कार्य नही किये जायेंगे। उन्होंने गाव में कराये गये कार्य का भुगतान, मानक से सभी ग्राम पंचायतों में कार्य, मनरेगा मजदूरी चार सौ करने, प्रधानो का मानदेय बढाने, अमृत सरोवर, पंचायत भवन आदि कार्यों का समय से भुगतान, रोजगार सेवक की मूल तैनाती दूसरे गांव में आदि की मांग की। इस दौरान इकबाल उर्फ. चुन्नू, अरविंद यादव पिंटू, अवधेश, मंतोष यादव, जलमधारी यादव, आबिद, गुफरान अहमद, गुड्डू, जियालाल यादव, इकबाल, बलिराम, अरविंद यादव, साउद अहमद, मंतोष यादव, राजेश चाहौन, बेलाल अहमद, रफीक, संजय कन्नौजिया आदि मौजूद थे।

### बोहरा समाज के धर्म गुरु ने बांटा कम्बल

**मुबारकपुर (आजमगढ़)।** बोहरा समाज के धर्म गुरु सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन के दीघार्यु के लिए लोगों में मोहल्ला पूरारानी स्थित बोहरा मस्जिद में मंगलवार की देर रात्रि मुल्ला शब्बीर व कस्बा चौकी प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों के सैकड़ों लोगों को कंबल वितरण किया। इस अवसर पर शब्बीर ने कहा कि हमारे सैयदना की ही कोशिश रही है कि सभी इंसानियत का भला हो और शकुन भरी जिंदगी जीने की कोशिश हो और देश विदेश में अमन चैन कायम रहे। इसलिए हम सभी उन्हीं के बताए हुए सिद्धांतों पर चलने की कोशिश करते हैं और उनसे बहुत कुछ सीखने को मिलता है। उनसे एक नई दिशा नई सोच नई उम्मीद की राह जागती है इसके लिए उनके दीघार्यु हेतु हम लोगों ने कंबल वितरण का आयोजन किया। यह कार्य करने से हम सभी को सुकून और सैयदना साहब के लिए दुआ की दरखास्त करते हैं। इस अवसर पर हुजैफा, अहमद अली, हसन अख्तर, मुस्तफा, अली असगर, हसन, अब्दुल हुसैन, बदरू जमील, मोहम्मद नेसार, मुस्तफा आदि लोग उपस्थित थे।

# मकर संक्रांति की तैयारी, सजी दुकानें

**त्योहार**

### ठंड की वजह से बाजारों में पसरा सन्नाटा

जनसंदेश न्यूज


अतरौलिया में मकर संक्रांति के लिए सजी दुकान।

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** मकर संक्रांति पर्व पर बहन बेटियों के घर खिचड़ी पहुंचाने की परंपरा का निर्वहन आज भी जारी है। शहरी क्षेत्रों में तो लोग आधुनिकता की दौड़ में शामिल होने लगे हैं लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी इस परंपरा को निभाने में लोग पीछे नहीं हैं। इस साल 15 जनवरी को मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाएगा। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में लगभग 80 प्रतिशत लोग इस वर्ष भी प्रत्येक वर्ष की भांति 14 जनवरी को ही मकर संक्रांति मनाने की तैयारी मे लगे हैं। इसे देखते हुए नगर पंचायत में लाई-चूड़ा, गट्टा, तिलकुट तथा अन्य खाद्य सामग्रियों की दुकानें सज गई हैं। परंतु अत्यधिक ठंड होने की वजह से बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ है।

खरमास में पड़ने वाले इस पर्व से पूर्व बहन बेटी और बुआ के घर खिचड़ी पहुंचाने के लिए की जाने वाली तैयारी पूरी करने के लिए लोग अन्य खाद्य सामग्रियों की खरीदारी के लिए ठंड के इस मौसम में लोग घरों से बाहर नहीं निकल रहे हैं। जहां काफी संख्या में लोग बाजारों में लाई-चूड़ा गट्टा तिलकुट आदि की खरीदारी करते नजर आते थे वहीं बाजार में दुकानों पर भीड़ नहीं दिख रही। खाद्य पदार्थों की दुकानें नगर पंचायत से लगायत ग्रामीण क्षेत्रों में भी पूरी तरह सज गई हैं। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि मकर संक्रांति पर्व पर जिले के बाजार खराब मौसम के कारण ग्राहकों का इंतजार कर रहे हैं। मकर संक्रांति को देखते हुए पतंग की दुकान भी सज चुकी है। तरह-तरह की रंग बिरंगी पतंग सजाई गई है लेकिन ग्राहकों के ना आने से सभी दुकानदार मायूस नजर आ रहे हैं।

पंडित चन्द्रेश दास जी महाराज ने बताया कि इस बार संक्रांति 14/15 जनवरी की रात्रि 3 बजकर 2 मिनट पर लग रही है। 15 जनवरी को सूर्योदय के बाद मकर का पूर्णकाल माना जायेगा जो दोपहर 11 बजकर 30 मिनट तक रहेगा। ऐसे में संक्रांति पर्व 15 जनवरी को मनाना श्रेयष्कर होगा। संक्रांति का मुहूर्त पूरे दिन मिल रहा है।

# सीडीओ ने रोस्टर लिस्ट रखने की आशा कार्यकर्त्री को दी हिदायत

निरीक्षण

### सीडीओ ने कई केंद्रों का किया निरीक्षण

जनसंदेश न्यूज



निरीक्षण करतीं सीडीओ

**मीरजापुर।** मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस द्वारा बुधवार को विकास खण्ड सीटी में ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस (द्वितीय बुधवार) को हो रहे बच्चों के टीकाकरण एवं गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण के सतत निरीक्षण में निम्नांकित स्थलों का औचक निरीक्षण किया गया।

टीकाकरण केन्द्र-भरूहना बड़ी बारी छेदी चौहान के घर पर हो रहे टीकाकरण के निरीक्षण के समय ए0एन0एम0-पूनम गुप्ता, आशा बिन्दो देवी, आंगनबाड़ी सावित्री की जगह दुर्गा उपस्थित रही। उपस्थित ए0एन0एम0 द्वारा बताया गया कि रोस्टर/ड्यू लिस्ट पंजिका के अनुसार आज कुल-36 बच्चों टीकाकरण एवं 06 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण/टीकाकरण किया जाना है। वी0एच0एन0डी0 सेन्टर पर होने वाले आवश्यक उपकरण, सामग्री/दवाईयों की उपलब्धता की जॉच में पाया गया कि जे.ई. एवं पी0सी0वी0 की वैक्सीन उपलब्ध नहीं है।

केन्द्र पर बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का वजन हेतु लगे मशीन के आस-पास पत्थर पटिया, बोरी इत्यादि सामग्री पड़ा है, जिसमें बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं की सुरक्षा के दृष्टिगत आशा/आंगनबाड़ी को निर्देशित किया गया कि तत्काल उसे हटाते हुए स्वास्थ्य परीक्षण एवं टीकाकरण की कार्यवाही कराया जाना सुनिश्चित करें। आशा के घर के पर हो रहे टीकाकरण के निरीक्षण के समय ए0एन0एम0-अनीता देवी, आशा-क्षमा मिश्रा, आंगनबाड़ी शारदा उपस्थित रहीं। उनके द्वारा बताया गया कि रोस्टर/ड्यू लिस्ट पंजिका के अनुसार आज कुल-33 बच्चों टीकाकरण एवं 06 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण टीकाकरण एवं 08 परिवार नियोजन किया जाना है।

वी0एच0एन0डी0 सेन्टर पर होने वाले आवश्यक उपकरण, सामग्री/दवाईयों की उपलब्धता की जॉच में पाया गया कि परीक्षण हेतु स्टेथोस्कोप उपलब्ध नहीं है। निर्देशित किया गया कि अगले टीकाकरण दिवस के पूर्व स्टेथोस्कोप मशीन एम0ओ0आई0सी0 से प्राप्त करना सुनिश्चित करें। ए0एन.एम0 को निर्देशित किया गया कि ग्राम प्रधान से समन्वय कर उक्त व्यवस्था किया जाना सुनिश्चित करें।

## पुलिस व दुकानदारों ने किया तेरहवीं का आयोजन

**चील्ह।** चील्ह चौराहा स्थित जिला पंचायत के यात्री विश्रामालय में पगली माता के भंडारा का आयोजन बुधवार को किया गया। जानकारी के अनुसार विगत 10 वर्षों से चील्ह चौराहे पर एक महिला जिसे लोग पगली माता के नाम से पुकारते थे रह रही थी। 12 दिन पहले उनकी मृत्यु हो गई थी। सभी स्थानीय लोग व पुलिस कर्मी मिलकर के अज्ञात पगली माता का धूम धाम से पुराने बाड़ा गंगा घाट ले जाकर के दाह संस्कार किया था। बुधवार को जन सहयोग से तेरहवें दिन भंडारे का आयोजन किया गया। स्थानीय लोगों ने भारी संख्या में पगली माता के भंडारा में प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में स्थानीय दुकानदार, सामाजिक कार्यकर्ता व पुलिस कर्मियों के द्वारा मिलकर के तेरहवीं का भंडारा किया गया। अनजान पगली माता के आत्मा की शांति के लिए पुनीत भंडारे के आयोजन का लोगों ने प्रसंशा किया। जन सहयोग से कोन ब्लाक का अनूठा आयोजन रहा जो लोगो में प्रसंसा का विषय बना रहा।

# प्रधान संघ की ब्लॉक अध्यक्ष निर्वाचित हुई अनीता गुप्ता

चुनाव

### दस मत से विपक्षी को किया पराजित



अध्यक्ष को बधाई देते प्रधान

**लालगंज।** स्थानीय विकास खंड परिसर पर बुधवार को ग्राम प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष पद के लिए हुए मतदान में मझियार कि ग्राम प्रधान अनीता गुप्ता ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी श्याम बहादुर पटेल को 10 मतों के अंतर से पराजित कर प्रधान संघ की ब्लाक अध्यक्ष निर्वाचित की हुई। विजई होने के बाद उन्होंने कहा कि संगठन को लेकर विकास का काम करूंगी और शासन द्वारा सभी संचालित योजनाओं के विकास में पूरा सहयोग दूंगी। लालगंज प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशी आमने-सामने आकर नामांकन किए। तीन बजे से चार बजे तक हुए मतदान के बाद मतगणना हुई। जिसमें मझियार की ग्राम प्रधान अनीता गुप्ता को 30 मत मिले और प्रतिद्वंदी रहे तत्कालीन ब्लॉक अध्यक्ष श्याम बहादुर पटेल को 20 मत मिला। 10 मतों के अंतर से अनीता गुप्ता प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष निर्वाचित हुई। इसकी घोषणा चुनाव अधिकारी हफीज अहमद व सहायक चुनाव अधिकारी द्वय गणेश शंकर दुबे व दुर्गा प्रसाद ने संयुक्त रूप से चुनाव संपन्न होने की घोषणा किया। चुनाव अधिकारी ने बताया कि लालगंज ब्लाक में कुल 53 ग्राम पंचायतों में 50 प्रधानों ने मतदान में भाग लिया तथा तीन ग्राम प्रधान अनुपस्थित रहे। इस अवसर पर दिनेश,अरविंद यादव, राजकुमार पटेल, चंद्र भूषण पाल, शिव कुमार यादव, उमेश कुमार, राजनारायण पाल, शांति देवी, मंगरा देवी, शारदा सिंह, गंगा प्रसाद, सज्जन सिंह, महानारायण भारती, महानंद, गणेश विश्वकर्मा, रईस अहमद, राम उजागीर मौर्य आदि रहे।

## ग्राम प्रधान के विकास कार्यों की डीडीओ ने की जांच

**कछवां।** विकास खंड मझवां क्षेत्रान्तर्गत कटका ग्राम प्रधान आरती देवी के कार्यों का डीडीओ श्रवण कुमार ने निरीक्षण किया। बताया गया कि ग्रामवासियों के द्वारा ग्राम प्रधान के खिलाफ जिलाधिकारी के यहां शिकायतें दर्ज कराया गया था। जिसकी जांच हेतु मंगलवार को डीडीओ ने औचक निरीक्षण किया और ग्रामवासियों द्वारा लगाई गई गंभीर आरोपों की जांच करने में जुटे रहे। वही ग्रामीणों द्वारा जिलाधिकारी को पत्रक सौंपकर शौचालय, इंटरलॉकिंग, हैंडपंप, टीन शेड के कार्य को फर्जी तरह से पास करा सरकारी धन का दुरुपयोग कर बंदरबांट का आरोप लगाया है। जिसे डीएम द्वारा संज्ञान में लेते हुए त्रिस्तरीय टीम डीडियो श्रवण कुमार राय के नेतृत्व में पीडब्ल्यूडी के एई सी के पाण्डेय, नायब तहसीलदार शहर राहुल मिश्रा की टीम गठित कर जांच करने का आदेश दिया। जिस के आदेश पर ग्राम सभा कटका के प्रधान व विपक्षी गणों के साथ एक दूसरे के समक्ष जांच किया गया। ग्राम प्रधान द्वारा फर्जी प्रस्ताव बनाकर व्यक्तिगत कार्य को ग्राम पंचायत का कार्य बताकर गलत ढंग से पैसा निकालने का काम किया गया है। एक खड़ंजा लगाया गया जो गांव की सीमा से लगे भदोही जिले में लगा दिया गया है ऐसा आरोप कटका गांव के रहवासियों द्वारा लगाया गया है।

# साइकिल चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



पकड़े गये आरोपी

**मीरजापुर।** थाना को0कटरा मीरजापुर पर 11 जनवरी 2023 को वादी अजय सिंह पुत्र स्व0 श्यामधर सिंह निवासी जगदीशपुर थाना चील्ह मीरजापुर द्वारा लिखित तहरीर बावत घर के बाहर खड़ी करीगरों की साइकिल चोरी हो जाने के सम्बन्ध में दी गई। जिसके आधार पर थाना चील्ह पर धारा 379 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा द्वारा उक्त चोरी की घटना का संज्ञान लेते हुए प्रभारी निरीक्षक चील्ह को अभियुक्तों की गिरफ्तारी व चोरी हुई साइकिल की बरामदगी के निर्देश दिए गए। उक्त निर्देश के अनुक्रम में बुधवार को उ0नि0 संजय कुमार मय पुलिस बल द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर क्षेत्र से दो आरोपी नीरज सरोज पुत्र साबू सरोज व किशन सरोज उर्फ नट्टे पुत्र राजाराम सरोज निवासीगण जगदीशपुर थाना चील्ह मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया तथा चोरी की एक साइकिल बरामद की गयी। उक्त के सम्बन्ध में थाना चील्ह पर पंजीकृत धारा 379,411 भादवि में नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त को जेल भेजा गया।

# टीबी रोग है जानलेवा न करें लापरवाही : सतीश शंकर

आयोजन

### क्रशर प्लांट पर काम कर रहे श्रमिकों को किया गया जागरूक



**मीरजापुर।** अहरौरा क्षेत्र में स्थित क्रेशर प्लांट पर कार्यरत वर्करों के बीच टीबी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त आयोजन का संचालन कर रहे डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सतीश शंकर यादव द्वारा लोगों को टीबी के संपूर्ण लक्षणों से परिचित कराते हुए बताया कि यह रोग मुख्य रूप से हवा के माध्यम से एक दूसरे को प्रभावित करता है जिसकी जानकारी हमें प्रभावित हो जाने के उपरांत होती है। आप सभी यदि अपने अंदर बताए गए लक्षणों का प्रभाव हैं तो तत्काल नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर वहां दी जा रही निःशुल्क जांच एवं इलाज सुविधा का लाभ उठाएं। साथ ही साथ श्री यादव द्वारा बताया गया कि सरकार द्वारा पाई गए टीबी रोगी को उसके पूरे इलाज अवधि तक पोषण योजना के तहत 500 की धनराशि उसके खाते में प्रतिमाह दिया भी जाएगा। उन्होंने उपस्थित जनों से अनुरोध किया कि आप सभी अपने घर, परिवार या अन्य किसी परिचित या अपरिचित व्यक्ति को बताए गए लक्षणों से प्रभावित पाते हैं तो उन्हें भी तत्काल सरकारी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करने का सुझाव देकर उनके घर परिवार का रक्षक बनने जैसा मानवीय कार्य करने का प्रयास करें, जिससे कि हम सभी मिलकर अपने देश से 2025 तक इस जानलेवा बीमारी को समाप्त करने के प्रधानमंत्री के संकल्प को पूरा कर सकें।

## आम के पेड़ से लटकता मिला 35 वर्षीय अज्ञात का शव

**मीरजापुर।** देहात कोतवाली थाना क्षेत्र के लखमापुर में आम के पेड़ से लटकता हुआ 35 वर्षीय अज्ञात का शव मिला। मामले की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि मंगलवार को स्थानीय लोगों ने एक 35 वर्षीय अज्ञात का शव आम के पेड़ से लटकता देख कर पुलिस को सूचना दिया। पुलिस मौके पर पहुंचकर अज्ञात युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही देहात कोतवाल ने बताया कि यह युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त था। कई दिनों से क्षेत्र में घूम रहा था। मंगलवार को कपड़े के फंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। वहीं दूसरी तरफ क्षेत्र में मंदबुद्धि के आत्महत्या को लेकर तरह तरह के चर्चाओं का बाजार भी गर्म है।

## रेलवे फाटक के पास बेहोशी हालत में मिली अज्ञात वृद्धा

**अदलहाट।** अहरौरा रोड रेलवे स्टेशन के पूरब लूप लाईन के पास बुधवार को दिन बारह बजे अज्ञात वृद्ध महिला बेहोशी की अवस्था में पड़ी मिली। महिला ने सफेद हरा रंग की साड़ी, स्वेटर पहनी हुई है।

# पीआरडी के जवानों ने किया प्रदर्शन कहा-साहब वेतन दिलवा दो

विरोध

### यातायात विभाग में चार माह से कर रहे काम नहीं मिला वेतन, बड़े बाबू कह रहे नहीं है बजट

जनसंदेश न्यूज



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते पीआरडी के जवान

**मीरजापुर।** चार माह से यातायात विभाग में ड्यूटी करनेवाले के बावजूद वेतन न मिलने से बेहाल पीआरडी के जवानों ने जिला मुख्यालय पर बुधवार को प्रदर्शन किया।

जिला प्रशासन को पत्रक सौंप कर आर्थिक तंगी से उबारने की मांग की गई है। कहा कि वेतन न मिलने के कारण उन्हें तमाम समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। दो वक्त की रोटी भी नसीब होना मुश्किल हो गया है। जिला मुख्यालय के यातायात विभाग में 75 जवानों को व्यवस्था के लिए लगाया गया है। जवानों का कहना है कि वह 4 महीने से यातायात विभाग में ड्यूटी कर रहे हैं। प्रति दिन 8 घंटा ड्यूटी करने के बाद भी घर में दोनों वक्त का चूल्हा जलना मुश्किल हो गया है। वेतन न मिलने के कारण परिवारिक समस्या खड़ी हो गई है। उन्हें काम करने के बाद भी वेतन नहीं दिया जा रहा है। बड़े बाबू का हर माह यही कहना है कि बजट नही है। बजट न होने की बात कह कर वह किनारा कस ले रहे है। जबकि परिवार को आर्थिक तंगी के कारण कई समस्या को झेलना पड़ रहा है। वेतन न मिलने के कारण भुखमरी की नौबत आन पड़ी है। कर्ज लेकर आखिर कब तक पेट भरा जायेगा। जिला मुख्यालय पर पहुंचे जवानों ने बिना किसी हंगामा या नारे बाजी के अपनी बात रखते हुए वेतन दिलाये जाने की मांग की ।

# पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर बंटा कंबल

नेक कार्य

### जय जवान, जय किसान नारा नहीं शांति से विकास का हैं मंत्र

जनसंदेश न्यूज



कम्बल वितरण करते मनोज श्रीवास्तव

**मीरजापुर।** पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर राष्ट्रवादी युवा मंच के बैनर तले नगर के घंटाघर ओलियर घाट मार्ग पर कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस मौके पर नगर विधायक रत्नाकर मिश्र एवं भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोज श्रीवास्तव ने शास्त्री जी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया।

मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि अगर आप वास्तव में खुश रहना चाहते है तो दूसरों की मदद करने के लिए आगे आना होगा। सनातन धर्म में कहा गया है कि सुख दिने सुख होत है दुःख दिने दुःख होय। रामराज की कल्पना को सेवा, सत्कार और समर्पण के भाव से ही साकार किया जा सकता हैं। नगर विधायक रत्नाकर मिश्र ने कहा कि गरीबों की मदद करने के लिए संपन्न लोगों को आगे आना चाहिए। शास्त्री जी की सादगी और देश प्रेम लोगों को समाज और देश के लिए जीने का संदेश देती है। इस अवसर पर विहिप के जिलाध्यक्ष रामचन्द्र शुक्ल, दुर्गा श्रीवास्तव, दिलीप श्रीवास्तव एडवोकेट, रविंद्र जायसवाल, प्रांत गौ रक्षा प्रमुख महेश तिवारी, भाजपा पूर्व क्षेत्रीय मंत्री रविशंकर साहू ,भाजपा उपाध्यक्ष मनोज दमकल, गोविंद निषाद, अंकुर श्रीवास्तव, आदि उपस्थित थे।

## पूर्व प्रधान ने लगाया हमला करने का आरोप

**जिगना।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बिहसडा बाजार निवासी पूर्व प्रधान बलराम उर्फ पप्पू जायसवाल के ऊपर गोलबंद होकर जान मारने की नियत से विपक्षियों ने हमला बोल दिया। तहरीर के माध्यम से थानाध्यक्ष जिगना को अवगत कराया है कि बुधवार की सुबह 11 बजे पीड़ित पक्ष द्वारा तालाब में लैट्रिन धोने का विरोध करने पर दबंगों के द्वारा लाठी डंडे से पूर्व प्रधान को मारा पीटा गया। जिसके कारण उनको गंभीरे चोटे आई। उसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए विपक्षी घटनास्थल से भाग गए। जिस समय घटना घटी उस समय पूर्व प्रधान तालाब के बगल अपने मकान का फर्श बनवा रहे थे। इन लोगों द्वारा सुनियोजित ढंग से झगड़ा करने की नियत पहले से ही बना चुके थे। हमले की सूचना घरवालों द्वारा जिगना पुलिस को दी गई। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घायल व्यक्ति को अपने साथ जिगना थाने ले गई। जहां से उन्हें मेडिकल के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरोई भिजवाया। पुलिस ने 323 504 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर हमलावरों की धरपकड़ कर रही है।

# प्रधानों के खाते में किया जाए मनरेगा का भुगतान



एडीएम नमामि गंगे को ज्ञापन देते प्रधान संगठन के पदाधिकारी


मांग

### प्रधानों ने एडीएम एनजी को दिया ज्ञापन

**मीरजापुर।** राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन द्वारा अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष के आदेशानुसार बुधवार को जिले की इकाई के अध्यक्ष चंद्रशेखर यादव व जिला इकाई के 12 ब्लॉकों के अध्यक्षों द्वारा संयुक्त रूप से एडीएम नमामि गंगे व सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपकर प्रधान संगठन द्वारा अपनी बात रखी गई। प्रधान संगठन द्वारा मांग की गई है कि 5 लाख की मनरेगा की स्वीकृति ग्राम पंचायत द्वारा की जाए। मनरेगा का भुगतान प्रधान के डोंगल द्वारा किया जाय। जिससे भुगतान ग्राम पंचायत द्वारा ही किया जाए। मनरेगा का पैसा प्रधान के खाते में भेजा जाए। जिससे लेबर और मटेरियल का भुगतान सुगमता पूर्वक हो जाए। ऐसी तमाम बातों को संगठन द्वारा मांग की गई है। इस दौरान छानबे ब्लॉक उपाध्यक्ष विनोद यादव, दिनेश,अरुण, बाबू सेठ, शिव लखन बिंद, दिनेश, बबलू, माया देवी, मनोज सिंह, अनिल कुमार, राकेश कुमार, चंदन कुमार, सुमन देवी सहित भारी संख्या में ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

## संक्षेप

### सोनकर फाउंडेशन के तत्वावधान में एसडीएम ने बांटे कम्बल



**मीरजापुर।** सोनकर फाउंडेशन मीरजापुर के स्थापना दिवस के अवसर पर मंगलवार की शाम को फनसिटी शिवाला महंत में कंबल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। सोनकर फाउंडेशन के सौजन्य से कड़ाके की ठंड को एवं शीतलहर को देखते हुए 300 कंबल वितरण जरूरतमंद एवं असहाय लोगों को मुख्य अतिथि चंद्रभान सिंह उप जिलाधिकारी सदर एवं विशिष्ट अतिथि दिलीप कुमार सोनकर अधिशासी अभियंता लघु डाल नहर खंड एवं फाउंडेशन के अध्यक्ष अनिल सोनकर प्रधान तथा प्रदीप कुमार सोनकर पूर्व सभासद एवं अन्य सदस्य के कर कमलों द्वारा कंबल वितरण किया गया। इस मौके पर धर्मेश सोनकर सॉल्वर इंस्टीट्यूट, राजेश सोनकर, महेश सोनकर, राधेश्याम सोनकर, दीपक सोनकर, विनोद सोनकर, गोपाल सोनकर, राजेश सोनकर, जोखू सोनकर, जोगिंदर सोनकर, हंसराज सोनकर एवं इत्यादि लोग मौजूद रहे।

### विंध्याचल में पकड़ा गया अवैध वाहन स्टैंड संचालक

**मीरजापुर।** विंध्याचल पुलिस ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दबंगई से वाहन स्टैंड चलाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया। इसकी शिकायत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी से मिलने के बाद कार्यवाही की गई। यातायात माह के दौरान अवैध अतिक्रमण हटाने और अवैध स्टैंड संचालकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई किए जाने की चेतावनी सीओ सिटी परमानंद कुशवाहा ने दी। विंध्याचल धाम में स्टेशन रोड से आने वाले यात्रियों को दबंगई का शिकार बनना पड़ रहा था। उनका वाहन जबरन रोककर सरकारी अस्पताल परिसर में खड़ा कराकर स्टैंड के नाम से वसूली की जा रही थी। जिससे अस्पताल में आने वाले मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। लिहाजा शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया। कानूनी कार्रवाई करते हुए अवैध वाहन स्टैंड चलाने के आरोप में कंचन पाल को गिरफ्तार किया। सीओ सिटी परमानंद कुशवाहा ने कहा कि अवैध स्टैंड चलाने की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया है। इस समय सड़क सुरक्षा माह चलाया जा रहा है। अतिक्रमण करने और विंध्य क्षेत्र में अवैध वाहन स्टैंड चलाने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई किया जायेगा। गैर कानूनी कार्रवाई करने वालों की सूचना आम नागरिकों के द्वारा दिए जाने की अपील की।

### खाद्य विपणन अधिकारी ने धान क्रय केंद्र का किया निरीक्षण

**लालगंज।** स्थानीय विकासखंड क्षेत्र में स्थित पगार साधन सहकारी समिति लहंगपुर पर बनाये गये धान क्रय केंद्र का बुधवार को जिला खाद्य विपणन अधिकारी धनंजय सिंह के साथ आरएम पीसीएफ वैभव कुमार ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान धान क्रय केंद्र पर धान तौल कराने आये किसानों का आधार कार्ड न मिलने पर क्रय केंद्र प्रभारी सिद्धनाथ दुबे को फटकार लगाई। उन्होंने क्रय केंद्र प्रभारी से पूछा कि दोनों कांटे पर आज की तारीख में कितने किसानों को टोकन दिया गया है इस पर क्रय केंद्र प्रभारी ने बताया कि कुल 8 किसानों को टोकन दिया गया है जिसमें 3 किसान धान क्रय केंद्र पर आ गए हैं। वहीं पर क्रय केंद्र प्रभारी ने बताया कि अब तक 312 किसानों से 12.728 कुंटल धान की खरीदी की गई है। निरीक्षण के दौरान जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि धान क्रय केंद्र पर सब ठीक ही मिला है लेकिन धान तौल कराने आए किसानों का आधार कार्ड मौके पर नहीं मिला। इस पर केंद्र प्रभारी को निर्देशित किया गया है कि जो किसान धान तौल कराने आये वो लोग अपना आधार कार्ड मौके पर रखें।

### जन सुनवाई हेतु ग्राम पंचायतों में किया गया चौपाल का आयोजन

**मीरजापुर।** आयुक्त ग्राम्य विकास ने ग्राम चौपाल का आयोजन किये जाने का निर्देश दिया गया। उक्त के तहत 13 जनवरी 2023 को विधानसभा मझवां के विकास खण्ड पहाड़ी में ग्राम पंचायत बेदौली कला, इमिरिती, विकास खण्ड मझवां में महामलपुर, करसड़ा, विधानसभा मझवां नगर विकास खण्ड सिटी के ग्राम पंचायत पड़रा हनुमान, कंतित ग्रामीण, विधानसभा नगर के विकास खण्ड कोन में भोगांव, चन्देलडढ़िया, विधानसभा छानबे विकास खण्ड छानबे के ग्राम पंचायत गौरा, जांसा बघौरा, विकास खण्ड लालगंज में पतुलकी, बसही कला, विकास खण्ड हलिया में हलिया, बरी, विधानसभा मड़िहान विकास खण्ड पटेहरा कला में मरचा, ककरद, विकास खण्ड राजगढ़ में ददरा, पतेरी, विधानसभा चुनार विकास नरायनपुर में परशुरामपुर, बैंकुंठपुर, विकास सीखड़ में शिल्पी, पचराव, विकास खण्ड जमालपुर भुईली खास, हिनौती माफी में चौपाल का आयोजन किया गया हैं। ग्राम चौपाल हेतु चयनित ग्राम पंचायत को सांसद व विधायकगण के सुझाव के अनुसार परिवर्तन सम्भव हैं।

### रामकथा का अमृत पान कर श्रोता भावविभोर

**हलिया।** क्षेत्र के मड़वां धनावल गांव में विश्व कल्याण और गौ रक्षा के लिए आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम महायज्ञ व रामकथा के आठवें दिन बुधवार को प्रयागराज से पधारे अम्बरीष दास जी महाराज के नेतृत्व में विद्वान आचार्यों ने विधिविधान से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ पूजन किया। इसके बाद राम नारायण दास जी महाराज ने भक्तों को रामकथा का अमृतपान कराया। कथावाचक ने कहा कि राम नाम का स्मरण करने वाले प्राणी प्रभु राम की कृपा से भवसागर को आसानी से पार कर जाते हैं। कहा कि जिस व्यक्ति के अंदर त्याग और समर्पण के गुण पाए जाते हैं ऐसे भक्त भगवान को परम प्रिय होते हैं। कहा कि प्रभु श्रीराम ने माता कैकेई की इच्छाओं का सम्मान करते हुए राजगद्दी को त्याग दिया और चौदह वर्ष के वनवास को सहजता पूर्वक स्वीकार कर लिया। प्रभु श्रीराम का यह त्याग और समर्पण आज के समाज के लिए अनुकरणीय है। कहा कि देश और समाज की उन्नति के लिए आज त्यागी राष्ट्र प्रेमियों की जरूरत है। कथा श्रवण करने के बाद श्रोताओं ने यज्ञ स्थल की परिक्रमा कर सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान ग्राम प्रधान रमेश सिंह, सुरेन्द्र बहादुर सिंह, दामोदर सिंह, शिव दत्त दुबे, प्रतीक सिंह, घनश्याम श्रीवास्तव, सत्येन्द्र दुबे, शारदा दुबे, अयोध्या भट्ट, श्यामधर दुबे आदि मौजूद रहे।

### सवित्त माध्यमिक प्रबंधक संगठन के जिलाध्यक्ष बने अजय ओझा

**मीरजापुर।** सवित्त माध्यमिक प्रबंधक संगठन मीरजापुर का जिलाध्यक्ष श्री ज्ञानानंद इंटर कॉलेज पड़री के प्रबंधक अजय ओझा को मनोनीत किया गया है।



प्रदेश महामंत्री प्रमोद सिंह ने संगठन का विस्तार करते हुए उमेश सिंह मंडल उपाध्यक्ष व अजय ओझा को मीरजापुर जनपद का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया हैं। अजय ओझा को जिलाध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर जनपद के प्रबंधको में खुशी व्याप्त हैं। अजय ओझा छात्र जीवन से ही जुझारु रहें हैं जनपद के बड़े महाविद्यालय विनानी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र संघ महामंत्री व अध्यक्ष रह चुके हैं तथा राष्ट्रीय स्तर छात्र नेताओं का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वर्तमान में जनपद में अपनी अलग पहचान रखने वाले श्री ज्ञानानंद इंटर कॉलेज पड़री के लगातार दुसरी बार प्रबंधक हैं। अजय ओझा के जिला अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर जनपद के प्रबंधकों ने बधाई दी है।

### 11 फरवरी को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**मीरजापुर।** प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय के दिवाकर प्रसाद चतुवेर्दी, की अध्यक्षता में पारिवारिक मामलों के निस्तारण हेतु चिन्हित पारिवारिक मामलों के निस्तारण हेतु पक्षकारों के मध्य सुलह समझौता वार्ता हेतु प्री-बैठक आहूत किया। बैठक में उपस्थित ( पति - पत्नी ) पक्षकारगण को साथ-साथ रहने के लिए मध्यस्थतगण के द्वारा काफी समझाया गया। उनमें से एक दाम्पत्य पति पत्नी साथ-साथ रहने को तैयार हो गये और उनके पत्रावली के निस्तारण के लिए 11 फरवरी 2023 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में बुलाया गया है। साथ उन्होने यह भी बताया कि दाम्पत्य मामलें जिन्होने अभी तक न्यायालय में अपना मुकदमा दायर नहीं किया है, ऐसे प्री-लिटिगेशन दाम्पत्य मुकदमों में सुलहवार्ता न्यायिक अधिकारियों की गठित समिति द्वारा सुलह-समझौता के माध्यम से निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत में किया जायेगा और निणर्य में डिकी भी पारित होगी। प्री-लिटिगेशन सुलहवार्ता बैठक में अपर जिला जज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लाल बाबू यादव ने उपस्थित दाम्पत्य पति पत्नीयों को बताया कि अपने जीवन को सुखमय बनाये के लिए पति पत्नी आपस में सामन्जश बना कर रहे तो कभी भी आपस में विवाद नहीं होगा।

### तंबाकू सेवन न करने की दिलाई गई शपथ

**हलिया।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में बुधवार को तंबाकू रोग नियंत्रण अभियान के तहत चिकित्सक डा॰ अभिषेक जायसवाल की अध्यक्षता में संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी में तंबाकू के सेवन से होने वाली विभिन्न बीमारियों के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। इस दौरान तंबाकू उत्पादों के सेवन नही करने के लिए उपस्थित लोगों को शपथ दिलाई गई है। जिला सलाहकार तंबाकू नियंत्रण डा॰ राजेश कुमार ने बताया कि विश्व भर में कैंसर से होने वाली मौतों का एक सबसे बड़ा कारण तंबाकू सेवन है। तंबाकू उत्पादों के सेवन करने से कैंसर होता है। साइकोलॉजिस्ट काउंसलर डा॰ शालिनी सिंह ने तंबाकू उत्पादों बीड़ी सिगरेट, गुटखा आदि के सेवन नही करने की सलाह देते हुए कहा कि धूम्रपान छोड़ने से रक्त चाप और हृदय गति सामान्य हो जाती है। डा॰अभिषेक जायसवाल ने मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों को शपथ दिलाते हुए कहा कि हम सभी आज से प्रतिज्ञा करें और शपथ लें कि तंबाकू उत्पादों का सेवन नही करेंगे। इस दौरान महिला चिकित्सक निर्मल, रीना पटेल, डा॰हर्षवर्धन, डा॰सुरेश कनौजिया, फार्मासिस्ट शिवशंकर पटेल, सुभाष सिंह, अजय कुशवाहा एलटी आलोक कुमार, अखिलेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

# फर्जी रिलीज आर्डर पर वाहनों को छुड़ाने वाले दो गिरफ्तार

## एआरटीओ सहित कई की बताई संलिप्तता, परिवहन महकमे में हड़कंप

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** बहुचर्चित फर्जी रिलीज आर्डर वाले मामले में चोपन पुलिस ने बुधवार को अहम कामयाबी दर्ज की। कार्यालय में जाकर फर्जी रिलीज आर्डर तैयार करने से लेकर थाने तक पहुंचवाने में प्रमुख भूमिका निभाने वाले दो आरोपियों को बुधवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

दोनों आरोपी तत्कालीन एआरटीओ पीएस राय के बेहद करीबी बताए जा रहे हैं। पूछताछ में भी उन्होंने एआरटीओ सहित अन्य की संलिप्तता का खुलासा किया गया। इससे महकमे में हड़कंप मच गया है। पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों का संबंधित धाराओं में चालान कर दिया गया।


गिरफ्तार आरोपियों के साथ चोपन थाना प्रभारी लक्ष्मण पर्वत

प्रभारी निरीक्षक चोपन लक्ष्मण पर्वत की अगुवाई में हेड कांस्टेबल चंद्रजीत सिंह, कांस्टेबल अर्पित मिश्रा, जितेन्द्र कुमार की मौजूदगी वाली टीम ने आरोपियों की गिरफ्तारी की। बताया कि एसपी डॉ. यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चोपन पुलिस फर्जीवाड़े में वाछिंत चल रहे अजीत कुमार मिश्रा पुत्र स्व. दशरथ, निवासी नई बस्ती उरमौरा, थाना रॉबर्ट्सगंज व विजेन्द्र कुमार उर्फ गुड्डू पुत्र स्व. दामोदर सिंह, निवासी नई बस्ती अरौली चुर्क वार्ड नंबर 06 थाना रॉबर्ट्सगंज, की गिरफ्तारी गुरमा मोड़ से की। आरोपियों के खिलाफ चोपन थाने के साथ ही हाथीनाला, विण्ढमगंज और म्योरपुर थाने में धारा 419, 420, 467, 468, 471, 409, 120बी आईपीसी के तहत मामला दर्ज हैं। प्रभारी निरीक्षण लक्ष्मण पर्वत ने बताया कि फर्जीवाड़े में शामिल पाए गए अन्य आरोपियों की तलाश शुरू की गई है।

# ओबरा के हर्ष बने इसरो में साइंटिस्ट

जनसंदेश न्यूज

**ओबरा।** प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं रहती है। अपने लगन और कड़ी मेहनत के दम पर ओबरा नगर के हर्ष श्रीवास्तव ने इसरो मे साइंटिस्ट के पद पर ज्वॉइन कर नगर सहित जनपद का नाम रोशन करके दिखाया है। हर्ष की प्रारंभिक शिक्षा नगर के सरस्वती शिशु मंदिर से करने के बाद 6 से आठ तक की शिक्षा सरस्वती विद्या मंदिर से तथा 9 से 12 तक की शिक्षा इन्टरमीडिएट कालेज से हुई। इसके बाद राम स्वरूप बी टेक कालेज लखनऊ से बी टेक करने के पश्चात उच्च शिक्षण संस्थान आईआईटी आईएसएम धनबाद से एम टेक कर अच्छे जॉब के लिए लगातार कड़ी मेहनत करते रहे। हर्ष ने बताया कि वर्ष 2021 में उत्तराखंड पावर कारपोरेशन में असिस्टेंट इंजीनियर के पद पर उनका चयन हुआ। ऐसे में उन्हें लगा की अच्छी नौकरी लग गयी है लेकिन कुछ दिन बाद उत्तराखंड पावर कारपोरेशन द्वारा संशोधित परिणाम आने पर हर्ष का नाम उस सूची में नहीं था। इसके चलते उनके मन में बहुत निराशा हुई और आया कि अब कोई भी नौकरी मिल जाये उससे काम चला लेंगे। उस वक्त सबसे ज्यादा उनकी मां और भाई प्रशांत द्वारा हौसला बढ़ाया गया। साथ ही उन लोगों द्वारा अन्य अच्छी नौकरी हेतु प्रेरित किया गया। बताया की इसी बीच उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन में असिस्टेंट इंजीनियर के पद तथा इसरो में साइंटिस्ट (पावर सिस्टम) के पद के लिए रिटेन और इंटरव्यूज हुए। उक्त दोनों परीक्षा में पूरी तरह से सफलता मिली और दोनों जगह से नौकरी हेतु बुलाया गया। ऐसी स्थिति में परिजनों की सलाह पर इसरो में साइंटिस्ट के पद पर नौकरी ज्वॉइन कर लिया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय गुरुजनों सहित अपनी माता रेनु श्रीवास्तव को दिया। ओबरा इंटर मीडिएट कॉलेज के प्रधानाचार्य विजय कुमार, वरिष्ठ पत्रकार राहुल श्रीवास्तव, रमेश सिंह यादव, बिजली कामगार नेता शशि कांत श्रीवास्तव आदि ने इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किया है।


हर्ष श्रीवास्तव

## संक्षेप

### होम्योपैथिक गौरव सम्मान से सम्मानित हुए डॉ. कुसुमाकर



**सोनभद्र।** वरिष्ठ समाजसेवी एवं पूर्व होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डा. कुसुमाकर श्रीवास्तव को विगत दिनों वाराणसी के ताज होटल में आयोजित होम्योपैथिक गौरव सम्मान 2023 कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में रहे परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह एवं स्वामी उमा द अक बाबा द्वारा होम्योपैथिक गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में बतौर अतिथि द ग्रेट खली, नवाजुद्दीन सिद्दीकी एवं देश के जाने-माने होम्योपैथिक चिकित्सक उपस्थित थे। बता दें कि डॉ. कुसुमाकर श्रीवास्तव कई वर्षों से होम्योपैथिक चिकित्सा के क्षेत्र में अपनी सेवा दे रहे हैं। इनके सम्मानित होने पर जिले के चिकित्सकों ने खुशी का इजहार करते हुए कहा है कि यह सम्मान मिलना जिले के लिए गौरवपूर्ण है।

### केसरवानी वैश्य सभा के जिलाध्यक्ष चुने गए सुरेश केशरी



**सोनभद्र।** अखिल भारतीय वैश्य सभा से संबद्ध जिला केसरवानी वैश्य सभा का चुनाव संरक्षक लवकुश प्रसाद केशरी व राजेश केशरी के संयुक्त तत्वाधान में संपन्न हुआ। इस दौरान केसरवानी वैश्य सभा का जिलाध्यक्ष सुरेश केशरी को चुना गया। जिला कार्यकारिणी हनुमान दास केशरी, शंकरलाल केशरी, श्यामसुंदर केशरी, अशोक केशरी, दीनदयाल केशरी, शंकरलाल केशरी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार केशरी, नंदलाल केशरी, श्री राम जी केशरी, डॉ. शंकर लाल गुप्ता, रामरक्षा केशरी, गणेश केशरी, गोपी केशरी, रमेश केशरी, कृपाशंकर केशरी, जामुन केशरी, बंसी केशरी, शंकर प्रसाद केशरी, गोपाल केशरी, यज्ञ नारायण केशरी, जिला महामंत्री विजय कुमार केशरी को चुना गया। सुरेश केशरी को केसरवानी वैश्य सभा का जिलाध्यक्ष चुने जाने पर प्रदेश अध्यक्ष तीरथ राज गुप्ता ने बधाई संदेश प्रेषित किया है।

### अंत्याक्षरी, भाषण, नाटक के जरिए छात्रों ने दिखाई प्रतिभा



**म्योरपुर।** स्थानीय ब्लॉक क्षेत्र के वनवासी सेवा आश्रम के विचित्रा महाकक्ष में बुधवार को माता पुष्पावती देवी और स्वर्गीय जज प्रेम सिंह की स्मृति में दो दिवसीय विद्यार्थी संगीति का आयोजन दीप प्रज्ज्वलित कर आश्रम के अध्यक्ष साहित्यकार अजय शेखर के कर कमलों के माध्यम से किया गया। अध्यक्षता कर रहे श्री शेखर ने कहा कि कोरोना के वजह से हम लोग नहीं मिल पाए थे लेकिन आज दो साल के बाद पुन मिले है साथ ही कहा की जीवन में कभी आलस्य और अपने से बड़े लोगो की अवज्ञा नही करना चाहिए। जीवन संघर्ष से भरा है। उन्होंने छात्रों का आह्वान किया कि अच्छी किताबो का अध्ययन करे जिससे व्यक्तित्व का विकास हो और जो गीत संगीत है वह समाज को दिशा देने वाला हो। श्री शेखर ने एक दोहे से अंत्याक्षरी प्रतियोगिता कार्यक्रम का शुरूआत किया। इस कार्यक्रम में प्राइमरी, जूनियर हाईस्कूल और हाई स्कूल के बच्चो ने प्रतिभाग किया। इस आयोजन में क्रमशः ग्राम पंचायत और सामान्य ज्ञान विषय पर क्विज प्रतियोगिता, समूह गीत प्रतियोगिता, एकांकी प्रतियोगिता, सुलेख प्रतियोगिता और कनिष्ठ और वरिष्ट वर्ग के बच्चों का अंत्याक्षरी प्रतियोगिता, नाटक, कार्यक्रम होना है। कार्यक्रम ने निर्णायक की भूमिका में जयंत कुमार, सुभाष चंद्रा और के आर गुप्ता रहे। कार्यक्रम का संचालन देवनाथ सिंह ने किया। इस मौके पर शुभा प्रेम, विमल सिंह, दिवाकर, सर्वजीत सिंह, ओंकार नाथ पांडेय, इंदुबाला, नेहा सिंह, प्रमोद शर्मा, दिलीप सिंह आदि रहे।

### दोषी रामकिशुन को सात वर्ष की कैद,11 हजार जुर्माना

**सोनभद्र।** साढ़े 17 वर्ष पूर्व हुई मारपीट में सिर की हड्डी टूटने के मामले में बुधवार को सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम खलीकुज्जमा की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर दोषी रामकिशुन को सात वर्ष की कैद एवं 11 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। वहीं अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित की जाएगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक चोपन थाना क्षेत्र के पाटी गांव निवासी नोहरी पुत्र भगत ने सीजेएम कोर्ट में धारा 156(3) सीआरपीसी के तहत दिए प्रार्थना पत्र में अवगत कराया था कि 12 जुलाई 2005 को शाम 5 बजे अपना खेत कोड़ रहा था तभी एकराय होकर अभियुक्तगण रामकिशुन, कुंभकरण,सुनेसर व लक्ष्मी सिंह उसके खेत पर लाठी डंडा से लैस होकर पहुंचे। जहां लक्ष्मी सिंह के ललकारने पर रामकिशुन, कुंभकरण व सुनेसर ने लाठी डंडे से मारकर उसे गिरा दिया। तथा यह धमकी दिया कि इसे नदी में फेंक दो। शोरगुल की आवाज सुनकर उसकी पत्नी, बृजलाल, बलिराम आदि आ गए और घटना को देखा। उसके बाद पत्नी लोगों की मदद से घर ले आयी और दूसरे दिन चोपन थाने जाकर पत्नी ने सूचना दिया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं कि गई। तब सीजेएम कोर्ट के आदेश पर 31 अक्टूबर 2005 को रामकिशुन, कुंभकरण, सुनेसर व लक्ष्मी सिंह के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई। मामले की विवेचना के दौरान पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने न्यायालय में रामकिशुन पुत्र सुनेसर के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल किया। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोषसिद्ध पाकर सजा का एलान किया। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर जिला शासकीय अधिवक्ता कुंवर वीर प्रताप सिंह ने बहस की।

### ब्लॉक प्रमुख ने जरूरतमंदों में बांटा कम्बल

**म्योरपुर।** स्थानीय ब्लॉक क्षेत्र के आदिवासी बाहुल्य कस्बा पतेरी टोला में बुधवार को ब्लॉक प्रमुख मानसिंह गोंड ने कड़ाके की ठंड से बचने के लिए जरूरत मंदो के बीच 150 कंबल का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने ने कहा कि समाज में मानव सेवा समर्पित जीवन जीने से खुद को आत्म संतुष्टि मिलती है। आप लाखों कमाकर एक दिन खाली हाथ चले जायेंगे। शेष आप के कर्म ही रह जाते है। वही अमर होते है जो देश समाज के लिए सामर्थ्य के अनुसार सेवा और दूसरे के भलाई करते है। इस मौके पर सुधीर कुमार, रामरतन, रामनरेश, काशी राम, गणेश, दिलवरन, अमित सिंह, सुभाष आदि लोग मैजूद रहे।

# पति ही निकला पत्नी का हत्यारा भेजा गया जेल

## तीन दिन पूर्व हत्या कर पेड़ के सहारे फंदे से लटका दिया था शव

जनसंदेश न्यूज

बभनी। स्थानीय थाना क्षेत्र के बरवाटोला के कनवा गांव में रविवार की रात फंदे से लटकता मिले महिला के शव मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए हत्यारोपी पति को गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया। पारिवारिक कलह में महिला की हत्या की बात कही जा रही है।

बता दें कि बभनी थाना क्षेत्र के बरवाटोला के कनवा गांव में बीते रविवार की सुबह एक महिला का शव चिलबिल के पेड़ से साड़ी के फंदे के सहारे लटकता मिला था। मृतका के पुत्र ने पिता पर हत्या कर इसे खुदकुशी का रूप देने के लिए साजिश के तहत शव को पेड़ से लटकाने का आरोप लगाया था। तहरीर के आधार पर प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार सिंह आरोपी की तलाश व प्रकरण की जांच में जुटे थे। पुलिस ने इस मामले में आरोपी को बुधवार की सुबह बड़ोहर तिराहे से पकड़ लिया। घटना का खुलासा करते हुए प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सीताराम की दो पत्नियां थी, मृतका सीताराम की दूसरी पत्नी थी। जिसका शव रविवार की सुबह पेड़ से लटका मिला था। पकड़े गए आरोपी ने बताया कि जमीन विवाद सहित पारिवारिक मुकदमे की रंजिश में उसने पत्नी की हत्या कर इसे आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को पेड़ से लटका दिया था।

## मादक पदार्थ की तस्करी में दो गिरफ्तार

**रामगढ़।** मादक पदार्थ के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी सदर डा. चारू द्विवेदी के पर्यवेक्षण में पन्नूगंज पुलिस ने गांजा व हेरोइन सहित दो व्यक्तियों गिरफतार कर जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि मादक पदार्थ लेकर कुछ लोग शाहपुर पुलिया के पास खड़े है, जिस पर पहुंची पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा तो सफेद झोले में तलाशी के दौरान 2 किलो 850 ग्राम गांजा बरामद हुआ। उसने अपना नाम लवकुश पुत्र कन्हैया मौर्या निवासी विश्वभरपुर बताया। पुलिस आरोपी को लेकर आ रही थी कि इसी बीच सूचना मिली कि एक व्यक्ति जो हेरोइन लेकर आ रहा है। पुलिस ने शाहपुर पुलिया के पास खेत की तरफ से एक व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया तो उसे रोका तो वह भागने लगा दौड़ाकर पकड़ कर तलाशी ली गई तो उसके जेब में एक डिब्बा बरामद हुआ। जिसमें 8 ग्राम हेरोइन बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपना नाम अंशु मौर्या पुत्र सुनील मौर्या निवासी उपरोक्त बताया। पकड़े गए व्यक्तियों को पुलिस ने संबंधित धारा में चालान कर दिया।

# सुरों की महफिल से झूमे श्रोता

महोत्सव

### विवेकानंद प्रेक्षागृह में सोन संगीत महोत्सव का हुआ शानदार आयोजन

जनसंदेश न्यूज


सोन संगीत महोत्सव में गीत प्रस्तुत करती नंदिनी स्वराज

**सोनभद्र।** सोन संगीत फाउंडेशन के तत्वाधान में मंगलवार की देर शाम राबर्ट्सगंज नगर स्थित विवेकानंद प्रेक्षागृह में सोन संगीत महोत्सव के आयोजन में सुर संगीत की महफिल सजी। महोत्सव में टी सीरीज के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भोजपुरी भक्ति व फिल्मी गीत सुना कर उपस्थित लोगों को झूमने पर विबस कर दिया।

टी सीरीज की जानी-मानी गायिका नंदिनी स्वराज ने अपनी आवाज का जादू बिखेरा तो दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। रेलिया बैरन पिया को लिए जाए रे सुनया तो लोग झुमने लगे। इसी क्रम में नंदिनी ने एक से बढ़कर एक कई फिल्मी एवं भोजपुरी गीत सुनाकर लोगों का दिल जीत लिया। टी सीरीज की गायिका हरिप्रिया ने अपनी दमदार आवाज में देवी गीत और गजल के माध्यम से ऐसा जलवा बिखेरा की लोग अपनी तालियों को नहीं रोक पाए। उनके गीत दमादम मस्त कलंदर और फूल तुम्हें भेजा है खत में फूल नहीं मेरा दिल है को खूब सराहा गया। डा. ओंकार सिंह ने हर हर महादेव शंभू काशी विश्वनाथ गंगे से कार्यक्रम का आगाज किया तो लोगों ने तालियां की गड़गड़ाहट से स्वागत किया। वहीं गजल चांदी जैसा रंग है तेरा सोने जैसे बाल, हम तेरे शहर में आए हैं मुसाफिर की तरह सुनाकर सभी श्रोत्राओं को संगीत के सरोवर में सराबोर कर दिया। गीत गजल से पूर्व सोन संगीत महोत्सव का दीप प्रज्ज्वलन भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने किया। इस मौके पर सदर विधायक भूपेश चौबे, धर्मवीर तिवारी, अशोक मिश्रा, कृष्ण मुरारी गुप्ता, मनोज सोनकर, प्रमोद गुप्ता, अनिल द्विवेदी, यादवेंद्र द्विवेदी, मिथिलेश मिश्रा, लालता प्रसाद, कृष्ण कुमार तिवारी, रंजन पांडेय, रूबी गुप्ता, आशीष केशरी सभी आए हुए अतिथियों को सोन संगीत फाउंडेशन के अध्यक्ष गायक सुशील मिश्रा ने अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया।

# सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल का मना वार्षिकोत्सव


सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** सेठ एम आर जयपुरिया स्कूल रावर्ट्सगंज का वार्षिक उत्सव बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने मंच पर इन्द्रधनुषी रंगो की छटा बिखेरी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथी विधान परिषद सदस्य आशुतोष सिन्हा व अध्यक्ष डा.ओम प्रकाश त्रिपाठी की उपस्थिति में दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।

पूर्व विधायक रमेश चंद्र दूबे ने कार्यक्रम में आए अतिथियों का स्वागत किया। जयपुरिया ग्रुप के एजीएम अप्रेशन्स गौतम पाण्डेय की उपस्थिति में छात्रों ने शिव तांडव, इसरो, महिला सशक्तिकरण एवं डीजिटल इंडिया के माध्यम से उत्कृष्ट श्रेणी का प्रदर्शन कर सबका मन मोह लिया।

विद्यालय के शिक्षक चंद्रमोहन कुमार, मुस्कान अग्रहरी, वंदना, आँचल द्विवेदी, प्रजा पाण्डेय, नेहा चौबे, तृप्ति मिश्रा, तृप्ति शाश्वत, कपिल सैनी, पूजा यादव, मीनू श्रीवास्तव, सेजल सिंह नीलम कुमारी, शाहरूख खान सौम्या श्रीवास्तव, तनु सिंह, प्रांजू, प्रियंका ने भरपूर सहयोग किया। प्राचार्य विनय पाण्डेय द्वारा विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। जिसमें उन्होने शैक्षणिक एवं सहपाठ्यचर्या से संबंधित गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए उनकी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला अंत में कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ।

## छात्रों के प्रतिनिधिमंडल में तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**दुद्धी।** भाऊराव देवरस राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मे कोरोना काल की वजह से करीब दो वर्ष पूर्व तक छात्रसंघ चुनाव नहीं कराया गया था लेकिन कालेज प्रशासन द्वारा 5 जनवरी को छात्रसंघ चुनाव कराए जाने की अधिसूचना जारी की गई। जिसमें नामांकन पत्र 9 जनवरी को विभिन्न 7 पदो के लिए 13 उम्मीदवारों ने दाखिल किया। लेकिन कालेज प्रशासन के द्वारा 10 जनवरी को कालेज प्रशासन के द्वारा नोटिस बोर्ड पर छात्रसंघ चुनाव को अचानक स्थगित करने का नोटिस चस्पा कर दिया गया।

जिसे लेकर छात्र नेताओं का प्रतिनिधिमंडल ने तहसीलदार बृजेश वर्मा को ज्ञापन सौंप कर चुनाव कराने की मांग किया। इस दौरान अजय यादव, समरजीत सिंह, अरविंद कुमार, अनुपम यादव, सूर्यांश द्विवेदी, अमन कुमार, आयुष कुमार, नफीस राजा, इरफान अंसारी, रिशु कुमार, विकास प्रजापति आदि रहे।

## रिकवरी सेंटर के निर्माण को लेकर एसडीएम ने भूमि का किया निरीक्षण


निरीक्षण करते एसडीएम व नपं की अधिशासी अधिकारी

**डाला।** नगर पंचायत डाला में 33 लाख रुपए की लागत से एमआरएफ (मटेरिएल रिकवरी सेन्टर) के निर्माण को लेकर बुधवार को ओबरा एसडीएम राजेश कुमार सिंह व नगर पंचायत ईओ देवहूती पांडेय ने भूमि का मौका मुआयना किया। नगर पंचायत में शादी-विवाह समेत अन्य आयोजन को एमआरएफ की सौगात व कल्याण मंडप का निर्माण करने के लिए भूमि चयन की प्रक्रिया भी तेज हो गयी है। नगर में सर्व समाज के हित को ध्यान में रखते हुए, लगभग तीन करोड़ रुपए की लागत से नव सृजित नगर पंचायत डाला में भी कल्याण मंडप अर्थात सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाना है।जिसका निर्माण सीएनडीएस विभाग द्वारा किया जायेगा जिसका निर्माण ढाई बीघा भूमि पर किया जायेगा। जिसके निर्माण को लेकर विगत आठ माह से भूमि की तलाश की जा रही थी।नगर पंचायत डाला के धरातल पर स्थापित करने के लिए ओबरा एसडीएम राजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में नगर पंचायत डाला की अधिशासी अधिकारी देवहूती पांडेय व क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा संयुक्त रूप से भूमि का मौका मुआयना किया।इस दौरान कोटा लेखपाल ओमप्रकाश चतुर्वेदी मौजूद रहे।

# साथी की पिटाई से क्षुब्ध कर्मचारियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

## एआरटीओ दफ्तर में तैनात लिपिक के साथ बाहरी व्यक्ति ने की थी मारपीट

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय में तैनात लिपिक विनोद कुमार सोनकर की पिटाई मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने एक नामजद व्यक्ति व कुछ अज्ञात के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मामला पंजीकृत कर लिया है।

बता दें कि मंगलवार की शाम एआरटीओ दफ्तर में लिपिक विनोद अपने कक्ष में विभागीय कार्य संपादित कर रहे थे तभी किसी ने उन्हे मारकर लहूलुहान कर दिया। मामले की जानकारी होने पर आरआई आलोक यादव ने सदर कोतवाली पुलिस को इसकी लिखित सूचना दिया। पुलिस ने लिपिक विनोद का मेडिकल मुआयना कराने के पश्चात मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। कोतवाल बालकुंद मिश्रा ने बताया कि पीड़ित के तहरीर पर रामाशंकर यादव व कुछ अज्ञात के विरूद्ध सरकारी कार्य में बाधा, मारपीट व जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने पर विभिन्न धाराओं में मामला पंजीकृत कर लिया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इधर कार्यालय के समस्त कर्मचारियों ने प्रस्ताव पारित कर उक्त घटना की निंदा किया। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि 72 घंटे के भीतर आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होती है तो कार्यालय बंद कर मीरजापुर संभाग को भी बंद कराकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान लिपिक रामकुंवर खरवार, हरिशचंद्र प्रसाद, गुणवंती देवी, रामसूरत ने प्रस्ताव पारित किया।


घायल लिपिक विनोद सोनकर

# मैत्रीपूर्ण महिला मैच : एमपी ने यूपी की टीम को 40 रनों से हराया

आयोजन

### विजेता व उपविजेता टीम को ट्राफी दे कर किया गया सम्मानित

जनसंदेश न्यूज


विजेता टीम के साथ अतिथि

**दुद्धी।** 36 वे अंतर्राज्यीय क्रिकेट टूनार्मेंट के दौरान मैत्रीपूर्ण एक दिवसीय महिला मैच का भव्य उद्घाटन मुख्य अतिथि विकास माहेश्वरी (ग्रासिम इंडस्ट्रीज) के द्वारा फीता काट कर किया गया। मैच के दौरान मध्यप्रदेश की टीम ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट खो कर 184 रन बनाए। जिसमे शानदार बल्लेबाजी करते हुए पायल बाल्मीकि ने एक छक्का और 18 चौका की मदद से नाबाद 100 रन बनाए। जानवी ने 6 चौका की मदद से 27 रन बनाए। वहीं शांति ने 22 रन और हरिप्रिया ने 14 रन बनाए। गेंदबाजी करते हुए यूपी के गेंदबाज अर्चना ने दो विकेट व शालिनी ने एक विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूपी के बल्लेबाजों ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट खो कर 144 रन बनाए। जिसमें प्रिया ने चार चौका की मदद से 37 रन शालिनी ने 5 चौका की मदद से 28 रन व शिवानी ने 5 चौका की मदद से 25 रन बनाए।

गेंदबाजी करते हुए एमपी के गेंदबाज पायल बाल्मीकि ने चार ओवर में 17 रन देकर दो विकेट शांति ने चार ओवर में 19 रन देकर दो विकेट लिए। इस तरह से एमपी की टीम ने यूपी की टीम को 40 रन से पराजित किया। उत्कृष्ट खेल के लिए एमपी की आल राउंडर खिलाड़ी पायल को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। महिला मैच के प्रायोजक रविन्द्र जायसवाल रहे। आयोजक समिति के अध्यक्ष सुमित सोनी के प्रयास से यह सफल आयोजन हुआ। जिसमें महिला मैच के विजेता व उपविजेता टीम को ट्राफी, व्यक्तिगत पुरस्कार व नगद धनराशि अतिथियों के द्वारा दिया गया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि बिभुधर पांडेय, प्रमोद मोहंती, संदीप जायसवाल, राखी जायसवाल, भानेंद्र सिंह, राजकुमार अग्रहरि, रामेश्वर राय, सुरेंद्र अग्रहरि, टुन्नु खान आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुनील जायसवाल व सलीम खान ने संयुक्त रूप से किया।

# वाराणसी ने गाजीपुर को आठ विकेट से किया पराजित

खेल

### चौधरी गोविंद सिंह ग्राउंड में शुरू हुई राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता


फीता काटकर मैच का उद्घाटन करते सपा नेता जयप्रकाश पांडेय

**सोनभद्र।** चौधरी गोविंद सिंह ग्राउंड शाहगंज खजुरी में 22 वां चौधरी गोविंद सिंह स्मृति राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारम्भ हुआ। उद्घाटन मैच गाजीपुर व वाराणसी के बीच खेला गया। जिसमें वाराणसी की टीम ने आठ विकेट से जीत दर्ज की।

मुख्य अतिथि वरिष्ठ सपा नेता जय प्रकाश पांडे उर्फ चेखुर पांडेय ने फीता काटकर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी गाजीपुर की टीम ने17.3 ओवर में सभी विकेट खोकर114 रन बनाए। आमिर ने 34 गेंद पर 51 रन, दीपक यादव ने 18 रन बनाए। वाराणसी टीम से गेंदबाजी करते हुए दिव्य प्रकाश ने तीन विकेट, गुलाब ने दो विकेट व दीनदयाल ने तीन विकेट हासिल किए। जवाब में खेलने उतरी वाराणसी की टीम ने14.3 ओवरों में 2 विकेट खोकर 115 रन बनाकर इस मैच को जीत लिया। वाराणसी के खिलाड़ी अंशुमान ने 31 रन व रौनक ने 62 रन बनाए। गाजीपुर टीम से गेंदबाजी करते हुए अनुपम सिंह ने दो विकेट लिए। मैन आफ द मैच रौनक को आद्यया पांडेय ने प्रदान किया। इस दौरान आयोजक विकाश स्पोर्टिंग क्लब के संरक्षक भाजपा नेता माला चौबे, रमाशंकर पांडेय, सोनी गुप्ता, एचपी सिंह, सुरेश सिंह, प्रदीप पांडेय, बाबू, पंकज सिंह आदि मौजूद रहे।

# क्रय केंद्रों पर अनियमितता के खिलाफ सड़क पर उतरे किसान

**गुस्सा**

## भाकियू समेत कई किसान संगठनों ने दिया सांकेतिक धरना

**चंदौली।** क्षेत्र के क्रय केंद्र गोकुलपुर, फगुईया में संयुक्त किसान मोर्चा के घटक दल क्रमशः भारतीय किसान यूनियन टिकैत अखिल भारतीय किसान महासभा, अखिल भारतीय किसान सभा, भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन, किसान विकास मंच ने क्रय केंद्रों पर हो रही अनियमितताओं को लेकर सांकेतिक धरना-प्रदर्शन कर चेतावनी दी। किसानों के मोर्चे को भूतपूर्व सैनिकों का समूह वेटरन्स एसोसिएशन इंडिया, जन अधिकार पार्टी और उन्नति फाउंडेशन ने धरने को समर्थन दिया।

भाकियू मंडल प्रवक्ता मणि देव चतुवेर्दी ने कहा कि जिले के तमाम केंद्रों पर नियम को ताक पर रखकर केंद्र चलाये जा रहे है। किसानों का धान क्रय केंद्रों पर न लेकर, सम्बंधित एजेंसियां बाहर से बिचौलियों के माध्यम से धान खरीद हो रही है। किसानों को बेवजह परेशान किया जा रहा है। आरोप लगाया कि बिचौलियों का ट्रैक्टर पर लदा हुआ धान बिन तौले सीधा केंद्र के गोदामों में रखा रहा है। शासन-प्रशासन इस लूटबंदी पर आंखे बंद किए हुए है। केंद्रों पर इस प्रकार की अनियमितताओ की शिकायत मुख्यमंत्री शिकायत पोर्टल और सीधे उपजिलाधिकारी सकलडीहा और जिलाधिकारी चंदौली से 20 दिन पहले किया गया था, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई। शशिकांत राय व भाकियू जिलाध्यक्ष संतीश सिंह चौहान ने कहा कि किसानों को टोकन देने के बावजूद भी उनका धान नहीं लिया जा रहा। शासन प्रशासन के दावे सिर्फ कागजों में दौड़ रहे है। जन अधिकार पांर्टी के जिलाध्यक्ष डा. सुनील ने कहा कि पार्टी पूरी तरह संयुक्त किसान मोर्चा के साथ है, किसी तरह का कोई संघर्ष मोर्चा करता है तो पूरा समर्थन रहेगा। मौके पर डॉ. ए रहमान, कैप्टन विजय उपाध्याय, सुरेंद्र यादव, हाकिम अंसारी, राजीव मैर्या, ओमबीर सिंह जाट, कृष्णानन्द राय, तूफानी, उमाकांत, मनोज पासवान उपस्थित रहे। अध्यक्षता राम लाल यादव ने किया।


क्रय केंद्रों पर अनियमितता के खिलाफ धरना-प्रदर्शन करते किसान।

# राजस्थान में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्काउट-गाइड का रहा जलवा

**चंदौली।** पाली राजस्थान में आयोजित 18वीं राष्ट्रीय जंबूरी उत्तर प्रदेश भारत स्काउट और गाइड ने स्काउट विंग में प्रथम एवं गाइड विंग में द्वितीय स्थान प्राप्त कर रचा इतिहास इस प्रतियोगिता में जनपद चंदौली से कुल 27 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें 9 स्काउट, 12 गाइड 3 गाइडर, 1 स्काउटर एवं 2 रोवर रेंजर शामिल रहे। इस दौरान चंदौली फूड प्लाजा, पीजेंट्स शो, तथा मार्च पास्ट में प्रतिभाग किया और प्रथम राष्ट्रीय स्तर पर स्थान हासिल किया।

प्रतिभागी के रूप में किरण आकांक्षा शिवानी सोनी जूली ज्योति प्रीति गुड़िया कुमारी, गुड़िया मौर्य महाश्वेता महिमा वंदना अभिनव अरकान जैद अली विकास आकाश अमन तिवारी शिवम वर्मा आदित्य विकास इत्यादि स्काउट गाइड जनपद चंदौली से प्रतिभागी के रूप में प्रतिभाग किया। जनपद चंदौली से जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज चंदौली, सकलडीहा इंटर कॉलेज सकलडीहा,आदित्य नारायण इंटर कॉलेज चकिया, नेशनल इंटर कॉलेज सैयदराजा, धराव इंटर कॉलेज धराव, सागर स्काउट ओपन ग्रुप चंदौली, पूर्व माध्यमिक विद्यालय डेढ़ावल, की टीमों ने प्रतिभाग किया। उप्र को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित होने पर जिला विद्यालय निरीक्षक सत्येंद्र कुमार सिंह, डॉ. एसके लाल, डॉ. रामचंद्र शुक्ल, जिला सचिव वीरेंद्र कुमार सिंह, प्रधानाचार्य रीता रानी, सत्यमूर्ति ओझा, जयप्रकाश रावत, डा. नौशाद अहमद ने प्रतिभागी टीम को शुभकामनाएं दी।



राजस्थान के पाली में चंदौली स्काउट-गाइड की टीम।

## संक्षेप

### मौनी अमावस्या के मद्देनजर समिति ने दुरुस्त कराई लाइट



**चहनियां।** मकर सक्रांति व मौनी अमावस्या स्नान को लेकर गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष दीपक जायसवाल द्वारा तैयारियां अभी से शुरू करा दी गयी है। जिला पंचायत द्वारा लगाये गए दर्जनों लाइटों को दुरुस्त कराया जा रहा है। मकर संक्रांति 14-15 व मौनी अमावस्या 21 जनवरी को लग रहा है। दोनों ही स्नान पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं गंगा तट पर स्नान दान करने के लिए जनपद,गैर जनपद व अन्य प्रांतों से आते है। मकर सक्रांति व मौनी अमावस्या स्नान व मेले को लेकर गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष के द्वारा अभी से तैयारियां शुरू करा दी गयी। जिला पंचायत के द्वारा लगायी गयी लाइट बाढ़ के दौरान खराब हो गयी थी। जिसे गंगा सेवा समिति के अध्यक्ष के नेतृत्व में इलेक्ट्रॉनिक प्रभारी राज साहनी व अखिलेश पासवान जुगनू द्वारा खराब हुई दर्जनों लाइट को दुरुस्त कराने का कार्य शुरू हो चुका है। वही अन्य कार्यो की समीक्षा कर रिपोर्ट अधिकारियों के यहां भेजने का कार्य भी कराया जा रहा है। दीपक जायसवाल ने बताया कि घाट पर जो स्थायी सोलर लाइट है व हाईमास्ट है दोनों को ठीक कराया जा रहा है ताकि श्रद्धालुओं को परेशानी न हो।

### सराहनीय कार्य के लिए हुए सम्मानित

**डीडीयू नगर।** रेलवे का लोहा चोरी कर बेचने वाले एक रेल अधिकारी व दो अन्य चोरों को पकड़ने वाली आरपीएफ व सीआईबी टीम को सराहनीय कार्य के लिए हाजीपुर जोन के प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त एससी पाढी ने कर्मियों को नगद पुरस्कृत किया है। जिसमे सीआईबी के सहायक उपनिरीक्षक राधा रमण दूबे को 1500, राजेश पासवान कांस्टेबल को 1000 और रवि शंकर सिंह कांस्टेबल को एक हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया। जिसको लेकर बुधवार को सहायक सुरक्षा आयुक्त एचएन राम ने बताया कि इस सराहनीय कार्य के लिए टीम में शामिल लोगों का उत्साहवर्धन करने के लिए पुरस्कार प्रदान किया गया है।

### जल जीवन मिशन में अनियमितता के खिलाफ ग्रामीण लामबंद

**चहनियां।** जल जीवन मिशन के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर बीते दिनों 13 पदों पर हुई नियुक्ति में रमदत्तपुर पट्टी के ग्राम प्रधान पर अनियमितता बरतते हुए धांधली किये जाने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने बुधवार को प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करते हुए ग्रामीणों ने प्रधान के विरूद्ध जमकर नारेबाजी करते हुए जांच कराये जाने की मांग किया। शासन द्वारा जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में मिनी पानी टंकी स्थापित कराया जा रहा है। पानी टंकी की सप्लाई, देखरेख सहित अन्य कई प्रकार के कार्यों के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान के प्रस्ताव पर 13 पदों की नियुक्ति की जा रही है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत रमदत्तपुर पट्टी में भी ग्राम प्रधान के प्रस्ताव पर 13 लोगों की नियुक्ति की गई है। जिसका नाम प्रकाश में आने पर गांव के प्रशान्त पांडेय के नेतृत्व में ग्रामीणों ने प्रधान पर उक्त नियुक्ति में अनियमितता बरतने व धांधली करके अपने पुत्र आकाश गुप्ता व एक पूर्व जन प्रतिनिधि सहित अपने कुछ खास सिपहसलारों की नियुक्ति कराये जाने का आरोप लगाया। साथ ही प्रधान के प्रस्ताव की जांच कराये जाने की मांग किया। प्रधान रामचन्द्र गुप्ता ने कहा कि अधिकारियों के कहने पर मैंने अपने पुत्र का नाम नियुक्ति के लिए दे दिया है। यदि ग्रामीण नही चाहते है तो मैं अपना प्रस्ताव वापस करने को तैयार हूं। प्रदर्शन करने वालों में राजू पांडेय, अंकित चौबे, आलोक पांडेय, विवेक तिवारी, अमित पांडेय, सर्वुद्दीन शेख, सोनू विश्वकर्मा, आशीष यादव, विशाल चौबे, अमन चौबे, अनुराग तिवारी, जय बरनवाल, अनिल पांडेय, अमनू डाक्टर सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

### रंग यात्रा निकालकर कलाकारों ने लोगों का मोहा मन



**डीडीयू नगर।** मुगलसराय के जीटी रोड स्थित अग्रवाल सेवा संस्थान में रंग महोत्सव का आयोजन किया गया है। रंग महोत्सव को देखते हुए संस्था द्वारा बुद्धवार को अन्य राज्यो से आये कलाकारों व नाट्य संस्थानो द्वारा एक रंगयात्रा जुलूस निकाला गया, जिसमे कलाकरों ने अपनी-अपनी भेष-भूषा में अपने अनोखे अन्दाज से लोगों का मनमोहा। ज्योति कान्वेंट स्कूल अलीनगर के छात्रों व यूथ थियेटर ग्रुप शाहजहांपुर ने पेड़ बचाओ हरियाली लाओ का सन्देश देकर लोगों पर्यावरण को लेकर जागरूक किया। यह रंग यात्रा नगर भ्रमण करने के बाद गुरुद्वारा जीटी रोड पर समाप्त हुआ। इस दौरान गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष शम्मी सिंह ने सभी कलाकारों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

### अलाव की मांग को लेकर अधिवक्ताओं का प्रदर्शन

**सकलडीहा।** हाड़ कपा देने वाली शीत लहर व कोहरा के कारण लोगों का घर से निकलना दुशवार हो जा रहा है। इसके बाद भी भीषण ठंड को देखते हुए तहसील मुख्यालय पर अलाव जलाने की व्यवस्था तक नही हो रहा है। जिसे लेकर अधिवक्ताओं में आक्रोश है। बुधवार को बार के अधिवक्ताओं ने तहसील मुख्यालय पर सुबह से शाम तक अलाव जलाने की मांग को लेकर विरोध किया है। चेताया कि शीघ्र नियमित व्यवस्था शुरू नही किया गया तो अधिवक्ता आन्दोलन के लिये मजबूर होंगे। इस मौके पर विरोध जताने वालो में अधिवक्ता गोपाल सिंह, उपेन्द्र नारायण सिंह, सच्चिदानंद सिंह, हजारी सिंह, प्रभनाथ पाठक, राजेन्द्र, चन्द्रशेखर, मृत्युंजय तिवारी, संतोष, रमाशंकर, संतोष, कृष्ण मुरारी पाठक, अशोक, शिवपूजन राम सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

### बैठक में नक्सल व अपराध नियंत्रण पर किया मंथन



**नौगढ़।** थाना सभागार में बुधवार को नक्सल बैठक का आयोजन एएसपी आपरेशन सुखराम भारती की अध्यक्षता में हुआ। जिसमें जनपद मिजार्पुर, चंदौली व सोनभद्र तथा बिहार राज्य के कैमूर जिले के सुरक्षा बल अधिकारी सहित क्षेत्रीय विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। बैठक में एएसपी आपरेशन सुखराम भारती ने बताया कि जिन जिन थाना क्षेत्रों में ननि चुनाव होना है। वहां के थाना प्रभारी विशेष निगहबानी बाजार कस्बों में रखें, जिससे किसी प्रकार की अशांति व संभावित प्रत्याशियों द्वारा मतदाताओं को प्रलोभन या दबाव की स्थिति नहीं बनने पाए। वहीं सुरक्षा बल अधिकारियों से विचारों को साझा करते हुए एएसपी ने बताया कि थाने में आने वाले हर एक फरियादियों की फरियाद को पूरी तन्मयता से सुनकर तत्काल यथावोचित निदान के लिए दोषियों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही अमल में लाई जानी चाहिए। कर्मचारियों की नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि अपराध व नक्सली गतिविधियों में संलिप्तता बरतने वालों के बारे में कोई भी जानकारी या सुगबुगाहट मिलने पर नजदीकी थाना पुलिस को सूचित करें, जिससे जांच पड़ताल व आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जा सके।

### मंगरही में चलो चंदौली अभियान के तहत ग्राम चौपाल सम्पन्न

**नौगढ़।** नौगढ़ के जूनियर हाईस्कूल गहिला (मंगरही) में 'चलो चन्दौली' अभियान के अंतर्गत ग्राम चौपाल का आयोजन जिलाधिकारी ईशा दुहन एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इसका शुभारंभ जिलाधिकारी श्रीमती ईशा दुहन द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित बच्चों से पठन पाठन संबंधित जानकारी ली। डीएम ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विभागीय योजनाओं के जन मानस में प्रचार-प्रसार, उन्हें जानकारी देने, पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित कराने, विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत नये एवं वंचित लाभार्थियों का पंजीकरण, कराये गये कार्यों का स्थलीय सत्यापन, राजस्व, पुलिस, विकास आदि से संबंधित समस्याओं के मौके पर ही समाधान के उद्देश्य से इस अभियान के द्वितीय चरण में विभिन्न तिथियों में जनपद के दूरस्थ व सीमावर्ती तथा गंगा ग्रामों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। आयुर्वेदिक चिकित्सा में 128 लोगों को, स्वास्थय विभाग से 203 लोगों को, समाज कल्याण, प्रोबेशन विभाग 08 व दिव्यांगजन विभाग द्वारा 01 लोगों को, पशुपालन विभाग से 72 लोगों को, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग से 06 लोगों को, खाद एवं रसद विभाग से 11 लोगों को, उद्योग विभाग, सेवायोजन विभाग व कौशल विकास से 11, श्रम विभाग से 18 लोगों को व अन्य विभागों द्वारा लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं की गोद भराई, छोटे बच्चों का अन्नप्राशन भी किया गया।

### अज्ञात युवक का गंगा में मिला उतराया हुआ शव

**धानापुर।** गंगा के डम्हारी घाट के समीप बुधवार को अज्ञात युवक का शव गंगा में उतराया मिला। आशंका व्यक्त की जा रही थी कि शुक्रवार को नहाते समय डूब जाने से प्रसहटा गांव निवासी 32 वर्षीय पंकज पांडेय का शव है। पुलिस ने परिजनों को शिनाख्त के लिए बुलाया गया, लेकिन परिजनों ने बताया कि यह शव पंकज का नहीं है। बुधवार को गंगा किनारे लोगों ने शव देखा तो उसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पानी से बाहर निकलवाया और शिनाख्त करवाने की हर हर संभव कोशिश की, लेकिन शव का शिनाख्त नहीं हो सका। पुलिस ने शव को अंत्य परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष विपिन सिंह ने बताया कि 72 घंटे तक शव को शिनाख्त के लिए मोर्चरी में रखा जाएगा।

# चहनियां में फिर से फर्राटा भरने लगे बोगा ट्राली युक्त ट्रैक्टर


चहनियां क्षेत्र में फर्राटा भर रहे बोगा लदे ट्रैक्टर-ट्राली।

**चहनियां।** सीओ राजेश राय द्वारा मंगलवार की अलसुबह की गयी छापेमारी के दौरान मोरंग बालू लदे दो बोगा ट्राली युक्त ट्रैक्टर पकड़कर चौकी मारूफपुर पर लाये गये थे, जिससे बोगा ट्रैक्टर संचालकों में हड़कंप की स्थिति बन गयी थी।

इसी दरम्यान एक ट्रैक्टर चालक बालू लदे ट्राली को जटाधारी महाविद्यालय के पास छोड़कर इंजन लेकर फरार हो गया था और 10-15 की संख्या में बोगा ट्रैक्टर स्थानीय पुलिस कर्मियों का इशारा पाकर पुलिस चौकी के रास्ते हुसेपुर गांव ईंट भट्टे के पास छिप गये थे। सीओ की सूचना पर दोपहर में पहुंचे परिवहन विभाग व खनन विभाग के अधिकारियों ने आवश्यक विधिक कार्यवाई कर दो ट्रैक्टरों को पुलिस चौकी मारूफपुर की निगरानी में सौंप दिया। इन अधिकारियों के जाते ही छिपे हुए बोगा ट्रैक्टर के संचालक अचानक से पुलिस चौकी पर प्रकट होकर अपना अपना जुगाड़ बैठाने लगे। इतने में कुछ अपने अपने बोगा को लेकर सैदपुर की तरफ बढ़ चले। बोगा ट्रैक्टर संचालकों की इस मनमानी के आगे पुलिस चौकी पर मौजूद व पुल के पास पिकेट पर तैनात पुलिस कर्मी मौन साधे रहे। जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है। वहीं बुधवार की सुबह करीब बीस बोगा ट्राली युक्त ट्रैक्टर फरार्टा भरते नजर आये।

# धरांव में निबंध व भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**धानापुर।** धरांव इंटर कॉलेज धरांव में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा मनाए जा रहे युवा पखवाड़ा दिवस के उपलक्ष में स्वामी विवेकानंद की जयंती के पूर्व संध्या पर निबन्ध प्रतियोगिता कराई गई। जिसका बिंदु राष्ट्र निर्माण में युवाओं का योगदान रहा। कुल 40 छात्र छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया। विद्यार्थी परिषद के तहसील सह संयोजक प्रभात सिंह ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती और नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य में युवा पखवाड़ा दिवस मनाया रहा है। धानापुर क्षेत्र में अलग-अलग स्कूलों, कॉलेज और महाविद्यालयों में निबंध, भाषण, पेंटिंग और मेंहदी प्रतियोगिता कराया जाएगा। जिसमें प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को अभाविप के जिला स्तरीय छात्र सम्मेलन में मुख्य अतिथि के द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रधानाध्यापक, शिक्षकों सहित शैलेश चन्द्र, सुनील यादव और शुभम सिंह का पूरा सहयोग रहा।

# आमजन के सहयोग के संकल्प को किया जाएगा पूरा

**बोले शिवशंकर पटेल**

## साहूपुरी में केंद्रीय मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय के प्रतिनिधि ने गरीबों में बांटा कंबल


साहूपुरी में कंबल वितरित करते भाजपा नेता शिवशंकर पटेल।

**पड़ाव।** कड़ाके की सर्दी के मौसम में गरीब असहायो का सहारा बन रहे हैं भाजपा के वरिष्ठ नेता शिव शंकर पटेल क्षेत्र के साहूपुरी स्थित महर्षि वेदव्यास शिव मंदिर प्रांगण में निराश्रितों के बीच कंबल वितरित किया।

केंद्रीय मंत्री व सांसद महेंद्र नाथ पांडेय के प्रतिनिधि शिव शंकर पटेल व पूर्व सदस्य पिछड़ा आयोग ने सैकड़ों कंबल वितरण किया। कार्यक्रम में बखरा व्यासपुर चांदीतारा, खुटहां, हरिहरपुर, साहूपुरी व फतेहपुर गांव के ग्रामीण उपस्थित रहे। शिवशंकर पटेल द्वारा गरीब व निराश्रित महिलाओं को कंबल प्रदान किया। इससे गदगद ग्रामीणों ने दुआएं देते हुए कार्यक्रम से अपने-अपने घरों को लौटी।

शिवशंकर पटेल ने कहा कि सांसद व केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री भारत सरकार डा.महेंद्र नाथ पांडेय के प्रेरणा से ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे आमजन को लाभान्वित किया जा सके। कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक कल्याणकारी योजनाएं पहुंचाने के साथ ही निजी स्तर पर उनकी मदद का जो संकल्प लिया गया है उसे पूरा करने की दिशा में प्रयास होंगे। कंबल वितरण का शुभारंभ भाजपा के पूर्व मंडल मंत्री उत्तरी नियमताबाद व चांदी तारा प्रधान के प्रतिनिधि संतोष जायसवाल के हाथों शुभारंभ किया। इस दौरान अनुराग मौर्य, सिनोद पटेल, राम सकल पटेल, रामजन्म, अजय पटेल, छन्नू पटेल, प्रभात पटेल, मनोज पटेल, सौरव पटेल, नगीना पटेल, प्रकाश मौर्य, जय सिंह और प्रकाश पटेल आदि उपस्थित रहे।

### गोविंदपुर में 80 गरीबों में बांटा कंबल

**शहाबगंज।** क्षेत्र के मसोई ग्राम सभा के गोविन्दपुर गांव में कड़ाके की ठंड को देखते हुए गरीबों में कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान कुल 80 लोगों में कंबल बांटा गया। इस मौके पर खण्ड विकास अधिकारी दिनेश सिंह, गिरीश पाण्डेय, राजवंश सिंह, ब्लाक अध्यक्ष विवेक पाण्डेय, समाजसेवी शिवानंद पांडेय, मनमोहन चौहान, मिन्टू पाण्डेय, नवीन चन्द पाण्डेय सहित ग्रामीण मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमरेश्वरा नंद व संचालन उदय चौहान ने किया।

# स्कूटी सीखते वक्त नहर में गिरी युवती की मौत

**चकिया।** कोतवाली क्षेत्र के चकिया लतीफशाह मार्ग पर नीबिया ढ़लान के पास बुधवार की दोपहर लगभग दो बजे के आसपास स्कूटी सवार 19 वर्षीय युवती अंकिता अनियंत्रित होकर लेफ्ट कर्मनाशा नहर में जा गिरी, जहां उसकी डूबने से मौत हो गई। वहीं उसकी छोटी बहन गंभीर रूप से जख्मी हो गई। उसका इलाज जिला संयुक्त चिकित्सालय में किया जा रहा है। सूचना पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अगली कार्रवाई में जुटी है। छात्रा की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।


अंकिता फाइल फोटो।

अखिलेश के तीन पुत्रियों में मझली पुत्री अंकिता वाराणसी के भगवानपुर में स्थित सनबीम स्कूल में बीएससी सेकेंड ईयर मेघावी छात्रा थी। जो कि शीतकालीन अवकाश पर घर आई थी और पिछले तीन-चार दिनों से अपनी छोटी बहन श्रेया को पीछे बैठा कर स्कूटी कालिका धाम कॉलोनी में ही सीख रही थी लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था और आज पहली बार वह अपनी बहन को लेकर चोरी छुपे चकिया लतीफ शाह मार्ग पर स्कूटी सीखने चली गई नीमिया ढ़लान के पास पहुंची ही थी कि अंकिता की स्कूटी अनियंत्रित हो गई और पास ही स्थित लेफ्ट कर्मनासा नहर में चली गई और उसकी बहन श्रेया जो पीछे बैठी थी वह नहर किनारे छिटक कर गिर गई और चीखने चिल्लाने लगी दीदी दीदी की आवाज सुनकर आसपास के राहगीरों ने श्रेया को तो बाहर निकाल लिया लेकिन अंकिता पानी के बहाव में आगे बह गई जिसे बड़ी मशक्कत से राहगीरों ने बाहर निकाला सूचना मिलते ही मौके पर परिजन पहुंच गए और उन्हें चकिया जिला चिकित्सालय ले आए जहां चिकित्सक ने अंकिता को मृत घोषित कर दिया वही श्रेया का इलाज चल रहा है मौके पर पहुंचे कस्बा इंचार्ज दिनेश सिंह ने शव को मर्चरी में रखवा कर अग्रिम कार्रवाई में जुट गए।

कोतवाल मुकेश कुमार ने बताया कि छात्रा के शव का पंचनामा कर जिला संयुक्त चिकित्सालय की मर्चरी में रखवा दिया गया है।

### नौगढ़ के भैसौड़ा बांध में मिली नवजात बच्ची

**नौगढ़।** चकरघट्टा थाना क्षेत्र के देउरां गांव के समीप भैसौड़ा बांध के तलहटी में नवजात बच्ची मिली। जिसे ग्राम प्रधान व पुलिस के सहयोग से सीएचसी भेजवाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने स्वास्थ्य परीक्षण कर समुचित ईलाज के लिए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। बुधवार को देउरा गांव के समीप भैसौड़ा बांध के किनारे नवजात शिशु को होने की जानकारी ग्रामप्रधान परमानंद यादव को मिलने पर नजदीकी पुलिस चौकी मझगांवा व 108 एंबुलेंस को सूचित किया गया। मौके पर पहुंचे पुलिस चौकी इंचार्ज राधाकृष्ण यादव ने नवजात शिशु को एंबुलेंस से सीएचसी नौगढ भेजवाया।

### यातायात नियम सुरक्षा के साथ जीवन को रखता है सुरक्षित

**सकलडीहा।** शासन की निर्देश पर जिले में यातायात माह चलाया जा रहा है। इस क्रम में बुधवार को सीओ राजेश कुमार राय ने पुलिस फोर्स के साथ पैदल गश्त करते हुए सुरक्षित और सुरक्षा को लेकर वाहन चालकों को जागरूक किया। इस दौरान बाइक सवार को धीमी गति के साथ चलने व हेलमेट लगाने की सलाह दिया। यातायात जागरूकता कार्यक्रम के तहत सीओ राजेश कुमार राय ने कहा कि आवागमन के दौरान चंद लम्हे में सब कुछ बर्बाद हो जाता है। इस लिये यातायात के नियमों का पालन कर चलने पर स्वंय के साथ परिवार और साथी को सुरक्षित रख सकेंगे। हेलमेट सुरक्षा की गारंटी है। सीट बेल्ट स्वंय के साथ वाहन में बैठे लोगों को सुरक्षा के प्रति जागरूक करता है। तेज चलना और ओवर टेक करना जीवन में खतरे की निशानी है। इसके पूर्व कस्बा, नागेपुर, सिरोहुपुर, तेन्दुई, टिमिलपुर और ईटवा कस्बा में पैदल भ्रमण करते बाइक सवार चालकों को रोककर जागरूक किया। मौके पर प्रभारी कोतवाल विनोद, कस्बा प्रभारी राजकुमार, शिवमणी, शिवप्रसाद, महफूज अहमद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# आवास आवंटन घोटाले में अधिशासी अधिकारी की जमानत खारिज

**चंदौली।** कांशीराम आवास आवंटन घोटाले के मामले में बुधवार अपर जिला जज प्रथम विनय कुमार सिंह की अदालत ने अधिशासी अधिकारी राजेंद्र प्रसाद और लेखपाल सर्फुद्दीन की जमानत खारिज कर दी है। इसके पूर्व बीते दिनों आरोपित भीटी तहसील में तैनात उपजिलाधिकारी सुनील कुमार बरनवाल सहित अन्य आरोपियों की जमानत खारिज हो चुकी है।

जिला मुख्यालय पर स्थापित कांशीराम आवास आवंटन घोटाला की शिकायत पर 2011 में तत्कालीन जिलाधिकारी ने 40 आवासों के आवंटन को गलत पाते हुए उसे निरस्त करने का आदेश दिया था। लेकिन आदेश के बाद भी इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। सदर तहसील के नायब तहसीलदार सुनील बरनवाल, तत्कालीन अधिशासी अधिकारी राजेंद्र प्रसाद व हल्का लेखपालों की मिलीभगत से अवैध तरीके से फर्जी व कूट रचित कागजात तैयार करके आवास के आवंटन फर्जी तरीके से कर दिए गए। आवासों का आवंटन किए गए लाभार्थियों के आय, निवास व अन्य प्रमाण पत्र फर्जी तरीके से बनाए गए थे। इससे कांशीराम आवास योजना के आवंटन घोटाले के मामला कोर्ट में चला गया।

बुधवार को मामले में सदर नगर पंचायत में ईओ रहे और वर्तमान में रसड़ा नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी व सदर तहसील में लेखपाल रहे सर्फुद्दीन की जमानत के लिए उनके अधिवक्ता ने अपर जिला जज प्रथम की कोर्ट से अर्जी दाखिल किया। लेकिन कोर्ट ने उनकी जमानत खारिज कर दी। इसके पहले इससे अब आरोपियों को जमानत के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटना पड़ेगा।

**फैसला**

## आदेश के बाद भी नहीं हुई इस पर कोई कार्रवाई

# मनरेगा के भुगतान का प्रधानों को मिले अधिकार

**मांग**

## प्रधानों ने मांगा पांच लाख तक के वित्तीय स्वीकृति का अधिकार


जिला मुख्यालय पर जुलूस के दौरान नारेबाजी करते ग्राम प्रधान।

**चंदौली।** ग्राम प्रधान संगठन उत्तर प्रदेश के जिलाध्यक्ष पवन प्रताप की अगुवाई में जिले के प्रधानों ने बुधवार को सदर ब्लाक से पैदल मार्च निकाला और नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। इस दौरान प्रधानों ने मनरेगा योजना के तहत आ रही समस्याओं के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम संबोधित 12 सूत्रीय ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा और प्रधान हित में उसे पूर्ण किए जाने की मांग की।

इस दौरान जिलाध्यक्ष पवन प्रताप सिंह ने कहा कि मनरेगा में पांच लाख के वित्तीय स्वीकृति का अधिकार ग्राम पंचायत को दिया जाए। साथ ही भुगतान का अधिकार प्रधानों को सौंपा जाए। मनरेगा का पैसा ग्राम पंचायतों के खातों में भेजा जाए, जिससे मजदूर व सामान का भुगतान सुगमता के साथ किया जा सके। कहा कि केंद्रीय वित्त व राज्य वित्त से प्राप्त धनराशि से ग्राम पंचायतों की मूलभूत सुविधाएं को पूरा करने में कठिनाई आ रही है। ग्राम पंचायतों को शहरी क्षेत्रों की तरह धनराशि आवंटित किया जाए। राजीव सिंह ने कहा कि संविदा कर्मियों के मानदेय व विद्युत बिल भुगतान के लिए अलग से धन आवंटित किया जाए। ग्राम सचिवालयों के के लिए प्रति वर्ष दो लाख का बजट प्रत्येक ग्राम पंचायत को दिया जाए। ग्राम रोजगार सेवकों के एक से दूसरे पंचायत में तबादले की नीति बनाई। प्रत्येक पंचायत में एक स्थायी सचिव को तैनात किया जाए। साथ ही पंचायतों को कार्यदायी संस्था मानते हुए एक स्थायी जेई की तैनाती की जाए। कहा कि ग्राम पंचायत के भूभाग पर बिना पंचायत के अनापत्ति प्रमाण-पत्र के किसी भी कार्यदायी संस्था को कार्य करने की अनुमति प्रदान न की जाए। ग्राम पंचायत शिक्षा समिति को मूल मानते हुए विद्यालय प्रबंध समिति को तत्काल समाप्त किया जाए। कहा कि चंदौली में नेटवर्क की समस्या के कारण मोबाइल फोन से हाजिरी लगाने में कठिनाई आ रही है, जिसे देखते हुए नियम लागू किए जाए। इस अवसर पर रिन्टू सिंह, धनंजय पांडेय, अमित सिंह, रामसिंह चौहान, जितेंद्र कुमार राय, जयप्रकाश चौहान, राजेश सिंह, राजेश यादव, संजय यादव, अनिरुद्ध यादव, सुषमा, राजेश, युनूस बाबा, मंजू वर्मा, अनीता, राधाकृष्ण आदि उपस्थित रहे।

### मोबाइल से मनरेगा की हाजिरी लगाने में आ रही दिक्कत



**धानापुर।** ब्लाक क्षेत्र के ग्राम प्रधानों ने अध्यक्ष राजेश सिंह के नेतृत्व में मनरेगा कार्यों में आ रही कठिनाइयों के संदर्भ में मुख्यमंत्री के नाम संबोधित पत्रक खंड विकास अधिकारी को सौंपा। ब्लाक अध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा कि समस्त ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों को मनरेगा कार्यों में कठिनाईयां उत्पन्न हो रही है। एक जनवरी 2023 से ग्राम पंचायतों में कार्यों का मस्टर रोल एनएमएमएस के माध्यम से भरे जाने का निर्देश दिया गया है, किन्तु विकास खण्ड में मात्र 56 ग्राम पंचायतों में ही ग्राम रोजगार सेवक कार्यरत है। जिसके कारण 28 ग्राम पंचायतों में ग्राम रोजगार सेवक का पद रिक्त रहने के कारण एनएमएमएस के माध्यम से मस्टर रोल भरने में कठिनाई उत्पन्न हो रही है। जिसके कारण ग्राम पंचायतों में मनरेगा कार्य पूर्णतः बन्द हो जायेगा। जबकि ग्राम पंचायतों में अभी भी नेटवर्क की समस्या हमेशा बनी रहती है, जिसके कारण मौके पर मजदूरों की हाजिरी तत्काल ऑनलाइन भरा जाना सम्भव नहीं है तथा सभी ग्राम रोजगार सेवकों के पास स्मार्टफोन उपलब्ध नहीं है। कहा कि राज्य वित्त, पंचम वित्त एवं 15वां वित्त आयोग अन्तर्गत ग्राम पंचायत में आवंटित धनराशि से 30 प्रतिशत कटौती कर अन्य विभागों को आवंटित किया जा रहा है। जिसे तत्काल ग्राम पंचायतों को वापस किया जाए, अन्यथा धनाभाव के कारण ग्राम पंचायतों में मूल भूत निर्माण कार्य पूर्णतः बन्द हो जायेगा। विकास खंड के समस्त ग्राम प्रधानों ने मुख्यमंत्री से मांग किया कि राज्य वित्त, पंचम वित्त एवं 15वां वित्त आयोग के धनराशि कटौती को वापस करते हुए तत्काल पुरानी व्यवस्था लागू करने किया जाए। इस दौरान रामजी कुशवाहा, रमाकान्त, अनिल कुमार सिंह फौजी, आरती देवी, अनिता त्रिपाठी, सुशीला पाण्डेय, धनंजय पाण्डेय, विनोद कुमार, आशुतोष सिंह मिंटू, तारा सिंह, नीलम देवी, अनिता यादव प्रधान मौजूद रहे।

## बाबर आजम को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है : मिसबाह उल हक

**कराची।** पूर्व कप्तान और कोच मिसबाह उल हक का मानना है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) में कुछ लोग मौजूदा कप्तान बाबर आजम की स्थिति को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि इससे टीम के ड्रेसिंग रूम पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। मिसबाह ने मंगलवार को लाहौर में संवाददाताओं से कहा, क्रिकेट मेरे खून में है और मैं हर समय क्रिकेट मैच देखता हूं और क्रिकेट के बारे में पढ़ता हूं....और मैं देख रहा हूं कि टीम में बाबर आजम की स्थिति कमजोर हो रही है। बोर्ड के साथ तीन साल का अनुबंध होने के बावजूद मिसबाह को सितंबर 2021 में पूर्व अध्यक्ष रमीज राजा ने मुख्य कोच के रूप में इस्तीफा देने के लिए कहा था। मिसबाह ने कहा कि बाबर की प्रेस कॉन्फ्रेंस देखकर कोई भी इसे आसानी से देख सकता है।



# वनडे रैंकिंग...छठे स्थान पर आए कोहली

## भारतीय कप्तान रोहित को भी एक रैंक का फायदा हुआ वह 8वें नंबर पर पहुंच गए



**नई दिल्ली।** भारत-श्रीलंका पहले वनडे में शतक जमाने वाले विराट कोहली को वनडे रैंकिंग में फायदा हुआ है। जबकि सूर्या कुमार यादव टी-20 में नंबर-1 पर बरकरार हैं। वे बैटर रैंकिंग में सबसे ज्यादा रेटिंग पॉइंट हासिल करने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। उनके 908 रेटिंग पॉइंट हो गए हैं।

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने बुधवार को ताजा रैंकिंग जारी की। इसके अनुसार, विराट कोहली 2 स्थान के उछाल के साथ छठे नंबर पर आ गए हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को भी एक रैंक का फायदा हुआ वह 715 रेटिंग पॉइंट्स के साथ 8वें नंबर पर पहुंच गए हैं। पाकिस्तान के बाबर आजम 891 पॉइंट्स के साथ टॉप वनडे बैटर हैं। विराट कोहली ने एक दिन पहले मंगलवार को श्रीलंका के खिलाफ 113 रनों की शतकीय पारी खेली थी। वनडे की बॉलर रैंकिंग में कोई भी भारतीय टॉप-10 में शामिल नहीं है। श्रीलंका के खिलाफ 2 विकेट लेने वाले मोहम्मद सिराज 18वें नंबर पर पहुंचे। उनके बाद जसप्रीत बुमराह 19वें नंबर पर हैं। ऑलराउंडर्स रैंकिंग में किसी भी भारतीय प्लेयर का नाम टॉप-20 तक में नहीं है। पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान टी-20 बैटर्स रैंकिंग में दूसरे नंबर हैं। लेकिन, उनके और सूर्यकुमार के बीच 72 पॉइंट्स का अंतर है। तीसरे नंबर पर न्यूजीलैंड के डेवोन कॉन्वे, चौथे पर पाकिस्तान के

**सूर्या टी-20 में 908 रेटिंग पॉइंट हासिल करने वाले पहले भारतीय बने**

बाबर आजम और पांचवें नंबर पर साउथ अफ्रीका के एडेन मार्करम हैं। टॉप-10 में सूर्या के अलावा कोई भी भारतीय नहीं है। उनके बाद विराट कोहली 13वें ओर केएल राहुल 22वें नंबर पर हैं। सूर्यकुमार से पहले कोई भी भारतीय टी-20 में 900 से ज्यादा रेटिंग पॉइंट हासिल नहीं कर सका था। उनसे पहले पूर्व कप्तान विराट कोहली ने टी-20 में 897 रेटिंग पॉइंट्स हासिल किए थे। ओवरऑल लीडरबोर्ड में इंग्लैंड के डेविड मलान ने 915 रेटिंग पॉइंट्स हासिल कर रखे हैं। सूर्यकुमार दूसरे नंबर पर हैं। हार्दिक पंड्या आईसीसी के टॉप ऑलराउंडर्स की लिस्ट में तीसरे नंबर पर हैं। उनके 219 पॉइंट्स हैं। बांग्लादेश के शाकिब अल हसन 252 पॉइंट्स के साथ पहले और अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी 233 पॉइंट्स के साथ तीसरे नंबर पर हैं। बॉलर्स में कोई भी भारतीय प्लेयर टॉप-10 में शामिल नहीं है। भुवनेश्वर कुमार 628 पॉइंट्स के साथ 18वें नंबर पर हैं। उनके बाद अर्शदीप सिंह 21वें नंबर पर हैं। बॉलर्स रैंकिंग में अफगानिस्तान के राशिद खान 698 पॉइंट्स के साथ पहले नंबर पर हैं। श्रीलंका के वनिंदु हसरंगा के एक स्थान के नुकसान के बाद 695 पॉइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं।

## बॉलीवुड न्यूज

### ऋतिक रोशन ने बताया उनका जन्मदिन क्यों है खास



मुंबई। ऋतिक रोशन जो आज एक साल और बढ़े हो गए हैं, उनके पास इस जन्मदिन को मनाने के लिए बहुत कुछ है। ऋतिक देश के बेहतरीन अभिनेताओं में से, उन्होंने 'विक्रम वेधा' के साथ 2022 के बेस्ट प्रदर्शनों में से एक दिया और अब भारत की पहली एरियल एक्शन एंटरटेनर 'फाइटर' के साथ दर्शकों को क्रेजी करने के लिए तैयार हैं। ऋतिक रोशन उन एक्टर्स में से एक हैं जिन्होंने हमेशा क्वांटिटी से ज्यादा क्वालिटी में यकीन किया हैं। उन्होंने बताया कि कैसे उन्होंने केवल वही फिल्में की हैं जो वह वास्तव वे करना चाहते थे और कभी भी एक अच्छी स्क्रिप्ट को नही छोड़ा। यह प्रेरणा और ज्ञान अभिनेता के निजी जीवन में भी झलकता है, क्योंकि अब वह अपने जन्मदिन को उन चीजों को करने में समय बिताने के अवसर के रूप में देखते हैं जो उन्हें फुलफिल करता हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या जन्मदिन अभी भी उन्हें एक्साइट करता हैं, एक्टर कहते हैं मैं इसे (उनके जन्मदिन को) एक मजेदार दिन के रूप में देखता था लेकिन फिर कहीं न कहीं यह एक काम बन गया, एक ड्यूटी, जश्न मनाना चाहिए, पार्टी करनी चाहिए.. ..जन्मदिन थोड़ी बेचैनी के साथ आया। लेकिन आज, मैं इसे उन चीजों को करने में समय बिताने के अवसर के रूप में देखता हूं जो मुझे संतुष्ट करती हैं। मैं अभी वही चीजें कर सकता हूं, लेकिन अब यह मेरी अपनी इच्छा और सेंस ऑफ फुलफिलमेंट है न कि खुद द्वारा थोपा गया कोई मैनडेट। ऋतिक रोशन ऑन स्क्रीन और ऑफस्क्रीन हमेशा रियल ही रहना पसंद करते हैं और फिर भी सोशल मीडिया पर सबसे अधिक पसंद किए जाने वाले आइकन में से एक हैं जिसका पूरा क्रेडिट उनके ह्यूमर, विजडम और जिंदगी देखने के उनके नजरिए को जाता है, जो रियल और रिलेटेबल होते है।

### पुष्पा इम्पॉसिबल में क्या पुष्पा की दुनिया तबाह हो जाएगी?



इंदौर। सोनी सब का स्लाइस-ऑफ-लाइफ ड्रामा पुष्पा इम्पॉसिबल एक दिलचस्प मोड़ की ओर बढ़ रहा है, क्योंकि पुष्पा की जिन्दगी में दिलीप पटेल (जयेश मोरे) की वापसी हो रही है। हम हमेशा से देख रहे हैं कि पुष्पा की जिन्दगी का हर दिन एडवेंचर से भरपूर होता है और दिलीप पटेल की वापसी से पुष्पा को नये हालातों और परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा और इस तरह आगामी एपिसोड्स में पुष्पा की मानसिक ताकत की परीक्षा होगी। पुष्पा को एक बार फिर अपने बुरे अतीत का सामना करना होगा। धरम रायधन के नकाब में छुप रहा पुष्पा का पूर्व-पति दिलीप पटेल भारत में अपने प्रवास के दौरान उसके सामने होगा। पिछले एपिसोड्स में हमने देखा था कि धरम रायधन भारत आने की तैयारी कर रहा है, क्योंकि उसे लगता है कि उसकी बेटी मानसी रायधन (अदिति भगत) को उसके दुश्मन जोगी दयाल से सुरक्षा चाहिये। भारत आने पर उसके रास्ते में अड़चनें आती हैं और उसका एक्सीडेंट हो जाता है। अश्विन (नवीन पटेल) को पता नहीं है कि जिसकी जिन्दगी बचाई जा रही है, वह और कोई नहीं, बल्कि उसका पिता दिलीप पटेल है। दूसरी ओर, पुष्पा को रात में नींद नहीं आ रही है, क्योंकि उसे दिन-रात दिलीप पटेल की आवाज सुनाई देती है। यह देखना दिलचस्प होगा कि पुष्पा कैसे अपने अतीत का सामना करती है और अपने काले अतीत का सामना करने पर क्या उसकी दुनिया तबाह हो जाएगी। पुष्पा का रोल कर रहीं करूणा पांडे ने कहा, पुष्पा की जिन्दगी किसी रोलर कोस्टर राइड से कम नहीं है, क्योंकि वह हर दिन नई चुनौतियों का सामना करती है। उसके पति के उसकी जिन्दगी में दोबारा आने से पुष्पा की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं।

## आईपीएल 2023 में नहीं खेलेंगे पंत मिलेगी पूरी सैलरी : सौरव गांगुली



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज ऋषभ पंत 30 जनवरी 2022 को सड़क हादसे में घायल हो गए थे। इस दुर्घटना में पंत को कुछ गंभीर चोटे लगी थीं, जिसकी रिकवरी के चलते वो कई महीनों तक क्रिकेट से दूर रहेंगे। इसी कारण ऋषभ पंत आईपीएल में भी पंत हिस्सा नहीं ले पाएंगे। विकेटकीपर बल्लेबाज के आईपीएल में शामिल न होने की जानकारी खुद दिल्ली कैपिटल्स डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट सौरव गांगुली ने दी। गांगुली ने इस बारे में एक रिपोर्टर से बात करते हुए बताया, पंत आईपीएल के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। मैं दिल्ली कैपिटल्स के साथ कनेक्शन में हूं। यह शानदार आईपीएल होगा। पंत की इंजरी दिल्ली कैपिटल्स को प्रभावित करेगी, उनके आईपीएल न खेलने के बाद भी उन्हें पूरी सैलरी दी जाएगी। आपको बता दें बीसीसीआई पंत को दिल्ली कैपिटल्स से उनके 16 करोड़ रुपये के आईपीएल वेतन के लिए पूरी तरह से मुआवजा देगा। आईपीएल सैलरी के अलावा बोर्ड पंत को उनके 5 करोड़ रुपये के सेंट्रल कॉन्ट्रेक्ट का पूरा भुगतान करेगा।

# पृथ्वी शॉ ने रणजी में जड़ा पहला तिहरा शतक

## मुंबई के सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ ने रणजी ट्रॉफी करियर में अपना तिहरा शतक जड़ा



**गुवाहाटी।** मुंबई के सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ ने रणजी ट्रॉफी करियर में अपना तिहरा शतक जड़कर नए साल का धमाकेदार आगाज कर दिया है। पृथ्वी शॉने 383 बॉल पर 379 रन की पारी खेली। पृथ्वी शॉ रणजी ट्रॉफी के इतिहास में मुंबई की ओर से सबसे बड़ी पारी खेलने वाले बल्लेबाज बन गए हैं।

**तोड़ा संजय मांजरेकर का रिकॉर्ड अजिंक्य रहाणे ने भी जड़ा शतक**

इसी के साथ पृथ्वी शॉ भारतीय फर्स्ट क्लास और रणजी के इतिहास में दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने संजय मांजरेकर का रिकॉर्ड तोड़ा है, जिन्होंने 1991 में मुंबई (तब बंबई) के लिए हैदराबाद के खिलाफ 377 रन बनाए थे। बता दें कि फर्स्ट क्लास और रणजी के इतिहास में 400 रन बनाने का रिकॉर्ड एक बार ही बना है। यह रिकॉर्ड महाराष्ट्र के ही बीबी निम्बालकर ने बनाया था। उन्होंने 1948 के सीजन में महाराष्ट्र के लिए खेलते हुए काठियावाड़ के खिलाफ नाबाद 443 रनों की पारी खेली थी। वहीं पृथ्वी शॉ त्रिपुरा के समित गोहेल का भी रिकॉर्ड तोड़ा। गोहेल ने 2016 में 359 रन की नाबाद पारी खेली थी।

वहीं, दूसरी तरफ टीम इंडिया से बाहर चल रहे अजिंक्य रहाणे ने भी शतक पूरा कर लिया है। रहाणे ने 195 गेंदों में 8 चौकों और 51.27 के स्ट्राइक रेट के साथ शतक पूरा किया। पृथ्वी शॉ और अंजिक्य रहाणे की शानदार पारियों के दम पर मुंबई ने 500 रन का स्कोर पार कर लिया है। रणजी ट्रॉफी के इस सीजन में रहाणे इससे पहले हैदराबाद के खिलाफ दोहरा शतक जड़ने का कारनामा कर चुके हैं।

# मोहम्मद अजहरुद्दीन ने कहा- केएल राहुल को प्रदर्शन में निरंतरता लानी होगी, कोच के साथ कमियों पर काम करना होगा



**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन का मानना है कि केएल राहुल को अपने प्रदर्शन में और अधिक निरंतरता लानी होगी और राष्ट्रीय टीम के कोच के साथ अपनी तकनीकी खामियों पर काम करने की जरूरत है। अपने कलात्मक खेल के लिए मशहूर रहे 57 साल के अजहर इस बात से थोड़ा निराश हैं कि राहुल जैसी प्रतिभा का खिलाड़ी अपनी पूरी क्षमता के अनुसार नहीं खेल पा रहा है।

मोहम्मद अजहरुद्दीन ने विशेष बातचीत में कहा, मुझे लगता है कि राहुल के मामले में प्रदर्शन में निरंतरता समस्या है लेकिन मुझे लगता है कि कोच मौजूद हैं जिन्हें उसकी खामियों को सुधारना चाहिए। मेरे नजरिए से वह अच्छा खिलाड़ी है लेकिन प्रदर्शन में निरंतरता की कमी है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वापसी के बाद से राहुल अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे हैं। वह मंगलवार को गुवाहाटी में श्रीलंका के खिलाफ पहले एकदिवसीय मैच में भी 39 रन पर बोल्ड हो गए थे। अजहर ने कहा, मुझे लगता है कि राहुल कई तरीकों से आउट हो रहा है। मुख्य रूप से अच्छी गेंदें उन्हें आउट नहीं कर रही हैं। खराब शॉट चयन समस्या पैदा कर रहा है। मोहम्मद अजहरुद्दीन का मानना है कि सभी सीनियर खिलाड़ी समय निकालें और घरेलू क्रिकेट खेलें। पहले वनडे में सीमित ओवरों के कप्तान रोहित शर्मा और सुपरस्टार विराट कोहली ने अच्छी पारियां खेली और मोहम्मद अजहरुद्दीन को लगता है कि साल के अंत में होने वाले 50 ओवर के विश्व कप में ये दोनों भारत के लिए महत्वपूर्ण खिलाड़ी होंगे। उन्होंने कहा, दोनों बहुत अच्छे और स्तरीय खिलाड़ी हैं और उन्होंने अतीत में भी अच्छा प्रदर्शन किया है जैसा कि रिकॉर्ड भी कहता है। मुझे विश्वास है कि कोहली और रोहित विश्व कप में काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। एकदिवसीय प्रारूप में हमेशा उनके प्रदर्शन में निरंतरता रही है। वर्ष 1990 से 1999 के बीच करीब एक दशक तक दो चरणों में भारतीय टीम की कप्तानी करने वाले अजहरूद्दीन का मानना है कि नए टी20 कप्तान हार्दिक पंड्या में अच्छी नेतृत्व क्षमता है। उन्होंने कहा, हार्दिक एक कप्तान के रूप में अच्छे दिख रहा है और ऐसा लगता है कि वह टीम को साथ लेकर आगे बढ़ सकता है लेकिन उन्हें अपनी पीठ के बारे में सावधान रहने की जरूरत है क्योंकि वह इसके कारण लंबे समय तक बाहर रहा है। मोहम्मद अजहरुद्दीन ने कहा, भारत को हरफनमौला हार्दिक की जरूरत होगी और हम चोटों का जोखिम नहीं उठा सकते। हार्दिक के पास एक युवा टीम है और यही आगे बढ़ने का रास्ता है। विजयी संयोजन बनाने के लिए आगामी टी20 श्रृंखला में मजबूत समन्वय की आवश्यकता होगी। भारतीय चयनकताओं ने पिछले कुछ समय में काफी आलोचनाओं का सामना किया है और अजहर चाहेंगे कि उनके पूर्व साथी और चयन समिति के अध्यक्ष चेतन शर्मा कुछ खिलाड़ियों को लेकर स्थिति स्पष्ट करें ताकि कोई संदेह नहीं हो। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से, चेतन को कम से कम एक या दो प्रेस कॉन्फ्रेंस करनी चाहिए और बताना चाहिए कि मौजूदा भारतीय टीम के लिए आगे का रास्ता क्या है। मोहम्मद अजहरुद्दीन एक साल से अधिक समय से हैदराबाद क्रिकेट संघ के अध्यक्ष हैं लेकिन प्रशासन को लेकर अरशद अयुब और शिवलाल यादव जैसे पूर्व भारतीय खिलाड़ियों के साथ उनके मतभेद रहे। पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा, यह अब तक अच्छा रहा है। हम हैदराबाद क्रिकेट संघ की खोई हुई प्रतिष्ठा बहाल करने के लिए लड़ रहे हैं। हमने स्टेडियम के साथ-साथ ड्रेसिंग रूम में भी (नवीकरण के मामले में) बहुत काम किया है। उन्होंने कहा, जब मैंने कार्यभार संभाला तो यह सब दयनीय स्थिति में था।

# मलेशिया ओपन में एच एस प्रणय ने लक्ष्य सेन को हराया



**कुआलालम्पुर।** फॉर्म में चल रहे एच एस प्रणय ने अपना शानदार फॉर्म बरकरार रखते हुए मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूनार्मेंट के रोमांचक मुकाबले में बुधवार को हमवतन लक्ष्य सेन को हरा दिया। पिछले साल विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर पहुंचे प्रणय ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 10वीं रैंकिंग वाले सेन को 22 . 24, 21 . 12, 21 . 18 से हराया। केरल के 30 वर्ष के प्रणय का सामना अब इंडोनेशिया के चिको ओरा द्वि वोडोयो या डेनमार्क के हैंस क्रिस्टियन सोलबर्ग विटिंगुस से होगा। प्रणय और सेन की टक्कर पिछले साल पांच बार हुई जिसमें सेन 3 . 2 से आगे थे। इस मैच में दोनों ने तेज शुरूआत की और प्रणय ने दो अंक की बढत के साथ आगाज किया। सेन ने हालांकि जल्दी ही वापसी करके स्कोर 13 . 13 कर लिया। कुछ विवादित लाइन कॉल के बाद स्कोर 19 . 19 था। सेन ने एक अंक बनाया लेकिन तुरंत गंवा भी दिया। प्रणय भी बढत कायम नहीं रख सके और पहला गेम गंवा दिया। दूसरे गेम में प्रणय 4 . 1 से आगे थे जब सेन ने कई सहज गलतियां की। उसने आक्रामकता दिखाई लेकिन प्रणय उससे काफी आगे थे। प्रणय ने नौ अंकों की बढत के साथ यह गेम जीत लिया। निर्णायक गेम में सेन ने 8 . 4 की बढत बनाई लेकिन प्रणय ने जल्दी ही 9 .9 से वापसी की।

## महापुरुषों के दिखाए मार्ग पर चलकर सशक्त होगा राष्ट्र



**चहनियां।** क्षेत्र के रामगढ़ स्थित लोकनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बुधवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, सरस्वती के अमर साधक एवं पूर्व विधायक स्वर्गीय लोकनाथ सिंह की 46वीं पुण्य तिथि समारोह धूमधाम से मनाया गया। प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि विधायक प्रभु नारायण सिंह यादव ने मां सरस्वती, बाबा कीनाराम, लाल बहादुर शास्त्री व स्व. लोकनाथ सिंह के तैल चित्र पर माल्यार्पण व द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत किया।

कालेज के प्रबंधक धनंजय सिंह द्वारा सभी अतिथियों को अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि विधायक प्रभु नारायण सिंह यादव ने कहा कि स्वर्गीय लोक नाथ सिंह ने शिक्षा के क्षेत्र में ही नहीं समाज में भी अपना छाप छोड़ गये है।

दुनिया का सबसे मजबूत लोकतंत्र खतरे में नजर आ रहा रहा है किंतु ऐसे महापुरुषों के बताये रास्ते पर चलेंगे तो राष्ट्र मजबूत होगा। मुख्य अतिथि रसड़ा बलिया विधायक उमाशंकर सिंह ने कहा कि परिवार से दूर रहकर स्वर्गीय लोकनाथ सिंह ने जो त्याग किया है उसे भुलाया नही जा सकता है। देश की आजादी में इन्होंने अपना सहयोग प्रदान किया। ऐसा त्याग अन्यत्र कहीं देखने को नहीं मिलता है। इस दौरान विशिष्ट अतिथि उपेंद्र सिंह, डा.राजेन्द्र प्रताप सिंह,राजेन्द्र पाण्डेय, राजीव कुमार सिंह, बिरेन्द्र यादव, प्रधानाचार्य हंसराज यादव,एल उमाशंकर,अजीत सिंह,डॉ संजय त्रिपाठी,रोहिणी पाण्डेय, प्रधान आशुतोष कुमार सिंह,कुटीर सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

अध्यक्षता संत त्रिपाठी व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष छत्रबली सिंह, संचालन विनय कुमार सिंह व आभार प्रबंधक धनंजय सिंह ने किया।

### सकलडीहा में सब्जी मंडी के समीप जाम से परेशानी

**सकलडीहा।** यातायात माह चल रहा है। इसके बाद भी कस्बा में सब्जी मंडी के समीप सुबह शाम जाम से लोग परेशान रहते है। इसके बाद भी कोतवाली पुलिस जाम की समस्या को लेकर मौन साधे रहते है। आते जाते राहगीरों ने पटरी पर हो रहे अवैध अतिक्रमण को हटाने की मांग किया। यूनियन बैंक से सकलडीहा अलीनगर तिराहे तक सब्जी मंडी और मीठा दुकानदारों के कारण आये दिन जाम की स्थिती बनी रहती है। सड़क पर एक ओर जहां ठेला,टेम्पू स्टैंड और वाहनों के खड़ा होने के कारण जाम की समस्या होती है। वही दूसरी ओर भारी वाहनों के सड़क पर घंटों खड़ा होने से आवागमन पूरी तरह प्रभावित होता है। इसके बाद भी कोतवाली पुलिस ठंड में जाम की समस्या को लेकर सिर्फ कोरमपूर्ति करने में जुटी रहती है। जबकि सब्जी मंडी के समीप दो दो राष्ट्रीय कृत बैंक है। व्यापारियों से लेकर राहगीर और छात्रों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस बाबत प्रभारी कोतवाल विनोद मिश्रा ने बताया कि सुबह अभियान चलाकर अवैध अतिक्रमण हटाया जायेगा।

## भारत जोड़ो यात्रा आजादी के बाद ऐतिहासिक कार्यक्रम



**चंदौली।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी ने राहुल गांधी की अगुवाई में निकाली जा रही भारत जोड़ो यात्रा को आजाद भारत का ऐतिहासिक करार दिया। कहा कि राहुल गांधी के साथ यात्रा में 120 किमी चलने के बाद यात्रा के उत्साह व उसके उद्देश्य को अंगीकार का जनपद लौटा हूं। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी ने कहा कि कांग्रेस के दिग्गज नेता राहुल गांधी ने कई तपस्या से अपने व्यक्तित्व को निखारने के साथ ही पार्टी में नई ऊर्जा व जान फूंकने का काम किया है।

आज कांग्रेस नए तेवर व कलेवर में नजर आ रही है। कहा कि कांग्रेसी नेता राहुल गांधी के तपस्या से तपकर चंदौली कांग्रेस भी अब नए रंग-रूप में दिखेगी। संगठन को नए सिरे से सींचा जाएगा, ताकि कांग्रेस की जमीन चंदौली में मजबूत हो। आगे आने वाले चुनावों में जन समर्थन को प्राप्त करना पार्टी की प्राथमिकता होगी। इसके लिए देश में चल रहे झूठ व नफरत को दरकिनार कर स्नेह व प्रेम को प्रचारित व प्रसारित किया जाएगा। चट्टी-चौराहों पर प्रेम व आपसी सौहार्द व टूटे व बिखरे हुए समाज को जोड़ने की मुहिम होगी। बताया कि वह राहुल गांधी के साथ नई दिल्ली के लोनी बॉर्डर उत्तर प्रदेश से बागपत, बरौत,एलम, कैराना शामली होते हुए हरियाणा के पानीपत तक 120 किमी साथ चलने का शानदार अनुभव रहा।

### पुण्यतिथि पर लाल बहादुर शास्त्री को किया याद

**डीडीयू नगर।** शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में बुधवार को जीटी रोड स्थित शास्त्री पार्क में जय जवान-जय किसान नारे के उद्घोषक, ईमानदारी एवं दृढ़ इच्छाशक्ति के प्रतीक, भूतपूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि उच्च विचारों के धनी शास्त्री का सरलता एवं सादगीपूर्ण जीवन हम सभी के लिए सदैव प्रेरणादायक रहेगा। उनके सादगीपूर्ण जीवन व अनमोल विचारों से दृढ़ निश्चय,संघर्ष और बुलंद इरादों को मजबूती मिलती है। कहा कि हम शास्त्री जी के आदर्शों को जीवन में उतार कर ऐसे भारत के निर्माण में सहभागी बनें,जिसमें समाज के सभी वर्ग आपस में मिल-जुलकर साथ रहें और उन्नति करें। कार्यक्रम शहर अध्यक्ष रामजी गुप्ता, आनंद शुक्ल, बृजेश गुप्ता, दशरथ चौहान, शाहिद तौसिफ, सतपाल सिंह, राकेश सिंह अन्य मौजूद रहे।

### वेतन विसंगतियों को लेकर सीएमओ कार्यालय पर धरना

**चंदौली।** वेतन विसंगतियों सहित तमाम मांगों को लेकर बुधवार को सीएमओ कार्यालय पहुंचकर ग्राम पंचायतों में तैनात स्वास्थ्य अधिकारियों ने शासन और प्रशासन के विरोध में प्रदर्शन किया। वहीं स्वास्थ्य प्रशासन पर उपेक्षा का आरोप लगाया और मांग किया कि तत्काल हमारे वेतन विसंगतियों को दूर किया जाए।साथ ही स्वास्थ्य प्रशासन हमारी मांगों को पूरा करें, नहीं तो अगला आंदोलन करेंगे। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि शासन ने हमें गांव में तैनाती तो कर दी है, लेकिन हमारे वेतन को लेकर तमाम तरह की परेशानियां आ रही है। इसे दूर करने में स्वास्थ्य प्रशासन पूरी तरह से असफल साबित हो रहा है। इसे जिला स्वास्थ्य शासन तत्काल वेतन में विसंगतियों को दूर करते हुए निस्तारण करें। कहा कि हम कर्मचारियों का वेतन समय से प्रदान कराए जाएं,ताकि हम सब को किसी प्रकार की समस्या से परेशान ना होना पड़े। कहा कि कई बार वेतन संबंधी अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन आज तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके लिए शासन और प्रशासन जिम्मेदार होगा।

# राष्ट्रीय सेविका समिति ने किया पथ संचलन

आयोजन

### ढोल नगाड़े व तिरंगे झंडे के साथ हुआ पूरा नगर भ्रमण


नगर में पथ संचलन करती राष्ट्रीय सेविका समिति की महिलाएं

**मछलीशहर।** राष्ट्रीय सेवक संघ की महिला इकाई राष्ट्रीय सेविका समिति ने बुधवार दोपहर पूरे नगर में पथ संचलन किया। नगर के एसएम पब्लिक स्कूल में आरएसएस के महिला इकाई का पाँच दिवसीय आत्मरक्षा शिविर का आयोजन चल रहा है।

बुधवार पाँचवे दिन महिला इकाई द्वारा नगर के सुजानगंज चौराहे से बरईपार चौराहा, रोडवेज, चुंगी चौराहा, सरस्वती नगर, मंगल बाजार, सब्जी मंडी, सराय, शादिगंज, मुंगराबादशाहपुर चौराहा होते हुए पुनः उसी चौराहे तक पथ संचलन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान महिला इकाई ने बड़े बड़े ढोल नगाड़े की धुन के साथ तिरंगा झंडा लेकर भारत माता की तस्वीर के साथ पथ संचलन किया। पथ संचलन के दौरान महिला इकाई की डॉ. सुशीला गुप्ता, डॉ. अर्चना शुक्ला, आशा मौर्य, सुमन, किरन सहित सैकड़ों महिला स्वयंसेवी मौजूद रहीं। वहीं पुरुष इकाई के ओम प्रकाश, डा. सुनील गुप्ता, राजेश उमर वैश्य, अरविंद गुप्ता समेत दर्जनों स्वयं सेवक मौजूद रहे। सुरक्षा की दृष्टि से तिराहे पर ही प्रभारी निरीक्षक देवानंद रजक ने वाहनों का आवागमन रोक स्वयं पुलिस फोर्स के साथ पथ संचलन पूर्ण करवाया।

## बुधवार को रहेगी साप्ताहिक बंदी, कड़ाई से हो पालन:एसडीएम

**चंदवक।** श्रम विभाग द्वारा निर्धारित साप्ताहिक बंदी चंदवक बाजार में प्रत्येक बुधवार को रहेगी। इसका पालन व्यापारियों द्वारा सुनिश्चित किया जाय। उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। श्रम प्रवर्तन अधिकारी नेहा यादव के साथ आए एसडीएम माज अख्तर ने बाजार का भ्रमण करने के बाद व्यापारियों को निर्देशित करते हुए उक्त बातें कहीं। बताया कि श्रम कानून में साप्ताहिक बंदी का प्राविधान है जिसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाएगा।

व्यापारियों ने एसडीएम से मांग की कि बंदी महीने में दो दिन ही रखी जाय जिस पर उन्होंने कहा कि इसके लिए जिले स्तर के अधिकारियों से संपर्क करें यह मेरे अधिकार क्षेत्र के बाहर है। प्रत्येक बुधवार को बंदी रहेगी। जो व्यापारी इसका पालन नहीं करेगा उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान व्यापार मंडल के अध्यक्ष त्रिलोकी गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## आबकारी अधिकारी ने किया देशी शराब की दुकान का निरीक्षण


शराब की दुकान का निरीक्षण करते अधिकारी

जनसंदेश न्यूज

**जफराबाद।** जलालपुर थाना क्षेत्र के हुसेपुर देशी शराब की दुकान पर बुधवार की सुबह आबकारी अधिकारी घनश्याम मिश्र ने औचक निरीक्षण किया जिसमें सेल्समैन सुबह से ही दारू अधिक दाम पर बेचते हुए पकड़ा गया। आबकारी अधिकारी द्वारा पहले अपने ड्राइवर को भेज कर शराब मंगायी। 65 रुपये की जगह ड्राइवर से 75 रूपया लिया गया। इसके बाद कुछ दूरी पर खड़े अधिकारी ने आकर सेल्समैन से पूछा दुकान कितने बजे खुलती है सेल्समैन बता न सका। आबकारी अधिकारी के औचक निरीक्षण से शराब के दुकानदारों में हड़कंप मच गया। वहीं बाजारवासियों ने अधिकारी घनश्याम मिश्र की सराहना की। बाजारवासियों ने सुबह से ही शराब बेचने पर माध्यम से उच्च अधिकारियों तक पहुंचाई जाए, जिससे शराब की दुकाने समय से खुल सकें।

## संक्षेप

### किसानों को किया गया जागरूक



**मछलीशहर।** सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) की बैठक में एडीओ एजी आशुतोष राय ने किसानों की आय को बढ़ाने के लिए उपाय करने और आत्मा योजना के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों की जानकारी दी गयी। बुधवार को राजकीय कृषि बीज गोदाम दाउदपुर में बैठक के दौरान एडीओ एजी ने सहफसली, अंतः फसली खेती को बढ़ावा देने, कृषि विविधिकरण द्वारा किसानों की आय बढ़ाने हेतु किसानों को जागरूक किया। इस दौरान वक्ताओं ने किसानों को आलू की फसल में पाले से बचाव व झुलसा रोग से बचाने के उपाय को बताया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीज गोदाम प्रभारी राजेंद्र यादव ने किसानों से को हवा में उपस्थित नाइट्रोजन को फसल में कैसे उपयोग करें इसकी जानकारी दी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला पंचायत सदस्य आसाराम यादव ने व संचालन बीटीएम प्रमोद उपाध्याय ने किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य विजय सरोज, सुनील बिंद, धर्मेंद्र सिंह, दिनेश गुप्ता, मनराज यादव, मेवालाल, सुधाकर, किसान दूधनाथ सिंह, अमन यादव, नानू यादव आदि मौजूद रहे।

### गरीबों और असहायों की सेवा पुनीत कार्य : कल्पना




**जौनपुर।** समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करने वाली नगर स्थित सांता फाउंडेशन ने गरीबों और असहाय को कंबल वितरण किया। इस अवसर पर संस्था की पदाधिकारी कल्पना गुप्ता ने कहाकि गरीब और असहायों की सेवा करना पुनीत कार्य है इसमें सब लोगों को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। संस्था के द्वारा नगर के ओलनदगंज और रुहट्टा में गरीबों को कंबल वितरण किया गया जिसमें संस्था की पदाधिकारी कल्पना गुप्ता, दीप्ति रिजवान, डाली विश्वकर्मा, ममता मोदनवाल, चंचल शर्मा, अंजली गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान की जांच करने पहुंचे नायब तहसीलदार

**जलालपुर।** ग्रामीणों ने सरकारी सस्ते गल्ले के दुकानदार पर घटतौली का आरोप लगाते हुए उपजिलाधिकारी केराकत से शिकायत की थी। उनके आदेश पर इस मामले में नायब तहसीलदार गांव में पहुंचकर जांच की और कई ग्रामीणों का बयान भी लिया। केराकत तहसील क्षेत्र के बीबनमऊ गांव के कोटेदार के खिलाफ लगातार ग्रामीणों द्वारा खाद्यान्न वितरण में अनियमितता तथा घटतौली की शिकायत उपजिलाधिकारी केराकत से की जा रही थी। बुधवार के दिन उपजिलाधिकारी केराकत के निर्देश पर नायब तहसीलदार वीरेंद्र यादव, सप्लाई इंस्पेक्टर अशोक कुमार मौके पर सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान की जांच करने पहुंचे थे। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने कोटेदार के खिलाफ घटतौली व राशन वितरण में अनियमितता बरते जाने की बात कही। सच्चाई जानने के लिए नायब तहसीलदार कई ग्रामीणों के बयानभी लिए। कई लोगों ने कोटेदार पर घटतौली के आरोप लगाए है। तहसीलदार वीरेंद्र यादव ने बताया कि शिकायत की जांच कर ली गयी है और मामले की जाच रिपोर्ट उपजिलाधिकारी केराकत को सौंप दी जायेगी। जाच टीम में हल्का लेखपाल सतीश कुमार, विनय पाण्डेय सहित गाँव के अन्य लोग मौके पर मौजूद रहे।

### शिल्पा सिंह को मिली पीएचडी की उपाधि



**जौनपुर।** नगर के लाइन बाजार निवासी इंग्लिश मिडियम प्राथमिक विद्यालय चकताली की शिक्षिका डा. ऊषा सिंह की बेटी शिल्पा सिंह ने गुजरात विश्वविद्यालय अहमदाबाद से फिजिक्स विषय में पीएचडी की उपाधि हासिल कर अपनी क्षमता और मेधा का लोहा मनवाया है। शिल्पा की इस सफलता पर परिजनों में खुशी लहर है, वहीं बधाई देने वालों का तांता लगा है। बेटी की सफलता पर गौरवान्वित डा. ऊषा सिंह ने बताया कि मैंने बेटा बेटी में कभी भेद नहीं किया। डा. ऊषा सिंह का जीवन भी काफी संघर्षपूर्ण रहा। इनके ससुर रामजन्म सिंह टीडी इण्टर कालेज में शिक्षक पद पर कार्यरत रहे। सेवानिवृत के बाद मूल जनपद मऊ (घिरैयाकोट) चले गये।

### ट्रैफिक समस्या को लेकर डीएम से मिला सांता फाउंडेशन का प्रतिनिधिमण्डल

**जौनपुर।** सांता फाउंडेशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने शहर के आम जनमानस से संबंधित एक जटिल विकट समस्या ट्रैफिक जाम के संबंध में बुधवार को जिलाधिकारी से मुलाकात की। जिलाधिकारी ने सदस्यों की बातों को बड़े ध्यान पूर्वक सुना और उसका सुझाव भी मांगा। सदस्यों द्वारा की गई सर्वे रिपोर्ट और रोड मैप का ब्लूप्रिंट डीएम के सामने प्रस्तुत किया गया जिसे देखने के बाद डीएम ने रोड मैप से सहमति व्यक्त की और सिटी मजिस्ट्रेट को ब्लूप्रिंट देखने उस पर कार्य करने के लिए आदेशित किया और सदस्यों से कहाकि आप जाकर सिटी मजिस्ट्रेट से मिलकर उन्हें संस्था द्वारा बनाए रोड मैप उपलब्ध कराइए। सदस्यों द्वारा सिटी मजिस्ट्रेट से मुलाकात कर उन्हें रोडमैप का ब्लूप्रिंट दिखाया जिसे देखने के बाद सिटी मजिस्ट्रेट ने सहमति व्यक्त की और संस्था के कार्य को सराहा और जनमानस को जाम की समस्या से जल्द निजात दिलाने का आश्वासन दिया।

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत कौड़िया गांव के समीप सड़क दुर्घटना में बस की चपेट में आने से टैम्पो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। क्षेत्र के कौड़िया गांव निवासी 40 वर्षीय मनोज कुमार पुत्र मुन्नीलाल बुधवार को अपनी टैम्पो लेकर बाजार आ रहा था कि गांव के समीप ही तेज रफ्तार बस ने टक्कर मार दिया जिसके चलते मनोज गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने आनन-फानन में इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उक्त घायल की हालत गंभीर देख जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान घायल की देर शाम मौत हो गई।

### बिजली चोरी में सात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**गौराबादशाहपुर।** बिजली विभाग की टीम ने मंगलवार की देर शाम धमापुर बाजार की पाल बस्ती और बाजार में चेकिंग अभियान चलाया जिसमें दो बड़े बकायेदारों जिनका कनेक्शन काट दिया गया था उसके बाद भी बिजली का प्रयोग करते हुए पाए गए। जबकि पाल बस्ती में छह लोग कटिया डालकर चोरी से बिजली का प्रयोग कर रहे थे। एसडीओ मगन सिंह ने बताया कि बुधवार को उन 7 लोगों के विरुद्ध बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज कराया गया है। छापेमारी टीम में जेई जगपाल सिंह, लाइनमैन रमेश कुमार, एसडीओ मगन सिंह इत्यादि मौजूद रहे।

### निधन पर समाचार पत्र विक्रेता संघ ने की शोकसभा

**जौनपुर।** समाचार पत्र विक्रेता संघ की एक आपात बैठक जिला कार्यालय धरनीधरपुर मीरपुर में जिला अध्यक्ष राम प्यारे प्रजापति की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक की सम्बोधित करते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष राम सहारे मौर्य ने बताया कि हमारे बहुत पुराने समाचार पत्र विक्रेता उमाशंकर पाण्डेय की पत्नी शान्ति देवी का लम्बी बीमारी के चलते निधन हो गया वह 68 वर्ष की थी। उनकी मृत्यु से सभी सामाचार पत्र विक्रेताओं में शोक व्याप्त है। उनकी आत्मा को शांति के लिए सभी समाचार पत्र विक्रेताओं ने 2 मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा को शोक श्रद्धांजलि अर्पित किया। बैठक में मुख्य रुप से मंगरु राम मौर्य, अवधेश मौर्य, पवन गुप्ता, अखिलेश मौर्य, लालचंद मौर्य, पवन मौर्य, विजय शर्मा, रमेश मौर्य, पंकज मौर्य, सुनील मौर्य, नरेंद्र मौर्य, हरीश चंद्र शर्मा, कुल्लू गुप्ता, संतोष मौर्य, सर्वेश मौर्य, संदीप निषाद, भरत लाल, तरुण मौर्य, मोहम्मद रफीक, मोहम्मद इलियास, रामधनी मौर्य, विनोद शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# कई बीघे गेहूं की फसल जलमग्न



जनसंदेश न्यूज

**सुइथाकला।** विकास क्षेत्र के कटघर गाँव में बीती रात माइनर के पानी से किसानों के कई बीघे गेहूं की फसल जलमग्न हो गई जिसकी आनलाइन शिकायत किसानों द्वारा कर दी गई है। बताया जाता है कि शारदा सहायक नहर का माइनर उक्त गाँव से होकर गुजरा है जिसे गाँव के पास कुछ दबंगों द्वारा बांध डालकर पानी को रोक दिया गया जिससे मंगलवार की रात माइनर का पानी ओवर फ्लो होकर गाँव के महेश दूबे, पन्नालाल हलवाई, सीताराम विश्वकर्मा समेत अन्य किसानों के कई बीघे गेहूं की फसल को अपने आगोश में ले लिया।

देखते ही देखते फसलें जलमग्न हो गई। फसलों के जलमग्न हो जाने की सूचना पर किसानों द्वारा माइनर बन्द कराया गया। फिलहाल किसानों द्वारा मामले की शिकायत आनलाइन कर दी गई है। फसल जलमग्न हो जाने से किसानों के अन्दर दबंगों के प्रति रोष व्याप्त है।

## गुमटी से हजारों के सामान पर चोरों ने किया हाथ साफ

> पुलिस की गश्त न होने से चोर हुए सक्रिय

**जौनपुर।** सिटी स्टेशन फ्लाई ओवर ब्रिज के नीचे दक्षिणा काली मंदिर के बगल में पान की गुमटी से कल रात चोरों ने इसमें रखा 1000 रुपया और लगभग 5000 रुपए का सिगरेट व गुटका पान मसाला दुकान का ताला तोड़कर उठा ले गये। दुकानदार चंद्रेश चौरसिया ने दुकान बंदकर पास ही घर सोने चला गया। आधी रात में चोर दुकान का ताला तोड़कर काफी सामान उठा ले गए। सुबह 6 जब दुकान पर आए तब पता चला और आसपास के लोगों को खबर दी। पास ही छोटा भाई मिठाई विक्रेता कमलेश चौरसिया ने बताया कि पुलिस की गश्ती न होने से इस तरीके से अक्सर फ्लाईओवर के नीचे चोर उचक्के व नशेड़ियों का अड्डा बन गया है। अक्सर इस तरह की चोरी होती रहती है। मोहल्लेवासी इससे आक्रोशित हैं और प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित किया है। लोगों का कहना है कि जल्द से चोरी का पर्दाफाश हो।

# मुआवजे की राशि उपलब्ध नहीं करायी तो होगा आंदोलन : श्रवण

मांग

### आजादी के पहले से बसे लोगों के आशियाने को तोड़ दिया गया, ठण्ड में बेघर हुये लोग

### डीएम को ज्ञापन सौंप की मुआवजे की मांग



जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपने जाते व्यापार मण्डल के लोग

**जौनपुर।** आजादी के पहले से बसे नगर के मण्डी अहमद खां के निवासियों के तोड़े गये मकान व दुकान का उचित मुआवजा दिलाये जाने की मांग को लेकर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष श्रवण जायसवाल ने बुधवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से श्री जायसवाल ने कहा कि उक्त मोहल्ले में तोड़े गये मकान व दुकान के मुआवजे के लिये प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कहा गया लेकिन अभी तक पीड़ितों के मुआवजे की निर्धारित धनराशि उनको नहीं मिल पायी। पीड़ितों के अनुसार अधिकारियों ने यह भी कहा था कि जांच कर मुआवजे की राशि तय कर दी जायेगी लेकिन अभी तक उक्त विषय पर प्रशासन की तरफ से कोई भी इस तरह के सकारात्मक संदेश नहीं मिल पाये है कि मुआवजा दिया ही जायेगा। व्यापारी नेता श्री जायसवाल ने कहा कि प्रशासन के तानाशाही के बल पर जिस प्रकार बगैर मुआवजे की राशि तय किये लोगों के मकानों/दुकानों को ठण्ड के इस समय मौसम में तोड़ दिया गया है, यह मानवता के विपरीत है। अगर समय रहते मुआवजे की राशि पीड़ितों को उपलब्ध नहीं करायी गयी तो व्यापार मण्डल सड़क पर उतरकर आन्दोलन करने को बाध्य होगा जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस अवसर पर अमरनाथ मोदनवाल, संजीव साहू, नितेश साहू, जीशान खान, धर्मेन्द्र सोनकर, सुनील चौरसिया, मेंहदी हैदर, कन्हैया यादव, आलोक कुमार, महेश गुप्ता, राम प्रसाद अग्रहरि सहित तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

# चौराहों से बेखौफ गुजर जाती हैं हूटर लगी गाड़ियां

मनमानी

### होमगार्डों के भरोसे संचालित हो रही ट्रैफिक व्यवस्था



जोगियापुर से कचहरी रोड पर गुजरती हुई हूटर लगी ब्लैक कार


**जौनपुर।** यूपी के जनपद जौनपुर में अवैध रूप से वाहनों पर हूटर लगाकर लोग बेखौफ घूमते हुए देखे जा रहें हैं। वहीं कुछ गाड़ियों पर भाजपा का सिम्बल लगा है तो कुछ पर पुलिस का, लेकिन पुलिस प्रशासन की कार्रवाई लागातार फीकी नजर आ रही है।

बता दें कि जनपद में इन दिनों अवैध रूप से वाहनों पर हूटर लगाने का रिवाज शुरू हो गया है। यहां हर छोटे-बड़े नेता की गाड़ी पर सत्ता पक्ष सिम्बल व हूटर आसानी से देखा जा सकता है। गाड़ियों पर हूटर लगाकर सड़कों पर चलने वाले कथित नेताओं की दबंगई भी आए दिन देखने को मिलती रहती है। वहीं शासन से भी स्पष्ट निर्देश है कि गाड़ियों पर हूटर लगाकर चलने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। लेकिन पूछताछ तो दूर की बात क्षेत्रीय पुलिस प्रशासन ऐसे गाड़ियों को रोकने से कतराते हैं। हालांकि जिले में सड़क सुरक्षा अभियान चल रहा है और इसके तहत अवैध रूप से वाहनों पर हूटर लगाकर चलने वाले नेताओं के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हो पा रही है। इसके पीछे मुख्य कारण यह है कि चौराहों और नाकों पर जहां ट्रैफिक पुलिस मुस्तैद रहनी चाहिए वहां पर होमगार्डों से काम चलाया जा रहा है। चौराहों पर तैनात होमगार्ड सिर्फ आने-जाने वाले लोगों को रास्ता दिखाने व लगे जाम को बहाल कराने में पसीना बहाते रहते हैं लेकिन दबंग नेताओं के आगे होमगार्ड भला कितनी देर ठहर पायेंगे।

कोई उन्हें सिर्फ आंख दिखाकर चलता बनता है तो कोई डांट-फटकार तक देता है। सूत्रों की मानें तो वहीं ट्रैफिक पुलिस जगह-जगह चेकिंग के नाम पर सिर्फ वसूली अभियान में लिप्त रहती है। वहीं देखा जाय तो नगर के हर चौराहे से गुजरने वाली हूटर लगी गाड़ियां सड़कों पर सरपट दौड़ती रहती हैं। कभी नो-इंट्री तो कभी बीच सड़कों पर खड़ी मिलती हैं लेकिन यातायात पुलिस की निगाहें इन पर टिकती तक नहीं। ऐसा ही एक मामला सोमवार को नगर के जोगियापुर से कचहरी रोड पर एमएच02सीएल 0658 नं. की ब्लैक कार देखी गयी जिस पर सत्ता पक्ष का झण्डा लगा हुआ था और बेखौफ सड़कों पर हूटर बजाते हुए उड़ान भर रही थी।

उक्त कार में ब्लैक शीशा भी लगा हुआ था जो कि शहर के वीआईपी इलाके से सत्ता की हनक दिखाते हुए गुजर गयी जबकि उसी रास्ते पर एसपी आफिस, मियांपुर पुलिस चौकी, लाइन बाजार थाना सहित तमाम उच्चाधिकारियों व आवास है। इससे यह प्रतीत होता है कि इन मनबढ़ नेताओं में शासन-प्रशासन का कोई खौफ नहीं है।

## अध्यापक की निर्मम पिटाई से मासूम छात्र की टूटी पसली


अध्यापक की पिटाई से घायल मासूम

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र स्थित प्राथमिक विद्यालय हवेली के एक अध्यापक ने कक्षा 3 के एक मासूम छात्र को इतनी निर्दयता से पीटा कि उसकी पसली की हड्डी टूट गई। मासूम छात्र का कसूर था कि दिया गया विषय वह याद करके गुरुजी को नहीं सुना सका। उसका उपचार भदोही जिले के एक चिकित्सालय में चल रहा है। घटना 30 दिसंबर की है।

गुरुजी ने अभिभावक को दवा का पूरा पैसा देने का आश्वासन देकर मामले को प्रकाश में नहीं आने के लिए कहा था किन्तु जब उन्होंने पैसा नहीं दिया तब जाकर मामला उजागर हुआ। हवेली निवासी हौशिला प्रसाद साहू ने बताया कि उनका बेटा लवकुश प्राथमिक विद्यालय हवेली में कक्षा 3 का छात्र है। विगत 30 दिसंबर को छात्र स्कूल गया था। वहां गुरुजी ने उससे पढ़ाया गया विषय सुनाने के लिए कहा तो लवकुश नहीं बता पाया जिससे नाराज शिक्षक ने उसे इस बेरहमी से पीटा कि उसके गले के नीचे की पसली टूट गई। वह बेटे का उपचार भदोही के एक निजी चिकित्सालय में करा रहा है। उसने यह भी कहा कि गुरुजी ने दवा का खर्च देने के लिए कहा था किंतु अभी तक पैसा देने को कौन कहे देखने तक नहीं आये।

## मिर्जापुर ने प्रयागराज को 44-13 से किया पराजित


विजेता टीम के साथ अतिथिगण

**करंजाकला।** इंदिरा गांधी स्टेडियम सिद्दीकपुर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में आयोजित प्रदेश सीनियर महिला कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि गिरीश चंद यादव खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने किया। क्रीड़ा अधिकारी डॉ. अतुल सिन्हा ने मुख्य अतिथि को बुके देकर स्वागत किया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि ने कबड्डी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। तत्पश्चात अपने उद्बोधन में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा खिलाड़ियों के उत्थान हेतु किये जा रहे कार्यों का उल्लेख किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. अतुल सिन्हा क्रीड़ा अधिकारी द्वारा मुख्य अतिथि को अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। पहला मैच प्रयागराज व मिर्जापुर मण्डल के मध्य खेला गया जिसमें मिर्जापुर ने प्रयागराज को 44-13 से पराजित किया। दूसरे मैच में वाराणसी ने बस्ती को 27-08 से पराजित किया। तीसरे मैच में आजमगढ़ ने चित्रकूट को 26-05 से पराजित किया। इस अवसर पर उप क्रीड़ा अधिकारी चन्दन सिंह के साथ हरेन्द्र सिंह पीके पाण्डेय प्रदेश उपाध्यक्ष कबड्डी संघ, सुरेश सिंह, चेयरमैन रेफरी बोर्ड, रविन्द्र यादव, सचिव जिला कबड्डी जौनपुर तथा प्रदेश के 17 मण्डलों के खिलाड़ियों के साथ टीम मैनेजर व निर्णायक एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सभी को अपनी कमाई का एक हिस्सा दान करना चाहिए : सीमा द्विवेदी

मदद

### जनहित ससोसाइटी ने आयोजित किया कम्बल वितरण समारोह


गरीबों में कम्बल और खाद्यान्न वितरित करते डीएम

जनसंदेश न्यूज


**जौनपुर।** ग्राम पंचायत सहोदरपुर में जनहित सोसाइटी द्वारा कंबल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लोगों को सम्बोधित करते हुए राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने कहा कि ठंड के मौसम में कम्बल वितरण का कार्य बड़ा ही नेक कार्य है। सभी व्यक्ति को कमाई का एक हिस्सा दान करना चाहिए। उन्होंने अन्य लोगों को भी इस कार्य में आगे आने की अपील की।

सांसद मछलीशहर बीपी सरोज ने कहा कि अध्यक्ष जनहित सोसायटी सुनीता सिंह निःस्वार्थ पूरे देश में गरीबों की सेवा कर रही हैं जिसके लिए उन्हें हृदय से साधुवाद दिया। उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा सबसे पुनीत कार्य है। पूर्व गृह राज्यमंत्री महाराष्ट्र कृपाशंकर सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि जनपद में मुख्यमंत्री के मंशानुरूप कार्य किया जा रहा है। जनपद में भी बड़े पैमाने पर निवेश होने जा रहा है। उन्होंने हर सम्भव सहयोग करने का आश्वासन भी दिया। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि कृपाशंकर हमेशा गांव के विकास की बातें करते है, उनकी गांव से जुड़ाव सभी को प्रेरणा देता है। पूर्व में भी अनेकों कार्य किये गए है। जिलाधिकारी ने बताया की जिले के लिए इंवेस्टर समिट की योजना बनाई गई है, जिसमें बड़े बड़े उद्योग एवं फैक्टरी लगाए जाने पर विचार किये जायेंगे जिसके उपरांत गांव वालों को रोजगार के लिए अन्य शहरों को नहीं जाना पड़ेगा। डीआईजी/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय साहनी ने कहा कि बहुत अच्छा कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूर्व गृह राज्यमंत्री के द्वारा गाँव वालों को अपने परिवार की तरह समझकर कम्बल वितरण किया जा रहा है। पुलिस की टीम सभी के लिए हमेशा उपलब्ध है। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शैलेंद्र सिंह, सीएमओ डॉ. लक्ष्मी सिंह, श्यामराज सिंह, डॉ. विकास सिंह, डॉ. नमिता सिंह, बीडीओ राजीव सिंह, प्रो. शिव कुमार, ग्राम प्रधान जड़ावती सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

# बिजली विभाग की चेकिंग में चौदह लोगों पर मुकदमा

**कार्रवाई**

### 71 की बत्ती गुल, 8.91 लाख रुपए शमन शुल्क वसूला


अवर अभियंता ज्योति प्रकाश के नेतृत्व में रजपुरा फेज थ्री में जांच करती विद्युत विभाग की टीम

**भदोही।** शहरी क्षेत्र के लगभग सभी मोहल्लों में बिजली विभाग की टीम द्वारा विद्युत बकायेदारों व कटियामारो के विरुद्ध अभियान चलाकर चेकिंग की गयी। चेकिंग अभियान में बिजली विभाग ने इकहत्तर लोगो का कनेक्शन काटा, आठ लाख 91 हजार रुपए सम्मन शुल्क वसूला व चौदह लोगो पर एफआईआर दर्ज कराया।

चेकिंग अभियान में अवर अभियंता ज्योति प्रकाश के नेतृत्व में बिजली विभाग की टीम ने बत्तीस लोगो का कनेक्शन काटा, 3.50 लाख रुपए की वसूली की, सात लोगो पर एफआईआर दर्ज कराया। अवर अभियंता प्रमोद चौहान ने 19 लोगो का कनेक्शन काटकर 1.75 लाख की वसूली की और तीन उपभोक्ताओं पर एफ आई आर दर्ज कराया। अवर अभियंता सुजीत पटेल ने एक दर्जन लोगो का कनेक्शन काटा 2.56 लाख रुपए वसूली की और दो लोगो पर एफ आई आर दर्ज कराया। अवर अभियंता मनोज कुमार ने आठ लोगो का कनेक्शन काटा, वसूली 1.10 लाख रुपए किया व दो उपभोक्ताओं पर एफ आई आर दर्ज कराया। विद्युत चेकिंग के दौरान अवैध कनेक्शन धारको में हड़कम्प मचा रहा।

बिजली विभाग की चेकिंग के दौरान शहर के विभिन्न मोहल्लों में अफरा तफरी का आलम रहा। उधर चेकिंग के दौरान अवर अभियंता ज्योति प्रकाश ने लोगों से अपील किया कि लोग समय से बकाए बिल का भुकतान करें। अवैध कनेक्शन से बचें जिससे किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े।

### रास्ते से अवैध अतिक्रमण हटवाये गये

पवांरा। स्थानीय थाना क्षेत्र के जयपालपुर गांव में स्थित गाटा संख्या 834 जो राजस्व अभिलेख में रास्ते के खाते में दर्ज थी उस पर गांव के ही इन्द्रपाल पुत्र प्यारेलाल, अजय पुत्र विजय द्वारा गौशाला बनाकर पुआल आदि रखकर कई वर्षों से अवैध कब्जा किया गया था जिसको बुधवार को राजस्व टीम द्वारा अवैध कब्जा हटवाकर रास्ता अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

### कंटेनर के धक्के से बाइक सवार किशोरी की मौत

**नौपेड़वा।** बक्शा थाना क्षेत्र के सवंसा गांव स्थित ढ़ाबे के समीप कंटेनर के धक्के से बाइक सवार 15 वर्षीय किशोरी की मौत हो गयी। पुलिस ने मौके पर पहुँच शव को कब्जे में ले लिया। थाना क्षेत्र के मई गांव निवासी प्रेमचन्द की पुत्री राधिका बुधवार की शाम अपने मामा अमित व विवेक के साथ बाइक से ननिहाल अजोसी सिकरारा जा रही थी। घटना स्थल के समीप पहुँचे ही थे तभी पीछे से जा रही कंटेनर चालक धक्का मारकर भाग निकला। दुर्घटना में राधिका की मौके पर मौत हो गई जबकि अमित व विवेक को मामूली चोटें आई।

## नगर पालिका अध्यक्ष पद पर सौदागरों की निगाह

**मुंगराबादशाहपुर।** प्रतिष्ठा परक जनपद की मुंगराबादशाहपुर नगर पालिका के अध्यक्ष पद पर अनेक सौदागरों की निगाह लगी हुई है। वह इस पद की आड़ में करोड़ों का हेरफेर करने की जुगत लगाए बैठे हैं। नगर में लगी होर्डिंग और पोस्टरों को देखा जाए तो 1 दर्जन से अधिक उम्मीदवार विभिन्न दलों से अपनी उम्मीदवारी पेश कर रहे हैं। जमीन से लेकर आसमान तक का सौदा करने वाले सौदागर विभिन्न दलों की परिक्रमा कर रहे हैं।

इलेक्ट्रॉनिक से लेकर शिक्षा तथा गरीबों के स्वास्थ्य से लेकर अमीरों की अट्टालिका ऊपर नजर रखने वाले चुनावी समर में कूद पड़े हैं। सूत्रों की माने तो एक विशेष राजनीतिक दल के आधा दर्जन उम्मीदवार अपने आकाओं के यहां 6 माह से चरण वंदना कर रहे हैं और कुछ तो भगवान की शरण में भी गए आए गए। नगर पालिका चेयरमैन पद के उम्मीदवारों की मिठाई पार्टियों के जनपदीय कार्यालयों से लेकर प्रदेश कार्यालय तक मशहूर हो गई हैं। विभिन्न दलों के 1 दर्जन से अधिक उम्मीदवार अभी तक यह नहीं बता सके कि कटरा रोड पर कमासिन ड्रेन का जर्जर पुल कब बनेगा। कर्मचारियों को उनकी देनदारी कब मिलेगी। नगर पालिका पर एक विशेष राजनीतिक दल का हमेशा कब्जा जा रहा है लेकिन यहां के लोग अतिक्रमण की समस्या से जूझ रहे हैं जिससे जाम की स्थिति हमेशा बनी रहती है। सड़क तक दुकानें लगी हुई है। रोडवेज बस अड्डे के सामने अवैध अतिक्रमण विराजमान है। न तो किसी उम्मीदवार और न ही नगर पालिका प्रशासन कभी इसे छूने की हिम्मत जुटा पाया। नए परिसीमन में आए गांव नगर पालिका के लिए समस्या से कम नहीं हैं। विभिन्न चुनौतियों के होते हुए विद्वता से परिपूर्ण उच्च शिक्षा प्राप्त अनेक उम्मीदवार धन बल बाहुबल और दल बल के सहारे चुनावी वैतरणी पार करना चाहते हैं। इन उम्मीदवारों में एक विशिष्ट उम्मीदवार ऐसे हैं जिनके यहां हर महीने छापा पड़ता रहता है और उन्हें क्लीन चिट मिल जाती है और जनता देखती रहती है। वैसे अभी आरक्षण की गणित उलझी हुई है। उम्मीदवार अपने आकाओं की गणेश परिक्रमा बहुत कम तापमान में करके चुनाव का ताप बढ़ाए हुए हैं।

## संक्षेप

### जरूरतमंदों में कम्बल वितरण करना पुनीत कार्य : इन्दू सिंह



**मड़ियाहूं।** इस भीषण शीतलहरी में नगर के व्यापारियों द्वारा जरूरत मंदों को कम्बल वितरण करना बहुत ही पुनीत कार्य है। जनपद के हर व्यापारी को इस दिशा में आगे आकर समाज के लिए सहभागिता करना चाहिए। उक्त बातें बतौर मुख्य अतिथि व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष इन्द्रभान सिंह इन्दू ने शाही कटरे में व्यापारियों द्वारा आयोजित कम्बल वितरण समारोह को सम्बोधित करते हुए कही। बतौर विशिष्ट अतिथि प्रभारी निरीक्षक ओम नारायण सिंह ने कहा कि अपने तथा अपने लोगों के लिए तो सभी जीते हैं। समाज के लोगों के लिए जो सोचता है उसकी सोच और जीवन दोनों सार्थक है। इस मौके पर व्यापार मण्डल तहसील अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह उर्फ राजू, नगर अध्यक्ष राशिद हाशमी, युवा अध्यक्ष धर्मेन्द्र सेठ, प्रदीप जायसवाल, प्रबन्धक स्वर्ण सिंह उर्फ टीटू, सुरेन्द्र कुमार जायसवाल, राजेश पाण्डेय, नसीम अहमद, सेराज अंसारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन इफ्तखार अहमद अंसारी ने किया। धन्यवाद ज्ञापित राशिद हाशमी ने किया।

### वाराह कोटि तीर्थ धाम में रह रहे साधुओं को है कंबल और अलाव की दरकार



थानागद्दी। प्रदेश में एक साधू की सरकार होने के बावजूद क्षेत्र के साधुओं की दुर्गति हो रही है। शिकायत है कि चन्दवक थाना क्षेत्र के रामगढ़ गांव में स्थित वाराह कोटि तीर्थ धाम में रह रहे पांच साधुओं को भीषण ठंडी में दिन रात गुजारना पड़ रहा है। प्रदेश सरकार ने वाराह कोटि तीर्थ धाम को पर्यटन स्थल तो घोषित कर दिया है लेकिन यहां रह रहे साधुओं का न तो तहसील प्रशासन सुध ले रहा है और न ही कोई स्वयं सेवी समूह या समाजसेवी। सर्दी का मौसम अपने चरम पर है ऐसे में उन्हें आज तक न तो तहसील प्रशासन की ओर से सरकारी कंबल मिला, न ही किसी प्रकार के अलाव की ही व्यवस्था की गई। क्षेत्र के बरामनपुर गांव में स्थित सीमेंट शीट बनाने वाली कम्पनी कोणार्क कम्पनी ने पिछले महीने क्षेत्रीय सांसद वीपी सरोज के हाथों साढ़े आठ सौ असहाय और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए कंबल बंटवाया। इस दौरान कम्पनी ने साधुओं को भी कंबल प्रदान करने की बात कही लेकिन बाद में भूल गई। साधुओं राम बहाल, भानू, पंकज आदि का हाल यह है कि हाड़ कंपा देने वाले इस जाड़े में वे सर्दी का सितम झेलने को विवश है। अपना दर्द साझा करते हुए साधुओं ने बताया कि दिन तो जैसे तैसे बीत जाता है लेकिन रात गुजारना मुश्किल होता है।

### रूस की मकारिया यूनिवर्सिटी ने अरविंद सिंह को दी मानद उपाधि

**गौराबादशाहपुर।** कौन कहता है आसमां में सुराख नहीं हो सकता एक पत्थर तो तबियत से उछालो यारों इस कहावत को चरितार्थ करते हुए अरविन्द सिंह निदेशक माउंट लिटेरा जी स्कूल, प्रबंधक सुधाकर सिंह फाउंडेशन महाविद्यालय, निदेशक जेकेयसयस इंस्टीट्यूट ऑफ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी को उनको शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर दिल्ली के लोधी रोड स्थित इंडिया हैबिटेट सेंटर में 8 जनवरी को आयोजित कार्यक्रम में रूस की मकारिया यूनिवर्सिटी से डॉक्टरेट की मानद उपाधि से अलंकृत किया गया। अरविन्द सिंह ग्राम पिलखिनी, गौराबादशाहपुर के मूल निवासी हैं। प्रारम्भिक शिक्षा गृह जनपद जौनपुर में किया एवं मुम्बई यूनिवर्सिटी से बीटेक करने के उपरान्त अमेरिका में प्राप्त नौकरी करने के सुअवसर को ठुकराकर नौकरी न करने का निर्णय लिया और अपने जनपदवासियों के लिए कुछ करने का सपना लिए गृह जनपद लौट आये। अपने जनपद के लिए कुछ करने के सपने को साकार करने के लिए प्रबल इच्छाशक्ति, कड़ी मेहनत, निरंतर प्रयास और लगन से शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करते हुए जन कल्याण सेवा समिति इंस्टीट्यूट ऑफ इनफार्मेशन टेक्नॉलजी की स्थापना की एवं हजारों बेरोजगार युवक/युवतियों को प्रशिक्षित कर उन्हें रोजगार देने और स्वावलम्बी बनाने का कार्य किया और जनपद में सुधाकर सिंह महाविद्यालय की स्थापन की जहां से तमाम युवक/युवतियां ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट, बीएड, बीटीसी कर लाभान्वित हो रहे हैं।

### थानाध्यक्षों के कार्यक्षेत्र में फेर बदल

**ज्ञानपुर।** जनहित में शांति एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत डॉ. अनिल कुमार पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा निरीक्षक के कार्य क्षेत्र में फेर बदल किया गया। निरीक्षक छोटक यादव निरीक्षक अपराध औराई से प्रभारी निरीक्षक ऊँज, उ.नि. बृजेश कुमार मौर्या. थानाध्यक्ष ऊँज से थानाध्यक्ष कोईरौना, उ.नि. जयप्रकाश थाना कोईरौना से पुलिस लाईन ज्ञानपुर किया गया।

### बिरहा 14 को

**सुरियांवा।** क्षेत्र के न्याय पंचायत महजुदा में ब्रम्ह बाबा के पास जूनियर हाईस्कूल खरगपुर में मकर संक्रांति के अवसर पर 14 जनवरी को सुबह 9 बजे से विराट बिरहा मुकबला का आयोजन किया गया है। जिसमें गायक कलाकार सुरेन्द्र यादव मिजार्पुर व गायिका प्रीति पाल प्रयागराज होगी। यह जानकारी दिनेश दादा न दी है।

### सुरियांवा पुलिस का चला चेकिंग अभियान

**सुरियांवा।** अपराध पर अंकुश लगाने हेतु सुरियांवा पुलिस द्वारा वृहद चेकिंग अभियान व पैदल गश्त किया गया। थानाध्यक्ष सुरियांवा राकेश सिंह के नेतृत्व में भारी मात्रा में पुलिस बल ने अपराध पर अंकुश लगाने के लिए वाहनो का संघन चेकिंग किया गया। चेकिंग के दौरान वाहने इधर उधर भागती नजर आयी। साथ ही जिन वाहन स्वामियो के पास लाईसेस के साथ कागजात नही मिले उन कार्रवाई भी की गयी। तत्पश्चात थानाध्यक्ष मय पुलिस बल के साथ पैदल गश्त कर नगरवासियो को सुरक्षा का एहसास कराया।

### गर्भवती महिला से मारपीट करने वाला गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना पड़री, मीरजापुर पर मंगलवार को वादी सुरेश पुत्र स्व0 रामदुलार निवासी देवाही थाना पड़री मीरजापुर द्वारा नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध एक लिखित तहरीर दी गयी। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना पड़री पर धारा 323,504,316 भा0द0वि0 पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी। बुधवार को उ0नि0 विजय कुमार सरोज मय टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त की विवेचना के क्रम में थाना पड़री क्षेत्र से घटना से सम्बन्धित 01 अभियुक्त विकास पुत्र सोहन निवासी देवाही थाना पड़री मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

## अपने गांव के परिषदीय विद्यालयों के विकास के लिए करें योगदान

**बैठक**

### विद्यांजली कायाकल्प योजना के तहत सहयोग करने की डीएम ने की अपील

### बेसिक विद्यालयों में पढ़-लिखकर देश-विदेश में अच्छे मुकाम पर काम कर रहे लोगों से डीएम ने माँगा सहयोग

**ज्ञानपुर।** जिलाधिकारी गौरांग राठी ने विद्याजलि कायाकल्प योजना के अंतर्गत बेसिक विद्यालयों में पढ़-लिखकर आज देश-विदेश में अच्छे मुकाम पर काम कर रहे लोगों से प्राथमिक विद्यालय के विकास हेतु आर्थिक सहयोग करने का अपील की हैं। प्रेस नोट के माध्यम से डीएम ने बताया कि परिषदीय विद्यालयों में, बच्चों को बेहतर शैक्षणिक परिवेश एवं गुणवत्तायुक्त शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु सरकार द्वारा अत्यन्त महत्वाकांक्षी योजना ऑपरेशन विद्यालय कायाकल्प₹ का संचालन किया जा रहा है, किन्तु सहयोग एवं देख-रेख के बिना इन बच्चों के सर्वांगीण विकास का कार्य शत-प्रतिशत किया जाना सम्भव नहीं।

विद्यांजलि कायाकल्प पोर्टल₹ के माध्यम से ऑनलाइन ही अपने गाँव एवं क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में अपना योगदान देकर जनपद के विकास में साझेदार बन सकते हैं, जैसे, स्कूलों को गोद लेकर, विद्यालय के लिए आर्थिक योगदान कर, विद्यार्थी और विद्यालय के लिए पठन-पाठन सामग्री का योगदान कर, पथ-प्रदर्शक बनकर, बच्चों को छात्रवृत्ति देकर, खेल-कूद एवं अन्य कार्यक्रमों में योगदान करके परिषदीय विद्यालयों के विकास में योगदान कर सकते हैं। इस सम्बन्ध में योगदान के लिए बैंक एकाउंट नम्बर जारी किया है। इच्छुक लोग बीएसए भूपेंद्र नारायण सिंह के मोबाइल नंबर 9453004199 से सारी जानकारियां प्राप्त कर सकते हैं।

### स्वच्छ भारत मिशन फेज टू को लेकर व्यापार मंडल के साथ बीडीओ ने की बैठक

**सुरियावां।** जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देश पर स्वच्छ भारत मिशन फेज टू के अंतर्गत अभिया मार्केट को स्वच्छ बनाए जाने हेतु खंड विकास अधिकारी सुरियावां कमलजीत सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को व्यापार मंडल के व्यापारियों के साथ बैठक किया गया। बैठक में स्वच्छता के लिए विभिन्न पहलुओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में स्वच्छता अभियान के जिला समन्वयक सरोज पांडेय ने पीपीपी मॉडल पर मार्केट की स्वच्छता एवं साफ–सफाई मजदूर लगाकर नियमित रूप से सफाई कराये जाने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत ग्रामीण अंचलों में स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूकता को नई दिशा की तरफ ले जाएगा। इस दौरान तीन ग्राम सभाओं में सम्मिलित अभिया बाजार के तीनों ग्राम सभाओं के प्रधानों द्वारा बराबर की देखरेख किया जाएगा। इस मौके पर एडीओ पंचायत राजनाथ, व्यापार मंडल के पदाधिकारी, ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति मौके पर उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए बैठक आयोजित



बैठक को सम्बोधित करते न्यायिक अधिकारी

**जौनपुर।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वाणी रंजन अग्रवाल के कुशल निर्देशन में 11 फरवरी को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा प्रतिकर के अधिकतम वादों के निस्तारण के सम्बन्ध में अधिवक्तागण से विचार विमर्श हेतु प्री-ट्रायल बैठक भुदेव गौतम, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण की अध्यक्षता एवं प्रशांत कुमार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफटीसी सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयोजन में बुधवार को न्यायालय में समय दोपहर 2:30 बजे आयोजित की गयी।

बैठक में विचार-विमर्श करते हुए पीठासीन अधिकारी भुदेव गौतम द्वारा मोटर दुर्घटना दावा के अधिवक्ताओं को लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित वादों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह-समझौते के आधार पर वादों का निस्तारण कराये जाने का आह्वान किया गया तथा कहा गया कि समझौता पत्र मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण में प्रस्तुत कर वादों का निस्तारण कराया जा सकता है। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर आप अधिकरण से सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं। उनके द्वारा नियमानुसार पूर्ण सहयोग किये जाने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर प्रशांत कुमार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफटीसी द्वारा उपस्थित समस्त अधिवक्तागण से अपील की गयी कि अधिकाधिक वादों का निस्तारण कराकर लोक अदालत को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें। उपस्थित अधिवक्तागण द्वारा अधिकतम वादों के निस्तारण कराये जाने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर लोक अदालत हेतु गठित एमएसीटी पीठ के सदस्य अधिवक्ता हिमांशु श्रीवास्तव व अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## कंप्यूटरों से सुसज्जित कक्ष का प्रबंधक हाजी अब्दुल रब ने फीता काट कर किया शुभारंभ

**आयोजन**

### फलाहे उम्मत गर्ल्स पी. जी. कालेज में छात्राओं को अब कंप्यूटर की शिक्षा भी मिलेगी


कंप्यूटरों से सुसज्जित कक्ष का फीता काट कर उद्घाटन करते प्रबंधक हाजी अब्दुल रब अंसारी

**भदोही।** आज टेक्नोलॉजी के दौर में शिक्षा के साथ कंप्यूटर की जानकारी बेहद अहम है। कंप्यूटर की आधुनिक दुनिया की आवश्यकता ने दुनिया भर में कई कंप्यूटर-आधारित पाठ्यक्रमों को जन्म दिया है, जिससे रोजगार के अवसर तेजी से बढ़ रहे हैं। आज प्रत्येक उद्योग का डिजिटलीकरण किया गया है, इसलिए आईटी कंपनियों और अन्य उद्योगों में कंप्यूटर और उनके अनुप्रयोगों को समझने वाले पेशेवरों के लिए उच्च मांग और गुंजाइश है।

यह बातें फलाहे उम्मत गर्ल्स पीजी कालेज में बुधवार को प्रबंधक व कालीन निर्यातक हाजी अब्दुल रब अंसारी ने कही। कालीन निर्यातक हाजी अब्दुल रब अंसारी ने दस कम्प्यूटरों से सुसज्जित कक्ष का फीता काट कर उद्घाटन किया। प्राचार्या डा. हिना रशीद ने बताया कि दस कंप्यूटर प्रबंधक द्वारा उपलब्ध कराया गया है।जिसके लिए कालेज शिक्षक व सभी छात्राएं आभारी है। उन्होंने कहा कि छात्राओं का उच्च शिक्षा समाज व देश की मजबूती में बेहद अहम है। एक शिक्षित महिला अपने बच्चो को सही मार्गदर्शन देती है।

जो आगे चल कर वही बच्चा समाज को नई दिशा देने का काम करता है। प्रबंधक का कालेज के शिक्षिकाओं डॉ.अजीजा बानो, अर्शी अंसारी, साहिना खातून, जीया किसवर, सिदरा अशरफ, परवीन बानो आदि ने बुके भेट कर स्वागत व आभार जताया।

### वीर नारियों को सम्मानित करने के लिए जुटेंगे पूर्व सैनिक

**मीरजापुर।** चीन, पाकिस्तान और आतंकवाद से लड़ते हुए अपनी जान न्यौछावर करने वाले अमर शहीदों की वीर नारियों को 14 जनवरी को सम्मानित किया जायेगा। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जिले के करीब 2200 पूर्व सैनिक जुटेंगे। नेवी के पूर्व कैप्टन आर.आर. सिन्हा ने बताया कि सैन्य सम्मेलन में भूतपूर्व सैनिकों, उनके आश्रितों एवं वीर नारियां शामिल होंगी। सम्मेलन में 1962 भारत चीन युद्ध में शहीद सूरज नाथ सिंह यादव, भारत पाक युद्ध 1971 में वीर गति को प्राप्त केशरी सिंह एवं आतंकवादी मुठभेड़ में शहीद रवि सिंह की वीर पत्नियों के साथ ही सभी वीर नारियों एवं 80 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले भूतपूर्व सैनिकों को सम्मानित किया जायेगा। पूर्व कैप्टन श्री सिन्हा ने बताया कि 14 जनवरी, 2023 को जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय के परिसर में स्टेशन हेडक्वार्टर, 39 जी.टी.सी. वाराणसी के तत्वावधान में सैन्य सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसमे भारत के विभिन्न अभिलेख कार्यालयों तथा सीडीए के प्रतिनिधि के आने की संभावना है।

## मारपीट व अवैध तमंचा के साथ डराने धमकाने के दो आरोपी गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज



**भदोही।** बुधवार की सायं थाना औराई क्षेत्र अंतर्गत ठेंगीपुर में आसपास स्थित दो दुकानदारों के बीच ग्राहकों व पुराने विवाद को लेकर कहासुनी के दौरान मारपीट हो गयी।

इस दौरान एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष के दुकानदार के साथ मारपीट व अवैध तमंचा के साथ डराया धमकाया गया, जिससे मौके पर भय व आतंक का माहौल बन गया। घटना के संबंध में आवेदक घनश्याम उपाध्याय पुत्र कमलाशंकर उपाध्याय नि. डिहबड़ागांव थाना औराई जनपद भदोही से प्राप्त तहरीर के आधार पर मु.अ.सं.-7/23 धारा- 323, 504, 506 सहित गंभीर धाराओं में पंजीकृत किया गया। पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए उक्त अभियोग से सम्बंधित नामजद दो आरोपियों विष्णु दूबे पुत्र संतोष कुमार दूबे ग्राम डिहबड़गांव थाना औराई जनपद भदोही, चिन्टू उर्फ शशिकान्त तिवारी पुत्र दिनेश कुमार निवासीगण ग्राम कुरौली थाना औराई जनपद भदोही को गिरफ्तार कर कब्जे से एक अदद देशी तमंचा (315 बोर डबल नाल) मय एक अदद जिंदा कारतूस,( 315 बोर) बरामद कर आवश्यक विधिक कार्यवाही किया गया। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तारशुदा आरोपियों के अन्य आपराधिक कृत्यों में संलिप्तता की जांच कर, सम्बंधित के विरूद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चितकी जाएगी।

## महर्षि आजाद राज्य स्तरीय क्रिकेट महाकुंभ 15 जनवरी से

**सुरियावां।** तेजधर ब्रह्म बाबा खेल समिति व महर्षि आजाद क्रिकेट एसोसिएशन के सौजन्य से सुरियावां क्षेत्र के मेढ़ी मैदान में महर्षि आजाद राज्य स्तरीय क्रिकेट महाकुंभ पन्द्रह जनवरी से प्रारम्भ हो रहा हैं।

खेल समिति द्वारा जोरो शोरो से राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन की तैयारियां की जा रही हैं। अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने बताया कि प्रतियोगिता 15 जनवरी रविवार से 29 जनवरी तक महर्षि आजाद स्टेडियम मेढ़ी सुरियांवा मैदान में खेली जाएगी। मुख्य अतिथि के रूप में राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन जिलाधिकारी गौरांग राठी करेंगे व उद्घाटन समारोह के विशिष्टअतिथि पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार होंगे।

आयोजन समिति के अनुसार उक्त टूनामेंट में रांची, जमशेदपुर, चंडीगढ़, मुंबई के अलावा उत्तर प्रदेश के लगभग दर्जनभर नामी-गिरामी क्रिकेट टीमें प्रतिभागी कर रही हैं। खेल मैदान में क्रिकेट पिच की तैयारियां शुरू हो गई है, जिसे लेकर मंगलवार को आयोजन समिति के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव उपाध्यक्ष दिनेश कुमार यादव दादा ने क्रिकेट मैदान का भरपूर जायजा लिया पिछली मौजूदा हालत को देखा और संतोष व्यक्त किया।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

## पत्रकार के घर संवेदना जताने पहुंची सियासी हस्तियां

**भदोही।** जंगीगंज निवासी वरिष्ठ पत्रकार बलराम दुबे की पत्नी हीरावती देवी के निधन पर बुधवार को शोक संवेदना जताने तमाम सियासी हस्तियां पहुंची।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, एकमा अध्यक्ष ओंकारनाथ मिश्र, कांग्रेस के प्रदेश महासचिव रहे डॉ.धीरेन्द्र पांडेय, पूर्व ब्लाक प्रमुख दिनेश सिंह, प्रमुख राजनीतिक चिंतक बाबू सूबेदार सिंह, डॉ.अजय शुक्ला, कुंवर प्रमोद चंद्र मौर्य, डॉ.रामजी राव, जयशंकर दुबे, जिला पंचायत सदस्य अंजनी शुक्ला पत्रकार डॉ लक्ष्मीधर चतुर्वेदी,राजमणि पांडेय, दिनेश यादव अरविंद सिंह, राज पांडेय, मुकुंद मिश्रा, अधिवक्ता अनिल पांडेय, आशीष पांडेय, सेवालाल यदुवंशी, श्रीकांत दुबे नरौरी गुरू, विनय पांडेय आदि लोगों ने पहुंच कर शोक जताया है।

## एसडीएम ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठाया सवाल

**यह है हाल**

### ट्रक ने हाइट गेज में टक्कर मार किया क्षतिग्रस्त

जनसंदेश न्यूज


कर्मनाशा पुल के पास ट्रक द्वारा टक्कर मारकर हाइट गेज को किया गया क्षतिग्रस्त।

**बारा।** यूपी-बिहार को जोड़ने वाली कर्मनाशा पुल पर भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाने के लिए सोमवार को लगाए गए नए हाइट गेज को भी ट्रक ने टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। इससे पहले 22 नवंबर 2022 को लगा हाइट गेज को भी एक दिन बाद ही यूपी-बिहार के बालू माफियाओं द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया था।

हालांकि, कर्मनाशा पुल पर ही बारा पुलिस चेक पोस्ट है, जहां 24 घंटे सिपाहियों की तैनाती रहती है। ऐसे में ट्रकों का पुल पार कर जिले की सीमा में प्रवेश करके हाइट गेज को टक्कर मारना बड़े सवाल खड़ा कर रहा है। वहीं, एनएचआई के जेई घनश्याम पांडेय ने कहा कि मौके पर पहुंच कर जायजा लेने के बाद कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम राजेश प्रसाद ने कहा कि कर्मनाशा पुल के साथ आवागमन करने वाले लोगों की सुरक्षा के लिए हाइट गेज लगाया गया था। जिसे क्षति पहुंचना बहुत बड़ा अपराध है। साथ ही आश्चर्य किए कि पुल पर 24 घंटे पुलिस का पहरा रहने के बावजूद ट्रक जिले की सीमा में प्रवेश कर हाइट गेज को क्षतिग्रस्त कर दे रहे हैं और तैनात पुलिस कर्मी मूक दर्शक बने रह रहे हैं। एसडीएम ने कहा कि रिपोर्ट बनाकर डीएम को भेज दिया गया है। वहीं, एनएचआई के जेई घनश्याम पांडेय ने कहा कि मौके पर पहुंच कर जायजा लेने के बाद पता किया जाएगा कि हाइट गेज कैसे क्षतिग्रस्त हुआ है।

उन्होंने कहा कि इसके पहले भी पुल के दोनों तरफ हाइट गेज लगाए गए थे लेकिन लगने के दूसरे दिन बाद ही यूपी की ओर उसे तोड़ दिया गया तो वहीं बिहार की तरफ लगे हाइट गेज को ऊपर की तरफ मोड़कर धनुषाकार कर दिया गया। जबकि दोनों पुल के दोनों तरफ 24 घंटे पुलिस का पहरा है।

### धड़ल्ले से लाल बालू का काला कारोबार

**बारा।** यूपी-बिहार को जोड़ने वाली कर्मनाशा पुल से बिहार के लाल बालू का काला कारोबार धड़ल्ले से होता है। बिहार के बालू को कर्मनाशा पुल के रास्ते जिले में प्रवेश के साथ ही जहां दलालों की अच्छी कमाई हो जाती है, वहीं ट्रक मालिक भी बिहार के 20 हजार रुपये के बालू का यूपी में प्रवेश करते ही एक लाख रुपये ले लेते हैं। यही कारण है कि पुल पर हाइट गेज लगना दलालों और बालू माफियाओं को रास नहीं आ रही है।

## 20 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार

**मीरजापुर।** जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री में संलिप्त अभियुक्तों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है। बुधवार को को0कटरा पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र से 01 अभियुक्त आशिफ चुडिहारा पुत्र स्व0 मो0 हलिम उर्फ कल्लू निवासी हथिया फाटक थाना को0कटरा मीरजापुर को 20 लीटर अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना को0कटरा पर धारा 60 आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

# अब कर्णप्रयाग व लैंडोर में भी जमीन धंसनी शुरू



उत्तराखंड के जोशीमठ शहर में जमीन धंसने की वजह से क्षतिग्रस्त घरों की संख्या बढ़ते हुए 723 हो गयी है। इसके साथ ही असुरक्षित करार दिए गए क्षेत्र में पड़ने वाले घरों की संख्या भी 86 हो गयी है। केंद्र से लेकर राज्य सरकार की संस्थाएं जोशीमठ संकट से उबरने की कोशिशों में लगी हुई हैं। लेकिन इसी बीच उत्तराखंड के दूसरे इलाकों में जमीन धंसने की खबरें हैं। जोशीमठ से 80 किलोमीटर दूर चमोली ज़िले के दक्षिण पश्चिम में स्थित कर्णप्रयाग में भी घरों के दरकने की बात सामने आई है। अंग्रेजी अखबार टाइम्स ऑफ इंडिया में प्रकाशित खबर के मुताबिक, अलकनंदा और पिंडर नदी के संगम पर बसे इस शहर के कुछ घरों में दरारें इतनी गहरी हो गयी हैं कि यहां रह रहे दर्जनों परिवारों को नगरपालिका परिषद की ओर से बनाए गए राहत शिविर में रात गुजारनी पड़ रही है।

## आई डरावनी तस्वीर : दर्जनों परिवार राहत शिविरों में रात गुजार रहे हैं

अखबार की टीम ने इस इलाके का दौरा करते हुए पाया है कि बद्रीनाथ हाइवे के करीब स्थित कर्णप्रयाग के बहुगुणा नगर में दो दर्जन घरों में गहरी दरारें आ गयी हैं और छतें हवा में लटक रही हैं। यहां पिछले 47 साल से रह रहे पूर्व सैनिक गब्बर सिंह रावत कहते हैं, मेरा घर ढहने की कगार पर है। ये घर जिन खंभों पर टिका है, वे झुकने लगे हैं और पिछले साल हुई बारिश के बाद ये समस्या तेजी से बढ़ी है। 85 वर्षीय रावत कहते हैं कि उन्हें 14 लाख रुपये का मुआवजा देने का वादा किया गया था, लेकिन उन्हें अब तक एक रुपया भी नहीं मिला है।



उनका कहना था कि मेरा पूरा परिवार रात होने पर शिविर में जाकर सोता है और सुबह लौट आता है। मैं रात भर यहां अंधेरे में अकेला रहता हूं, लेकिन मैं अपना घर मरने पर ही छोड़ूंगा।

बद्रीनाथ हाइवे की लगभग 150 मीटर सड़क लगातार धंसती जा रही है। स्थानीय निवासियों का मानना है कि अंधाधुंध निर्माण कार्यों के साथ-साथ चारधाम सड़क परियोजना के लिए पर्वतों को काटे जाने और जनसंख्या दबाव बढ़ने की वजह से स्थिति बद से बदतर हो गयी है।

नगरपालिका परिषद के सदस्य हरेंद्र बिष्ट कहते हैं, मेरे घर के सभी कमरों में दरारें पड़ चुकी हैं। पूरा ढांचा ही जमीन में समाने जा रहा है। ये समस्या जुलाई 2022 के बाद काफी ज्यादा बढ़ गयी। सेवानिवृत्त आपूर्ति निरीक्षक 73 वर्षीय भगवती प्रसाद सती कहते हैं कि बड़ी मशीनों से पहाड़ काटने की वजह से बहुगुणा नगर के आसपास का क्षेत्र अस्थिर हो गया है।

भगवती प्रसाद के मुताबिक, उनका घर देखकर लगेगा कि इसका ये हाल किसी भूकंप में हुआ हो। मुझे लगता है कि इस बार मानसून आते-आते कई घर गिर जाएंगे।

नगरपालिका परिषद के एक सदस्य ने बताया है कि 'जिन परिवारों की आर्थिक क्षमता ठीक है, वे अपने घर छोड़कर किराए पर रहने चले गए हैं। जो परिवार किराया नहीं दे सकते हैं, वे भगवान भरोसे जी रहे हैं। कर्ण प्रयाग और जोशीमठ ही नहीं 'क्वीन ऑफ हिल स्टेशन्स' कही जाने वाली मसूरी में इसी तरह के हालात पैदा होते दिख रहे हैं। राज्य सरकार ने मंसूरी के लैंडोर का जियोलॉजिकल सर्वे कराने का निर्देश दिया है। यहां रहने वाले स्थानीय नागरिकों का कहना है कि 'सड़क किनारे बनी इमारतें धंसना शुरू हो गयी हैं। ये जगह पिछले कुछ सालों से धंस रही है, लेकिन पिछले कुछ महीनों में सड़क से लगे घरों और दुकानों में भी गहरी दरारें आ गयी हैं। व्यापारी संघ के अध्यक्ष रजत अग्रवाल कहते हैं, ये दरारें होटल निशिमा के पास लैंडोर बाजार में आ रही हैं, इसके साथ ही एक मंदिर और कोहिनूर बिल्डिंग भी इससे प्रभावित हुई है। उत्तराखंड के मंत्री गणेश जोशी ने लैंडोर का दौरा करके इस क्षेत्र में जियोलॉजिकल सर्वे कराने के निर्देश दिए हैं।

# 32 सौ किलोमीटर, 51 दिन, 50 से ज्यादा पर्यटनस्थल से गुजरेगा गंगा विलास

**अश्विनी कुमार श्रीवास्तव**

**वाराणसी।** भारत में नदियों पर पर्यटन को बढ़ाना देने के उदेश्य से बनाए गये गंगा विलास क्रूज की पसंद पर्यटकों में इस कदर है कि प्रधानमंत्री की ओर से क्रूज को लांच करने के पूर्व ही इसकी बुकिंग अगले दो साल तक के लिए फुल हो गयी है। काशी से डिब्रूगढ़ तक की यात्रा को 52 दिनों में पूरा करने वाले इस क्रूज के माध्यम से पर्यटक कुल 50 से अधिक पर्यटन स्थल को देखते हुए डिब्रूगढ़ के लिए आगे बढ़ेगें, इन स्थानों की सस्कृति, खानपान, लोकगीत, नदियों के रास्तों की रोचकता को विदेशी पर्यटक महसूस करेंगे और उसके बारे में जानेंगे। गंगा की धारा पर तैरते इस क्रूज में ऐसी अत्याधुनिक सुविधाएं दी गयी हैं जिससे 52 दिनों तक पर्यटकों को जमीन पर पैर रखने की जरुरत ही नहीं।

### 13 को पीएम दिखायेंगे हरी झंडी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13 जनवरी को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से दुनिया के सबसे लंबे रिवर क्रूज, एमवी गंगा विलास' को हरी झंडी दिखाएंगे, 51 दिनों में लगभग 3,200 किलोमीटर की दूरी तय करेगा और बांग्लादेश होते हुए असम के डिब्रूगढ़ पहुंचेगा, इस दौरान यह क्रूज भारत एवं बांग्लादेश से गुजरने वाली 27 नदी प्रणालियों के रास्ते अपनी मंजिल तक पहुंचेगा। काशी से शुरू होने वाली इस पहली यात्रा में स्विट्जरलैंड के 32 पर्यटक शामिल होंगे,जो यात्रा की पूरी अवधि के दौरान इसमें रहेंगे।

**तैयारी : प्रधानमंत्री 13 को सबसे लंबी यात्रा वाले क्रूज को दिखायेंगे हरी झंडी**

**32 स्विस नागरिकों को लेकर काशी से रवाना होने वाला क्रू मार्च 2023 में पहुंचेगा डिब्रूगढ़**

**गंगा पर तैरते क्रूज में फाइव स्टार जैसी ऐसी अत्याधुनिक सुविधाएं हैं कि पर्यटकों के जमीन पर नहीं पड़ेंगे पैर**



### 18 सुइट्स, सैलून जिम दुकान, स्वीमिंग पूल

गंगा की धारा पर तैरने वाले इस अत्याधुनिक क्रूज में कुल 18 सुइट्स हैं इसके साथ ही जिम, दुकानें, स्वीमिंग पुल सहित शानदार डाइनिंग रूम है। क्रूज की लंबाई 62.5 मीटर, चौड़ाई 12.8 मीटर और ड्राफ्ट 1.3 मीटर है। आधुनिक सुविधाओं से युक्त दो फ्लोर वाले इस क्रूज में ओपन स्पेस बालकनी, किचन- शानदार डाइनिंग रूम और स्टडी रूम भी इसमें हैं। गीत-संगीत, लाइब्रेरी, और सांस्कृतिक कार्यक्रम की व्यवस्था भी शिप में है। इसके अलावा एसी इंटरटेनमेंट रूम, स्पा सुविधा युक्त सैलून और दुकानें भी हैं।



### स्थानीय उत्पादों से रूबरू होंगे मेहमान

गंगा विलास क्रूज के राज सिंह ने बताया कि वाराणसी से डिब्रूगढ़ की यात्रा में मेहमानों को उत्तर प्रदेश के ओडीओपी व जीआई उत्पादों से परिचित कराया जाएगा। क्रूज के 18 सुइट्स समेत अन्य स्थानों पर लकड़ी के खिलौने, गुलाबी मीनाकारी, गाजीपुर का वॉल हैंगिंग समेत अन्य उत्पादों को डेकोरेशन के तौर पर लगाया जाएगा। साथ ही जिस जनपद में क्रूज रुकेगा वहां के ओडीओपी व जीआई उत्पादों को दिखाया जाएगा। इससे देश के हस्तशिल्पियों के हुनर को नया बजार मिलेगा।







### 51 दिनों की यात्रा का ये है किराया

काशी से शुरू हो रही डिब्रूगढ़ तक की क्रूज की 51 दिनों की इस यात्रा में उन्हें उनके दिनचर्या के लिए हर विधाओं को शामिल किया गया है। जिम के साथ ही स्वीमिंग और सन बॉथ विशेष है। 51 दिनों के इस यात्रा के लिए प्रति यात्री 25 हजार रुपये एक सुइट्स के लिए देना होगा, राज सिंह ने बताया कि एक सुइट्स में दो सैलानी रुक सकेंगे इसके लिए 50 हजार रुपये एक दिन का देय होगा, लेकिन अगर सुइट्स में एक ही व्यक्ति रुकना चाहेगा तो इसके लिए 50 हजार रुपये का 75 प्रतिशत देना होगा।



### लोकप्रियता ऐसी कि दो साल की बुकिंग फुल

गंगा की लहरों पर शुरू हुए इस जलयात्रा के प्रति लोगों की रोचकता इस बात से देखी जा सकती है कि अगले दो साल के लिए इसकी बुकिंग पुरी तरह से फुल है। क्रूज के निदेशक राज सिंह के मुताबिक इसके प्रति लोगों रोचकता बढ़ती जा रही है। कोलकाता से चलने के बाद से ही इसके लिए रोजाना इसके बारे में पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि कोलकाता से वाराणसी तक आने में जिन-जिन रास्तों से क्रूज गुजरा वहां के लिए यह किसी रोचकता से कम नहीं था।

### भारत व बांग्लादेश की नदियों की जानकारी

क्रूज में बैठे सैलानियों को भारत व बांग्लादेश की कुल 27 नदियों के प्रति भी विदेशी मेहमान जान सकेंगे, इसके साथ नदियों की रोचकताओं का भी विदेशी सैलानी लुत्फ ले सकेंगे, गंगा विलास में सैलानियों को उनकी पसंद का ब्रेक फ्रास्ट, लंच और डिनर दिया जाएगा। इसके जरिए विदेशी मेहमान 3200 किलोमीटर का सफर 52 दिन में पूरा करेंगे। भारत और बांग्लादेश के 27 रिवर सिस्टम से यह क्रूज गुजरेगा।

### अपस्ट्रीम में 10 से 15 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार

गंगा विलास क्रूज की अपस्ट्रीम में रफ्तार 10 से 15 किलोमीटर प्रति घंटा है। डाउनस्ट्रीम में इसकी रफ्तार दोगुनी हो जाती है। क्रूज के संचालन में एक दिन में एक हजार लीटर डीजल खर्च होता है। इसकी ईंधन क्षमता 40 हजार लीटर की है। इस लिहाज से 40 दिन तक यह लगातार पानी पर तैर सकता है।

# पोंगल से तमिल नववर्ष का आगाज

**राधेश्याम कमल**

## महिलाएं विवाहित बेटियों को भेंट करती हैं चावल, फल व सब्जियां

## हनुमान घाट व केदार घाट समेत दक्षिण भारतीय घरों में मनाते हैं पोंगल

## खिचड़ी का पर्याय है पोंगल...

चावल के पक जाने पर उठने वाले उबाल को तमिल भाषा में पोंगल कहा जाता है, जिसका सम्बन्धसामान्यतः समृद्धि से है। पोंगल शब्द खिचड़ी का ही पर्याय है जो सम्पूर्ण दक्षिण भारत में मनाया जाने वाला एक प्रमुख, व्यापक और धर्मनिरपेक्ष लौकिक उत्सव है। पारम्परिक रूप से यह सम्पन्नता को समर्पित त्यौहार है, जिसे खरीफ की फसल की सफल परिसमाप्ति पर मकर संक्रांति (14 जनवरी) के दिन मनाया जाता है। इसी दिन सूर्य का दक्षिणायन से उत्तरायण में मकर राशि में प्रवेश होता है। पोंगल का महत्व इसलिए भी है क्योंकि यह तमिल महीने की पहली तारीख को आरम्भ होता है। इस पर्व का इतिहास कम से कम 1000 वर्ष पुराना है। इसे तमिलनाडु के अलावा देश के अन्य कई स्थानों पर रहने वाले तमिल उत्साह से मनाते हैं। काशी में हनुमान घाट एवं केदार घाट पर भी पोंगल का उत्सव घर-घर में देखा जा सकता है। इस दिन हर दक्षिण भारतीय घरों व आंगन में पोंगल से सम्बंधित कोलम की छटा देखने लायक रहती है, जिनमें विशेष रूप से समृद्धि के द्योतक गन्ने एवं चावल की हांडी को उबाल के साथ दिखाया जाता है।





दक्षिण भारत की ग्रामीण लौकिक प्रथा के अनुसार पोंगल के दिन हर माता अपनी विवाहित पुत्रियों को मिट्टी के बरतन, चावल, फल, सब्जियां, केशर, गन्ना आदि की भेंट भेजती हैं। इन भेंटों का आदान-प्रदान पूर्ण आस्था से और समारोहपूर्वक होता है। यदि कोई माता इस कर्तव्य से चूक जाय, तो लड़की की सास इस अपराध को मरते दम तक नहीं भूलती और जीवन पर्यन्त कोसती रहती हैं।



इस त्यौहार पर गहन शोध कर रहे डॉ. गणेशन बतातें है कि यह वर्ष का वह समय होता है, जब किसानों-जमींदारों के भण्डार अनाज से भरे होते हैं और जेब में रुपया भी खनकता रहता है। अतः हर आदमी दिल खोल कर इस आनन्द का उपभोग करता है और उदारतापूर्वक दूसरों को भी उसमें सहभागी बनाता है। यह एक मात्र उत्सव है जो हमेशा एक निश्चित दिन, तईमासम की प्रतिपदा (अंग्रेजी तारीख के अनुसार 14 जनवरी) को मनाया जाता है। पूर्णतया प्रकृति को समर्पित यह त्योहार फसलों की कटाई के बाद आदिकाल से ही मनाया जा रहा है। तिरुवल्लुर के मंदिर में प्राप्त शिलालेख में मिलता है कि किलूदूंगा राजा पोंगल के अवसर पर जमीन और मंदिर गरीबों को दान में दिया करते थे। इस अवसर पर नृत्य समारोह एवं सांड के साथ साहसी जंग लड़ने की प्रथा थी। उस समय जो सबसे शक्तिशाली होता था, उसे आज के दिन कन्याएं वरमाला डालकर अपना पति चुनती थी।

## कैसे की जाती है पोंगल पर्व मनाने की तैयारी

पोंगल उत्सव के दौरान घरों व मकानों को चूना सफेदी से साफ करके रंग-रोगन करके सजाया जाता है। सजावट की हर वस्तु को कील-कांटे से लैस करके लकदक रखा जाता है। हर ओर उत्साह का वातावरण रहता है। महिलाएं पूरे घर-आंगन में कोलम की सजावट करतीं है। पोंगल पर्व को चार दिवस तक मनाने का रिवाज है। इसमें पहले दिन को भोगी पोंगल कहते हैं। इसमें पहले दिन इंद्रदेव की पूजा की जाती है। इसे भोगी पोंगल इसलिए कहते हैं क्योंकि देवराज इन्द्र भोग विलास में लिप्त रहने वाले देवता माने जाते हैं। वर्षा एवं अच्छी फसल के लिए लोग इंद्रदेव की पूजा एवं आराधना पोंगल के पहले दिन करते हैं। इस दिन संध्या समय में लोग अपने-अपने घर से पुराने वस्त्र कूड़े आदि लाकर एक जगह एकत्र करके उसे जलाते हैं। यह ईश्वर के प्रति सम्मान एवं बुराईयों के अंत की भावना को दर्शाता है। इस अग्नि के इर्द-गिर्द युवा रात भर भोगी कोट्टम बजाते हैं जो भैंस की सींग का बना एक प्रकार का ढ़ोल होता है।

सूर्यन पोंगल- पोंगल की दूसरी पूजा सूर्य पूजा के रूप में होती है, इसे सूर्यन पोंगल कहते हैं। सूर्य का उत्तरायण काल में प्रवेश ही पोंगल पर्व मनाने का प्रमुख संदर्भ है। इसी दिन वनस्पति-सृष्टि के अधिष्ठाता भगवान सूर्य को पोंगल (नयी फसल में कटे हुए चावल का भात) का भोग लगाया जाता है। सूर्य को चढ़ाए जाने वाले इस प्रसाद को सूर्य के प्रकाश में ही बनाया जाता है। खेतों और बागों की अन्य पैदावार- गन्ना, लौकी, काशीफल, वल्लीकंद आदि प्राकृतिक सम्पदा को समारोहपूर्वक सजाकर प्रदर्शन किया जाता है। मिट्टी के नये घड़े को केशर-कुंकुम से चर्चित करके और दूध और पानी के मिश्रण से भरकर आग के चूल्हे पर चढ़ा दिया जाता है। चूल्हा मकान के आंगन या बरामदे में, और वहां जगह न हो तो प्रवेश द्वार के सामने सड़क पर बनाया जाता है। चहुँओर कोलम (रंगोली) बनाई जाती है। परिवार के सभी सदस्य वहां एकत्र होते हैं। दूध में उबाल आते ही परिवार का सबसे बड़ा या सबसे छोटा सदस्य (जो भी उस रोज उपलब्ध हो), भक्तिभावपूर्वक उस मिटटी की हांडी में नयी फसल के चावल डालता है। कुछ देर तक चावल को पकने दिया जाता है। पक जाने पर उसमें विभिन्न प्रकार के मेवा मसाले डाले जाते हैं ताकि स्वाद और महक में कोई कमी न रहे। हांडी में उबाल आते ही लोग पोगलों-पोंगल (पोंगल की जय हो) के उद्घोष व जयकार करते हैं। फिर तीन पत्तलों पर पके हुए पोंगल को परोस कर भगवान सूर्य को भोग लगाया जाता है। इष्टदेवता और कुल देवता सहित सारे देवी-देवताओं का आवाहन करके अगले पोंगल तक परिवार के लिए सुख-समृद्धि-सौभाग्य का आशीर्वाद मांगा जाता है। कपूर जलाकर समस्त देवगण की आरती उतारी जाती है। फिर सभी पोंगल का प्रसाद ग्रहण करते है। इस दिन सभी सगे संबंधी और इष्ट मित्र एक-दूसरे का अभिवादन भी पारंपरिक प्रश्नोत्तरों से करते हैं- उबाल आ गया? तदनुरूप उत्तर भी दिया जाता है।

माट्ट पोंगल- तीसरे दिन को माट्टू पोंगल के नाम से मनाया जाता है। तमिल मान्यताओं के अनुसार माट्ट भगवान शंकर का बैल है जिसे एक भूल के कारण भगवान शंकर ने पृथ्वी पर रहकर मानव के लिए अन्न पैदा करने के लिए कहा और तब से पृथ्वी पर रहकर कृषि कार्य में मानव की सहायता कर रहा है। इस दिन किसान अपने बैलों को स्नान कराते हैं। उनके सींग में तेल लगाते हैं एवं अन्य प्रकार से बैलों को सजाते हैं। बैलों को सजाने के बाद उनकी पूजा की जाती है। बैल के साथ ही इस दिन गाय और बछड़ों की भी पूजा की जाती है।

कन्नु पोंगल- चार दिनों के इस त्यौहार के अंतिम दिन कन्नु पोंगल मनाया जाता है, जिसे तिरूवल्लूर के नाम से भी लोग पुकारते हैं। इस दिन घर को सजाया जाता है। आम के पल्लव और नारियल के पत्ते सेदरवाजे पर तोरण बनाया जाता है। महिलाएं इस दिन घर के मुख्य द्वार पर कोलम यानी रंगोली बनाती हैं। इस दिन पोंगल बहुत ही धूम-धाम के साथ मनाया जाता है। लोग नये वस्त्र पहनते हैं और दूसरे के यहां पोंगल और मिठाई भेंट के तौर पर भेजते हैं। इस पोंगल के दिन ही बैलों की लड़ाई होती है जो जल्लीकट्ट के नाम से काफी प्रसिद्ध है। रात्रि के समय लोग सामुदायिक भोजन का आयोजन करते हैं और एक दूसरे को मंगलमय वर्ष की शुभकामना देते हैं।